वर्ष : 31 | अंक :88
प्रतापगढ़ | गुरूवार , 30 जनवरी-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

## महाकुम्भ मेले में भगदड़, 40 की मौत, 70 से अधिक घायल

### आंकड़ा बढ़ने की आशंका; प्रयागराज में अभी भी 9 करोड़ लोग



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** प्रयागराज के संगम तट पर मंगलवार-बुधवार की रात करीब डेढ़ बजे भगदड़ मच गई। हादसे में अब तक 40 लोगों की मौत होने की खबर है। 70 से ज्यादा घायल हैं। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। मेडिकल कॉलेज में पहले 14 शव पोस्टमॉर्टम के लिए लाए गए। फिर मेला क्षेत्र से 8-10 एंबुलेंस से शवों को लाया गया।मेडिकल कॉलेज में 20 लाशों को गिना गया जबकि आखिरी डेडबॉडी पर 40 नंबर लिखा हुआ था।

कुछ शव परिजनों को सौंपकर उनके घर भेज दिए गए हैं। हालांकि प्रशासन ने मौत या घायलों की संख्या को लेकर हादसे के 14 घंटे बाद भी कोई जानकारी नहीं दी।पीएम मोदी ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लोगों से संयम बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा-श्रद्धालु संगम पर ही स्नान करने की न सोचें।

गंगा हर जगह पवित्र है, वे जहां हैं उसी तट पर स्नान करें।हादसे के कारणों के बारे में बताया जाता है कि अमृत स्नान की वजह से ज्यादातर पांटून पुल बंद थे। इसके कारण संगम पर पहुंचने वाली करोड़ों की भीड़ इकट्ठा होती चली गई।

जिससे बैरिकेड्स में फंसकर कुछ लोग गिर गए। यह देखकर भगदड़ की अफवाह फैल गई। दूसरे संगम नोज पर एंट्री और एग्जिट के रास्ते अलग-अलग नहीं थे। लोग जिस रास्ते से आ रहे थे, उसी रास्ते से वापस जा रहे थे। ऐसे में जब भगदड़ मची तो लोगों को भागने का मौका नहीं मिला। वे एक-दूसरे के ऊपर गिरते गए। हादसे के बाद 70 से ज्यादा एम्बुलेंस संगम तट पर पहुंचीं। इनसे घायलों और मृतकों को अस्पताल ले जाया गया। हादसे के बाद संगम तट पर एनएसजी कमांडो ने मोर्चा संभाल लिया।

संगम नोज इलाके में आम लोगों की एंट्री बंद कर दी गई। भीड़ और न बढ़े, इसलिए प्रयागराज से सटे जिलों में श्रद्धालुओं को रोक दिया गया है। वहां प्रशासन को अलर्ट कर दिया गया है।

महाकुंभ में आज मौनी अमावस्या का स्नान था, जिसके चलते करीब 9 करोड़ श्रद्धालुओं के शहर में मौजूद होने का अनुमान है। प्रशासन के मुताबिक, संगम समेत 44 घाटों पर आज देर रात तक 8 से 10 करोड़ श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने का अनुमान है। इससे एक दिन पहले यानी मंगलवार को साढ़े 5 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। पूरे शहर में सुरक्षा के लिए 60 हजार से ज्यादा जवान तैनात हैं।

### ▶▶ आप प्रमुख पर राहुल गांधी की सीधा वार

## केजरीवाल दलितों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ, केवल झूठे वादे करते हैं

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** दिल्ली चुनाव को लेकर बवाना में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि पहले अरविंद केजरीवाल छोटी कार में शहर में घूमते थे, बिजली के खंभों पर चढ़ते थे। उन्होंने कहा था कि मैं स्वच्छ राजनीति लाऊंगा। उसके बाद दिल्ली में सबसे बड़ा घोटाला--करोड़ों रुपये का शराब घोटाला, उनकी पार्टी ने, उनके लोगों ने किया। उन्होंने कॉरपोरेट सरकार चलाई है। पांच साल पहले, अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि वह यमुना नदी में स्नान करेंगे और यमुना नदी का पानी पीएंगे। पांच साल हो गये, आज तक केजरीवाल जी ने यमुना का पानी नहीं पिया। राहुल कहा साफ तौर पर कहा कि लोगों को गंदा पानी पीना पड़ता है लेकिन केजरीवाल जी शीशमहल में रहते हैं। वह करोड़ों रुपए के घर में रहते हैं। वह साफ पानी पीते हैं और आपको गलत बयान देते हैं।% राहुल ने कहा कि हम रोजगार, विकास और




प्रगति की बात करते हैं। आपको याद होगा कि शीला दीक्षित के शासनकाल में दिल्ली में सड़कें बनी थीं। विकास हुआ।

हमने झूठे वादे नहीं किये। केजरीवाल जी और मोदी जी दोनों झूठे वादे करते हैं। केजरीवाल जी ने दिल्ली से वादा किया था कि वे यमुना नदी को साफ़ करेंगे और उसका पानी पियेंगे। मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि आज जाकर यमुना नदी का पानी पीएं। कांग्रेस और अरविंद केजरीवाल में यही अंतर है। केजरीवाल जी हमेशा झूठे वादे करते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पानी की समस्या है। लोगों को महंगा पानी खरीदकर पीना पड़ता है। लेकिन मीडिया इस बारे में कभी नहीं दिखाता। हिंदुस्तान का मीडिया जनता की आवाज उठाता ही नहीं है। आपको टीवी पर अंबानी जी की शादी दिख जाएगी, लेकिन किसानों, मजदूरों, बेरोजगारों की समस्याएं नहीं दिखेंगी। टीवी में 24 घंटा बस नरेंद्र मोदी का चेहरा और नफरत की बातें देखने को मिलेंगी। कांग्रेस नेता ने सवाल करते हुए कहा कि मैं केजरीवाल जी से पूछना चाहता हूं। आप आरक्षण को 50त्न से ज्यादा करना चाहते हैं या नहीं? लेकिन मैं गारंटी देता हूं- केजरीवाल जी ऐसा कभी नहीं कहेंगे, क्योंकि अरविंद केजरीवाल और नरेंद्र मोदी आरक्षण के खिलाफ हैं। जब क्ख्क्कके लोगों ने अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की तब केजरीवाल जी कहां थे? क्या केजरीवाल जी आपके लिए लड़े? क्या केजरीवाल जी आपके साथ खड़े रहे? सच्चाई यही है कि केजरीवाल दलितों, अल्पसंख्यकों और गरीबों के खिलाफ हैं।

## दो हिंदुओं के बीच विवाह एक पवित्र बंधन, सालभर में नहीं तोड़ा जा सकता -इलाहाबाद उच्च न्यायालय

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक फैसले में कहा कि दो हिंदुओं के बीच विवाह एक पवित्र बंधन है, जिसे विवाह के साल भर के भीतर नहीं तोड़ा जा सकता फिर चाहे इसके लिए दोनों पक्ष पारस्परिक रूप से सहमत ही क्यों न हों। अदालत ने कहा कि जब तक असाधारण मुश्किल या असाधारण अनैतिकता ना हो जैसा कि हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 14 में वर्णित है, विवाह को भंग नहीं किया जा सकता है।न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति डी. रमेश की पीठ ने यह निर्णय देते हुए कहा कि तलाक के लिए अर्जी दाखिल करने के संबंध में धारा 14 में विवाह की तिथि से एक साल की समय सीमा की व्यवस्था है हालांकि असाधारण मुश्किल या अनैतिकता के मामले में इस तरह की याचिका पर विचार किया जा सकता है।



इस मामले में दोनों पक्षों ने हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13-बी के तहत पारस्परिक सहमति से विवाह भंग करने की अर्जी दाखिल की थी, जिसे सहारनपुर की कुटुम्ब अदालत ने इस आधार पर खारिज कर दिया था कि अर्जी दाखिल करने की न्यूनतम अवधि पूरी नहीं हुई है।

याचिकाकर्ताओं ने इस निर्णय के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील की थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने 15 जनवरी को निशांत भारद्वाज द्वारा दाखिल प्रथम अपील खारिज करते हुए एक वर्ष की अवधि पूरी होने के बाद याचिकाकर्ता को नए सिरे से अर्जी दाखिल करने का विकल्प दिया था। अदालत ने कहा कि मौजूदा मामले में आपसी असंगति के लिए नियमित आधार के अलावा, कोई असाधारण परिस्थिति पेश नहीं की गई, जिससे इन पक्षों को विवाह के एक वर्ष के भीतर तलाक के लिए अर्जी दाखिल करने की अनुमति दी जा सके।

## पुण्य लाभ की डुबकी

### ● मौनी अमावस्या पर शाम तक 6 करोड़ से अधिक लोगों ने किया संगम स्नान







लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** सावन-भादों की बाढ़ में उफनाती नदियों की लहरें जैसे समुद्र में मिलने के लिए आतुर हों, उसी तरह बुधवार की पौ फटने से पहले संगम जाने वाले हर मार्गों पर आस्था का जन सागर उफनाने लगा। शाम चार बजे तक 5.71 करोड़ लोगों ने संगम में डुबकी लगाई। रात 12 बजे के बाद मौनी अमावस्या की डुबकी लगनी शुरू हो गई थी। मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतो, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान बुधवार को नए शिखर पर पहुंच गया। मौनी अमावस्या को शाम 4ः00 बजे तक करीब 5.71 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई।

इसके साथ ही, महाकुम्भ में अब तक करीब 20 करोड़ लोगों ने स्नान कर लिया है। योगी सरकार का अनुमान है कि मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ और पूरे महाकुम्भ में 45 करोड़ से ज्यादा स्नान करेंगे। महाकुम्भ 2025 के दूसरे अमृत स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर बुधवार को संगम तट पर डुबकी लगाने पहुंचे अखाड़ों के साधु, संतों, नागाओं और श्रद्धालुओं पर योगी सरकार ने हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराई। हेलीकॉप्टर से सभी घाटों और अखाड़ों पर स्नान के दौरान श्रद्धालुओं पर फूलों की बारिश की गई। गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश देख संगम तट पर मौजूद श्रद्धालुओं ने भी जय श्री राम और हर हर महादेव के नारे लगाए।


















### ● ● चैलेंज एक्सेप्टेड ● ●

## हरियाणा के सीएम सैनी ने दिल्ली में पीया यमुना का पानी

### ▶▶ बोले- जांच में भी कोई जहर नहीं मिला

**चंड़ीगढ़,एजेंसियॉ।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस दावे पर चल रहे विवाद में एक नया मोड़ आया है। हरियाणा ने राष्ट्रीय राजधानी में पानी की आपूर्ति को बाधित करने के लिए यमुना के पानी को जहरीला बनाने के आरोपों के बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को यमुना के पानी का एक घूंट पी लिया। नायब सिंह सैनी ने कहा कि अरविंद




केजरीवाल का दुर्भाग्यपूर्ण बयान अपने राजनीतिक फायदे के लिए लोगों के मन में डर पैदा करने के लिए दिया गया था। आज, मैं यहां यमुना नदी के तट पर आया और यमुना से पानी का एक घूंट लिया। केजरीवाल पर% जीवन भर झूठ बोलने% का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ने दावा किया कि यमुना के पानी को परीक्षण के लिए भेजा गया था और इसमें कोई जहर नहीं पाया गया।

दिल्ली चुनाव से पहले अपने आरोपों पर बढ़ते विवाद के बीच, केजरीवाल ने बताया कि दिल्ली में यमुना के पानी में 7 भाग प्रति मिलियन (पीपीएम) पर अमोनिया का खतरनाक स्तर था। आप प्रमुख ने भाजपा और कांग्रेस को चुनौती देते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सार्वजनिक रूप से यमुना का पानी पीने को कहा। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि 7 पीपीएम अमोनिया ÷जहर÷ के बराबर है और अपने आरोपों को दोहराया कि भाजपा के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार दिल्ली निवासियों के जीवन को खतरे में डाल रही है। जब उनसे पूछा गया कि भाजपा शासित हरियाणा के खिलाफ उनके आरोप का आधार क्या है, तो केजरीवाल ने पलटवार करते हुए पूछा, ÷फिर कौन जिम्मेदार है, क्योंकि पानी दिल्ली में पानीपत से आता है?

## दिल्ली में प्रदूषण बढ़ा, ग्रैप-3 की पाबंदियां लागू

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** दिल्ली में प्रदूषण का स्तर एक बार फिर बढ़ गया है। बुधवार को औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शाम चार बजे 365 दर्ज किया गया। इसको देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने आपात बैठक बुलाई और ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) तीन की पाबंदियां लागू करने के आदेश दिए। इसके साथ राजधानी में ग्रैप-3 के तहत बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीज़ल वाहनों का इस्तेमाल प्रतिबंधित होगा। अन्य पाबंदियों मेंनिर्माण कार्य, सड़क निर्माण, और अन्य निर्माण पर रोक, स्कूलों में पांचवीं कक्षा तक की पढ़ाई हाइब्रिड मोड में, गैर-जरूरी डीज़ल चालित मध्यम माल वाहनों की आवाजाही पर रोक शामिल है।

## जेपीसी ने वक्फ पर विधेयक के संशोधित प्रारूप को दी मंजूरी

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) ने बुधवार को इससे जुड़ी रिपोर्ट और मसौदा विधेयक के संशोधित प्रारूप को बहुमत के वोट के आधार पर मंजूरी प्रदान कर दी। समिति ने 15 बनाम 11 मतों से इसे स्वीकार किया है। समिति की ओर से विधेयक में 14 खंडों में संशोधनों को अपनाया गया है।समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने आज जेपीसी की बैठक के बाद पत्रकारों को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कल लोकसभा अध्यक्ष को रिपोर्ट सौंपी जाएगी।दूसरी ओर संशोधित विधेयक अपनाए जाने की विपक्षी सदस्यों ने कड़ी आलोचना की है। विपक्ष का कहना है कि यह पूरी तरह से असंवैधानिक है और इससे वक्फ बोर्ड यानी मुसलमान के धार्मिक मसले में सरकारी हस्तक्षेप को अनुमति मिल जाएगी।दूसरी ओर समिति के अध्यक्ष का कहना है कि विपक्ष की ओर से उठाए गए कई मसलों और चिंताओं का संशोधित स्वरूप में ध्यान रखा गया है। विधेयक के कानून बनने पर वक्फ बोर्ड अपनी जिम्मेदारियों को पारदर्शिता और प्रभावी रूप से निभा पाएगा।तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि हमने 32 पेजों को लेकर अपना 'डिसेंट नोट' दिया है।

# मौनी अमावस्या पर पूरी निष्ठा के साथ जुटे रहे स्काउटर्स

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या के महापर्व पर तीर्थराज प्रयाग देश-विदेश से पधारे करोड़ो श्रद्धालु पवित्र स्नान करने पहुंचे। स्नान पर्व के दृष्टिगत भारत स्काउट एंड गाइड के प्रदेशिक मुख्यालय से सेक्टर 06 से सम्पूर्ण 25 सेक्टरों में भारत स्काउट एंड गाइड के रोवर और रेंजर्स द्वारा ड्यूटी दी जा रही है। जिसकी मॉनिटरिंग मेला नोडल अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक पी एन सिंह द्वारा की जा रही है।



महापर्व पर माध्यमिक शिक्षा और बेसिक शिक्षा विभाग के स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन के मार्गदर्शन में ड्यूटी प्वाइंट रेलवे स्टेशन प्रयागराज, प्रयाग, प्रयागराज संगम, झूंसी पुल, चुंगी, बैरहना पुल, बेला कछार एक, बेला कछार दो, नेहरू पार्क, दुर्जनपुर, रहिमापुर, सरस्वती गेट, सरस्वती हाइटेक, लेप्रोसी, लक्ष्मी द्वार, रूद्राक्ष चौराहा, आई कुंभ चौराहा, नागवासुकी तिराहा इत्यादि पर 25-25 रोवर और रेंजर्स द्वारा कड़ी निगरानी, मेहनत, लगन, निष्ठा एवं विनम्रता की भाव से ड्यूटी की गई। उप नोडल मेला अधिकारी कमलेश द्विवेदी ने बताया कि स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन प्रतिस्थानी के आने तक ड्यूटी पर बने रहेंगे।

जिला नोडल डॉ आकांक्षा केशरी, जिला संगठन आयुक्त वेद प्रकाश भगत, डी ओ सी गाइड गायत्री यादव के निर्देशन में सुरेन्द्र प्रताप सिंह, तीर्थराज पटेल, राजीव रंजन पटेल, इरशाद अहमद, पंकज कुमार मिश्र, प्रिया कक्कड़, दर्शी श्रीवास्तव, शशि सोनकर, मीरा सिंह, आकांक्षा कुशवाहा, गीता वर्मा, गरिमा सिंह, प्रियंका, पूनम, बृजेश यादव, सावित्री यादव, अवधेश यादव सेवा कार्य में लगे हुए हैं।

## हिंदू परंपराओं में महाकुंभ मेले का महत्त्व

महाकुंभ विविध पृष्ठभूमि के लाखों व्यक्तियों को एकजुट करता है, सामाजिक सामंजस्य और सांस्कृतिक संपर्क के लिए एक स्थान स्थापित करता है। यह आयोजन पर्यटन, स्थानीय व्यवसायों के लिए समर्थन और रोजगार सर्जन के माध्यम से आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करता है। आगामी 45-दिवसीय धार्मिक उत्सव 2012 के महाकुंभ की तुलना में तीन गुना बड़ा और अधिक महंगा होने का अनुमान है। हर दिन लाखों भक्तों के भाग लेने के साथ, महाकुंभ दुनिया भर में सबसे बड़ी सभाओं में से एक है, जो भारत के आध्यात्मिक महत्त्व का प्रतीक है। प्रयागराज, जहाँ गंगा, यमुना और सरस्वती नदियाँ मिलती हैं, का आध्यात्मिक महत्त्व बहुत अधिक है और इसे अक्सर भारतीय ग्रंथों में ÷सबसे प्रमुख तीर्थ स्थल÷ के रूप में वर्णित किया जाता है।

# कुम्भ हादसे में हुई मौतों पर सपा ने जताई संवेदना

## नि:शुल्क का बोर्ड लगा दोपहिया वाहनों से श्रद्धालुओं को गन्तव्य तक पहुँचाते रहे सपा कार्यकर्त्ता

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** महाकुम्भ हादसे में हुई मौतों पर समाजवादी पार्टी जिला एवं महानगर इकाई ने गहरा दुख जताते हुए घायलों के समुचित इलाज एवं बिछड़ों को उनके परिजनों से मिलाने के लिये सरकार से मांग की है। साथ ही श्रद्धालुओं से संयम बनाकर पुण्य स्नान की अपील भी की है।




सपा मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर के अनुसार सपा कार्यकर्ताओं द्वारा महाकुम्भ में आए श्रद्धांलुओं को जगह- जगह दूध एवं भोजन प्रसाद उपलब्ध कराये गए। पार्टी कार्यकर्ताओं बेली निवासी मो. हसीब एवं मो. सऊद के नेतृत्व में सौ से अधिक दो पहिया वाहनों का इंतजाम करके श्रद्धालुओं को उनके गन्तव्य तक नि:शुल्क पहुँचाने में मदद की गई। सपा महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, यमुनापार पप्पू लाल निषाद की अगुवाई में श्रद्धालुओं की हर संभव मदद के कार्य किये जा रहे हैं।

# हजरत शहीद मरद शाह बाबा का दो दिवसीय सालाना उर्स एहतेराम से मनाया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** बहादुरगंज स्तिथ हजरत शहीद मरद शाह बाबा रहमत उल्लाह अलैह का सालाना दो दिवसीय उर्स इस्लामिक माह रजबउल मुरज्जब की 26और27 तारिक को अकीदत वा एहतेराम से मनाया गया।

पहले दिन बाद नमाज़ फज्र कुरआन ख्वानी, गुस्ल और नज़्र ओ नियाज़ दिलाई है। बाद नमाज मगरिब दरगाह पर चादर पेशी की गई और मुल्क में सलामती के लिए अमन वा चैन की दुआए की गई। बाद नमाज ईशा नात ख्वानी वा महफिलें समां का भी एहतमाम किया किया गया!

उर्स में जगह जगह लंगर भी लगाया गया जहां जायरीन को लंगर तकसीम किया गया। दरगाह पर जायरीनों ने फूलों की चादर चढ़ा कर मन्नत वा मुरादें मांगी ।ये सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

दरगाह के मुतवल्ली हाजी हामिद कुरैशी उर्फ पुनऊ लाल ने बताया के ये रिवायत वर्षो से चली आ रही है। इन्होंने कहा कि इस दरगाह की खास बात यह है कि यहां पर दूध और मेवों से भरी घागर मिटिया चढ़ाई जाती है। दरगाह को आकर्षित झालरों से सजाया गया। दरगाह के सज्जादा नशीन असद कुरैशी ने बताया कि ये रिवायत 82 साल पुरानी है और हर हाल उर्स में लोग अपनी मन्नत वा मुरादें लेकर दरगाह पर आते हैं और उनकी मन्नत पूरी हो जाने पर वो दरगाह पर फूलों की चादर पेश करते हैं।

इस मौके पर उलमा एकराम भी सामिल हुए। इस अवसर पर हाजी हामिद कुरैशी उर्फ पूनऊ लाल,दरगाह खादिम असद कुरैशी, हाजी अशफाक, पप्पू, हाफिज रिज़वान, मो शेरू, मौलाना नादिर हुसैन, मो शाहरुख, मो सैफ, मो शेरू, शकील अहमद, (गुड्डू) जिया सिद्दीकी, मो जावेद,हाजी इमरान, रंजीत निषाद सामिल रहे।

# छलक जाए ना दर्द दिल आंखों से, उतरे बात जो दिल में वही बात करो

## विश्व जनचेतना ट्रस्ट' व 'बज़्म ए अहबाब' की ओर कवि सम्मेलन एवं मुशायरा हुआ आयोजित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक एकता के रूप में %विश्व जनचेतना ट्रस्ट% व %बज़्म ए अहबाब% के संयुक्त तत्वावधान में कवि सम्मेलन एवं मुशायरा आयोजित किया गया। करैली स्थित अदब घर में आयोजित कार्यक्रम में समाज और साहित्य में योगदान देने वालों को सम्मानित भी किया गया, जिसकी अध्यक्षता सीनियर एडवोकेट एवं साहित्यकार एमए हसीन मुख्य अतिथि डॉ. जाहेदा खानम, विशिष्ट अतिथियों में ऑल इंडिया रेडियो के पूर्व असिस्टेंट डायरेक्टर अशरफ अली बेग, चीफ पैसेंजर ट्रांसपोर्टेशन मैनेजर बसन्त कुमार शर्मा एवं पूर्व इंजीनियर पइंडियन टेलीफोन इंडस्ट्री लिमिटेड प्रदीप कुमार चित्रांशी रहे।



कार्यक्रम में शायर और कवियों ने एक से बढ़ कर एक रचनाएं प्रस्तुत कीं। तशना कानपुरी ने %तुम जिसको समझते हो सर शब्ज़ घराना है, एक दस्त है कांटों का पानी है न दाना है। सुना वाहवाही लूटी तो डॉ. राहुल शुक्ल% ने %जाति-धर्म के नाम पे देखो, बंटा हुआ परिवार, संविधान की शिक्षा खोकर, बन बैठा गुनहगार।% तलत महमूद ने %छलक जाए ना दर्द दिल आंखों से %बटोही% उतरे बात जो दिल में बस वही बात करो।% सूना दाद बटोरी। फ़रमूद इलाहाबादी ने %जिस्म दो , एक जान रहने दो। हिंदु, मुस्लिम समान रहने दो।% सुनाया। बख्तियार यूसुफ ने %आज यूसुफ से मोहब्बत की नज़र मिल ही गई, बज़्म में अब रंग उलफत का जमा रह जायग, पेश किया। राम लखन चौरसिया ने %किसे कहूँ मैं कोकिला, किसे कहूँ मैं काग, चेहरा चेहरा कालिखें, दामन दामन दाग,। सुना खूब वाहवाही लूटी।

संचालन फरमूद इलाहाबादी ने किया। शामिल होने वाले रचनाकारों में शाकिर हुसैन तशना, डॉ. राहुल शुक्ल, फ़रमूद इलाहाबादी, सुनिल दानिश, एडवोकेट बख्तियार यूसुफ, तलत महमूद, वरिष्ठ अधिवक्ता बख्तियार यूसुफ, रामलखन चौरसिया, हैदराबाद से आए शकील हैदराबादी, सलाह ग़ाज़ीपुरी, सेलाल इलाहाबादी, सुहैल अख़्तर, प्रकाश सिंह अश्क, असद ग़ाज़ीपुरी, अब्दुल रहमान, शाहिद अली शाहिद, एमए हसीन, डॉ. जाहेदा खानम, अशरफ अली बेग, बसन्त कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार चित्रांशी

हसीन जीलानी, ज़ीशान फतेहपुरी एवं परवेज़ अख्तर आदि ने भी रचनाएं प्रस्तुत कीं। संयोजक साकिब सिद्दीकी %बादल% एवं अमजद हुसैन रावी रहे। उपस्थित लोगों में आसिफ उस्मानी, कान्ति प्रभा शुक्ल, अन्नू विश्वकर्मा, सिरजीत गौतम, दीप कन्नौजिया, संध्या कन्नौजिया व अन्य लोग रहे।

## रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु 150 मेला स्पेशल गाड़ियों का संचालन

**प्रयागराज।** महाकुंभ -2025 में रेल प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए, सुरक्षा, आश्रय, आसान टिकट वितरण एवं बड़ी संख्या में गाड़ियों की व्यवस्था की गयी है। महाकुंभ-2025 में आए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आज दिनांक 29.01.2025 को 19 बजे तक 150 गाड़ियाँ चलायी गयी। जिसके अंतर्गत उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, नैनी जंक्शन एवं सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन से 100 गाड़ियाँ एवं प्रयागराज परिक्षेत्र के उत्तर रेलवे के प्रयाग स्टेशन से 19, फाफामऊ स्टेशन से 03 तथा पूर्वोत्तर रेलवे के प्ररयाग्राज रामबाग स्टेशन से 07 सहित झूसी स्टेशन से 21 गाड़ियों का संचालन भी किया गया।

## न्यूज डायरी

### श्रद्धांलुओं को लोकसेवक मंडल द्वारा चाय, बिस्किट, ब्रेड बितरण



**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या पर बैंक रोड पर राजर्षि टंडन सेवा केंद्र प्रयागराज मे लोकसेवक मंडल द्वारा स्नानर्थियों एवं श्रद्धालुओं को गुड़, पानी,चाय, बिस्किट,और ब्रेड का वितरण किया गया।

लोकसेवक मंडल के सदस्य कर्मचारी नेता रविशंकर मिश्र ने कहा कि स्नानर्थियों की सेवा प्रयागराज वासियों के लिए पुण्य प्राप्त करने का अवसर है। उपरोक्त सेवा राजर्षि टंडन सेवा केंद्र के केयर टेकर मनोज केशरवानी एवं बरिष्ठ समाजसेविका सुश्री अनुराधा, समाजसेवी मो सगीर, अनन्त कुमार मामा, जगदीश यादव, रवी कुमार लेखक, अपूर्व वशिष्ठ आदि रहे।

### यूपीसीए ट्रायल के लिए रजिस्ट्रेशन तिथि बढ़ी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के सभी आयु वर्ग और रणजी ट्रॉफी ट्रायल के लिए खिलाड़ियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन बढ़ाकर पांच फरवरी कर दी गई है। इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक डॉ. सुरेश द्विवेदी के अनुसार प्रयागराज मण्डल में आने वाले चार जनपदों (इलाहाबाद, मिर्ज़ापुर,भदोही और चित्रकूट) के क्रिकेटर कहीं से भी ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन (https://w ww.upca.tv) करने के बाद चालान की प्रति, रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर एवं शुल्क के साथ इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यालय 02, कानपुर रोड (निकट सप्लाई डिपो, चौफटका पॉवर हाउस) प्रयागराज में दोपहर 2 से 5 बजे के मध्य शहज़ादे आलम अथवा संयुक्त संयोजक (प्रबंधन) सोमेश्वर पाण्डेय से संपर्क कर सकते हैं। जिन खिलाड़ियों का रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर यदि बदल गया है तो वह एक आवेदन देकर अपना नया नंबर दर्ज करा सकते हैं। एसीए कार्यालय में औपचारिक प्रकिया पूर्ण होने के बाद ही रजिस्ट्रेशन मान्य होगा। सभी खिलाड़ियों के लिए केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया को पूरा करना अनिवार्य है।

### वीआईपी कल्चर की देन है महाकुंभ मेला में भगदड़- कांग्रेस

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 में मौनी अमावस्या को आधी रात लगभग 2.00 बजे संगम नोज पर अचानक भगदड़ से बहुत से लोगों की दबकर मृत्यु हो गई तथा सैकड़ों लोग घायल हो गए हैं जिनका उपचार चल रहा है।

इलाहाबाद के महानगर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन ने बताया कि ये महाकुंभ की हृदय विदारक घटना मेले में वीवीआईपी कल्चर का विकसित होना है क्योंकि पिछले 3-4 दिनों से सारा का सारा मेला प्रशाशन इन्हीं लोगों के आवभगत में जुटा रहा है। आम श्रद्धालुओं की सुविधा पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। मौनी अमावस्या के दिन आधी रात को जो दुर्भाग्यपूर्ण घटना मेले में घटित हुई है उसमें किसी के मां ट्बाप, किसी की बहन तथा किसी के बेटे की मृत्यु हुई है। इस हृदय विदारक घटना में जो लोग भी पीड़ित हुए हैं उनको तत्काल चिकित्सीय सुविधा प्रदान की जाए और मृतकों की संख्या स्पष्ट रूप से सरकार बताए।उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी घटना होने पर भी योगी सरकार, उनके डीजीपी तथा अन्य उच्चाधिकारी घायलों तथा मृतकों की संख्या न बताकर ये जुमला कह रहे हैं कि अफवाहों पर ध्यान न दे ये कैसी निर्दयी सरकार और उसका तंत्र है। पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह ने दुख जताते हुए कहा कि यह घटना योगी सरकार और मेला प्रशाशन की लापरवाही है पूर्व विधायक ने उत्तर प्रदेश सरकार से मृतकों के परिवार वालों को 25 लाख और घायलों को 10 लाख मुआवजे की मांग की।

# जन कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया भंडारे का आयोजन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** महाकुंभ में मौनी अमावस्या के उपलक्ष में प्रयागराज जन कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट एवं आईआईटीएम कॉलेज प्रयागराज संयुक्त तत्वाधान में महाकुंभ के पावन पर्व मौनी अमावस्या के पर्व पर भंडारे का आयोजन कई जगह किया गया।

ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी एवं आई आईटीएम कॉलेज के डायरेक्टर सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा जनकल्याण हित के तहत कई कार्यक्रम चलाए जाते हैं जिसमें गरीब बच्चों को शिक्षा देना, निर्धन व्यक्ति को कपड़ा वितरित करना, निर्धन छात्रों को पुस्तक वितरित करना, गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करना, बुजुर्गों की सेवा गरीब बच्चों को हेल्थ चेकअप कराना, गरीबों को आर्थिक सहायता करना आदि कार्य सम्मिलित हैं। इसके तहत कुंभ में आए हुए तीर्थ यात्रियों के लिए भंडारे का आयोजन कई जगह पर किया गया जिसमें चाय पानी पुरी सब्जी खिचड़ी आदि चीज एवं कुछ श्रद्धालुओं को निशुल्क ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

# पीडीए पखवाड़ा पीपराव मे लगी जन चौपाल

## शिक्षा स्वास्थ्य पर ध्यान न देकर सम्प्रदायिक सोहार्द विगाडने पर लगी है सरकार-विनय सोनकर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कोरांव(प्रयागराज)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में पीडीए पखवाड़ा चलाया जा रहा है जिसमें दलित पिछड़ा अगडा मौजूदा सरकार से पीडित अल्पसंख्यकों के हक अधिकार संम्बिधान कि रक्षा करने की बात समाजवादी नेता जन चौपाल के माध्यम से बताने की बात कह रहे हैं इसी क्रम में आज कोरांव विधानसभा के पिपराव गांव में जन चौपाल लगाइ गई जिसमें मूख्य अतिथि के रुप मे जिला उपाध्यक्ष प्रभारी कोरांव विधानसभा राजेश पाण्डेय ने कहा कि जनता को जाती धर्म मजहब से उपर उठकर सम्बीधान कि रक्षा के लिए एक होना पडेगा तभी नफरत की राजनीति करने वाली मौजूदा सरकार का खात्मा हो सकता है आज किसान मजदूर नौजवान परेशान हैं लेकिन सरकार सूनने को तैयार नहीं है जिला सचिव दिनेश ने कहा कि आज मौजूदा सरकार दलित पिक्षडा बिरोधी कार्य कर रही हैं बाबा साहब के सम्बीधान मे छेड़छाड़ कर दलित विरोधी निती को उजागर कर रही हैं वहीं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता विनय सोनकर ने कहा कि आज शिक्षा स्वास्थ्य पर ध्यान न देकर सम्प्रदायिक सोहार्द विगाडने पर लगी हैं मौजूदा सरकार जो गरीब मजदूर किसान को रोजगार न दे कर साम्प्रदायिकता मे बाटने का काम कर रही हैं जन चौपाल का संचालन बिधानसभा महासचिव रविंद्र जैसल ने किया जन चौपाल मे प्रमुख रूप से जिला वंशराज यादव सेक्टर प्रभारी पून्य प्रताप पाल राजू यादव बाबू लाल यादव सूभासत आदिवासी सूग्रीव आदिवासी राजेश जैसल कपूर भारतिया अभय राज पाल अमर जित पाल विपिन पाल इन्दर आदिवासी शिव कूमार कोल के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।



# महाकुंभ भगदड़ प्रशासन की नाकामी के साथ वीवीआईपी दौरा जिम्मेदार- उज्ज्वल रमण सिंह

## मृतकों को 50 लाख व घायलों को 10 लाख का मुवावजा दें सरकार,हाईकोर्ट जज से न्यायिक जांच हो

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रयागराज सांसद उज्जवल रमण सिंह ने महाकुंभ भगदड़ हादसा पर दुख व्यक्त किया और मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर 50 लाख व घायल को समुचित इलाज के साथ 10 लाख मुवावजा सरकार को देने के लिए कहा।



उन्होंने कहा कि महाकुंभ भगदड़ हादसा जहाँ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की नासमझी का नतीजा है। वहीं पर लगातार मेला क्षेत्र में देश प्रदेश के वीवीआईपी का दौरा जिसमें पुरा प्रशासनिक अमला उनके आवभगत में ही लगा रहा और भीड़ कंट्रोल की सटीक रणनीति नहीं बना पाया जिसकी वजह से कितने बेगुनाह भगदड़ में मारे गए और हजारों घायल हुए।

सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने कहा कि सांसद उज्जवल रमण सिंह लगातार महाकुंभ अव्यवस्था व भ्रष्टाचार पर आवाज उठाते रहे लेकिन किसी ने इसपर ध्यान नहीं दिया वो 300 करोड़ के साल स्लीपर की खरीद पर भी सवाल उठाया था जो जांच का विषय है कि 30 पान्टून पुल निर्माण ही लोगों की भीड़ और सुविधा को देखकर बना था तो ऐसी क्या वजह या डर था कि सारे पुल बंद कर दिऐ गये। जिससे अधिकतर भीड़ संगम पर ही इक्ठ्ठा हो गई। यही पुल चालू होते तो भीड़ पूरे मेला क्षेत्र में फैली होती तो भगदड़ कि स्थिति ना बनती।

सांसद ने सिटिंग हाईकोर्ट जज से इस हादसे की न्यायिक जांच कराने की मांग किया ताकि भविष्य में ऐसी घटना से बचा जा सके और मृतकों व घायलों को मुवावजा के साथ उनके घर तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करना चाहिए।

# श्रद्धालुओं के लिए भण्डारे का आयोजन किया गया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी(प्रयागराज)।** बुधवार को मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर नैनी स्टेशन के सामने समाजसेवी लल्ला गुप्ता के अगुवाई में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य रूप से रमेश गुप्ता,मनीष केसरवानी, आकाश चौरसिया,ओम,मयूर ,मोहित शर्मा ,शाहिल,सहजा, कृष्णा आदि रहे।

# श्रद्धालुओं की सेवा में लगाया भाजपा ने सेवा सहयोग शिविर




**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या के पर्व पर श्रद्धालुओं की सेवा में भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में सेवा सहयोग शिविर को लगाया गया। इस अवसर पर प्रसाद वितरण एवं श्रद्धालुओं को सही मार्ग बताने के लिए कर संचालित किया गया और श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया।

भाजपा प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि प्रयागराज जंक्शन, प्रयाग, नैनी, रामबाग रेलवे स्टेशन मार्ग और इसके अलावा खुल्दाबाद बहादुरगंज मुट्ठीगंज कीडगंज धर्मवीर चौराहा प्रीतम नगर, ट्रांसपोर्ट नगर फाफामऊ, दारागंज आदि 18 स्थानों पर सेवा सहयोग शिविर लगाया गया इस अवसर अनिल भट्ट कुलदीप मिश्रा राजेश केसरवानी, दीप द्विवेदी, दिनेश विश्वकर्मा, आदि मंडल के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल रहे।

# सेंट पीटर्स एकेडमी ने 2-1 से जीती सीरीज



**प्रयागराज।** सेंट पीटर्स एकेडमी ने यूनाइटेड क्रिकेट अकादमी को 14 रन से हराकर तीन मैचों की सेंट पीटर्स कप अंडर-12 क्रिकेट सीरीज में पर 2-1 से कब्जा जमाया।

ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर बुधवार को खेले गए तीसरे और अंतिम मैच में सेंट पीटर्स एकेडमी ने 30 ओवर में 111 रन (अथर्व 23, विराज सिंह 21, ऋषभ 12, शिवम यादव 3/26, हनी सिंह 2/19) बनाए। जवाब में यूनाइटेड क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम 23 ओवर में 97 रन (श्रेष्ठ 28, आदित्य राज सक्सेना 3/28, अथर्व 2/25) पर सिमट गई। इस अवसर पर विवेक सिंह, विनोद पटेल, विश्वनाथ सरोज, राम प्रकाश, डॉ. नवीन कुमार, आशुतोष शुक्ला, मुकेश सक्सेना, विजय दीनानाथ, महेंद्र प्रताप सिंह, सत्येंद्र भास्कर, श्यामू भारतीया आदि उपस्थित रहे।

# नगर पालिका परिषद मंझनपुर अध्यक्ष ने पीड़ित परिजनों से मिलकर मुहैया कराई सहायता राशि



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर विधान सभा के विदाव गांव में एक मकान में विघुत घर्षण से आग लग गई। जिसमें मकान में रखा हजारों रूपया का सामान जल कर खाक हो गया। इसकी जानकारी होते ही सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष बीरेन्द्र फौजी पीडित के घर पहुचे, और हाल चाल जाना, इस दौरान उन्होने नगद राशि देकर सहायता किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि वह जिलाप्रशासन के अधिकारियों से भी बात करेगे, जिससे उनको सरकार की ओर से जो भी सहायता मिलती हो, वह मिल जायेगी।

मंझनपुर विधानसभा के बिदांव गांव के घनश्याम पासी के मकान में रात में विघुत घर्षण से आग लग गई।

इस आग में एक बाइक व दो भैस सहित हजारों रूपया का गृहस्ती का सामान जल कर खाक हो गया है, इसकी जानकारी नगर पालिका परिषद मंझनपुर बीरेन्द्र फौजी को हुई तो वह सोमवार को पीडित के घर पहुच गये, उन्होने पीडित से घटना के बारे में पूरी जानकारी लिया। इस दौरान पीडित परिवार को संत्वना देते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि तहसील प्रशासन और जिला प्रशासन से वार्ता कर जो भी सहयोग हो सकेगा, वह सहयोग करायेगे। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने पीडित परिवार को राशन व कबल तथा नगद धनराशि देकर सहयोग किए। नगर पालिका अध्यक्ष के इस सहयोग की वहा पर मौजूद लोगों ने सराहना किया।

लोगों का कहना है, कि कौशाम्बी जनपद में बीरेन्द्र फौजी ही एक ऐसा नेता है, जो किसी भी प्रकार की घटना की जानकारी होते ही पीडितों का दुख दर्द बाटने पहुच जाते है, भारतीय जनता पार्टी ने ऐसा नेता को नगर पालिका अध्यक्ष का टिकट देकर सराहनीय कार्य किया है, जिससे पीडितों दुखियों असहायों की मद्दत हो जा रही है। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शिव प्रताप मौर्य विजय तिवारी सभासद अंशुल केसरवानी ज्ञानेंद्र तिवारी उपस्थित रहे।

## कार की टक्कर से अलीगढ़ का बाइक सवार जख्मी

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के नरसिंहपुर कछुआ गांव के समीप नेशनल हाईवे पर कार की टक्कर से प्रयागराज कुंभ से लौट रहा अलीगढ़ का बाइक सवार युवक जख्मी हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए स्थानीय ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है। टक्कर मारने वाले राजस्थान के कार चालक को ग्रामीणों ने पड़कर पुलिस को सौंप दिया है।बताया जाता है कि अलीगढ़ जनपद के अतरौली थाना अंतर्गत चिल्ला गांव के जय शिव शर्मा पुत्र राजकुमार बुधवार की शाम प्रयागराज महाकुंभ से मोटरसाइकिल से वापस घर लौट रहे थे जैसे ही सैनी कोतवाली क्षेत्र के नरसिंहपुर कछुआ चौराहे के समीप पहुंचे तभी नेशनल हाईवे पर पीछे से बेकाबू कार ने टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार जय शिव शर्मा गंभीर रूप से जख्मी हो गए, स्थानीय लोगों ने टक्कर मार कर भाग रहे राजस्थान के कार चालक को पड़कर मामले की सूचना पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है।

# मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर नगर पालिका भरवारी अध्यक्ष ने श्रद्धालुओं को कराया भोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, (कौशाम्बी)।** नगर पालिका परिषद भरवारी में मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर बुधवार को महाकुम्भ प्रयागराज में आये हुए श्रद्धालुओं को सांकड़ा तिराहे (जीरो प्वाइंट मूरतगंज) में नगर पालिका परिषद भरवारी द्वारा चाय, बिस्कुट, हलुआ, पूड़ी कचौड़ी व सब्जी वितरण कर मौनी अमावस्या की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की।

महाकुंभ आने जाने वाले श्रद्धालुओं को सुखद व सुगम बनाने के लिए भरवारी नगर अध्यक्ष कविता पासी की अनूठी पहल सांकाड़ा तिराहे (जीरो प्वाइंट तिराहे) स्थित नेशनल हाईवे पर शिविर लगाकर महाकुंभ में आने जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए चाय नाश्ता व भोजन के लिए लगवाया निशुल्क शिविर महीने भर पूरे माघ माह तक चलेगा यह कार्यक्रम स प्रमुख स्नान पर्व मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर महाकुम्भ प्रयागराज में मध्यप्रदेश एवं राजस्थान से आये हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण में शुरुआत महाकुंभ श्रद्धालुओं को अध्यक्ष कविता पासी ने हलुआ पूड़ी कचौड़ी सब्जी व चाय पिलाकर कार्यक्रम की की शुरुआत,इस नेशनल हाईवे पर फ्तेहपुर, कानपुर, इटावा ,औरैया अलीगढ़ ,गौतम बुद्ध नगर नोएडा दिल्ली और चित्रकूट समेत मध्य प्रदेश के लोग इसी रास्ते होकर प्रयागराज महाकुंभ जाएंगे श्रद्धालु, जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम इस दौरान कोखराज थाना प्रभारी चंद्रभूषण मौर्य, अधिशासी अधिकारी रामसिंह, डिप्टी सीएम के मीडिया प्रभारी भोलेशंकर कुशवाहा, एडवोकेट आशीष पासी सहित अन्य कई गणमान्य व श्रद्धालु मौजूद रहे।

## कौशाम्बी के सपा सांसद पुष्पेन्द्र सरोज दिल्ली के संयुक्त रोड शो में होगें शामिल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव और आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल 30 जनवरी को रिठाला विधानसभा क्षेत्र में संयुक्त रोड शो करेंगे। इस रोड शो में सपा के कई सांसद भी आप के समर्थन में शामिल होंगे, जिनमें कैराना की सांसद इकरा हसन और, कौशाम्बी लोकसभा क्षेत्र से सपा के युवा सांसद पुष्पेंद्र सरोज भी इस रोड शो में भाग लेंगे। पुष्पेंद्र सरोज, जो 25 वर्ष की आयु में भारत के सबसे युवा सांसदों में से एक हैं, दलित समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं और युवा नेतृत्व का प्रतीक माने जाते हैं। इस संयुक्त रोड शो के माध्यम से सपा और आप के नेता दिल्ली चुनाव में अपने गठबंधन और एकजुटता का प्रदर्शन करेंगे।

## बाबा रामदेव ने साकाड़ा में बन रही पतंजलि संस्थान की बिल्डिंग का किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, (कौशाम्बी)।** कोखराज थाना क्षेत्र में साकाड़ा बन रही पतंजलि संस्थान की बिल्डिंग का बुधवार की शाम चार बजे प्रयागराज महाकुंभ से आकर औचक निरीक्षण किया। बाबा रामदेव कोखराज के सकाड़ा में बन रही पतंजलि की बिल्डिंग में पहुंचे। बाबा रामदेव ने बिल्डिंग की डिजाइन को मस्जिद के मॉडल पर बनाने पर भड़क गए, बाबा रामदेव ने कर्मचारियों से कहा मस्जिद बना दिया क्या।

कोखराज थाना क्षेत्र में बन रही पतंजलि की बिल्डिंग में अचानक बाबा रामदेव पहुंच गए। बाबा रामदेव प्रयागराज महाकुंभ से स्नान कर वापस जा रहे थे, जैस ही वह कोखराज थाना क्षेत्र के सकाड़ा में पतंजलि संस्थान की बनाई जा रही बिल्डिंग के अंदर पहुंचे ,बिल्डिंग के मॉडल को देखकर भड़क गए, बाबा रामदेव गाड़ी से उतरे भी नहीं और कर्मचारियों को बुलाकर फ्टकार लगाई कि मस्जिद का मॉडल बना दिया क्या।

इसके बाद बाबा रामदेव तुरंत बिल्डिंग के बाहर निकल गए और चले गए। नगर पालिका परिषद भरवारी अध्यक्ष कविता पासी बाबा रामदेव का जीरो प्वाइंट साकाडा तिराहे स्थित नेशनल हाईवे स्वागत व अभिनंदन किया। राम प्रकाश मिश्रा वकील, संरक्षक राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार मंडल ने भी बाबा रामदेव का स्वागत किया।

## मौनी अमावस्या पर संदीपन घाट में श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान



**भरवारी, (कौशाम्बी)।** कोखराज थाना क्षेत्र के संदीपन गंगा घाट में बुधवार को मौनी अमावस्या पर्व पर भोर से श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा श्रद्धालुओं ने मा गंगा के पवित्र जल में डुबकी लगाई। कोखराज पुलिस ने सुरक्षा के लिए बड़े वाहनों के लिए मंदिर से बाहर पार्किंग व्यवस्था की गई जिससे आने जाने वाले श्रद्धालु मंदिर में शान्ति पूर्वक पूजा अर्चना कर सके, गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण नहाने वाले स्थान पर नाव को नाविक संचालक के साथ मुस्तैद रखा गया जिससे गंगा में डूबने जैसी घटनाएं न घट सके व पुलिस प्रशासन द्वारा माइक लाउडस्पीकर से श्रद्धालुओं को गहरे पानी में न जाने के लिए सचेत किया गया, महिला पुलिस कर्मी मौजूद रहीं।

## जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा मृतक आश्रित को दिया गया नियुक्ति पत्र



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिला पंचायत राज अधिकारी अनिल कुमार सिंह के द्वारा मृतक आश्रित सफाई कर्मचारी स्वर्गीय भैया लाल, तैनाती स्थल लहना, विकासखंड मंझनपुर, कौशाम्बी (कोड संख्या-97) के स्थान पर उनकी आश्रित पुत्री शालू (निवासी-चांदेराई, पश्चिम शरीरा, विकासखंड सरसवां, कौशाम्बी) को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

यह कार्यक्रम जिला पंचायत राज कार्यालय में ससम्मान आयोजित किया गया, जिसमें अधिकारियों ने मृतक सफाई कर्मचारी के कार्यों की सराहना की और उनके परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट कीं। उन्होंने कहा कि सरकार और विभाग की ओर से यह प्रयास रहता है कि दिवंगत कर्मचारियों के परिवार को तुरंत सहायता और आश्रय प्रदान किया जाए, जिससे उनकी आजीविका चलती रहें। शालू को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी ने उन्हें उनके नए कार्य में सफलता की शुभकामनाएं दीं। संघ और मृतक आश्रितों ने इस सराहनीय पहल के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी का आभार व्यक्त किया। यह नियुक्ति प्रक्रिया विभागीय नियमों और मानकों के तहत पूरी की गई। संघ और परिवार ने इसे राहतभरा कदम मानते हुए खुशी जाहिर की और जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। सफाई कर्मचारी संघ के सदस्यों ने कहा जिला पंचायत राज अधिकारी अनिल कुमार सिंह के इस संवेदनशील कदम के लिए संघ सदैव ऋणी और आभारी रहेगा। उनका यह कार्य प्रेरणादायक है और समाज में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ाने वाला है।

## प्रयागराज में हुए हादसे पर कांग्रेसियों ने जताया दुख



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** आज मौनी अमावस्या के अवसर पर आज संगम प्रयागराज में हुए हादसे में कई श्रद्धालुओं मृत्यु हो गई है। इसी क्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आवाहन पर व कौशाम्बी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में नगर अध्यक्ष कांग्रेस चरवा निक्की पाण्डेय की उपस्थिति में चरवा स्तिथ शिव मंदिर में मृत आत्माओं की शान्ति व घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की गई।

जिसमे प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव राजेश साहनी महेंद्र मिश्रा, कांग्रेस सोसल मीडिया के जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय, भोला केसरवानी, कैलाश केसरवानी, अशोक कुमार केसरवानी, पंकज त्रिपाठी,विवेक,सुरेंद्र सरोज,समर सरोज,फूल चंद्र कुशवाहा, मृगांक मौर्या राकेश पाल आदि कोई लोग मौजूद रहें।

## राला में चौपाल लगाकर पीडीए पर चर्चा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** समाजवादी पार्टी विधानसभा सिराथू के सेक्टर राला में चौपाल लगाकर पीडीए पर चर्चा कार्यक्रम का आगाज किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव मौजूद रहें। जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और महिलाओं का उत्पीड़न हो रहा है। सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आम जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता रीढ़ की हड्डी होते है कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकना है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में भाजपा पूरी तरह से नाकाम रही है। भाजपा अपनी नाकामी को छिपाने के लिए धर्म का सहारा ले रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुजाहिद हुसैन ने कहा कि सपा सरकार के कार्यकाल के दौरान उत्तर प्रदेश में कई विकास कार्य किए गए थे, लेकिन भाजपा के शासन में विकास पूरी तरह से ठहर गया है। भाजपा देश के सौहार्द को बिगाड़ने और भाईचारे को खत्म करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से परेशान जनता ने अब पीडीए के साथ जुड़ने का मन बना लिया है। इस मौके पर लवकुश यादव, सेक्टर अध्यक्ष पप्पू यादव, नवनीत यादव, अरविंद सरोज प्रधान आदि लोग उपस्थित रहे।

## मार्ग अवरुद्ध होने पर रिक्शा चालक ने किसान को पीटा,केस दर्ज

**करारी, (कौशाम्बी)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रोड पर दो पहिया वाहन खड़ी कर खेत में काम कर रहे किसान को रिक्शा चालक ने मार्ग अवरुद्ध करने का आरोप लगाकर लाठी डंडों से पीटकर प्राणघातक हमला कर दिया है। हमले से किसान लहूलुहान हो गया है। जिसे लोगों ने अस्पताल में भर्ती करा दिया है।पीड़ित परिजन की तहरीर पर करारी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।करारी क्षेत्र के महमदपुर गांव का रहने वाला ओज प्रकाश पुत्र राम लाल मौर्य ने करारी थाना में केस दर्ज कराते हुए बताया कि उसका बड़ा भाई मनोज कुमार बुधवार को अपने खेत में काम कर रहा था। इस दौरान गांव का ही रहने वाला देवेन्द्र कुमार पुत्र राम कुवारे पासी अपना ई रिक्शा लेकर आया और मार्ग से दो पहिया वाहन हटाने को लेकर मनोज से उलझ गया। इसके बाद ई रिक्शा चालक देवेंद्र अपने से घर से लाठी डंडा लेकर आया और मनोज पर प्राण घातक हमला करते हुए उसे लहूलुहान कर दिया।शोर गुल की आवाज सुनकर स्थानीय किसान इकट्ठा हो गए

# भाइयों ने बिजली बिल का पैसा मांगने पर भाई-भाभी को दी धमकी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, (कौशाम्बी)।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मलाक मोइनुद्दीनपुर गांव में मंगलवार की शाम छोटे भाइयों ने बिजली बिल का पैसा मांगने पर भाई-भाभी के साथ गाली गलौच की। विरोध करने पर उनको मारपीट की धमकी भी दी। पीड़ित दम्पत्ति ने थाने जाकर आरोपी भाइयों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

मलाक मोइनुद्दीनपुर गांव निवासी मोहम्मद आरिफ पुत्र स्व. मोहम्मद आबिद ने परचून की दुकान खोल रखा है।उसकी पत्नी नाजमीन बानो के अनुसार उसके पति तीन भाई हैं। घर में एक बिजली मीटर लगा है। उसी मीटर से वह दोनों भी बिजली का इस्तेमाल करते हैं। उनके घर के बिजली का बिल एक लाख 70 हजार रुपये आया था। उसके पति ने एकमुश्त समाधान का लाभ लेते हुए कर्ज लेकर 55 हजार रुपये जमा कर दिया। उनके दोनों भाइयों ने अपना-अपना हिस्सा देने को कहा था मगर बिल जमा हो जाने के बाद अब वह मुकर गये। मंगलवार की शाम पैसे मांगने पर वह दोनों उनके साथ गाली गलौज करने लगे। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर उन्होंने भाई-भाभी के साथ मारपीट करने की धमकी दी। पीड़ित दम्पत्ति ने थाने जाकर आरोपी भाइयों के खिलाफ मामले की तहरीर दीद्य तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## एसडीएम ने लापरवाही के आरोप में लेखपाल को दिया नोटिस

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सिराथू तहसील के मोगरी कड़ा में एक कास्तकार की भूमिधरी जमीन पर आंगनवाड़ी भवन बनाए जाने के चल रहे मामले को गम्भीरता से लेते हुए नाराज हुए एसडीएम ने हल्का लेखपाल को कारण बताओ नोटिस देते हुए जबाब तलब किया है। सिराथू तहसील के मोगरी कड़ा के रहने वाले कास्तकार जीवन सिंह पुत्र राम बिशाल ने अगस्त 2024 में शिकायत दर्ज कराई थी की गांव में तैनात लेखपाल ग्राम प्रधान की मिली भगत से बिना पैमाइश कराते हुए भूमिधरी भूमि पर आंगनवाड़ी भवन का निर्माण कराया जा रहा है। बताते है की प्रक्ररण में तत्कालीन एसडीएम ने हल्का लेखपाल को गांव सभा भूमि को सुरक्षित करते हुए समाधान कराने के निर्देश दिए थे। लेकिन लेखपाल ने एसडीएम के आदेश को नजरंदाज कर भूमि की पैमाइश ही नहीं किया। शिकायतकर्ता ने न्याय ना मिलता देख मामले को न्यायलय में रखते हुए न्याय की गुहार लगाई। प्रकरण में लेखपाल के द्वारा अपना जबाब अधिकारियों को ना दिए जाने के साथ ही पूर्व में जारी स्पष्टीकरण का जबाब अब तक ना देने से नाराज एसडीएम ने प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए लेखपाल विनोद कुमार मिश्र को कारण बताओ नोटिस जारी करते जबाब मांगा है। साथ ही जबाब ना मिलने पर प्रभावी कार्रवाई की चेतावनी दी है। एसडीएम की कार्रवाई से तहसील क्षेत्र में कार्यरत लेखपालों में खलबली मच गई है।

# मदीना होता है सूना हुसैन जाते हैं...

## ▶▶ अंजुमने अब्बासिया के तत्वावधान में निकाला गया जुलूस ए सफर ए हुसैनी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** रसूले अकरम के नवासे इमाम हुसैन के मदीना से कर्बला के सफ्र की याद में करारी स्थित अंसारगंज वार्ड के सद्र इमामबाड़े में कार्यक्रम आयोजित किया गया, इसकी शुरूआत तेलावत ए कुरआन से अनवार पंजतन ने किया। मौलाना जमीर हैदर रिजवी ने मजलिस पढ़ी उसके बाद जुलूस निकाला गया। मातमी अंजुमनों ने नौहाख्वानी व सीना जनी कर इमाम हुसैन की मुसीबत पर गिरिया किया। कार्यक्रम सुबह 10 बजे शुरू हो कर देर शाम तक चला।



बुधवार को करारी के अंसारगंज मोहल्ला स्थित सद्र इमामबाड़े में अंजुमने अब्बासिया के तत्वावधान में जुलूस ए सफ्र ए हुसैनी कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौलाना जमीर हैदर रिजवी ने मजलिस को खेताब किया। इफ्तेताही तकरीर प्रयागराज से आये मौलाना सैयद जवादुल हैदर जवादी ने की। तकरीर करते हुए उन्होंने कहा कि माविया की मौत के बाद यजीद ने हुकूमत सँभाली और उसने अल्लाह के दीन का खुल्लमखुल्ला मजाक उड़ाना शुरू कर दिया।

जुवा,शराब,बलात्कार जैसे अपराध को खुली छूट दे दी। यजीद के इस कृत्य से इमाम हुसैन ने उसे रोका तो उसने इमाम हुसैन को कत्ल करने का मंसूबा बना लिया। इमाम हुसैन ने मदीने की हुरमत को बचाने के लिए 28 रजब सन 60 हिजरी को परिवार सहित मदीना छोड़ दिया। तकरीर के बीच हजरत अब्बास का अलम बरामद हुआ, इमाम हुसैन का जुलजनाह,अली असगर का गहवारा और जनाबे जैनब उम्मे कुलसूम बीबी फिज्जा की अमारियां बरामद हुईं। आये अजादारों ने भीगी आखों से ज्यारत किया। अंजुमने अब्बासिया के नौहाख्वान हसन।अब्बास और रिजवान ने नौहा पढ़ा--मदीना होता है सूना हुसैन जाते हैं, पछाड़ें खाती हैं सुगरा हुसैन जाते हैं।

नौहे पर नौजवानों ने मातम किया। दूसरा नौहा अंजुमने गुलदस्ता ए अजा रायबरेली जायस के नौहाख्वान शुजा नकवी शाहिद नकवी और वहेब रिजवी ने पढ़ा--मदीना उजड़ेगा आबाद कर्बला होगी, सफ्र पा आज है आमादा शाह का कुनबा। नौहे पर मातम करते अजादार कब्रे रसूल पर पहुंचे जहां मौलाना कमर हसनैन ने तकरीर कर रसूले अकरम की जीवनी पर विस्तार से अपनी बात रखी। जुलूस आहिस्ता आहिस्ता छोटे तालाबपर पहुंचा जहां मौलाना रिजवान हैदर ने आखिरी तकरीर करते हुए इमाम हुसैन के सफ्र पर रौशनी डाली। जुलूस वापस सद्र इमामबाड़े में आकर समाप्त हुआ। कार्यक्रम का सफ्ल संचालन अनीस रिजवी जायसी ने किया। इस मौके पर मास्टर फ्जलुल अब्बास, गुलाम पंजतन, हैदर अब्बास, जहूर महदी रिजवी,जफ्रुल हसन इरफ्न रिजवी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

## आरएसएस के आह्वान पर महाकुम्भ स्नानार्थियों को भोजन प्रसादी का कराया गया वितरण



**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आह्वान पर मौनी अमावस्या के पुनीत अवसर पर जिले के विभिन्न स्थानों पर महाकुम्भ स्नानार्थियों को भोजन प्रसादी का वितरण अनवरत जारी है। महाकुंभ से आने जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए बने विभिन्न स्थाई अस्थाई आश्रय गृह, रैन बसेरे में रुके श्रद्धालुओं को स्वयंसेवकों एवं समाज के श्रेष्ठजनों द्वारा भोजन प्रसाद का वितरण जगह जगह पर किया गया।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह हेमन्त कुमार ने विभिन्न आश्रय स्थलों का भ्रमण करके स्नानार्थियों का व्यक्तिगत हालचाल पूछते हुए भोजन प्रसाद हेतु समाज के बंधुओ के सहयोग से भोजन वितरण व्यवस्था कराया गया। इस दौरान अंकुर,राजेश,विभाग कार्यवाह हरीश,डॉक्टर जेपी वर्मा, तीर्थराज, जीतलाल,श्याम, विशाल विक्रम,समाज सेवी रोशन लाल उमरवैश्य, सेवा भारती विभागध्यक्ष विनोद सिंह,अंशुल,उमा देवी,विवेकनंद कृष्णकांत,शिवेश शुक्ल,सुमित, विक्की, शारदा, विजय कौशल, दीपक देव ,प्रिंस, कार्तिकेय दूबे एवं आर्य समाज के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता लगें रहे।

## कुम्भ में भगदड़ से हुई मौतों पर प्रमोद व मोना ने जताया दुःख

**लालगंज प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा रामपुरखास की विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने प्रयागराज में कुम्भ क्षेत्र में भगदड़ से हुई दुर्घटना में श्रद्धालु मृतकों के प्रति गहरी श्रद्धांजलि अर्पित की है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना ने दुर्घटना में घायल हुये श्रद्धालओुं के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की है। नेताद्वय ने सरकार से कहा है कि वह इस दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये अनुग्रह राशि तथा घायलों को बीस-बीस लाख रुपये चिकित्सीय सहायता प्रदान करे। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना ने सरकार से यह भी आग्रह किया है कि प्रयागराज महाकुम्भ में जो भी श्रद्धालु फॅस गये हैं, उन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर उनके गंतव्य घरों तक सुरक्षित पहॅुचाया जाये। नेताद्वय इस दुर्घटना में जिन लोगों ने अपने परिजन खोये हैं उनके प्रति गहरी संवेदना भी प्रकट की है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना का संयुक्त बयान मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

## दूर दराज से आये श्रद्धालुओं की मदद में हिंदू के साथ मूसलमानो ने बढ़ाये हाथ



**कटरा मेदनीगंज प्रतापगढ़।** उड़ीसा पश्चिम बंगाल पंजाब हरियाणा बिहार केरल तमिलनाडु नेपाल एवं देश के तमाम राज्यों से आए हुए संगम स्नान श्रद्धालुओं को ञरु में रोक दिया गया। लोगो को रहने खाने के लिए बड़नपुर भुपियामऊ के अलावा कटरामेदनीगंज के लोगो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें हिन्दू के साथ ही मुसलमानों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। ग्राउंड में पहुचकर एवं स्टाल लगाकर खाने का वितरण किया। इस दौरान पूर्व चेयरमैन रामकिशोर साहू चांद बाबू इरफान अली अकबर अंसारी महताब राइन रवि साहू दिनेश शाहू महेश केशरवानी संतोष साहू अमित साहू, भीम साहू, आशीष साहू, संगम लाल सभासद ,अकबर अंसारी, महताब राइन, तिलकधारी सिंह, आयुष सिंह, रवि साहू, पंडोही लाल साहू, मुन्ना किराना स्टोर, गोलू साहू, अमन साहू ,मंजय गुप्ता, गुड्डू काका, बिक्कू सिंह, महेश केसरवानी, छविराम कसेरा, मनीष साहू, रॉयल साहू, टीपू, बबलू साहू ,संतोष साहू, सुरेश साहू, प्रमोद साहू ,आकाश साहू, मुन्नालाल गुप्ता, बड़े मियां , राम बहादुर सरोज चांद बाबू आदि रहे। इसी के साथ-साथ बड़नपुर के गांव वालों एवं महेश किराना स्टोर के सहयोग से कटरा बाजार की तरफ से लगभग आधा दर्जन पंडाल लगाकर प्रसाद वितरण किया गया।

## अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत



**कुंडा प्रतापगढ़।** महाकुंभ प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए नगर पंचायत डेरवा के अधिशासी अधिकारी अजीत कुमार सिंह द्वारा डेरवा नगर पंचायत में स्वागत शिविर लगाया गया। जहां पर महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं को आराम करने की व्यवस्था है। इसके अलावा शुद्ध जल चाय नाश्ता आदि व्यवस्थाएं नगर पंचायत डेरवा अधिशासी अधिकारी अजीत कुमार सिंह द्वारा किया जाता है। बुधवार को मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान करने जाने वाले श्रद्धालुओं का अधिशासी अधिकारी अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं को शुद्ध जल चाय नाश्ता आदि उपलब्ध कराया। इस दौरान जनसत्ता दल के कार्यकर्ता अन्नू सिंह टिकरिया, पवन तिवारी, राजेंद्र शुक्ला, राम, लल्लू प्रजापति, मनीष यादव आदि मौजूद रहे।

## लोकमंगल के निमिश्र श्रद्धालुओं ने किया सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ

**लालगंज प्रतापगढ़।** मौनी अमावस्या की पूर्व संध्या पर पौराणिक शिवस्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में शामिल श्रद्धालुओं ने अपनी सहभागिता कर भगवान भोलेनाथ से लोकमंगल की कामना की। लालगंज नगर निवासी रामफेर प्रजापति के संयोजन में आयोजित सुन्दरकाण्ड पाठ के समापन के बाद आचार्य राजेश मिश्र की अगुवाई में श्रद्धालुओं ने राम दरबार की आरती उतारी। वहीं लोकगायक परशुराम क्रोधी के भजन संकीर्तन ने श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया।

# जगह-जगह रोके गए श्रद्धालु, जनमानस ने बढ़ाया सेवा का हाथ













लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़ –** मौनी अमावस्या के पर्व पर प्रयागराज में भगदड़ के बाद भीड़ को देखते हुए प्रतापगढ़ जिला प्रशासन सतर्क हो गया। महाकुंभ की ओर जा रहे यात्रियों के चारपहिया वाहनों के साथ-साथ रोडवेज बसों समेत वाहनों के प्रयागराज की ओर जाने से रोक दिया है। इसके बाद उनको रामलीला मैदान और ऑटो ट्रैक्टर्स लिमिटेड के वीरान पड़े मैदान में ठहराया गया। उनके खाने-पीने और दवाई का प्रबंध जिला प्रशासन के साथ मिलकर कई संगठनों द्वारा किया गया। प्रशासन ने बुधवार शाम तब राहत की सांस ली जब यात्रियों को फिर से प्रयागराज जाने की अनुमति मिली।

महाकुंभ स्नान के दौरान भगदड़ होने के कारण वहां की भीड़ तेजी से निकलने के लिए जिले के प्रयागराज-अयोध्या हाईवे और लखनऊ-प्रयागराज हाईवे को वन-वे कर दिया गया। केवल प्रयागराज से आने वाले वाहनों को बाहर की ओर आने दिया जा रहा। भीड़ को देखते हुए प्रशासन व पुलिस के अधिकारी रात में ही सड़कों पर पहुंच गए। महाकुंभ में भगदड़ के बाद वाहनों को प्रयागराज की ओर जाने से रोका जाने लगा। मानिकपुर के मिलिट्री ग्राउंड व बड़ी बाग में वाहनों को पार्क कराया जाने लगा। इधर एटीएल मैदान की ओर श्रद्धालुओं के वाहनों को मोड़ा जा रहा है। डीएम शिव सहाय अवस्थी व एसपी डा. अनिल कुमार अफसरों को लगातार निर्देश देते हुए नजर आए।प्रयागराज-अयोध्या हाईवे पर कोहंड़ौर, मकूनपुर, गोड़ें, सोनावां, चिलबिला, भुपियामऊ, विश्वनाथगंज व देल्हूपुर में वाहन रोके गए हैं। श्रद्धालु आसपास के ढाबों, दुकानों पर चाय-नाश्ता करते हुए दिखे। संगम नोज पर हादसे के बाद भी बहुत से ऐसे श्रद्धालु रहे जो रुकने को तैयार नहीं थे। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी उनको समझा कर रोकते रहे। इधर ऑटो ट्रैक्टर्स लिमिटेड के मैदान में हजारों श्रद्धालुओं के रुक जाने से लायंस क्लब, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समेत संगठन के कार्यकर्ता सेवा में जुड़ गए। बड़े पैमाने पर खिचड़ी बनवाकर उसकी वितरण किया गया। चाय नाश्ता बिस्किट नमकीन लाई भी दी गई। जिलाधिकारी शिव सहाय स्वास्थ्य और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार ने वहां पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शाम को श्रद्धालुओं को प्रयागराज जाने की अनुमति मिलने के बाद प्रतापगढ़ बाईपास समेत सभी मार्गों पर लंबा जाम लग गया। यातायात सामान्य करने में इस ठंड के मौसम में पुलिस को पसीना बहाना पड़ा।

## पुलिस ने महाकुंभ स्नानार्थियों की बस को रोका, लगी कतार

लोकमित्र ब्यूरो



**कुंडा प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा भवानीगंज के लंगड़ी महुली तिराहे के पास संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत लखपेडा पुलिस चौकी के सिपाहियों ने बैरियर लगाकर बस एवं चार पहिया वाहनों को दोपहर 12 बजे से रोका दिया। देखते ही देखते बड़ी बसों एवं चारपहिया वाहनों की लंबी कतार लग गईध। सवारियां प्रयागराज में महाकुंभ स्थान के लिए जा रही थी।

जो विभिन्न प्रांतों हरियाणा, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, आगरा, दिल्ली ,गुजरात से चलकर मौनी अमावस्या महाकुम्भ स्थान करने जा रहे थे। सवारियां भूख और प्यास से परेशान थे, पानी के लिए लोग तरसते दिखाई दिए। वहां से 1 किलोमीटर दूर लखपेड़ा बाजार जाकर नाश्ता और पानी लाने को मजबूर दिखे। गांव वालों ने भी खूब मदद किया, सवारियों को पानी की सुविधा उपलब्ध कराई।साधन रोकने से कुछ श्रद्धालुओं ने पैदल 70 किलोमीटर चलकर स्नान करने का निर्णय लिया।

इस संदर्भ में थानाध्यक्ष संग्रामगढ़ सत्येंद्र कुमार भदोरिया ने वार्तालाप करने पर बताया कि स्नानार्थियों को सलाह दी गई है कि भीड़ कम होने के उपरांत यात्रा करें। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने और खाने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

## राजा भइया के मार्गदर्शन में महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे पूर्व प्रमुख

लोकमित्र ब्यूरो



**कुंडा प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के मार्गदर्शन में पूर्व ब्लाक प्रमुख कुंडा वर्तमान जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह बछरौली द्वारा महाकुंभ प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए रहने और भोजन नाश्ता आदि व्यवस्थाएं लगातार उपलब्ध करा रहे हैं। बुधवार को मौनी अमावस्या पर महाकुंभ प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं को लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर स्थित खिदिरपुर चौराहे पर

प्रशासनिक सहयोग करते हुए पूर्व प्रमुख बबलू सिंह बछरौली की ओर से ठहरने की उचित व्यवस्था करते हुए भोजन नाश्ता आदि उपलब्ध कराया। कई प्रदेशों के सैकड़ो की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने व्यवस्थाओं का लाभ उठाया। इस दौरान प्रधान संजय सिंह, आनंद सिंह शुभम के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता श्रद्धालुओं की सेवा करने में जुटे रहे।

## मौनी अमावस्या पर्व पर श्रद्धालुओं को पहुंचाई गई राहत सामग्री




लोकमित्र ब्यूरो

**सुवंशा (प्रतापगढ़)।** मौनी अमावस्या पर्व पर गंगा स्नान करने जाते और स्नान करके लौटते हुए श्रद्धालुओं को राहत सामग्री पहुंचाई गई।नगर पंचायत सुवंशा क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ वाराणसी राजमार्ग के किनारे पकड़ी पुलिस बूथ के सामने स्वागत शिविर महाकुंभ 2025 पर आज मौनी अमावस्या के दिन श्रद्धालुओं को खिचड़ी, मुरमुरा, गुड, बिस्कुट आदि खाने की व्यवस्था कराने के साथ साथ खाद्य सामग्री का वितरण किया। इस व्यवस्था में आदर्श नगर पंचायत सुवंशा अध्यक्ष वेद प्रकाश बिंद, अधिशासी अधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता, क्षेत्राधिकारी रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी ,थाना प्रभारी फ़तनपुर राकेश कुमार राय, सुवंशा चौकी प्रभारी शैलेश यादव , चौकी प्रभारी बीरापुर, बड़े बाबू कमर खान, वार्ड के सभासद, कार्यालय के कर्मचारी और क्षेत्र के सम्मानित लोगों ने हर तरह से संभव मदद की। श्रद्धालुओं को खाने पीने की व्यवस्था की गई।

इसी तरह कुछ और लोगों ने मौनी अमावस्या पर्व के दिन श्रद्धालुओं को राहत सामग्री पहुंचाई। जिसमें प्रमुख रूप से बडौदा यूपी बैंक सुवंशा के शाखा प्रबंधक कुमार गौरव सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता दुर्गा प्रसाद तिवारी, राकेश कुमार मिश्रा समाजसेवी, राजू गुप्ता समाजसेवी, शिवकुमार विश्वकर्मा, शिवकुमार सोनी, राजकुमार सोनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा गौरा बलराम बिंद, विवेक यादव, संदीप तिवारी, दिनेश मिश्रा, वेद शर्मा और स्थानीय लोगों ने पानी,बिस्कुट, नमकीन, चना ,गुड़ पहुंचाएं। गुड्डू शुक्ला, मोहित तिवारी, सोनू गुप्ता, मुन्ना यादव और सामाजिक संगठन के लोगों ने खिचड़ी ,आलू ,मटर खिलाया।

## महाकुंभ स्नान करने गयी वृद्धा अपनों से बिछड़ी

लोकमित्र ब्यूरो



**लालगंज प्रतापगढ़।** महाकुम्भ में मौनी अमावस्या पर्व पर संगम में स्नान करने के लिए लालगंज बाजार खास से गयी वृद्धा महाकुंभ क्षेत्र में परिजनों से बिछड़ गयी हैं। उसके साथ गये बाजार व परिवार के लोग उसकी खोजबीन में जुटे हैं। इधर बीती रात महाकुंभ क्षेत्र में भगदड़ की घटना से लोगों में वृद्धा के प्रति अनहोनी की आशंका भी बनी हुई है। लालगंज बाजार खास निवासिनी पैंसठ वर्षीया कर्मा देवी पत्नी शंकर रजक मंगलवार को सुबह अपनी दो बहुएं सुनीता व लीलावती तथा बाजार के अन्य आठ लोगों के साथ महाकुंभ में संगम स्नान करने के लिए निकली है। परिजनों ने बताया कि कर्मा के साथ अन्य सभी स्नानार्थी सुबह ग्यारह बजे प्रतापगढ़ से टेऊन द्वारा प्रयागराज के लिए निकले थे। वहां पहुंचने के बाद महाकुंभ क्षेत्र में सेक्टर नंबर अठारह में उमड़ी भीड़ के दौरान रात करीब आठ बजे वृद्धा कर्मा देवी अचानक बिछड़ गयी। परिजनों ने बताया कि कर्मा के पास मोबाइल भी नही है और न ही उसे किसी के मोबाइल नंबर की जानकारी ही है। इधर मंगलवार की रात संगम क्षेत्र में हुई भगदड़ से हुई मौतों तथा घायलों की जानकारी होने पर परिजन और परेशान हो उठे हैं। परिजनों में वृद्धा के साथ भी अनहोनी की आशंका बनी हुई है।

संक्षिप्त खबरें

## पति के दूसरी पत्नी के चलते पहली पत्नी के साथ मारपीट कर घर से भगा रहे ससुरालीजन

**अजुहा, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे में एक युवक ने दो शादियां की है , पहली पत्नी का आरोप है कि उसका पति दूसरी पत्नी के चलते परिवारजनों के साथ मिलकर आएदिन मारपीट कर घर से भगाता है , पीड़िता ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे के वार्ड नं तीन की रहने वाली निधि देवी ने बुधवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि लगभग पांच वर्ष पहले मोहल्ले के एक युवक से उसका प्रेम विवाह हुआ था , पीड़िता का आरोप है कि तीन वर्ष पहले उसके पति ने चोरी से दूसरी शादी फतेहपुर की एक युवती से कर लिया , जिसके बाद उसका पति , जेठ नंद आदि मिलकर आएदिन गाली गलौच व मारपीट कर घर से भगाते है। कई बार ननदोई द्वारा समझौता कराने के बाद भी ससुरालीजनो द्वारा उसका उत्पीड़न कर धमकी दी जाती है। विवाहिता ने मामले में पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

## टीएससीटी परिवार द्वारा मौनी अमावस्या पर वितरण किया गया हलवा



**शहजादपुर, (कौशाम्बी)।** मौनी अमावस्या के पर्व पर टीचर सेल्फ केयर टीम कौशांबी द्वारा बुधवार को प्रयागराज में श्रद्धालुओं को हलआ वितरण किया गया। हलवा वितरण कार्यकम का आयोजन टीचर सेल्फ केयर टीम के संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष विवेकानन्द के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमे गैर प्रांतों से आए हुए श्रद्धालुओं को हलआ जलपान कराकर तीर्थराज प्रयाग में हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में टीचर सेल्फ केयर टीम के संस्थापक विवेकानन्द , जिला संयोजक प्रज्ञानंद , अशोक कुमार मौर्या , अनूप मोहन , विकास सिंह , अभिषेक त्रिपाठी , नीरज सिंह , शिल्पी , रश्मि , तारा ,सुधा सिंह , अंजू सिंह ,सूर्य प्रकाश ,राजीव कुमार जायसवाल , सुखलाल , एआरपी विनय सिंह , राजेश कुमार कुशवाहा , अरुण कुमार सिंह , अनुपम कुमार सहित टीम के शिक्षक साथी मौजूद रहें।

## तेज रफ्तार अनियंत्रित डीसीएम पेड़ से टकराई, दो जख्मी



**कड़ा, (कौशाम्बी)।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के भोला चौराहे के समीप एक तेज रफ्तार डीसीएम अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई।हादसे में डीसीएम सवार दो लोग जख्मी हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।जानकारी के अनुसार कड़ाधाम थाना क्षेत्र के भोला चौराहा अलीपुरजीता रोड के समीप मंगलवार की देर रात एक तेज रफ्तार डीसीएम अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई।हादसे में डीसीएम सवार फतेहपुर निवासी अर्जुन पुत्र रामप्रसाद 20 वर्ष व सौरभ पुत्र फूल सिंह 23 वर्ष जख्मी हो गए।स्थानीय लोगों ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## हमीरपुर के एएसपी की गाड़ी से भिडी पिकअप, आरक्षी की तहरीर पर केस

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** कोखराज थाना क्षेत्र के पास नेशनल हाईवे पर मंगलवार की देर शाम प्रयागराज जा रहे हमीरपुर के एएसपी की गाड़ी को पीछे से आ रही बेकाबू पिकअप ने टक्कर मार दी। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता सहित बैठे लोगों को आरक्षियों को मामूली चोटे आई है। चालक सिपाही की तहरीर पर पुलिस ने पिकअप चालक पर मुकदमा दर्ज किया है। हमीरपुर जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक मंगलवार की शाम कुंभ मेला ड्यूटी पर प्रयागराज जा रहे थे। जैसे ही कोखराज थाने के समीप पहुंचे नेशनल हाईवे पर पीछे से आ रही बेकाबू पिकअप ने टक्कर मार दी। जिसमें सरकारी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई । और एडिशनल एसपी सहित दो आरक्षियों को मामूली चोटे आई हैं। जानकारी मिलने पर पहुंचे थाना प्रभारी चंद्र भूषण मौर्य ने मूरतगंज सीएचसी में प्रारंभिक उपचार करने के बाद दूसरी गाड़ी का इंतजाम प्रयागराज भेज दिया। चालक सिपाही मोहम्मद फिरोज की तहरीर पर पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## जेठ-देवर ने पत्नियों संग जमीनी विवाद में दम्पत्ति को पीटा

**चरवा, (कौशाम्बी)।** चरवा थानाक्षेत्र के छोटी मौली गांव में मंगलवार की शाम जमीनी विवाद को लेकर जेठ और देवर ने पत्नियों संग भयाहू और भाई को जमकर पीट दिया।पिटाई से दोनों को चोटें आई। शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल दम्पत्ति ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

छोटी मौली गांव की राजकली देवी पत्नी राजबहादुर के अनुसार उसका जेठ और देवर के साथ जमीनी विवाद चल रहा है।मंगलवार की शाम पति के न रहने पर वह घर के बाहर बैठी थी।इसी दौरान जेठ कर देवर अपनी पत्नियों के साथ उसके घर पहुंचे और जमीनी विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौज करने लगेद्य गाली का विरोध करने पर उन लोगों ने डंडों से उसकी पिटाई करना शुरू कर दिया। शोर सुनकर पत्नी को बचाने पहुंचे उसके पति राजबहादुर को भी पीट दिया। पिटाई से दोनों को काफी चोटें आईद्य मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल दम्पत्ति ने थाने जाकर चार आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## दंबग युवकों ने मजदूर के साथ गाली-गलौज कर दी धमकी

**चायल, (कौशाम्बी)।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के सिंहपुर गांव में मंगलवार की शाम दबंगों ने मजदूरी का पैसा लेकर घर लौट रहे एक मजदूर के साथ गाली गलौच की। विरोध करने पर उसको मारपीट की धमकी दी। पीड़ित मजदूर में क्षेत्राधिकारी को दबंगों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। सीओ ने चौकी प्रभारी को शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने का आदेश दिया है।

पुलिस चौकी चायल क्षेत्र के गिरिया खालसा गांव निवासी बड़ेलाल पुत्र हीरालाल मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। उसके अनुसार उसने सिंहपुर गांव के मणिश्याम के यहां मजदूरी किया था। मंगलवार की शाम वह मजदूरी का पैसा लेकर घर लौट रहा था। इसी दौरान तीन दबंग युवक उसे रास्ते में मिले और अनायास उसके साथ गाली गलौज करने लगे। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर उन्होंने मजदूर के साथ मारपीट करने की धमकी दी। मजदूर ने ग्राम प्रधान सुनील कुमार के घर में घुसकर अपनी जान बचाई। पीड़ित मजदूर में क्षेत्राधिकारी को दबंगों के खिलाफ मामले की तहरीर दीद्यसीओ सतेन्द्र कुमार ने चौकी प्रभारी को शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने का आदेश दिया है।

# महाकुम्भ में भीड़: बार्डर को सील कर जम गए थे अफसर

- होल्डिंग एरिया में रात एक बजे से ही रोके जा रहे थे श्रद्धालु
- बुधवार को दो बजे के बाद प्रयागराज के लिए खोला गया बार्डर




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** महाकुम्भ में भगदड़ की खबर मिलते ही जिला प्रशासन हाईअलर्ट मोड पर आ गया था। डीएम व एसपी सीधे कोखराज पहुंचे। करीब एक बजे रात से ही प्रयागराज जाने वाले रूट को बंद कर श्रद्धालुओं को होल्डिंग एरिया में रोका जाने लगा था। हादसे के बाद सभी बार्डर को सील कर दिया गया। एएसपी के नेतृत्व में पुलिस अफसरों ने बार्डर पर मोर्चा संभाला। बुधवार दोपहर करीब दो बजे प्रयागराज जाने के लिए बार्डर खोला गया, इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

महाकुम्भ में भगदड़ की खबर मिलते ही डीएम मधुसूदन हुल्गी व एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव सक्रिय हो गए थे। सभी अधिकारियों को अलर्ट करते हुए डीएम व एसपी कोखराज पहुंच गए थे। सकाढ़ा तिराहा पर भारी पुलिस बल को बुला लिया गया था। यहां मंगलवार की दोपहर से ही एएसपी राजेश सिंह तैनात थे। हादसे की खबर मिलते ही एएसपी ने आनन-फानन प्रयागराज की सीमा में प्रवेश करने वाले सभी मार्गो को सील कर दिया और वहां भारी पुलिस बल को तैनात कर दिया गया। हाईवे पर बैरियर लगा दिया गया। प्रयागराज से बाहर निकलने वाले रास्ते तो खुले रहे, लेकिन अंदर जाने वाले रास्तों को पूरी तरह से बंद कर दिया गया था। एक भी वाहन को अंदर नहीं जाने दिया जा रहा था। महाकुम्भ जाने के लिए निकले श्रद्धालुओं को पुलिसकर्मी होल्डिंग एरिया में रोकने लगे। हाईवे किनारे पांच स्थलों पर होल्डिंग एरिया बनाया गया था। पुलिसकर्मी लोगों को वाहनों के साथ यहां लेकर पहुंच रहे थे। इनके अलावा पांच अस्थायी बस स्टाप बनाए गए थे। यहां भी लोगों को ठहराया गया। डीएम व एसपी लगातार सभी होल्डिंग एरिया व अस्थायी बस स्टाप का भ्रमण कर वहां की सुविधाओं की जानकारी लेते रहे। पुलिसकर्मियों से बातचीत कर उनको प्रेरित करते रहे कि श्रद्धालुओं से विनम्रता पूर्वक बातचीत कर उनकी मदद करें। श्रद्धालुओं को प्रशासन के ही होल्डिंग एरिया में रोकें। बाहर निकल रहे लोगों को उचित रास्ता बताए, ताकि वह भटक न सकें।

### एडीएम और एएसपी श्रद्धालुओं का लेते रहे हालचाल

कौशाम्बी। एडीएम अरुण कुमार गोंड व एएसपी राजेश सिंह मंगलवार की रात से ही सकाढ़ा तिराहा पर पहुंच गए थे। यहां प्रतापगढ़, लखनऊ, कानपुर व अन्य कई प्रदेशों के लोग सीधे पहुंच रहे थे। प्रयागराज पहुंचने के लिए यह सीधा रास्ता भी है। सकाढ़ा तिराहा पर ही लोगों को रोका जा रहा था। यहीं से लोगों को डायवर्ट रूट से होल्डिंग एरिया पहुंचाया जा रहा था। इस दौरान दोनों अफसर श्रद्धालुओं का हालचाल लेते रहे और उन्हें होल्डिंग एरिया जाने के लिए कहते रहे। यह भी बताया जा रहा था कि जैसे ही भीड़ हटेगी उनको प्रवेश दिया जाएगा। प्रयागराज जाने के लिए वह परेशान न हो, उन्हें भेजा जाएगा।

### होटल व ढाबों में जुटी रही लोगों की भीड़

कौशाम्बी। हाईवे के होटल व ढाबों में प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। कोखराज से ही हाईवे को बंद कर दिया गया था। इससे यात्रियों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ा। होल्डिंग एरिया न जाने वाले लोगों ने होटल व ढाबों में अपना डेरा जमाया। हाईवे किनारे की जो छोटी दुकानें थीं, उनका सामान ही खत्म हो गया था। भोर से ही नाश्ता-पानी व ढाबा वाले सामान की खरीदारी के लिए बाजार पहुंच गए थे। वह फोन करके सामान मंगवा रहे थे।

### सीएनजी पंप पर लगी वाहनों की कतार

कौशाम्बी। प्रयागराज से बाहर जाने के लिए वाहनों का रेला रात करीब तीन बजे से ही निकलने लगा था। इनके लिए एक रूट पूरी तरह से खाली था। कौशाम्बी में ऐसे वाहन सीएनजी पंप की तलाश में रहे। हाईवे में कशिया के सामने एक सीएनजी पंप है। यहां सीएनजी भराने के लिए वाहनों की लंबी लाइन लगी रही। वाहनों की भीड़ इतनी कि सीएनजी ही खत्म हो गई। सीएनजी का लोड लगातार मंगवाया जा रहा था, ताकि यात्रियों को रास्ते में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

### सैनी में भी पुलिस ने बैरियर लगाकर रोके वाहन

कौशाम्बी। सैनी चौराहा से पहले पुलिस ने हाईवे पर बैरियर लगाकर वाहनों को रोकना शुरू कर दिया था। कोखराज से तो वाहन रोके ही जा रहे थे, सैनी से भी वाहनों को प्रवेश वर्जित कर दिया गया था। इससे प्रयागराज की ओर जाने वाला रूट पूरी तरह से खाली हो चुका था। इक्का-दुक्का ही वाहन नजर आ रहे थे। अफसरों की इजाजत मिलने पर दस से 15 मिनट के लिए वाहनों को प्रवेश दिया जा रहा था, इसके बाद दोबारा बंद कर दिया जा रहा था। कोखराज से वाहनों का प्रवेश बुधवार की दोपहर करीब दो बजे तक पूरी तरह से बंद रहा।

### सीएमओ ने प्राइवेट एंबुलेंस संचालकों को किया अलर्ट

कौशाम्बी। महाकुम्भ में हुई भगदड़ की जानकारी मिलते ही डीएम ने सीएमओ डॉ. संजय कुमार को भी सक्रिय कर दिया था। एंबुलेंस की मांग बढ़ने की आशंका को देखते हुए सीएमओ ने सरकारी एंबुलेंस के साथ ही निजी एंबुलेंस संचालकों को भी अलर्ट कर दिया था।

हिदायत दी गई थी कि यदि जरूरत पड़ेगी तो तत्काल एंबुलेंस को भेजना होगा। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके लिए संचालकों के मोबाइल रात से ही घनघनाने लगे थे।

# अजुहा में हाईवे डायवर्जन से परेशान रहे श्रद्धालु सहित राहगीर

- 12 घंटे बाद खोला गया डायवर्जन





**लोकमित्र ब्यूरो**

**अजुहा, (कौशाम्बी)।** प्रयागराज के महाकुंभ में मौनी अमावस्या के अवसर पर पावन स्नान करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए कानपुर से प्रयागराज मार्ग पर भारी वाहनों सहित दो पहिया, सायकिल आदि सभी वाहनों का रूट डायवर्जन किया गया है। यह डायवर्जन बुधवार की भोर से शुरू होकर शाम तक चलता रहा, बुधवार की सुबह अजुहा कस्बे के नेशनल हाईवे पर बैरिकेडिंग कर दो पहिया चार पहिया , सायकिल सहित सभी वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया। जिससे महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालु सहित क्षेत्रीय राहगीर भी परेशान रहे।

कुछ वाहन चालकों ने अपने वाहनों को ढाबों पर खड़ा कर लिया था, लेकिन वहां भी अधिक देर तक वाहन खड़े करने की अनुमति नहीं थी। ऐसे में वहां से भी वाहनों को हटवा दिया गया। इसके अलावा सैनी चौराहे पर सर्विस लेन से प्रयागराज को जाने वाले भारी वाहनों का आवागमन बंद के दिया गया। जिससे कानपुर से प्रयागराज जाने वाले नेशनल हाईवे पर सन्नाटा पसरा रहा। बुधवार की शाम चार बजे करीब 12 घंटे बाद अजुहा चेक पोस्ट लगे डायवर्जन को खोला गया जिसके बाद राहगीरों सहित श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली। इस दौरान अजुहा चेक पोस्ट में लगे डायवर्जन में परिवार के साथ फंसे कानपुर के कल्याणपुर आवास विकास कालोनी निवासी रेखा देवी पत्नी अजय कुमार ने बताया कि वह 11 लोगो के साथ महाकुंभ के लिए जा रही थी खागा टोल प्लाजा के पास उसके वाहन को रोक दिया गया जिससे 11 लोगो के साथ लगभग दस किलोमीटर पैदल यात्रा कर अजुहा चेक पोस्ट पहुंचे तो वहां भी पुलिस द्वारा रोक दिया गया जबकि उसके परिवार के कुछ लोग आगे निकल चुके थे , काफी मिन्नतों के बाद भी आगे नहीं जाने दिया गया जिसके बाद सभी लोगों को अजुहा में बने रैन बसेरा भेजा गया । गुजरात के नौसारी निवासी देवी सिंह पुत्र नागजीत ने बताया कि वह पिछले साल 29 जनवरी को सायकिल में तिरंगा लगाकर भारत भ्रमण के लिए निकला था , बुधवार की सुबह अजुहा पहुंचा तो वहां चेक पोस्ट पर रोक दिया गया । अजुहा चेक पोस्ट पर डायवर्जन से दो पहिया , चार पहिया , सायकिल , एंबुलेंस सहित श्रद्धालु एवं क्षेत्रीय राहगीर घंटों फंसे रहे या फिर उधर उधर से अपने गंतव्य के लिए रवाना होते रहे । वहीं कुछ बाइक सवार नेशनल हाईवे का डिवाइडर क्रास कर उल्टे दिशा से निकलने रहे जिसके लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

## लेनदेन व बंटवारे के लेकर हुई मारपीट के आरोप में पट्टीदारों पर केस दर्ज

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में लेनदेन व बंटवारे को लेकर हुई मारपीट के आरोप ने सैनी पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर पट्टीदारों के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के भैरोपुर निवासी ओम प्रकाश पुत्र स्व राम कृपाल ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि मंगलवार को उसके भाई से लेनदेन व बंटवारे को लेकर विवाद हो गया जिसके बाद उसके भाई ने गाली गलौच करना शुरू कर दिया जिसका विरोध करने पर भाई अपने पत्नी व दोनों पुत्रों के साथ मिलकर मारपीट करने लगे जिसमें उसकी पत्नी तेरसी व पुत्री चांदनी एवं रोशनी चोटहिल हो गए । पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने धनराज , सुमित्रा , राजेश , राजकरन के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

## मौनी अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई पुण्य की डुबकी





**लोकमित्र ब्यूरो**

**सैनी, (कौशाम्बी)।** मौनी अमावस्या पर शक्ति पीठ कड़ा धाम के विभिन्न घाटों पर पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पुण्य की डुबकी लगाई। क्षेत्रीय लोगों के अलावा गैर प्रांतों से पहुंचे श्रद्धालुओं का बुधवार तड़के चार बजे से ही स्नान का सिलसिला शुरू हो गया था। दोपहर बाद तक श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंचते रहे।

मौनी अमावस्या पर कड़ा के कुबरी घाट, कालेश्वर घाट, हनुमान घाट, बाजार घाट, असदपुर घाट सहित विभिन्न घाटों पर आस्था का जनसैलाब उमड़ा। हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर घाट पर पूजन किया। सूर्यदेव को अर्घ्य देने के बाद श्रद्धालुओं ने संत और पुरोहितों को दक्षिणा भेंट की। गंगा मइया के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने धार्मिक अनुष्ठान भी कराए। सबसे ज्यादा भीड़भाड़ कुबरी घाट पर देखने को मिली। ऐसी मान्यता है कि मौनी अमावस्या पर मौन रहकर गंगा स्नान करने से आत्मिक शांति और ऊर्जा का स्त्रोत माना गया है। इस दिन मौन रहकर गंगा स्नान करने से जाने अनजाने किए गए पापों से मुक्ति मिलती हैं।

### सीओ ने कुबरी घाट का भ्रमण कर जिम्मेदारों को दिए आवश्यक निर्देश

सैनी, (कौशाम्बी)। मौनी अमावस्या के दृष्टिगत शक्ति पीठ कड़ा धाम में गंगा स्नान के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने हेतु क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा भ्रमण के दौरान कड़ा के कुबरी घाट पहुंचे जहां सीओ ने गंगा घाट का जायजा लेते हुए ड्यूटी में मौजूद पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## मौनी अमावस्या पर समाजसेवी ने श्रद्धालुओं को वितरण किया चाय दमालू



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सैनी, (कौशाम्बी)।** माघ माह के कृष्ण पक्ष की मौनी अमावस्या के अवसर पर थूगलुला के टेडीमोड में समाजसेवी ने श्रद्धालुओं को चाय व दमालू वितरण किया। मौनी अमावस्या पर बुधवार को समाजसेवी दुलीचंद्र अग्रहरि ने टेडीमोड स्थित आवास पर शिविर लगाकर निःशुल्क चाय व दमालू वितरण किया इस दौरान कड़ा धाम से गंगा स्नान कर लौट रहे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया । इस दौरान दुलीचंद्र अग्रहरि ने कहा कि श्रद्धालुओं को दान पुण्य करने से मन को शांति व पुण्य की प्राप्ति मिलती है । इस मौके पर दुलीचंद्र अग्रहरि के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष रागिनी अरुण केसरवानी , नगर पंचायत प्रतिनिधि अरुण केसरवानी , श्यामू अग्रहरि , अमन अग्रहरि , सचिन अग्रहरि , पिंटू साहू सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

## चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर लाखों का सामान किया पार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, (कौशाम्बी)।** चरवा थानाक्षेत्र के बबुरा मोड़ पर चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर जेवरात समेत लाखों रुपये का सामान पार कर दिया। बुधवार को घर पहुंचने पर गृहस्वामी ने सामान बिखरा देखा तो उनके होश उड़ गए। भुक्तभोगी ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

बबुरा मोड़ निवासी धनंजय सिंह पटेल पुत्र योगेंद्र सिंह पटेल ने धूमनगंज थाने के मुंडेरा चुंगी में भी मकान बना रखा है। एक सप्ताह पहले वह परिवार के साथ वहीं रह रहे थे। बुधवार सुबह घर पहुंचे तो वहां दरवाजा का ताला टूटा हुआ देख उनके होश उड़ गए।

कमरे में सारा सामान बिखरा पड़ा था। धनंजय के अनुसार चोरों ने दो लाख रुपये के जेवरात, तीन गैस सिलेंडर, सबमर्सेबल, तीस लाख रुपये की एफडी, मार्कशीट, रजिस्ट्री समेत जरुरी कागजात उठा ले गए। पीड़ित ने बताया कि इसके पहले भी उसके घर में कई बार चोरी हो चुकी है। थाने में शिकायत के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा सकी।

बुधवार को भुक्तभोगी ने थाने जाकर चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## संदिग्ध दशा में फांसी के फंदे पर लटकता मिला अधेड़ महिला का शव, कोहराम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, (कौशाम्बी)।** चरवा थानाक्षेत्र केसरवानी बलीपुर टाटा गांव में बुधवार की दोपहर संदिग्ध दशा में फांसी के फंदे पर एक अधेड़ महिला का शव लटकता मिला। शव फंदे पर लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।


बलीपुर टाटा गांव निवासी बुधराम मजदूरी कर परिवार का गुजारा करता है।बुधवार को वह मजदूरी करने के लिए चला गया था। दोपहर के समय बच्चे खेत की तरफ जानवरों को चारा लेने के लिए गये थे। घर पर उसकी 55 वर्षीय पत्नी राजकुमारी अकेली थी। इसी दौरान संदिग्ध दशा में उसने घर के अंदर धन्नी में फांसी का फंदा बनाकर उसने आत्महत्या कर लिया। जानवरों का चारा लेकर घर लौटे बच्चों ने मां का शव फांसी के फंदे पर लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। चीख पुकार सुनकर मौके पर लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

इस सम्बंध में परिजनों का कहना है कि उसका मानसिक संतुलन खराब था। उसका इलाज चल रहा था।

## सम्पादकीय

# जातीय जनगणना की मांग

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जातीय जनगणना कराए जाने की मांग को दोहराते हुए कहा कि उनकी पार्टी सत्ता में आने के बाद किसी भी कीमत जातीय जनगणना करवा कर रहेगी।पटना में %संविधान सुरक्षा सम्मेलन' को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि इस बाबत उन्होंने संसद में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में स्पष्ट कहा है कि संविधान को कमजोर करने और हाशिए पर पड़े समुदायों की अनदेखी नहीं करने दी जा सकती।राहुल आरोप लगा चुके हैं कि भाजपा और आरएसएस यह कृत्य कर रहे हैं। यह भी आरोप लगा चुके हैं कि संघ प्रमुख मोहन भागवत का %सच्ची आजादी' वाला बयान %देश के संविधान के खिलाफ है'। बेशक, आर्थिक प्रगति में समाज के हर हिस्से की भागीदारी होना जरूरी है। इसी से समावेशी समाज की परिकल्पना मूर्ताकार हो सकती है, लेकिन हकीकत यह है कि समाज का एक बड़ा हिस्सा प्रगति में हिस्सेदार नहीं बन सका है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने भी इस तरफ ध्यान दिलाया है।%दलितों, अल्पसंख्यकों और सामाजिक रूप से हाशिए पर रह रहे समुदायों की आबादी देश की कुल जनसंख्या का नब्बे फीसद हैं, लेकिन वे व्यवस्था का हिस्सा नहीं हैं..यही कारण है कि हम जातीय जनगणना की मांग कर रहे हैं' यह ध्यान दिलाते हुए राहुल ने बिहार में की गई जाति आधारित गणना को %फर्जी' करार दिया।कहा कि यह %लोगों को बेवकूफ बनाने वाली है।' ऐसा है तो राहुल को सबसे पहले कांग्रेस शासित राज्यों और कांग्रेस के गठबंधन वाली सरकार शासित राज्य में भी जाति आधारित जनगणना कराई जानी चाहिए।बिहार में जातीय गणना की गई थी न कि जातीय जनगणना, लेकिन इस तकनीकी पचड़े में न भी पड़ें तो इतना तो साफ है कि जातियों और समुदायों की वास्तविक संख्या का आंकड़ा न होने पर उनके लिए कल्याणकारी कार्यक्रम और योजनाओं का क्रियान्वयन बेमानी रहता है, और ऐसा होता भी रहा है।शायद यह भी कारण रहा देश की संपत्ति में इन जातीय समूहों की हिस्सेदारी का आकलन आज भी हमारे पास नहीं है। कहना न होगा कि जातीय गणना या जातीय जनगणना-भले ही जो भी कहें-से ही हमें उन समूहों की सटीक संख्या मिल सकेगी जिन्हें लक्षित करके योजनाएं बनाकर क्रियान्वित की जा सकेंगी। समावेशी विकास तभी सुनिश्चित हो सकेगा।




# क्या गलत है समान नागरिक संहिता की अवधारणा में



**अशोक भाटिया**

समान नागरिक संहिता की अवधारणा में कुछ भी गलत नहीं है। भाजपा शासित राज्य उत्तराखंड ने इसे लागू किया और इस तरह का समान कानून लाने वाला दूसरा राज्य बन गया। गोवा में पुर्तगाली शासन के समय से ही ऐसा कानून है, जबकि उत्तराखंड आजादी के बाद से इस तरह के कानून को लागू करने वाला पहला राज्य बन गया है। लेकिन गोमांतक में समान नागरिक संहिता में हमारे किसी भी राजनीतिक दल का हाथ नहीं है। यह पुर्तगालियों का उपहार है। यदि आप उस राज्य में समान नागरिक कानून की प्रशंसा करना चाहते हैं, तो आपको पुर्तगालियों के जाने के बाद भी इसे रहने देना होगा। अब उत्तराखंड में समान नागरिक कानून लागू किया जाएगा। समान आपराधिक दंड संहिता नागरिकों पर लागू होती है। यानी चाहे कोई अपराध किसी हिंदू व्यक्ति ने किया हो या मुसलमान ने या फिर किसी और ने। उसका परीक्षण गैर-धार्मिक तरीके से किया जाता है और यह इस बात से शासित नहीं होता है कि अपराधी किस धर्म से संबंधित है। अपराध, चाहे वह बहुत गंभीर शारीरिक चोट हो, आदि या वित्तीय। सभी धर्मों के साथ समान व्यवहार किया जाता है। हमने लगातार मांग की है कि यह आपराधिक मामलों के साथ-साथ नागरिकों के नागरिक मामलों पर भी लागू होता है। समान नागरिक संहिता का मुद्दा लंबे समय से संघ परिवार के एजेंडे में रहा है, जो केंद्र और उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार की विचारधारा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने भी ट्रिपल तालक की प्रथा को अवैध घोषित करके इस दिशा में एक कदम उठाया है और इसका विभिन्न वर्गों से स्वागत किया गया है। हालांकि, कई लोग धार्मिक ध्रुवीकरण के लिए इस मुद्दे का उपयोग कर रहे हैं, और एक विविध महाद्वीपीय देश में, सभी को सीधे एक कानून से बांधना एक बहुत ही जटिल प्रक्रिया है, और इस बात पर कई आपत्तियां हैं कि क्या राज्यों के पास ऐसा कानून बनाने का अधिकार है।इसमें कोई शक नहीं कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह फैसला लेकर अपनी सोच बदली है। हालांकि सरकार की यह जिद कि वह कुछ भी अच्छा करते हुए आधा-अधूरा काम करे, उत्तराखंड के इस फैसले में भी झलकता है। इस पर टिप्पणी करने से पहले, यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि समान नागरिक संहिता विवाह समारोहों, संपत्ति के हस्तांतरण या देश के सभी नागरिकों की विरासत पर लागू होनी चाहिए। इसका मतलब यह है कि एक बार अधिनियम लागू होने के बाद, उत्तराखंड में सभी विवाह और पारिवारिक संपत्ति का हस्तांतरण इस कानून के तहत किया जाना चाहिए। लेकिन इस मुद्दे पर, कानून मिट्टी खा जाता है।क्योंकि उस राज्य में इस तरह की समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद भी सभी नागरिक उसके नियंत्रण में नहीं आएंगे। राज्य की सभी अनुसूचित जनजातियों को इस अधिनियम से बाहर रखा गया है।



इस मूर्खता का कारण क्या है? यदि किसी व्यक्ति को सिर्फ इसलिए अलग से आयकर लाभ नहीं दिया जाता है क्योंकि वह किसी जाति/जनजाति से संबंधित है, तो कुछ जातियों/जनजातियों को अलग करने का क्या कारण है? इस सवाल का ईमानदार जवाब उन जातियों/जनजातियों के सांस्कृतिक इतिहास में छिपा है, जिनमें सरकार हस्तक्षेप नहीं करना चाहती। यदि वह ऐसा करती है, तो इससे राजनीतिक क्रोध पैदा होने का खतरा है। इसका मतलब है कि कानून एक अपवाद के साथ शुरू होगा, और यह उन लोगों पर लागू नहीं होगा जो इन राज्यों से दूसरे राज्यों में चले गए हैं। क्यों? क्यों? यदि धार्मिक अनुष्ठानों का पालन किया जाता है तो एक हिंदू हिंदू विवाह कानून से बाध्य हो सकता है। किसी भी राज्य में क्यों नहीं। उत्तराखंड एक अपवाद बनाता है। यह अधिनियम की संभावित प्रभावशीलता के लिए एक और झटका है। पांचवां यह है कि कानून एक निश्चित तिथि के बाद विवाह पर लागू होगा। यह ठीक है। लेकिन क्या होगा अगर उत्तराखंडी दंपति इसके लागू होने के बाद पलायन कर जाए? या उत्तराखंड पुलिस कानून का उल्लंघन होने पर अपने नागरिक पति और पत्नी को विदेश से निर्वासित कर देगी?इसके अलावा, नामहीन और उच्च स्तर की उदासीनता %लिव-इन% मोड में रहने वालों के बारे में है। हाल ही में, उच्च शिक्षा और जीवन स्तर के बढ़ते महंगे स्तर के कारण, कई युवा बिना शादी किए एक साथ रहते हैं। सरकार को अपनी खिड़की से देखने की आवश्यकता क्यों है कि वे एक साथ कैसे रहते हैं यदि वे दोनों अच्छे हैं? उन्हें यह अधिकार किसने दिया? उस राज्य के %लाइव इनोत्सुक% जोड़ों को अब अपने एसोसिएशन को पहले से पंजीकृत करने के लिए सरकारी अदालत, यहां तक कि पुलिस स्टेशन भी जाना होगा। इतना ही नहीं, बल्कि पुलिस से मंजूरी भी लें। 21वीं सदी में इसका सुझाव दिया जा सकता है और सरकारी स्तर पर लागू किया जा सकता है। ऐसा करने के बजाय, अगर ये %लाइव इनोटसक्स% राज्य छोड़ देते हैं तो सरकार क्या करेगी? मान लीजिए कि पुलिस इस तरह की अनुमति से इनकार करती है और फिर भी एक साथ रहती है और एक-दूसरे के खिलाफ कोई शिकायत नहीं है, अगर उनके माता-पिता के साथ उनका रिश्ता स्वीकार्य है, तो क्या सदरहू पुलिस कलाई पर बैठेगी? यह कानून बलात्कार के सबसे जघन्य अपराध के बारे में क्या करता है, जिसे राज्य और उसके संचालकों को अभी भी 15 वीं या 16 वीं शताब्दी में रहना चाहिए ङ्क बुद्धिमानी और दिमाग दोनों में ङ्क यह दर्शाता है कि यदि कोई पुरुष किसी विदेशी महिला का यौन उत्पीड़न करता है, तो उसकी पत्नी ऐसे पुरुष से तलाक मांग सकती है। अर्थात, यदि कोई महिला अपने पति पर इस तरह के बलात्कार का आरोप लगाती है, तो यह तलाक का कारण नहीं हो सकता है। यानी समान नागरिक संहिता इस मुद्दे का उल्लंघन है।एक और मोड़ है। ये धामी इसका कितना आकलन करते हैं, यह जानना मुश्किल है, लेकिन क्या उत्तराखंड सरकार को पता है कि समान नागरिक संहिता का असली और बड़ा विरोध केवल हिंदुओं से ही हो सकता है? क्योंकि वर्तमान में राष्ट्रव्यापी %समान नागरिक संहिता% लागू होने के बाद केवल हिंदुओं को %अविभाजित परिवार% कहने और आय अर्जित करने की सुविधा और इसलिए कम करों को समाप्त किया जा सकता है। वर्तमान में हिंदू, सिख और जैन को इसे %हिंदू अविभाजित परिवार% कहने का अधिकार है।कर योग्य को एक वैध इकाई माना जाता है और इसे एक अलग पैन कार्ड भी दिया जाता है। ऐसा हिंदू अविभाजित परिवार तब कर योग्य आय से कुछ उल्लेखनीय कटौती पर भरोसा कर सकता है। इन सभी अविभाजित परिवारों के समान अधिकार हैं और सभी समान टैक्स ब्रेक का आनंद ले सकते हैं। इस मुद्दे का विस्तार से उल्लेख किया गया था क्योंकि एक बार देश भर में %समान नागरिक संहिता% लागू हो जाने के बाद, हिंदू अमीरों की इस अलग परिवार तक पहुंच नहीं होगी। सिर्फ धार्मिक घृणा के लिए ङ्क यानी, यह जुनून कि मुसलमानों की चार %पत्नियां% हो सकती हैं ङ्क %समान नागरिक संहिता% को आगे बढ़ाने वाले कई वक्ताओं को यह भी अध्ययन करना चाहिए कि उनके कितने हिंदू भाई खुद को %अविभाजित परिवार% कहकर करों को बचाते हैं।उत्तराखंड में इन %हिंदू अविभाजित परिवारों% का क्या होगा, इसका कोई जवाब नहीं है। सवाल यह है कि क्या %हिंदू अविभाजित परिवारों% को इस पूजा की भूमि में एक वैध इकाई माना जाएगा। वर्तमान में, एक ही राज्य में इस कानून को लाते समय, राज्य सरकारों को अधिनियम के दायरे से कई लोगों को बाहर करना पड़ता था। यदि इस कानून को राष्ट्रीय स्तर पर लाया जाना है, तो आदिवासियों से पारसियों तक कई लोगों को इससे छूट देनी होगी। इन प्रावधानों को अदालती चुनौतियों से पार पाना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि नागरिकों के व्यक्तिगत अधिकारों का उनके उद्देश्यों के प्रति सच्चे रहकर उल्लंघन न किया जाए, और यह कि अधिकारी शासन और नैतिक पुलिसिंग को अनुचित बल न दिया जाए।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# महाकुंभ से निखरा हिन्दुत्व और बढ़ा योगी की सियासी कद

**अजय कुमार,लखनऊ**

उत्तर प्रदेश आजकल महाकुंभमय हो रखा है। हर तरफ एक जैसा नजारा है। कोई महाकुंभ में डुबकी लगाकर अपने आप में धन्य महसूस कर रहा है तो कोई डुबकी लगाने के लिये आतुर है, जिसको जैसा मौका मिल रहा है वह उस हिसाब से संगम नगरी प्रयागराज की तरफ प्रस्थान कर रहा है। प्रयागराज में साधू-संतो का तो जमावाड़ा है ही यहा पहुंचनें वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा भी लगातार बढ़ता जा रहा है,जो श्रद्धालू महाकुंभ पहुंचते हैं वह वाराणसी में बाबा विश्वनाथ और अयोध्या में रामलला के दर्शन करने का भी पुण्य कमा लेने का मौका नहीं छोड़ते हैं। महाकुंभ के अंतिम स्नान तक प्रदेश की आबादी से दोगुना श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच चुके होंगे। यह विश्व रिकार्ड है,जो यदि कभी टूटेगा भी तो किसी कुंभ में ही टूटेगा। हाल यह है महाकुंभ की व्यवस्था देखने और इस आयोजन को शांतिपूवर्क सम्पन्न कराने के लिये योगी सरकार और शासन-प्रशासन सब के सब एक पैर पर खड़े नजर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तो महाकुंभ परिक्षेत्र में पत्ता भी हिलता है तो एलर्ट मोड में आ जाते हैं। योगी की तो पूरी की पूरी कैबिनेट ही प्रयागराज पहुंच जाती है। सबसे खास बात यह है कि जितने भी श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं,वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से अधिक मुख्यमंत्री की तारीफ कर रहे हैं,जिसके राजनैतिक निहितार्थ भी कम नहीं हैं। आज की तारीख में हिंदुत्व के नजरिये से योगी बीजेपी के सबसे लोकप्रिय नेता बन गये हैं। इस मामले में उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी तक को पीछे छोड़ दिया है। सफल महाकुंभ में आग लगने की घटना और सबसे बड़े मौनी अमस्या के अमृत स्नान के दिन मची भगदड़ में करीब दस श्रद्धालुओं की मौत की घटना से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व्यथित भी दिखे,लेकिन जल्द ही सब कुछ सुचारू कर लिया गया और साधू संतों से लेकर आम श्रद्धालु तक आराम से स्नान करते दिखे।महाकुंभ का मोह और इस दौरान संगम में डुबकी लगाने के लिये वह लोग तो व्याकुल हैं ही जो सनातन धर्म का पालन करते हैं,लेकिन इसके अलावा भी पूरी दुनिया से लोग महाकुंभ के आकर्षण में प्रयागराज खिचे चले आ रहे हैं। यह लोग सनातन के बारे में अधिक से अधिक जानने को व्याकुल हैं। सबसे खास बात यह है कि महाकुंभ की आस्था अखिलेश यादव जैसे उन नेताओं को भी यहां खींच लाई है जिनका योगी और बीजेपी से छत्तीस का आकड़ा रहता है,लेकिन इस मौके पर भी अखिलेश राजनीतिक बातें करने से नहीं चूके। उन्होंने कहा कि यह बड़ा आयोजन है। हमें याद है कि जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी, तब हमें कुंभ कराने का मौका मिला था। तब हमने कम संसाधन में इसे बेहतर तरीके से कराया था। यह बात तमाम स्टडी कहती हैं, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी भी कहती है।अपनी सरकार के समय सफल कुंभ का दावा करते हुए अखिलेश ने पूर्व नगर विकास मंत्री और 2013 में कुंभ के आयोजन की जिम्मेदारी संभालने वाले आजम खान की तारीफ भी की। अखिलेश ने कहा उन्होंने काफी सीमित संसाधनों के सहारे कुंभ का यादगार बनाया था। वहीं अखिलेश के संगम स्नान करने पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अखिलेश यादव देर आए दुरुस्त आए। हरिद्वार में गंगा स्नान और महाकुंभ स्नान के बाद उम्मीद है कि अब आस्था को चोट पहुंचाने वाले बयानों से बचेंगे। केशव ने कहा कि महाकुंभ की विशेषता अनेकता में एकता है। जो सपाई और कांग्रेसी अब भी महाकुंभ को लेकर मानसिक और दृष्टि दोष से ग्रसित हैं। वे इलाज कराएं या न कराएं पर महाकुंभ स्नान जरूर करें। इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। ओपी राजभर ने कहा कि कल तक कुंभ की निंदा करने वाले लोग आज कुंभ में जा रहे हैं। यह संविधान की देन है।

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने तो महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद यहां की व्यवस्था को लेकर योगी सरकार पर हमला बोला वहीं कांग्रेस ने तो महाकुंभ पर ही प्रश्न चिंह खड़ा कर दिया। औसत प्रतिदिन जब महाकुंभ में करीब 95 लाख लोग आस्था की डुबकी लगा रहे हैं. तब प्रयागराज से 925 किमी दूर, मध्य प्रदेश के महू यानी संविधान निर्माता डॉक्टर अंबेडकर की जन्मस्थली पर कांग्रेस की 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली' में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने यहां तक कह दिया,'गंगा में डुबकी लगाने से क्या गरीबी दूर होती है, क्या भरपेट खाना मिलता है।' इस पर बुद्धीजीवियों का कहना है कि कांग्रेस को न तो हिन्दू धर्म रास आता है न यही दिखता है कि महाकुंभ से कैसे रोजगारों का सृजन हो रहा है। ऐसा लगता है कि गैर बीजेपी दलों के नेताओं को डर सता रहा है कि महाकुंभ के चलते कहीं उनकी हिन्दुओं को बांटों और राज करो वाली मुहिम को झटका नहीं लग जाये। महापुरूषों की जन्मस्थली प्रयागराज में आजकल सिर्फ और सिर्फ हिन्दुत्व ही नजर आ रहा है। यहां न कोई अगड़ा है और न कोई पिछड़ा या दलित। बात खड़गे के महाकुंभ से लोगों के पेट नहीं भरने वाले बयान की कि जाये तो इसका जबाव सीएम योगी आदित्यनाथ से बेहतर कौन दे सकता है,जबकि योगी पहले ही कह चुके हैं कि एक पर्यटक या श्रद्धालु जब यूपी आता है तो ट्रेन, बस, टैक्सी या प्लेन का उपयोग करता है। होटल, टेंट या धर्मशाला में रुकता है। होटल, रेस्टोरेंट या ढाबे पर खाना खाता है, कुछ खरीदारी भी करता है। इस तरह वह औसतन पांच हजार रुपये खर्च करता है। प्रयागराज महाकुंभ मेला में 40 करोड़ लोगों के आने का अनुमान है। ऐसे में देश-प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अकेले महाकुंभ दो लाख करोड़ रुपये का योगदान देगा। महाकुंभ आस्था, आधुनिकता और स्वच्छता का मॉडल बनेगा।

खैर, बात बीजेपी के भीतर की कि जाये तो महाकुंभ का भव्य आयोजन करके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बीजेपी के सबसे बड़े हिन्दुत्व वाले पोस्टर मैन बन गये हैं। योगी के खिलाफ पार्टी के अंदर यदाकदा जो विरोध के स्वर सुनाई पड़ते थे,वह भी फिलहाल ठंडे पड़ गये हैं।योगी की जो तस्वीर उभर रही है उसके आधार पर यह कहा जा सकता है कि 2017 वाले योगी जी 2025 में काफी बदल चुके हैं। 2017 में भले ही योगी को मोदी और शाह की मेहरबानी से सीएम की कुर्सी पर बैठाया गया था,लेकिन अब योगी को 'हाथ' लगाना किसी के बस की बात नहीं है। 2017 के विधान सभा चुनाव से पूर्व तक जो बीजेपी के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रसाद मौर्य मुख्यमंत्री पद के सबसे बड़े दावेदार थे,वह अब योगी से काफी पीछे खिसक गये हैं।

## राशिफल

| | |
|---|---|
|  मेष | आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके व्यापार में सामान्य रूप से आय बना रहेगा। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। आज व्यवसाय संबंधी नई जानकारियां हासिल करना जरूरी है। मीडिया और ऑनलाइन कामों से जुड़े बिजनेस में फायदा होगा। आपके द्वारा की गई मेहनत के परिणाम भी बेहतर मिलेंगे। |
|  वृष | आज आपका दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज काम के लिए समय निकालना मुश्किल होगा, लेकिन दोपहर बाद समय मिल जाएगा। रियल स्टेट से जुड़े लोगों की आज फायदेमंद डील हो सकती हैं। आज कार्यस्थल पर पेपर वर्क करते समय सावधानी रखने की जरूरत होगी। |
|  मिथुन | आज आपके लिए अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। आज आपको गतिविधियों को गोपनीय रखना होगा साथ ही आसपास की गतिविधियों को नजरअंदाज ना करें। आज दूसरों से मदद की उम्मीद ना रख कर अपनी कार्य क्षमता पर विश्वास रखें। ध्यान रखें कि आपकी जिद्द से आपका काम खराब हो सकता है। परिवारजनों के साथ मनोरंजन में अच्छा समय बीतेगा। |
|  कर्क | आज का दिन आपके लिए पॉज़िटिव रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ आपकी अच्छी तालमेल बनी रहेगी। सॉफ्टवेयर इंजीनियर अपने क्षेत्र में अच्छी मेहनत करेंगे। आज किसी उलझन से आपको छुटकारा मिलेगा, दोस्त आपको बेहतर सलाह देंगे। आज नई योजना पर काम करने से अच्छे नतीजे मिल सकते हैं। |
|  सिंह | आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज आपकी अच्छी सोच का अच्छा नतीजा मिलेगा। आपके रहने और बोलने का तरीका लोगों को आकर्षित करेगा। आज आपको अपनी पढ़ाई और करियर के प्रति ज्यादा मेहनत की जरूरत है। |
|  कन्या | आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आज आप पर अधिक जिम्मेदारियां रहेंगी जिन्हें आप काफी हद तक पूरा भी कर लेंगे। नए लोगों से जुड़ने से आपको कई बेहतरीन जानकारियां भी मिलेंगी। आज आध्यात्मिक गतिविधियों में कुछ समय बिताने से आप अपने अंदर शांति महसूस करेंगे। |

| | |
|---|---|
|  तुला | आज आपका दिन मिला जुला रहने वाला है। आज कारोबारी गतिविधियों को व्यवस्थित करने में अभी और कोशिश करनी होंगी। अपने काम की क्वालिटी को और अधिक बेहतर बनाएंगे। पार्टनरशिप संबंधी व्यवसाय में आपका उचित तालमेल बना रहेगा। इस राशि के लोगों को अपनी जिम्मेदारियों को समझकर तय समय पर पूरा करने की जरूरत है। |
|  वश्चिक | आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जाएगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। आज आप काम की क्वालिटी और बेहतर बनाने में ध्यान दें। मार्केटिंग संबंधी गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहेगी। |
|  धनु | आज आपका दिन अच्छा बीतेगा। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। शिक्षा में सफलता मिलेगी। लेखन आदि कार्यों से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज किसी पर भी भरोसा करने से पहले सोच विचार अवश्य कर लें। आज व्यक्तिगत कार्यों के साथ-साथ घरेलू जिम्मेदारियां भी बढ़ेगी। आज कुछ विरोधी लोग आपको भावनात्मक रूप से कमजोर करने के लिए अफवाहें फैला |
|  मकर | आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज कारोबारी गतिविधियों में व्यवस्था बनाकर रखना जरूरी है। अधिकारियों और सम्मानित लोगों से रिश्ते बेहतर रखना आपके बिजनेस के लिए फायदेमंद रहेगा। |
|  कुम्भ | आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। आज कार्यस्थल पर चल रही किसी भी गतिविधि को नजरअंदाज ना करें। अपनी योजनाओं को गुप्त ही रखें। आज कार्यस्थल पर शांति भरा माहौल रहेगा। |
|  मीन | आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। कुछ समय से चल रही आपकी लगन और मेहनत का आज ज्यादा लाभ मिलने वाला है। इसलिए अपने काम पर ध्यान केंद्रित रखें। जीवनसाथी के साथ भावनात्मक रिश्ते मजबूत होंगे। |

## समसमायिक

# दिल्ली वालों के लिए हर हाथ में लड्डू

दरअसल, दिल्ली विधानसभा चुनाव, गठन के बाद से ही बेहद अलग, दिलचस्प और इतर राजनीतिक पहचान को लेकर चर्चित रहे हैं। यह सही है कि मौजूदा सरकार के सुप्रीमो केजरीवाल जैसी मुफ्त की रेवड़ियों का वादा सभी पार्टियां और राज्य न केवल करने लगे हैं बल्कि पूरा भी करते हैं।ऐसे में इस बार के चुनाव वाकई दिल्ली वालों के लिए हर हाथ में लड्डू जैसे होंगे। इतना है कि इस बार मुकाबला न केवल कांटे का बल्कि त्रिकोणीय सा बनता जा रहा है, लेकिन यह भी सच है कि सरकार किसी की बने लुभावनी योजनाओं का अंबार होगा। इससे दिल्ली की कितनी तकदीर बदलेगी यही देखने लायक होगा।दिल्ली का चुनावी सफर भी दिलचस्प है। 1952 में पहली बार राज्य विधानसभा का गठन हुआ तब 48 सीटें थीं। कांग्रेस ने 36 सीटों पर जबरदस्त जीत दर्ज की। 34 वर्ष के चौधरी ब्रह्म प्रकाश मुख्यमंत्री बने जो नेहरू जी की पसंद थे। दरअसल, कांग्रेस देशबंधु गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाना चाह रही थी, लेकिन एक हादसे में उनकी मृत्यु के चलते ब्रह्म प्रकाश एक्सीडेण्टल मुख्यमंत्री बने। बेहद साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले रेवाड़ी के निवासी ब्रम्ह प्रकाश कभी भी मुख्यमंत्री आवास में नहीं रहे। इस बीच काफी कुछ बदला। 1993 में भाजपा बहुमत में आई। मदन लाल खुराना मुख्यमंत्री बने और 1956 के बाद दिल्ली को कोई मुख्यमंत्री मिला, लेकिन 5 साल में 3 मुख्यमंत्री बदले गए।खुराना को घोटाले के आरोपों के चलते कुर्सी छोड़नी पड़ी फिर साहिब सिंह वर्मा आए और महंगाई के मुद्दे पर ऐसे घिरे कि उन्हें भी इस्तीफा देना पड़ा। इनके बाद सुषमा स्वराज को कमान मिली जो महज 52 दिन मुख्यमंत्री रहीं। 1998 के चुनाव में भाजपा ने सुषमा स्वराज को तो कांग्रेस ने शीला दीक्षित को आगे किया। कांग्रेस की जीत हुई और शीला दीक्षित मुख्यमंत्री बनीं। दिल्ली में फ्लाई ओवरों का जाल, मेट्रो रेल का विस्तार, डीजल की जगह सीएनजी के उपयोग को बढ़ावा और हरियाली पर खास ध्यान सहित दूसरे काम उनकी पहचान बने। 1998 से 2013 तक तीन बार लगातार दिल्ली की सत्ता पर कांग्रेस और शीला दीक्षित काबिज रहीं। इस बीच 2011 में जन लोकपाल विधेयक की मांग पर दिल्ली में अन्ना आंदोलन हुआ।अप्रैल में 5 दिन का आमरण अनशन और दोबारा 16 अगस्त से फिर अनशन बैठते ही देश भर में आंदोलनों की दस्तक हुई। आखिर संसद में बिल पास हुआ और देखते-देखते अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, आतिशी और कई चेहरे भारतीय राजनीति के नये हीरो बन गए। आम आदमी पार्टी ने 2013 का दिल्ली चुनाव लड़ा और 15 वर्षो से काबिज कांग्रेस सरकार गिरा दी। 70 सीटों में भाजपा ने 32 जीती फिर भी बहुमत से दूर रही। आम आदमी पार्टी 28 सीटें जीतने के बाद कांग्रेस की 7 सीटों के समर्थन से सरकार बनाने में कामियाब रही और अन्ना आंदोलन से उपजे केजरीवाल पहली बार मुख्यमंत्री बने, मगर आप और कांग्रेस की नहीं निभी। 49 दिन में सरकार गिर गई और राष्ट्रपति शासन लग गया। 2015 में फिर चुनाव हुए। इसमें दिल वालों की दिल्ली ने केजरीवाल पर अपनी उम्मीदों की बख्शीश खूब लुटाई। 70 में से 67 रिकॉर्ड सीटें जीतकर केजरीवाल भारतीय राजनीति के नये सितारे बन गए। भाजपा केवल 3 सीटें तो कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पाई।केजरीवाल भी अपनी तमाम घोषणाओं पर अमल करते रहे। नतीजन 2020 में एक बार आम फिर आदमी पार्टी ने 62 सीटें तो भाजपा 8 से आगे नहीं बढ़ पाई। कांग्रेस शून्य पर ही रही। लुभावनी योजनाओं का असर दिखा। आप को फिर बहुमत मिला और केजरीवाल मुख्यमंत्री बने। इसके बाद विवादों में घिरे, जेल गए और मुख्यमंत्री पद छोड़ा। अब दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी भले हैं लेकिन पार्टी सुप्रीमो केजरीवाल ही हैं। बेहतरीन सरकारी स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक, महिलाओं को मुफ्त बस सुविधा, 200 यूनिट बिजली फ्री, 20 हजार लीटर मुफ्त पानी, बुजुर्गो का मुफ्त तीर्थ दर्शन जैसी अन्य योजनाओं के साथ नई-नई घोषणाएं करते केजरीवाल तो 1998 से 2013 तक के कार्यकाल को दिल्ली का स्वर्णिम काल बता कांग्रेस असली विकास और उपलब्धियां गिनाते नहीं थकती, आगे तमाम मुफ्त योजनाओं से भी परहेज करते नहीं दिखती।वहीं भाजपा मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की तर्ज पर महिलाओं को हर महीने धनराशि देने, मौजूदा योजनाओं को न केवल जारी रखने बल्कि उसमें बढ़ोत्तरी करने जैसा संकल्प का पिटारा खोल आम आदमी पार्टी को चुनौती देने में कोई कसर छोड़ते नहीं दिखती। मुफ्त की रेवड़ियों, लोक-लुभावन घोषणाओं के बीच दिल्ली का प्रदूषण, यमुना की गंदगी, बदहाल सड़कें, बरसात में डूबते पुल-पुलिया, पीने के पानी की किल्लत, बढ़ते अपराध और इन सबसे ऊपर दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा जैसे अहम मुद्दे काफी पीछे छूट गए हैं।

# डीएम एवं एसपी ने श्रद्धालुओं की व्यवस्था का लिया जायजा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा-प्रतापगढ।** 144 वर्ष बाद तंबुओं की नगरी प्रयागराज संगम में लगने वाले महाकुंभ के महापर्व के अवसर पर पुण्य की डुबकी लगाने के लिए देश विदेश से करोड़ों श्रद्धालु भक्तों के आ जाने से प्रयागराज का जनजीवन ठहर सा गया। संगम नोज भगदड़ के भी दुखद घटना से शासन-प्रशासन के हाथों फूल गए। प्रयागराज की तरफ आने वाले सभी रास्ते बेरीकेटिंग करके बंद कर दिए गए। पश्चिम दिशा से पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान हरियाणा व नेपाल व नेपाल की सीमा से लगने वाले जनपदों की तरफ से आने वाले श्रद्धालु भक्तों के वाहन को मानिकपुर नगर क्षेत्र के मिलिट्री ग्राउंड पर प्रशासन ने रोक दिया। जहां श्रद्धालुओं के सैकड़ो बस, कार व अन्य वाहनों से विशाल मिलिट्री ग्राउंड भर गया। श्रद्धालु भक्तों के अनुनय विनय व आक्रोश के बावजूद भी प्रशासन ने आगे बढ़ाने की इजाजत नहीं दिया।

उप जिलाधिकारी भरत राम, तहसीलदार अरविंद कुमार, मानिकपुर अधिशासी अधिकारी अतुल रघुवंशी अपने अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों के साथ सेवा सहायता के लिए स्थल पर डट गए।जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय ने श्रद्धालुओं के कुशल जानने पहुंचे। मानिकपुर नगर प्रशासन की तरफ से श्रद्धालुओं के खाने-पीने की व्यवस्था की गई थी। जहां पर नगर अध्यक्षा चंद्र लता जायसवाल, प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल उर्फ डिंपू भैया डटे रहे। वही कुंडा नगर अध्यक्षा पति शिवकुमार तिवारी भी नगर निकाय के कर्मचारियों सहित खाद्य सामग्री के साथ व्यवस्था संचालन में लग रहे। मानिकपुर प्रभारी दीप नारायण अपनी टीम के साथ मिलिट्री ग्राउंड के आसपास जम रहे। मिलिट्री ग्राउंड में रुके अधिकांश श्रृद्धालुओं ने मानिकपुर शाहाबाद स्नान घाट पहुंचकर श्रद्धा की डुबकी लगाई। अपराह्न 3ः30 बजे श्रद्धालु भक्तों को प्रयागराज जाने की अनुमति मिलने पर भक्तों के चेहरे खिल गए।

## हण्डौर का कौमी एकजहती मुशायरा आज

**प्रतापगढ़।** अमन,चैन, सौहार्द की मजबूती के मकसद से मद्दी शहीद बाबा हन्डौर के उर्स में भारत - भारतीय का होने वाला कौमी एकजहती मुशायरा आज (30जनवरी),वृहस्पतिवार,11-30 बजे पूर्वाह्न से 02बजे अपराह्न तक आयोजित किया गया है। मुशायरे के कन्विनर मोहम्मद अमीन कल्लू ने बताया कि इस मुशायरे के मुख्य अतिथिराज्य सरकार से पुरस्कृत एवं सम्मानित ग्राम प्रधान नितेश सिंह %बीरू% होंगे। विशिष्ट अतिथि सूफी डॉ.मुश्ताक अहमद जिला अध्यक्ष मनिहार वेलफेयर ट्रस्ट होंगे। मुशायरा इसी गाँव के निवासी सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय कवि डॉ.रणजीत सिंह की अगुवाई में होगा जिससे अतीक प्रतापगढ़ी,जाहिद अन्सारी, सलमान जाबिर,जया मिश्रा, राधेश पाण्डेय आदि अपना कलाम पेश करेंगे।बता दें कि यह मुशायरा पिछले कई सालों से कौमी एकजहती और साम्प्रदायिक सौहार्द की मजबूती के मकसद से मुनअकिद किया जाता है।उर्स महमूद आलम की अगुवाई में होता है।

# मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई पुण्य की डुबकी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** मौनी अमावस्या पर्व पर पुण्य की डुबकी लगाने को श्रद्धालुओं की भीड़ गंगा घाटों पर जुटी। भोर से ही हर-हर गंगे के जयकारे संग श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगाते, पूजन अर्चन करते रहे। देवी मंदिर और शिव मंदिरों पर भी भक्तों की भीड़ रही। मौनी अमावस्या के महत्वपूर्ण स्नान पर्व पर गंगा में मौन की डुबकी लगाने को मंगलवार शाम से ही श्रद्धालुओं की भीड़ घाटों पर जुटने लगी थी। मानिकपुर के शाहाबाद, कालाकांकर, करेंटी, नौबस्ता, जहानाबाद और हौदेश्वरनाथ गंगा घाट पर भोर से ही हर-हर गंगे के जयकारे संग श्रद्धालु गंगा में पुण्य की डुबकी लगाने लगे। गंगा स्नान के बाद दान करके ब्राह्मणों से आशीर्वाद लिया। दोपहर बाद तक श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगाते रहे। मानिकपुर में गंगा स्नान के बाद भक्तों की भीड़ सिद्ध पीठ मां ज्वाला देवी मंदिर पर पहुंची। हौदेश्वरनाथ धाम पर शिव भक्तों की भीड़ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने को उमड़ी। गंगा जल से अभिषेक करके भांग धतूरा, बेल पत्र, फल, फूल से विधि विधान से पूजन कर आशीर्वाद लिया। मेला प्रबंधक जुगनू विश्वकर्मा के निर्देशन में कार्यकर्ता श्रद्धालुओं की व्यवस्था में लगे रहे।

## विवाद में रोडवेज बस के परिचालक को पीटा, केस दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।** रायबरेली के सतांव गांव निवासी सत्येन्द्र कुमार श्रीवास्तव रोडवेज बस के परिचालक हैं। 28 जनवरी को शाम बस से सवारी लेकर प्रयागराज जा रहा था। आरोप है कि जगतपुर में एक यात्री ऊंचाहार का टिकट बनवाने को लेकर विवाद करने लगा, काफी नोकझोंक के बाद उसने ऊंचाहार का टिकट लिया। वह यात्री ऊंचाहार में नहीं उतरा और आलापुर का टिकट बनवाया। जैसे ही बस नवाबगंज के झम्मानगर बाईपास के पास रात करीब 8ः40 बजे पहुंची वह गाड़ी रुकवाकर उतरा, उसके कुछ साथी पहले से वहां मौजूद रहे। वह लोग उसके साथ मार-पीट और सवारियों से अभद्रता करने लगे। साथ ही उसके बगल की खिड़की का शीशा तोड़ दिया। एक सिपाही के मौके पर पहुंचने पर आरोपी धमकाते हुए भाग निकले। पीड़ित सत्येन्द्र श्रीवास्तव की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## डीजे का सामान चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के बहेलियन का पुरवा अरों गांव निवासी हरीलाल ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि गांव का ही सलमान उसके घर के आसपास चार पांच दिनों से रेकी कर रहा था। 20 जनवरी की रात उसके डीजे की डेढ़ लाख रुपये की मशीन चोरी कर ले गया। घटना के बाद से सलमान फरार है। पीड़ित हरीलाल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सलमान के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## संस्कार स्कूल के छात्र दक्ष सिंह कुशवाहा को हिन्दी ओलम्पियाड में मिला स्वर्णपदक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सगरासुंदरपुर प्रतापगढ़।** हिन्दी विकास संस्थान, दिल्ली द्वारा आयोजित, अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2024 प्रतियोगिता का सम्मान समारोह , प्रधानमंत्री संग्रहालय दिल्ली में दक्ष सिंह कुशवाहा को स्वर्ण पदक, राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा सम्मान, नगद राशि 500 से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि हुकुम चंद मीणा उप निदेशक केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार ने प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। दक्ष सिंह कुशवाहा संस्कार ग्लोबल स्कूल, टेऊंगा, में कक्षा 5 के छात्र है। इनके पिता आलोक कुशवाहा वरिष्ठ शाखा प्रबंधक जिला सहकारी बैंक



लि. प्रतापगढ़, माता अर्चना मौर्य सहायक अध्यापिका पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुल्तानीपुर, लीलापुर है। पुरस्कार वितरण के समय संस्कार स्कूल की निदेशिका अंजना सिंह सेंगर उपस्थित रहीं। हिंदी विकास संस्थान दिल्ली के अध्यक्ष ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।दक्ष को स्वर्ण पदक, राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा सम्मान मिलने पर अमरपाल मौर्य सासंद राज्य सभा, राजेन्द्र मौर्य विधायक सदर, डॉ दयाराम मौर्य रत्न पूर्व एडीआईओएस, स्वतंत्र प्रकाश गुप्त राज्य सूचना आयुक्त उत्तर प्रदेश, राजीव प्रताप सिंह नंदन भइया% अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लि प्रतापगढ़, ज्ञान प्रकाश मौर्य, पूर्व राज्य सूचना आयुक्त, रोशन लाल उमर वैश्य समाजसेवी, आनंद मोहन ओझा, राकेश कनौजिया, डॉ शिवमूर्ति लाल मौर्य, डॉ राधेश्याम मौर्य, हरिश्याम मौर्य, प्रदीप मौर्य, अजीत मौर्य, अरविंद तिवारी, हरिनाथ मौर्य, नंद किशोर सचिव/ मुख्य कार्यपालक अधिकारी, हनुमान प्रसाद मौर्य,ष्ठरू लखनऊ, गौरव सिंह, प्रमोद मौर्य पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत प्रतापगढ़, डॉ संघमित्रा मौर्य पूर्व सांसद, लीलावती, गरिमा मौर्य, ओमप्रकाश सरोज, विवेक कुशवाहा, अशोक प्रताप मौर्य, शैलेंद्र सागर, सुभाष सिंह,पंकज सिंह आदि ने बधाई दिया।

## दीवार गिराने एवं जानलेवा हमले में 37 लोगों पर केस दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के लखपेड़ा भवानीगंज गांव निवासी प्रभात सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि 27 जनवरी को दिन में करीब एक बजे गांव के कुछ लोग बाहरी लोगों के साथ फावड़ा, गहदाला, कुल्हाड़ी, हथौड़ी, लाठी डंडा लेकर उसके घर पहुंचे और उसकी दीवार गिराने लगे। उसके पिता प्रेम बहादुर सिंह ने दीवार गिराने से मना किया तो कुल्हाड़ी से उनके सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह गिरकर घायल हो गए। आरोपियों ने पूरी दीवार, दरवाजा गिरा दिया। घर में घुसकर उसको भी पीटा। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते भाग निकले। पीड़ित प्रभात सिंह की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही वीरेन्द्र कुमार मौर्य उसकी पत्नी अनीता मौर्या, बेटे शिवम मौर्या, बेटी सेजल मौर्या, त्रिलोकी तिवारी निवासी धमोहन महेशगंज, शालिनी पुत्री वीरेन्द्र, लक्ष्मी मौर्या पुत्री जगदीश निवासी लखपेड़ा तथा 25-30 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद कई लोगों को हिरासत में लेकर चालान किया है।

## अलाव में गिरने से वृद्धा झुलसी

**कुंडा प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के मऊदारा करेंटी गांव निवासी रामचरन की 80 वर्षीय पत्नी पार्वती देवी बुधवार को सुबह घर में सर्दी से बचने को अलाव ताप रही थी। तभी अचानक उसे चक्कर आया और वह आग में ही गिरकर झुलसने लगी। उसकी चीख सुनकर दौड़े परिजनों ने उसे किसी तरह आग से बचाया और सीएचसी में भर्ती कराया।

## पुलिस व स्पेशल टीम से मुठभेड़ में शातिर अपराधी के पैर में लगी गोली



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** एसपी डॉ0 अनिल कुमार के निर्देश पर मंगलवार को रात्रि में एडिशनल एसपी संजय राय व सीओ सदर श्रीमति करिश्मा गुप्ता के नेतृत्व मे महेशगंज एसओ मुकेश सिंह के मौजूदगी में महेशगंज पुलिस व स्पेशल टीम द्वारा बहोरिकपुर के पास चेकिंग के दौरान अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गयी।

आत्म सुरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जबाबी फायरिंग में हुई मुठभेड़ में चोरी के अभियोग से संबंधित, 25000/- रुपये का ईनामिया शातिर अभियुक्त गुलहसन उर्फ गुलशन पुत्र हाकिम अली उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी रामपुर बजहा मझिगवां थाना मान्धाता के बाएं पैर में गोली लगी एवं मौके से 01 अन्य अभियुक्त सेबू उर्फ अब्दुल्ला पुत्र इमाम उल्ला उम्र 38 वर्ष निवासी कटरा मेदिनीगंज थाना कोतवाली देहात, को गिरफ्तार किया गया है। घायल गुलहसन उर्फ गुलशन उपरोक्त को उपचार हेतु सीएचसी महेशगंज भेजा गया था। जहां से डॉक्टर द्वारा घायल को जिला अस्पताल प्रतापगढ़ के लिए रेफर किया गया । अभियुक्त गुलहसन उर्फ गुलशन के कब्जे से 01अदद तमचा 315 बोर, 01अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस बरामद किया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना महेशगंज में चोरी व थाना रानीगंज में चोरी, पशुक्रूरता के अभियोग में वांछित थे । शातिर अभियुक्त गुलहसन उर्फ गुलशन उपरोक्त पर चोरी, गोवध अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ जैसे लगभग 10 अभियोग पंजीकृत है । शातिर अभियुक्त सेबू उर्फ अब्दुल्ला पर चोरी, गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता जैसे लगभग 03 अभियोग पंजीकृत है । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना महेशगंज में मु0अ0सं0 19/2025 धारा 109/352/351(3) बीएनएस व धारा 3/25 आयुध अधिनियम बनाम 02 नामजद अभियुक्त का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वह दोनों अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर घूम-घूम कर विभिन्न थाना क्षेत्रों में रेकी करके चोरी एवं गोकशी की घटना कारित करते है।

## सड़क हादसों में दम्पति समेत आठ घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के जिरवाबाग कियावां गांव निवासी काशी पटेल का 56 वर्षीय बेटा शिव प्रसाद पटेल अपनी 50 वर्षीय पत्नी संगीता देवी के साथ बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गए।बड़गौं गांव निवासी रामदेव की 60 वर्षीय पत्नी कल्लू देवी वाहन की टक्कर से घायल हो गई। बाघराय थाना क्षेत्र के गोबरन गांव निवासी राम रतन धुरिया का 24 वर्षीय बेटा करन धुरिया बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के जमेठी गांव निवासी बृजलाल सरोज का 28 वर्षीय बेटा दीपक सरोज बाइक से जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। जालिमगंज जमेठी गांव निवासी शिव मंगल का 55 वर्षीय बेटा सुरेश निर्मल गांव के मकबूल हसन के 55 वर्षीय बेटे शमशुद्दीन के साथ बाइक से कहीं जा रहा था। जैसे ही मेन सड़क पर पहुंचे वाहन की टक्कर से घायल हो गए। हथिगवां थाना क्षेत्र के बलीपुर गांव निवासी राम सागर का 30 वर्षीय बेटा राम कुमार अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को सीएचसी भेजा

### डिवाइडर से टकराई श्रद्धालुओं की कार, चार घायल

**कुंडा प्रतापगढ़।** प्रयागराज में संगम की डुबकी लगाकर घर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में घायलों को सीएचसी में इलाज के बाद रायबरेली एम्स रेफर कर दिया गया। रायबरेली के शिवपुरी खीरी गांव निवासी 52 वर्षीय विनय सिंह अपनी 49 वर्षीय पत्नी बाली सिंह, राम किशोर के 30 वर्षीय बेटे जितेन्द्र सिंह, उसकी 28 वर्षीय पत्नी प्रीती सिंह, प्रियंका सिंह, पूजा सिंह के साथ कार से महाकुम्भ प्रयागराज गए थे। बुधवार को दोपहर घर लौटते समय जैसे ही मानिकपुर थाना क्षेत्र के तिवारीपुर हाईवे पर पहुंचे। कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर बने लोहे के डिवाइडर से टकरा गई, जिसमें वह लोग घायल हो गए।

## गणतंत्र दिवस पर बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के धधुआगाजन स्थित आइंस्टीन पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने धमाल मचाया। बतौर मुख्य अतिथि श्री विभवभूषण शुक्ला ने ध्वजारोहण कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। उन्होनें अपने वक्तव्य में गणतंत्र दिवस की महत्ता बताते हुए राष्ट्र के वीर अमर सपूतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि ने शिक्षकों व बच्चों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। विद्यालय की निदेशिका श्रुति शुक्ला ने छात्र छात्राओं को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं सौंपी। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सरस्वती वंदना, सामूहिक स्वागत गान, शिवताण्डव नृत्य की प्रस्तुतियों से बच्चों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा ग्यारह की छात्रा स्नेहा शुक्ला का हिन्दी भाषा पर दिया गया भाषण सराहा गया। वहीं प्राथमिक वर्ग की आराध्या त्रिपाठी, अशोक ओझा, सोनम मिश्रा, जारा इरफान की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां सराही गयी। मिडिल वर्ग के छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत पुलवामा अटेक नाटक देखकर सभी की आंखे नम हुई दिखीं। कार्यक्रम का संचालन छात्रा सुप्रिया ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज ओझा ने शिक्षण स्वाध्याय, नई तकनीकी के द्वारा ग्रहण करने पर बल देते हुए सभी के प्रति कर्तव्य निष्ठापूर्ण अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने को प्रेरित किया। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य आंद्रे डिसिलुआ ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि डॉ. सौरभ मिश्रा, महेन्द्र पाठक, गरिमा मिश्रा, सुषमा यादव आदि मौजूद रहे।

## पानी के विवाद में युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के जाखामई गांव निवासी धीरज कुमार मौर्या ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि 26 जनवरी को शाम करीब सात बजे वह खेत से सांड़ भगाने गया था। तभी गांव के ही मनोज कमार यादव ने खेत में पानी जाने के विवाद में उसपर हमला कर दिया, जिससे उसे काफी चोटें आई। पुलिस ने घायल की तहरीर पर मनोज कुमार यादव के खिलाफ केस दर्ज किया।

# जनता से जुड़ी योजनाओं का बेह्तर तरीके से संचालन करें-जिलाधिकारी

▶▶ **जिलाधिकारी ने बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने मंगलवार को देर सायंकाल कैम्प कार्यालय सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में नियमित टीकाकरण की समीक्षा में कुण्डा, लक्ष्मणपुर, कालाकांकर और अर्बन की प्रगति ठीक न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देशित किया गया कि सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी, डिप्टी सीएमओ एवं अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग के आरसीएच, ई-कवच, आभा आईडी आदि प्रशिक्षण दिलाया जाये जिससे समयानुसार स्वास्थ्य विभाग के पोर्टलों पर फीडिंग की कार्यवाही की जा सके। डीपीएम को निर्देशित किया गया कि जिन सीएचसी का डेटा



खराब है उनसे फोन पर वार्ता करके डेटा को ठीक कराया जाये। प्रसव की समीक्षा में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बच्चों के जन्म के समय निर्धारित अवधि में बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र दे दिया जाये। प्रसव के दौरान यदि किसी की मृत्यु हुई है तो ऐसे प्रकरणों की सूचना अवश्य रखे जिससे जानकारी मिल सके। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा में सीडीओ से कहा कि प्रत्येक ब्लाक की टीम तैयार करें और सभी स्कूलों का रोस्टर बनाकर टीमों को भेजा जाये जिससे बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण ठीक ढंग से हो सके और उनको स्वास्थ्य विभाग की सुविधाओं का लाभ दिलाया जाये। आयुष्मान मित्र की जानकारी ली गयी तो बताया गया कि प्रत्येक सीएचसी पर 1-1 आयुष्मान मित्र है जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित संस्था को निर्देशित किया कि आयुष्मान मित्रों की संख्या बढ़ायी जाये। इसी प्रकार बैठक में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, आभा आई0डी0, परिवार कल्याण कार्यक्रम, आरसीएच पोर्टल, एफआरयू, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, जननी सुरक्षा योजना, आईएफए सिरप वितरण, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस, आशाओं के भुगतान सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर चर्चा की। जिलाधिकारी ने बैठक में स्वास्थ्य कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा करते हुये सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों व अन्य सम्बन्धित को निर्देश दिया गया कि प्रगति के आंकड़ों को पोर्टल पर समय से अंकित करें इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न वित्तीय मदों में प्राप्त धनराशि की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारियों को मौखिक चेतावनी देते हुये कहा कि योजनाओं की प्रगति को ठीक करें अन्यथा की स्थिति में दुबारा प्रगति खराब पाये जाने पर लिखित चेतावनी निर्गत की जायेगी।बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य सेवाओं तथा जनता से जुड़ी योजनाओं का बेहतर तरीके से संचालन करें, स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी अपने-अपने कार्यो एवं दायित्वों के प्रति सजग रहे, दी गयी जिम्मेदारियों का शत् प्रतिशत निर्वहन करें, लापरवाही कदापि न बरते। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य सहित सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने 3 चोरों को दबोचा,भेजा जेल

● **चोरी का सामान भी बरामद**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रखहा,प्रतापगढ़।** थाना कंधई पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम कधई मधुपुर से चोरी की घटना से सम्बन्धित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार । अभियुक्त की निशादेही पर चोरी की 03बैटरी ब्लैक गोल्ड कम्पनी की तथा 01 बैटरी एल पावर कम्पनी की बरामद की गयी।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डा0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रियाकलाप में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) श्री दुर्गेश कुमार सिंह के मार्ग दर्शन व क्षेत्राधिकारी पट्टी श्री मनोज कुमार सिंह रघुवंशी द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम पर अंकुश लगाने हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में थाना प्रभारी कंधई अवन कुमार दीक्षित के नेतृत्व में उ0नि0 राजेश कुमार मय हमराह का0 अनिल दक्ष द्वारा देखभाल क्षेत्र, शान्ति व्यवस्था ड्यूटी, वाहन चेकिंग, चेकिंग संदिग्ध व्यक्तिध् बस्तु, तलाश वाँछितध्वारण्टी, रोकथाम जुर्म जरायम, पेन्डिग विवेचना, दबिश के दौरान 1. मदन प्रजापति पुत्र राम किशन प्रजापति निवासी कधई मधुपुर थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ को थानाक्षेत्र के निवासी कधई मधुपुर से गिरफ्तार किया गया। तथा अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी की 03बैटरी ब्लैक गोल्ड कम्पनी की तथा 01 बैटरी एल पावर कम्पनी की बरामद की गई। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गई।

अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि मैने पेट्रोल पम्प पर खडी बैटरी वाली स्कूटी से बैटरी चोरी कर लिया था । एक जूट की बीरी मे से चार अदद बैटरी दिखाते हुए बताया कि यही वह बैटरी है जिनको मेरे द्वारा पेट्रोल पम्प पर खडी बैटरी वाली स्कूटी से दिनांक 27.01.2025 की रात मे चोरी किया गया था । और अपनी गलती की माफी मांग रहा है । तीन बैटरी बलैक गोल्ड कम्पनी की तथा एक बैटरी एल पावर कम्पनी की बरामद है ।

अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी, प्रतापगढ़ श्री दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी पट्टी श्री मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के कुशल पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक श्री अवन कुमार दीक्षित के नेतृत्व में थाना कंधई के उ0नि0राजेश कुमार मय हमराह उ0नि0 अब्दुल सत्तार सुहेल द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान, मुखबिर की सूचना पर दिनांक 29.01.2025 को मु0अ0स0-20ध्2025 धारा 331 (4), 305, 317(4) से संबंधित 02अभियुक्तों 1. तस्लीम पुत्र मोहर्रम अली उर्फ भोगल 2. अंकित यादव उर्फ पहलवान पुत्र कल्लू यादव निवासीगण खुशा का पुरवा (कन्धई मधुपुर) थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़ को थाना कंधई क्षेत्रान्तर्गत पाठक का पुरवा मोड के पास से गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया गया कि दोनो ने एक स्वर मे बताया कि साहब हम लोगो ने अपने साथियो के साथ मिलकर दिनाँक 24.01.2025 को बृजेश वर्मा के घर की दिवार फांद कर बृजेश वर्मा के घर से उनका पीतल का सामान चोरी कर लिया था । आज हम दोनो यहाँ से भागने की फिराक मे थे । चोरी गये शेष सामान के सम्बन्ध मे पूछने पर बताया कि साहब मेरे साथी हजरत अली के द्वारा जिस कबाडी अच्छेलाल वर्मा तथा शिवबहादुर यादव के यहाँ पर हम लोगो ने सामान बेचा था वहाँ से बरामद करवा दिया है जो सामान् बरामद हुआ है वही सामान हम लोगो ने चोरी किया था अब हम लोगो के पास कोई सामान नही है।

## हत्या मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** हत्या करने के अभियोग से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डा0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय एवं क्षेत्राधिकारी लालगंज श्री रामसूरत सोनकर के नेतृत्व में थाना संग्रामगढ़ प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह भदौरिया मय हमराह उ0नि0 विनय वर्मा, का0 केवल साहू, का0 मन्नू सिंह, म0का0 प्रिया पाण्डेय द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्तध् विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान साक्ष्य संकलन व सीडीआर के अवलोकन से संबंधित वांछित 01 अभियुक्त नितिन सरोज पुत्र रामखेलावन सरोज निवासी करमाइन थाना संग्रामगढ जनपद प्रतापगढ़ को दिनांक 29.01.2025 को मूखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र के राही ढावा के पास लालगंज रोड से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि मुझसे गलती हो गयी मैंने ही उक्त हत्या की घटना की है। इसी कारण मैं गांव छोडकर भाग रहा था ।

# चित्रकूट के होल्डिंग एरिया में रोकें गए प्रयागराज जा रहे लाखों श्रद्धालु



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट -** प्रयागराज में दिव्य महाकुम्भ में अपार भीड़ हो जाने के कारण उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार प्रयागराज जाने वाले मार्गो को सील कर देने के कारण नगर पंचायत राजापुर के यमुना तुलसी सेतु के पास बने आश्रय स्थल व होल्डिंग एरिया में कई प्रान्तों के श्रद्धालुओं के ठहरने व भोजन आदि की व्यवस्था उपजिलाधिकारी राजापुर आलोक सिंह तथा नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा के द्वारा की गई है। वहीं रोके गये श्रद्धालुओं की जान -माल की सुरक्षा की कमान क्षेत्राधिकारी राजापुर जयकरण सिंह व प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज सिंह ने संभाल रखी हैबताते चले कि प्रयागराज में दिव्य और भव्य महाकुम्भ के दूसरे शाही स्नान मौनी अमावस्या के दिन संगम नगरी में कई करोड़ की अपार भीड़ पहुंच जाने के कारण अचानक भगदड़ मच जाने के कारण जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा बेरिकेटिंग लगाकर प्रयागराज जाने वाले बार्डर को सील कर दिया गया हैं और लोग अपने निजी वाहन और पैदल इधर -उधर भटकते रहे स्थानीय प्रशासन द्वारा इधर -उधर भटकते हुए श्रद्धालुओं को होल्डिंग एरिया में पहुंचाया ।रुके हुए कई प्रांतो के श्रद्धालुओं ने होल्डिंग एरिया से पैदल चलकर पवित्र यमुना नदी के तुलसी घाट में आस्था की डुबकी लगाई और कई घंटे लोग जाम में फंसे रहे दोपहर बाद पुलिस प्रशासन की कड़ी मसक्त से जाम खुला जाम खुलने के बाद वाहनों काआवागमन शुरु हुआ नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा व अधिशाषी अधिकारी बालकृष्ण गौतम ने बताया कि तीन हजार श्रद्धालुओं को राजापुर में पूर्व से बने दोनों होल्डिंग एरिया के आश्रय स्थल बनाकर प्रशासन व नगर पंचायत के द्वारा सम्पूर्ण सुविधाएं दी जा रही हैं और आस्थावान श्रद्धालुओं के द्वारा पूरा सहयोग किया जा रहा हैं ।उपजिलाधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि राजापुर में दो होल्डिंग एरिया में विश्राम स्थल बनाया गया हैं जिसमें यमुना सेतु के पास नायब तहसील पारुल सिंह परिहार, राजस्व निरीक्षक राजेंद्र सिंह, सदर लेखपाल प्रदीप तिवारी, प्रियंका शुक्ला, जगरूप, चन्द्रिका प्रसाद, चंद्रप्रकाश, शीलू राठौर को तथा द्वितीय स्थल में तहसीलदार विजय यादव,राजस्व निरीक्षक कैलाश शुक्ला ,मुनेन्द्र सिंह , कपिलमुनि पाण्डेय, शिवांश आदि लेखपालों को लगाया गया हैं जो यात्रियों के ठहरने तथा भोजन की व्यवस्था करेंगे वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम दोनों होल्डिंग स्थलों में लगाई गई हैं प्रथम स्थल में डॉक्टर अजीत शर्मा, फार्मासिस्ट जितेंद्र सिंह तथा दूसरे स्थल में मेडिकल मोबाइल यूनिट टीम लगाई गई हैं वही पहाड़ी विकास खण्ड अधिकारी संजय पाण्डेय, सचिव महेंद्र पाण्डेय, सचिव मनीष पाण्डेय सरधुवा प्रधान कमलेश प्रजापति व मनोज सिंह के द्वारा यात्रियों को भोजन कराया जा रहा हैं ।गुजरात प्रान्त के अहमदाबाद निवासी रणछोड़ भारती गोस्वामी ने बताया कि दिव्य महाकुम्भ जो कई वर्षो में प्रयागराज में पड़ा हैं जिसमें श्रद्धा की डुबकी लगाने के लिए आए थे लेकिन अपार भीड़ हो जाने के कारण राजापुर में तहसील प्रशासन व पुलिस प्रशासन के द्वारा रोक दिया गया हैं जहां प्रशासन द्वारा सम्पूर्ण सुविधाएं की गई हैं जिसकी हम लोग सराहना करते हैं और राजस्थान के भीलवाड़ा निवासी लेरूहु ने बताया कि हम अपने निजी वाहन से आठ लोग संगम स्नान करने के लिए बड़े श्रद्धा भाव के साथ निकले थे लेकिन प्रयागराज के संगम क्षेत्र में कई करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंच जाने के कारण प्रशासन द्वार जो व्यवस्था की जा रही हैं वह जान माल की सुरक्षा के लिए हैं जिसका हम समर्थन करते हैं ।वही मध्य प्रदेश के दमोह निवासी गुड्डा विश्वकर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपार भीड़ को देखते हुए जो श्रद्धालुओं को जो सुविधा तहसील प्रशासन के द्वारा की गई हैं जिसमें मेडिकल टीम ,भोजन व्यवस्था,नाश्ता आदि की व्यवस्था की गई हैं और किसी भी श्रद्धालु को कोई असुविधा नहीं महसूस हो रही हैं ।

# दंगल में शानदार कुश्ती कला का प्रदर्शन कर पहलवानों ने किया दर्शकों का मनोरंजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** -सदर तहसील अंतर्गत पुरवा तरौहां गांव में मां कालिका देवी क्रीड़ा स्थल में बुधवार को इनामी दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दूर-दराज से आए पहलवानों ने कुश्ती के दावपेंच दिखाकर दर्शकों का मनोरंजन किया। कुश्ती की शुरुआत पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा ने फीता काटकर करवाई।

पुरवा तरौहां में आयोजित किए गए इस दंगल में चित्रकूट सहित अन्य जिलों से आए पहलवानो की दांवपेंच भरी कुश्तियां दर्शको के आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान हुई कुश्तियों में पुरवा तरौहां के पहलवान शैलेन्द्र यादव ने फतेहपुर के पहलवान पुष्पेंद्र को, मऊ के राजू ने गोरखपुर के कृष्णा को, बांदा के राकेश ने मऊ के उदय को, पुरवा तरौहां के अनिल वर्मा ने मुंगुस के सहादेव, गोबरिया के राजू ने फतेहपुर के दिनेश पहलवान को हराया। मरका के राजा और धौराही के अतुल पहलवान की कुश्ती बराबर में छुटी। इस दौरान कुल 20 कुश्तिया हुयी। दंगल का आयोजन मां कालिका देवी क्रिकेट चैलेंज कप कमेटी द्वारा किया गया।

दंगल में गोरेलाल गौतम, चंद्रपाल यादव, मिथलेश पांडेय, राधेश्याम तिवारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।इस मौके पर लवकुश आयोजन के दौरान ललित त्रिपाठी,अजय यादव,गौरव मिश्र,शरीफ खान,पवन मिश्रा,हिमांशु त्रिवेदी,अंकुर त्रिवेदी,प्रेमसागर वर्मा,फूलचंद्र,शक्ति वर्मा,अजय वर्मा,शिवम निषाद सहित भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

# पुलिस द्वारा 3 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**रखहा,कुण्डा,प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कंधई के उ0नि0 अमित प्रताप सिंह मय हमराह उ0नि0 शक्ति गौतम, का0 धीरेन्द्र गौतम, का0 कपिल चौधरी द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान, मु0नं0 1914 ध् 12 अ0सं0 353ध्10 धारा 406 ध् 506 भादवि 3ध्5ध्8 गोवध अधि0 से संबंधित 02 वारण्टी अभियुक्तों 1- असलम पुत्र सटरु निवासी ग्राम कापाहारी थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़, 2- मुंशी पुत्र झल्लू निवासी ग्राम कांपाहारी थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़ को थाना कंधई क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कांपाहारी से गिरफ्तार किया गया। अभियान के क्रम में थाना नवाबगंज के उ0नि0 मिथलेश कुमार मय हमराह का0 नीरज कुशवाहा द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान01 वारण्टी अभियुक्त 1. उमाशंकर उर्फ

# गैर समुदाय द्वारा पृथ्वीराज चौहान के मूर्ति की पुनर्स्थापना निरस्त करने को सौंपा ज्ञापन

**प्रतापगढ़।** जनपद के मोहनगंज बजार में 31 जनवरी को क्षत्रिय शासक सम्राट पृथ्वीराज चौहान की खण्डित मूर्ति के स्थान पर नई मूर्ति का गैर समुदाय के व्यक्ति संजय चौहान नोनिया द्वारा पुनर्स्थापना व अनावरण करने के कार्यक्रम का क्षत्रिय समाज और अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने विरोध किया है। साथ ही जिलाधिकारी को कार्यक्रम निरस्त करने हेतु ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिला महामंत्री लव सिंह गहलौत एडवोकेट ने जिलाधिकारी को आग्रह करते हुए बताया कि संजय चौहान का पूर्व में सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी हुआ, जिसमें उन्होंने खुद को और क्षत्रिय शासक सम्राट पृथ्वीराज चौहान को नोनिया जाति का बताया है। इससे क्षत्रिय समाज में आक्रोश व्याप्त है। ऐसा ही अयोजन क्षत्रिय शासक सम्राट पृथ्वीराज चौहान की मूर्ति का अनावरण करने का अयोजन 3 नवम्बर 2024 को देवरिया जिले में विधायक खजनी श्रीराम चौहान (अनुसूचित जाति) आदि द्वारा किया गया था। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की आपत्ति पर जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को निरस्त कर दिया था। ऐसे में मोहनगंज व जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संजय चौहान द्वारा मूर्ति अनावरण 31जनवरी के कार्यक्रम को निरस्त करने की कृपा करें।इस दौरान जगमोहन सिंह, अभयप्रताप सिंह मोहनगंज, दारा सिंह एडवोकेट, राजन सिंह एडवोकेट, भूपेंद्र सिंह एडवोकेट,सुशील सिंह गामा, अवधेश बहादुर सिंह, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# मारपीट के मामले में दोनों पक्षों से 15 पर मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के डिहवा रैय्यापुर गांव में आपसी विवाद में दो पक्षों में विगत 27 जनवरी को मारपीट हुई थी।इसमें दोनों पक्ष से चार लोग घायल हुए थे। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने दोनों पक्ष से 15 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। एक पक्ष से गुड्डी देवी पत्नी रामराज ने पुलिस को तहरीर दी। उसकी बेटी सरिता यादव गोबर फेंकने जा रही थी, तभी गांव के कुछ लोग उसे डंडे से पीटने लगे। वह बचाने गई तो उसे भी मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने राम आसरे यादव, उसकी पत्नी शुक्लाइन, बेटे राजेश, हथगहिन पत्नी राम अधार, राम आसरे की बहू और तीन अन्य अज्ञात रिश्तेदार निवासी प्रीतमपुर बाघरा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। दूसरे पक्ष से राजेश कुमार ने पुलिस को तहरीर दी। गांव के ही कुछ लोगों ने उसे लाठी डंडे से पीटा, जिससे उसका सिर फट गया। बीच-बचाव कर रही उसकी बूढ़ी मां को भी पीटा, जिससे वह गंभीर घायल हो गई। पीड़ित राजेश की तहरीर पर पुलिस ने नान भाई, रोलू, सोनू, गुड्डी पत्नी रामराज, चोखा, अंजन, भाऊ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।



## नाम परिवर्तन

मैं 'MOHAMMAD SHAHILUZZAMAN KHAN' पुत्र BASHIRUZ ZAMAN KHAN, निवासी 169/1, ग्राम मिर्ज़ापुर चौहारी, थाना रानीगंज, प्रतापगढ़ (यूपी) 230304, घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र संख्या IN-UP70201320156816X दिनांकित 28 जनवरी 2025 के अनुसार मेरा पूरा नाम "MOHAMMAD SHAHILUZZAMAN KHAN" है


# चोरी के सामान के साथ 2 अभियुक्त गिरफ्तार

**सांगीपुर, प्रतापगढ़।** थाना सांगीपुर पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र के संत बाबा की कुटी के पास से चोरी की घटना से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों को चोरी के फर्मा के साथ किया गया गिरफ्तार।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रियाकलाप में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) श्री संजय राय के मार्ग दर्शन व क्षेत्राधिकारी लालगंज श्री रामसूरत सोनकर द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम पर अंकुश लगाने हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में थाना प्रभारी सांगीपुर उ0नि0 श्री मनीष तिवारी के नेतृत्व में उ0नि0 ज्ञानेन्द्र कुमार मय हमराह का0 कमलाशंकर दुबे, का0 कुलदीप पाल द्वारा दौरान चेकिंग, वांछित वारंटी गिरफ्तारी अभियान के अन्तर्गत 02 अभियुक्त 01. अंकित शुक्ला पुत्र भारत प्रसाद शुक्ला 2. अजय मिश्र पुत्र मनोज कुमार मिश्रा निवासीगण ग्राम पटखौली मजरा गदियान थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र के संत बाबा की कुटी के पास से गिरफ्तार किया गया। तथा अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी के 06 फर्मा बरामद की गई। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गई। अभियुक्तों ने पूछताछ पर एक स्वर में बताया कि साहब हम दोनों दिनांक 19.01.2025 को रात्रि में अनीता देवी पत्नी बलराम सरोज निवासी पुरनेमऊ थाना हथिगवां जनपद प्रता0 के आरा मशीन से यह मोटा राड़घ् लकड़ी रखने वाला को चुरा लिया था आज हम लोग उसको बेचने हेतु कुण्डा जाने की फिराक में थे कि आप लोगो ने पकड़ लिया।

# स्नानार्थियों के लिए चिलबिला हनुमान मंदिर पर की गयी रुकने और भोजन की व्यवस्था



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** मौनी अमावस्या पर चिलबिला स्थित हनुमान मंदिर पर स्नानार्थियों के रूकने एवं भोजन की व्यवस्था की गई। वहां पर हनुमान भक्तों द्वारा सभी को भोजन व रहने आदि की पूरी व्यवस्था की गई। इसके अतिरिक्त एटीएल मैदान,रामलीला मैदान के साथ ही अन्य स्थानों पर हजारों की संख्या में रूके स्नानार्थियों की सेवा करने का अवसर भक्तों को मिला। समाजसेवी रोशन लाल उमर वैश्य ने कहा कि मौनी अमावस्या के अवसर पर भीड़ अधिक होने के कारण प्रतापगढ़ में एटीएल मैदान रामलीला मैदान में जो श्रद्धालु रुके हुए थे उन सबकी जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने बहुत ही अच्छी व्यवस्था दी थी। उन सब की सेवा करने का अवसर हम सबको भी मिला । सेवा करने वालों सुरेश अग्रवाल छेदीलाल सोनू महाराज सनी अजय कुमार आदर्श कुमार आदि ने बिस्कुट,छोला खिचड़ी आदि देकर की । इसके साथ ही समाज के अन्य लोगों के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह हेमंत कुमार, विभाग कार्यवाह हरीश,अंशुल, डॉ जेपी वर्मा, तीर्थराज, विनोद सिंह, शिवेश शुक्ल, कृष्ण कांत,उमा, परमानंद ,विक्की, सुमित सहित तमाम स्वयं सेवक लगें रहे।


(फार्म न0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0)सदर महोदय प्रतापगढ़

मूलवाद सं0 2097/23

अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0

नाम फरीकेन श्रीमती बदामा बनाम लालचन्द्र आदि

बनाम

1. लालचन्द्र आयु लगभग 40 वर्ष सुत सन्तलाल 2. सुकुल आयु लगभग 55 वर्ष 3. विनोद आयु लगभग 45 वर्ष सुतगण शंकर 4. गोकुल आयु लगभग 65 वर्ष सुत सूबा 5. संतलाल आयु लगभग 68 वर्ष सुत सुखई 6. राम पियारी आयु लगभग 75 वर्ष पत्नी शंकर निवासीगण ग्राम कोटिया पो0 पूरेधनी पर0 व तह0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़ 7. मनीराम आयु लगभग 50 वर्ष 8. महन्थराम आयु लगभग 45 वर्ष 9. हीराराम आयु लगभग 42 वर्ष 10. पिन्टू आयु लगभग 40 वर्ष सुतगण मंगरू निवासीगण ग्राम पीथापुर पोस्ट गौरामाफी पर0 व तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़ 11. आशीष आयु लगभग 45 वर्ष 12. प्रदीप आयु लगभग 42 वर्ष 13. अमन आयु लगभग 40 वर्ष सुतगण वीरेन्द्र 14. सुषमा आयु लगभग 65 वर्ष विधवा वीरेन्द्र निवासीगण ग्राम कोटिया पोस्ट पूरेधनी पर0 व तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़

तारीख पेशी 20.02.2025

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 20.02.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम



कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0, प्रतापगढ़

पत्रांक–113/19ए/2024–25 दिनांक– 21.01.2025

ई–निविदा सूचना

1– महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0–2, लो0नि0वि0, प्रतापगढ़ द्वारा उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के सक्षम श्रेणी के भवन कार्य हेतु पंजीकृत पात्र निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता निविदा डालने से पूर्व सावधानीपूर्वक संशोधन/परिवर्तन, अनुबंध की शर्तो कान्ट्रैक्ट डाटा, फार्म तकनीकी विशिष्टियॉ, बिल आफ क्वान्टिटी का भली–भॉति अध्ययन कर लें।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | प्रतापगढ़ | संयुक्त निदेशक अभियोजन कार्यालय भवन में चहारदीवारा निर्माण कार्य। | 1.00 | 0.10 | 944.00 | 2 माह |

2–बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in एवं प्रहरी का यू0आर0एल0 http:/wms.uppwd.gov.in/Prahari/ पर निविदा दिनांक–01.02.2025 से 07.02.2025 तक उपलब्ध है, जो दिनांक– 07.02.2025 को दोपहर 12.00 बजे या इससे पूर्व अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक–07.02.2025 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी एवं शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in एवं http:/wms.uppwd.gov.in/Prahari/ पर उपलब्ध है।

3–जी0एस0टी0 नियमानुसार अतिरिक्त देय होगी।

(बी0एम0 सिंह)
अधीशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0,
प्रतापगढ़।

www.upgov.nic,in
R.O.No.-227649 Date-29/01/2025



कार्यालय जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र, प्रतापगढ़ उ0प्र0

पता : निकट (डी0ए0वी0 इण्टर कालेज) डा0 अतुल शुक्ला के पीछे कटरा रोड करनपुर, प्रतापगढ़ उ0प्र0 230001

पत्रांक : 6144/नेयुके/विज्ञापन/एनवाईवी/2024–25 दिनांक 29.01.2025

अनुबंध ए

जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र द्वारा प्रसारित/प्रदर्शित/परिचालन हेतु विज्ञापन का नमूना

भारत सरकार
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
युवा कार्यक्रम विभाग

राष्ट्रीय युवा कोर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक के लिए आमंत्रण

भारत सरकार के डिजिटल कृषि मिशन को क्रियान्वित करने तथा उन्हें स्वयंसेवी समूहों में संगठित करके राष्ट्र निर्माण गतिविधियों के लिए उनकी ऊर्जा एवं सामर्थ्य को सुदृढ़ करने में सहयोग करने हेतु युवाओं की सहभागिता करना चाहती है। आपको स्वास्थ्य, शिक्षा, सफाई, लिंग भेद, अन्य सामाजिक विषयों पर आधारित अभियानों/जागरूकता कार्यक्रमों में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए और विविध कार्यक्रमों के कार्यान्वयन अथवा आपातकाल में आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन में सहयोग करने के लिए कहा जा सकता है।

**योग्यता :** 1. शिक्षा: न्यूनतम शिक्षा कम से कम स्नातक की शिक्षा प्राप्त कर रहे हों या स्नातक या स्नातकोत्तर 2. आयु दिनांक 01 जनवरी 2025 को 18 से 29 वर्ष

**मानदेय :**
रू0 5000/– प्रतिमाह की दर से मानदेय दिया जाएगा।

**अवधि :** अधिकतम तीन माह तथा न्यूनतम 15 दिन के लिए। यह न तो कोई वेतनभोगी रोजगार है और न ही इससे स्वयंसेवक विधिक रूप से सरकार से किसी प्रकार के रोजगार का दावा करने का अधिकारी नहीं होगा।

**आवेदन कैसे करें :–**
विभाग की वेबसाइट देखें : nyks.nic.in पर योजना का विवरण आवेदन प्रपत्र दिया गया है तथा अधोलिखित अधिकारी के पास 10.02.2025 तिथि तक आवेदन करें।

समर बहादुर सिंह
उप निदेशक
नेहरू युवा केन्द्र, प्रतापगढ़
nykpratapgarh@gmail.com


# चकमार्ग से हटवाया गया अतिक्रमण

**लालगंज, प्रतापगढ़।** चकमार्ग पर किया गया अवैध अतिक्रमण जांच में सही पाए जाने पर हटवाया गया। विकासखण्ड सांगीपुर के गदियान गांव में एक व्यक्ति द्वारा चकमार्ग पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने जन सूचना अधिकार के तहत की थी। शिकायत को लेकर बीती रविवार लोकपाल मनरेगा चंद्रशेखर ने टीम के साथ गांव पहुंचकर इसकी जांच की। टीम द्वारा पंचायत भवन में बैठक कर ग्रामीणों की शिकायत सुनीं गयी। जांच में चकमार्ग पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत सही मिलने के बाद लोकपाल मनरेगा चंद्रशेखर ने बीडीओ सांगीपुर विनोद यादव इसे खाली करवाए जाने को कहा। इस पर बीडीओ ने जेसीबी के जरिए चकमार्ग पर बने अवैध अतिक्रमण को हटवाया। अतिक्रमण हट जाने से ग्रामीणों में खुशी देखी जा रही है।

# दीवार गिराने को लेकर छः पर केस दर्ज

**लालगंज प्रतापगढ़।** दीवार गिराने को लेकर लीलापुर पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना के गहिरी निवासी पवन कुमार जायसवाल पुत्र रामसजीवन जायसवाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रास्ते को लेकर उसका विपक्षी से विवाद चल रहा है। जिसका मुकदमा कोर्ट में चल रहा है। पीड़ित का आरोप है कि सोलह जनवरी को आरोपी सूर्यलाल प्रजापति, सजन लाल प्रजापति, विमला देवी पत्नी सूर्यपाल, कृपाला पत्नी रामबदल, रामपाल व दसाराम प्रजापति ने एकराय होकर उसकी दीवार गिराने लगे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते आरोपियो ने उसे दौड़ा लिया। एसओ अरूण कुमार सिंह का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दो वांछित गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**लालगंज प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो वांछित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दरोगा ज्ञानेन्द्र कुमार बुधवार सुबह पुलिस बल के साथ चेकिंग पर थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर संत बाबा कुटी के पास से वांछित अंकित शुक्ल पुत्र भारत प्रसाद शुक्ल निवासी पटखौली गदियान तथा इसी गांव के अजय मिश्र पुत्र मनोज कुमार मिश्र को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी के आधा दर्जन लोहे का फर्मा की बरामदगी भी की गयी है। एसओ मनीष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार किये गये दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

# गायत्री प्रज्ञा मण्डल सांगीपुर ने भक्तों एवं कार्यकर्ताओं हेतु भेजी 32 नई कुर्सियां

**सांगीपुर, प्रतापगढ।** गायत्री प्रज्ञा मण्डल सांगीपुर ने समाज सेवा की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए 32 नई कुर्सियां गायत्री शक्तिपीठ अमेठी को दान की हैं। यह कुर्सियां विशेष रूप से वहां आने वाले भक्तों और कार्यकर्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भेजी गई हैं, ताकि वे अधिक आराम से और व्यवस्थित तरीके से धार्मिक गतिविधियों में भाग ले सकें।गायत्री प्रज्ञा मण्डल के पदाधिकारियों ने इस दान को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे न केवल भक्तों को सुविधा मिलेगी, बल्कि कार्यकर्ताओं को भी अपने कार्यो को अधिक प्रभावी ढंग से करने में मदद मिलेगी। इस पहल से गायत्री शक्तिपीठ में आस्था और सेवा का माहौल और भी मजबूत होगा।गायत्री शक्तिपीठ अमेठी के प्रभारी ने गायत्री प्रज्ञा मण्डल सांगीपुर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योगदान निश्चित रूप से भक्तों की यात्रा को और भी सुगम बनाएगा और उन्हें अधिक संतुष्टि का अनुभव होगा।


9452526750, 9839665450,8565970115

दैनिक लोकमित्र

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# चित्रकूट के होल्डिंग एरिया में रोकें गए प्रयागराज जा रहे लाखों श्रद्धालु



लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट –** प्रयागराज में दिव्य महाकुम्भ में अपार भीड़ हो जाने के कारण उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार प्रयागराज जाने वाले मार्गों को सील कर देने के कारण नगर पंचायत राजापुर के यमुना तुलसी सेतु के पास बने आश्रय स्थल व होल्डिंग एरिया में कई प्रान्तों के श्रद्धालुओं के ठहरने व भोजन आदि की व्यवस्था उपजिलाधिकारी राजापुर आलोक सिंह तथा नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा के द्वारा की गई है। वहीं रोके गये श्रद्धालुओं की जान -माल की सुरक्षा की कमान क्षेत्राधिकारी राजापुर जयकरण सिंह व प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज सिंह ने संभाल रखी हैबताते चले कि प्रयागराज में दिव्य और भव्य महाकुम्भ के दूसरे शाही स्नान मौनी अमावस्या के दिन संगम नगरी में कई करोड़ की अपार भीड़ पहुंच जाने के कारण अचानक भगदड़ मच जाने के कारण जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा बेरिकेटिंग लगाकर प्रयागराज जाने वाले बार्डर को सील कर दिया गया हैं और लोग अपने निजी वाहन और पैदल इधर -उधर भटकते रहे स्थानीय प्रशासन द्वारा इधर -उधर भटकते हुए श्रद्धालुओं को होल्डिंग एरिया में पहुंचाया ।रुके हुए कई प्रांतो के श्रद्धालुओं ने होल्डिंग एरिया से पैदल चलकर पवित्र यमुना नदी के तुलसी घाट में आस्था की डुबकी लगाई और कई घंटे लोग जाम में फंसे रहे दोपहर बाद पुलिस प्रशासन की कड़ी मसक्त से जाम खुला जाम खुलने के बाद वाहनों काआवागमन शुरु हुआ नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा व अधिशाषी अधिकारी बालकृष्ण गौतम ने बताया कि तीन हजार श्रद्धालुओं को राजापुर में पूर्व से बने दोनों होल्डिंग एरिया के आश्रय स्थल बनाकर प्रशासन व नगर पंचायत के द्वारा सम्पूर्ण सुविधाएं दी जा रही हैं और आस्थावान श्रद्धालुओं के द्वारा पूरा सहयोग किया जा रहा हैं ।उपजिलाधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि राजापुर में दो होल्डिंग एरिया में विश्राम स्थल बनाया गया हैं जिसमें यमुना सेतु के पास नायब तहसील पारुल सिंह परिहार, राजस्व निरीक्षक राजेंद्र सिंह, सदर लेखपाल प्रदीप तिवारी, प्रियंका शुक्ला, जगरूप, चन्द्रिका प्रसाद, चंद्रप्रकाश, शीलू राठौर को तथा द्वितीय स्थल में तहसीलदार विजय यादव,राजस्व निरीक्षक कैलाश शुक्ला ,मुनेन्द्र सिंह , कपिलमुनि पाण्डेय, शिवांश आदि लेखपालों को लगाया गया हैं जो यात्रियों के ठहरने तथा भोजन की व्यवस्था करेंगे वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम दोनों होल्डिंग स्थलों में लगाई गई हैं प्रथम स्थल में डॉक्टर अजीत शर्मा, फार्मासिस्ट जितेंद्र सिंह तथा दूसरे स्थल में मेडिकल मोबाइल यूनिट टीम लगाई गई हैं वही पहाड़ी विकास खण्ड अधिकारी संजय पाण्डेय, सचिव महेंद्र पाण्डेय, सचिव मनीष पाण्डेय सरधुवा प्रधान कमलेश प्रजापति व मनोज सिंह के द्वारा यात्रियों को भोजन कराया जा रहा हैं ।गुजरात प्रान्त के अहमदाबाद निवासी रणछोड़ भारती गोस्वामी ने बताया कि दिव्य महाकुम्भ जो कई वर्षों में प्रयागराज में पड़ा हैं जिसमें श्रद्धा की डुबकी लगाने के लिए आए थे लेकिन अपार भीड़ हो जाने के कारण राजापुर में तहसील प्रशासन व पुलिस प्रशासन के द्वारा रोक दिया गया हैं जहां प्रशासन द्वारा सम्पूर्ण सुविधाएं की गई हैं जिसकी हम लोग सराहना करते हैं और राजस्थान के भीलवाड़ा निवासी लेरूहु ने बताया कि हम अपने निजी वाहन से आठ लोग संगम स्नान करने के लिए बड़े श्रद्धा भाव के साथ निकले थे लेकिन प्रयागराज के संगम क्षेत्र में कई करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंच जाने के कारण प्रशासन द्वार जो व्यवस्था की जा रही हैं वह जान माल की सुरक्षा के लिए हैं जिसका हम समर्थन करते हैं ।वही मध्य प्रदेश के दमोह निवासी गुड्डा विश्वकर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपार भीड़ को देखते हुए जो श्रद्धालुओं को जो सुविधा तहसील प्रशासन के द्वारा की गई हैं जिसमें मेडिकल टीम ,भोजन व्यवस्था,नाश्ता आदि की व्यवस्था की गई हैं और किसी भी श्रद्धालु को कोई असुविधा नहीं महसूस हो रही हैं ।

# दंगल में शानदार कुश्ती कला का प्रदर्शन कर पहलवानों ने किया दर्शकों का मनोरंजन



लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट –**सदर तहसील अंतर्गत पुरवा तरौहां गांव में मां कालिका देवी क्रीड़ा स्थल में बुधवार को इनामी दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दूर-दराज से आए पहलवानों ने कुश्ती के दावपेंच दिखाकर दर्शकों का मनोरंजन किया। कुश्ती की शुरुआत पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा ने फीता काटकर करवाई।

पुरवा तरौहां में आयोजित किए गए इस दंगल में चित्रकूट सहित अन्य जिलों से आए पहलवानो की दांवपेंच भरी कुश्तियां दर्शको के आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान हुई कुश्तियों में पुरवा तरौहां के पहलवान शैलेन्द्र यादव ने फतेहपुर के पहलवान पुष्पेंद्र को, मऊ के राजू ने गोरखपुर के कृष्णा को, बांदा के राकेश ने मऊ के उदय को, पुरवा तरौहां के अनिल वर्मा ने मुंगुस के सहादेव, गोबरिया के राजू ने फतेहपुर के दिनेश पहलवान को हराया। मरका के राजा और धौराही के अतुल पहलवान की कुश्ती बराबर में छुटी। इस दौरान कुल 20 कुश्तिया हुयी। दंगल का आयोजन मां कालिका देवी क्रिकेट चैलेंज कप कमेटी द्वारा किया गया।

दंगल में गोरेलाल गौतम, चंद्रपाल यादव, मिथलेश पांडेय, राधेश्याम तिवारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।इस मौके पर लवकुश आयोजन के दौरान ललित त्रिपाठी,अजय यादव,गौरव मिश्र,शरीफ खान,पवन मिश्रा,हिमांशु त्रिवेदी,अंकुर त्रिवेदी,प्रेमसागर वर्मा,फूलचंद्र,शक्ति वर्मा,अजय वर्मा,शिवम निषाद सहित भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

# अपर जिला जज ने किया वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट –** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्ययोजना के अनुक्रम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बुधवार को सखी वन स्टाप सेण्टर, गढ़ीवा का आकस्मिक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सचिव ने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। जिसमें संस्था प्रभारी रंजीता द्विवेदी, काउंसलर अर्चना साहू, अर्चना देवी, अंजू देवी, गार्ड विज्ञानचन्द्र, अधिकार मित्र (पीएलवी) उपासना उपस्थित पाये गये। साथ ही सुरक्षा कर्मियों में दीपा कुमारी व करूणा मिश्रा उपस्थित मिली।

इस दौरान पैरामेडिकल नर्स पुष्पा देवी, केस वर्कर गीता देवी साप्ताहित अवकाश पर रहीं। इस दौरान संस्था में एक बालिका (पीडिता) आवासित पायी गयी। साथ ही रसोईघर व शौचालय में पूर्णतया साफ-सफाई पायी गयी।

# वीरेन्द्र कुमार को बनाया गया मानिकपुर बसपा विधानसभा अध्यक्ष

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** –बहुजन समाज पार्टी ने माकिनपुर विधानसभा अध्यक्ष मवईकलां निवासी वीरेंद्र कुमार वीरन पासी को बनाया है। बुधवार को पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया।बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी की राष्टीय अध्यक्ष के निर्देश पर संगठन को मजबूत करने के लिए निष्ठावान कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है।

इसी क्रम में मुख्य सेक्टर प्रभारी प्रभारी मंडल बांदा मुकेश अहिरवार, बलदेव प्रसाद वर्मा, कपिल देव वर्मा, मंडल प्रभारी




बांदा मानसिंह कुशवाहा व जिला प्रभारी रावेंद्र कुमार वर्मा की सहमति मवई कलां निवासी वीरेंद्र कुमार वीरन पासी को विधानसभा 237 मानिकपुर का विधानसभा अध्यक्ष घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष शीर्ष नेतृत्व की मंशा के अनुरूप संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करेंगे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष शिवबाबू गर्ग, जिला महासचिव अरुण कुमार पाल, विधानसभा अध्यक्ष चित्रकूट सोनपाल वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मऊ मानिकपुर शंकर बाबा, बसपा नेता सर्वेश कुमार वर्मा, चौतू राम, समय लाल आदि मौजूद रहे।

# पिकअप पलटने से 11 घायल

**मानिकपुर, चित्रकूट–** प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप संतुलन बिगड़ने से पलट गई। जिससें पिकअप में सवार 28 श्रद्धालुओं में से 11 श्रद्धालु घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से चार श्रद्धालुओं को गम्भीर हालत के चलते जिला अस्पताल रिफर किया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के सागर जिले के ग्राम बिजरी व ग्राम जगथा निवासी 28 श्रद्धालु पिकअप से प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए आ रहे थे। इस दौरान थाना मानिकपुर अन्तर्गत काली घाटी पार्क के पास पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे पिकअप में सवार रामचरन (45) पुत्र गुलाब सिंह, गेंगारानी (42) पत्नी रामचंद्रन, पानवाई (65) पत्नी देव सिंह, वैजन्ती (45) पत्नी छुट्टी, छुट्टी सिंह (50) पुत्र परम सिंह, गब्बर सिंह (32) पुत्र लक्ष्मण सिंह, अमान (50) पुत्र हरि सिंह, मूरत सिंह (56) पुत्र खड़ोरी, अंगूरी (48) पत्नी अमान, रामबाई (60) पत्नी अम्बिका प्रसाद व विरन (40) पुत्र भगवान सिंह घायल हो गए। घटना स्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद गम्भीर हालत के चलते चिकित्सकों ने चार श्रद्धालुओं रामचरन, अंगुरी, गब्बर व बिरन को जिला चिकित्सालय सोनेपुर रिफर कर दिया।

# दहेज हत्या के आरोपी को तीन साल की कैद

**चित्रकूट ब्यूरो–** दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर त्वरित न्यायालय ने आरोपी को तीन वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 7,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपालदास ने बताया कि बीती 21 अगस्त 2020 को बांदा जिले के कमासिन थाने के लोहरा गांव के निवासी बद्री प्रसाद त्रिपाठी ने पहाड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी बेटी वैष्णवी देवी को ससुरालीजनों ने दहेज के लिए प्रताड़ित किया और दहेज की मांग पूरी न होने पर फांसी लगाकर जान से मार डाला। पुलिस ने मामले की रिपार्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों को एक सप्ताह बाद गिरफ्तार कर लिया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# बेटी को जन्म देने के बाद युवती की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** बेटी को जन्म देने के बाद युवती की की हालत बिगड़ गई। परिजनो ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतका के भाई ने हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अतर्रा थाना क्षेत्र के गुमाई गांव के बजरंगी पुरवा निवासी 25 वर्षीय अनीता पत्नी सर्वेश कुमार ने सोमवार की सुबह घर पर डिलेवरी हुई थी। उसने बेटी को जन्म दिया था। जन्म के कुछ देर बाद दोपहर को उसकी अचानक हालत खराब हो गई। पति ने अनीता को उठाकर कर सीएचसी अतर्रा में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान के उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मायके कोर्रही से मृतका का भाई मौके पर पहुंच गया। मृतका के भाई ने बताया कि अनीता की शादी करीब ढाई वर्ष पहले हुई थी। भाई ने ससुराली जनो पर हत्या का आरोप लगाया है। उसका कहना था कि ससुराली जनो ने उसकी बहन का इलाज नही करवाया। जांन बूझकर मारा डाला है। मृतका के पति की तहरीर पर थानाध्यक्ष समेत डॉग स्क्वायड़ मौके पर पहुंच गई। मृतका के पति का कहना था कि कनहरी फस जाने और अधिक रक्त स्राव होने से उसकी पत्नी की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। थानाध्यक्ष का कहना है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# गांजा कारोबारी को पांच माह का कारावास

**चित्रकूट ब्यूरो–**पांच माह पूर्व गांजा के साथ पकड़े गए आरोपी को न्यायालय ने पांच माह कारावास और 2,500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सहायक अभियोजन अधिकारी पीयूष कुमार ने बताया कि बीती 28 अगस्त 2024 को पुलिस उपनिरीक्षक सत्यमपति त्रिपाठी ने अपनी टीम के साथ मानिकपुर निवासी कोचिल को 850 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। कर्वी कोतवाली में इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद सिविल जज सीनियर डिविजन सचिन कुमार दीक्षित ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी कोचिल को पांच माह कारावास और 2,500 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# नेत्र रोग विशेषज्ञ ने 40 टीबी मरीजों को लिया गोद




लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** शासन स्तर से जारी सौ दिवसीय सघन टीबी अभियान के अंतर्गत खुशबू हॉस्पिटल की प्रमुख नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर खुशबू शिखांगी ने इलाज पर चल रहे 40 टीबी मरीजों को सत्कार एवं सम्मान देते हुए पोषण पोटली भेंट कर गोद लेने का कार्य किया। कार्यक्रम में उपस्थित इनरव्हील क्लब के महिला समूह द्वारा सभी मरीजों को कंबल, तौलिया, गंजी, बिस्कुट एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामग्री भेंट करते हुए सहयोग दिया।

कार्यक्रम आयोजक डाक्टर खुशबू ने आए मरीजों को आश्वस्त किया गया कि पूरी इलाज अवधि तक इसी तरह से खाद्य सामग्री भेंट की जाती रहेगी जिससे दवा अपना प्रभाव ठीक से डाल सके और मरीज पूर्ण स्वस्थ हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि उपस्थित किसी भी टीबी मरीज को यदि नेत्र संबंधी कोई भी समस्या होती है तो उसका इलाज उनके स्तर से निःशुल्क किया जाएगा।

उक्त अवसर पर उपस्थित डॉक्टर कृष्णा सिंह द्वारा क्षय रोग ग्रसित मरीजों को अपने खान-पान पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया गया साथ ही उनके द्वारा कहा गया कि ऐसे रोगियों से किसी भी प्रकार का भेदभाव न रख कर उनके लिए सहयोगी भाव रखना चाहिए।

आयोजित कार्यक्रम का संचालन कर रहे क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा मरीजों के हित में उपलब्ध कराए गए सहयोग के प्रति सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति विभाग की ओर से आभार प्रकट करते हुए टीबी के संपूर्ण लक्षणों वह सरकारी स्तर से उपलब्ध जांच इलाज एवं अन्य सुविधाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी और उन्होंने आग्रह पूर्वक कहा कि ऐसे मरीजों के सहयोग में इसी तरह अन्य सम्मानित/संवेदनशील/मानव सेवा भाव रखने वाले लोग सहभागिता निभाते हैं तो निश्चित रूप से हमारा देश 2025 तक टीबी मुक्त देश बनता नजर आएगा।

कार्यक्रम में गुर्दा रोग विशेषज्ञ डा. आनंद कुमार सिंह, नंदिनी मिश्रा, सविता वर्मा, दीपा सर्राफ, परमजीत सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मनाई गणतंत्र दिवस की वर्षगांठ

**चित्रकूट–** गणतंत्र दिवस की वर्षगांठ जिला मुख्यालय के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी धूमधाम से मनाई गई। जिसमें खण्डेहा गांव में सरकारी व गैरसरकारी विद्यालयों में ध्वजारोहण किया गया। खण्डेहा चौकी में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक शिवपूजन सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र शुक्ला, रामबहोरी केशरवानी, राजेन्द्र बलुआ, रोहित बलुआ, मनीष यादव एवं नंदलाल आदि मौजूद रहे। इसके अलावा आर्यावर्त बैंक खण्डेहा में शाखा प्रबंधक शैलेन्द्र सिंह ने ध्वजारोहण किया।

# मंदिर की छत से चोरों ने चुराया त्रिशूल

**चित्रकूट ब्यूरो–** जिला मुख्यालय के एसडीएम कॉलनि में अर्द्धरात्रि को अज्ञात चोरों ने घरों में घुसकर हाथ साफ करने का प्रयास किया, किंतु मोहल्लेवासियों के जगने और शोरगुल करने पर चोर भाग खड़े हुए। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों से पूंछताछ की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कर्वी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एसडीएम कॉलनि में अर्द्धरात्रि को तीन घरों में एक साथ चोरी करने की नीयत से तीन चोर घुसने का प्रयास कर रहे थे। इसके अलावा एक चोर मंदिर की छत से कलश खोलने का प्रयास कर रहा था। इस दौरान कुछ मोहल्लेवासियों की नींद अचानक खुल गई। साथ ही जागरूक युवाओं ने चोर-चोर की आवाज लगाते हुए शोरगुल शुरू कर दिया। जिसके बाद चारों चोर छतों से कूदकर भाग खड़े हुए। मोहल्ले के लोगों ने कुछ दूर तक चोरों का पीछा करते हुए डॉयल 112 को भी सूचना दी, किंतु मौके पर पुलिस के पहुंचने से पहले की चोर भाग खड़े हुए। इस दौरान मोहल्ले के निवासी पत्रकार निरंजन मिश्र, विनय पाण्डेय, गया प्रसाद, बुद्ध विलास, विनोद सिंह, प्रख्यात अग्रवाल, हीरामणि त्रिपाठी, भोला पाण्डेय व दिनेश सिंह ने बताया कि सीसीटीवी में चोरों की गतिविधियां रिकार्ड हो गई है।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,
प्रयागराज वृत्त, लो0नि0वि0, प्रयागराज**

ई निविदा आमंत्रण सूचना (स्वीकृति की प्रत्याशा में)

पत्रांक : /11काम–बी–प्रया0वृ0/2024–25 दिनांक : / /2025

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, प्रयागराज वृत्त, लो0नि0वि0, प्रयागराज द्वारा द्वारा उ.प्र. लो.नि.वि. में कालम–8 के अनुसार सेतु निर्माण हेतु पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों की मद के आधार पर ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि, निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लॉज़ 3 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।
2. कार्यों का विवरण :–

| क्र.स. | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कौशाम्बी | नाबार्ड योजनान्तर्गत जनपद कौशाम्बी में मसीपुर मार्ग पर स्थित ससुर खदेरी नदी पर 3X12 मी0 स्पॉन के लघु सेतु एवं पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य। | 516.49 | 10.33 | 2000+ 300/- stationery charge+GST 2725.00 | 12 माह | श्रेणी 'ए' (सेतु कार्य) |

3. प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित) उपरोक्त तालिका के कॉलम–7 में दर्शायी गयी है।
4. वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स आन लाइन देखे जा सकते है।
5. निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर दिनांक **01.02.2025** से **20.02.2025** को मध्यान्ह **12:00** बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगें। आन लाइन बिड दिनांक **20.02.2025** को दोपहर **12:00** बजे या इससे पूर्व ई–निविदा **http://etender.up.nic.in** पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा कर दी जाये एवं आन लाइन प्राप्त समस्त टेक्निकल बिड दिनांक **20.02.2025** को अपराह्न **12:30** बजे खोली जायेगी।
6. इच्छुक निविदादाता जिनके पास डिजिटल सिग्नेचर सर्टीफिकेट (DSC) नहीं है, वह इसे निविदा जमा करने से पहले अप्रूव्ड एजेंसी से प्राप्त कर सकते है तथा चाणक्य साफ्टवेयर में लागिन कर "प्रहरी" का चयन कर निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख अपलोड किये जायेगे तथा तत्पश्चात् **"E-1"** शीट डाउनलोड कर **http://etender.up.nic.in** पर अपलोड की जायेगी।
7. इच्छुक निविदादाता शा0सं0 879(1)/23–7–2020 दिनांक 25.08.2020 के बिन्दु सं0 2(2) एवं 2(3) के अनुसार निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख प्रहरी पर अपलोड कर ई–1 डाउनलोड कर ई–टेन्डर वेबसाइट पर निविदा के समस्त अभिलेखों के साथ अपलोड कराना सुनिश्चित करेगें, अन्यथा की स्थिति में ठेकेदार को नॉन–रिसपान्सिव समझा जायेगा।
8. कार्यालय प्रमुख अभियन्ता (परि0/नि0) का कार्यालय ज्ञाप संख्या – 27/कैम्प–प्र0अभि0(परि0/नि0)/24–सेतु दिनांक–08.01.2024 द्वारा सेतु कार्य के लिए फाउण्डेशन में Well Foundation का अनुभव अनिवार्य है तथा Crawler Mounted Crane का प्रयोग भी अनिवार्य है।

(हरबंश सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
कौशाम्बी

अधीक्षण अभियन्ता
प्रयागराज वृत्त, लो0नि0वि0
प्रयागराज

www.upgov.nic,in
R.O.No.-227518 Date-28/01/2025

**कार्यालय ग्राम पंचायत कोलगदहिया विकास खण्ड कर्वी चित्रकूट**

पत्रांक: मेमो/निविदा/2024–25 दिनांक 29.01.2025

**निविदा सूचना**

राज्यवित्त/पन्द्रहवांवित्त योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत कोलगदहिया द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यो पर प्रयुक्त होने वाली सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा व्यापार कर/आयकर जैम पोर्टल में पंजीकृत फर्मो/सप्लायरों से दिनांक 04.02.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे ग्राम पंचायत में तैनात निर्माण समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के साथ खोली जायेगी। निविद प्रपत्र की बिक्री 30.01.2025 से 04.02.2025 को अपरान्ह 1.00 बजे तक ग्राम पंचायत से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलन की धनराशि (लाख रू0में) | 2%धरोहर धनराशि (रू0में) | निविदा मूल्य (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कोलगदहिया के मजरा कछार पुरवा में अशोक अनु0 जाति के घर के पास से केशव पटेल के घर तक इण्टरलाकिंग खण्ड़जा व नाली निर्माण कार्य | 4.11 लाख | 8220 | 1000 |

निविदा शर्ते–
नोट: निविदा से सम्बन्धित शर्ते ग्राम पंचायत के कार्यालय के पटल पर देखी जा सकती है।

प्रधान
ग्राम पंचायत कोलगदहिया
वि0ख0 कर्वी, चित्रकूट

सचिव
ग्राम पंचायत कोलगदहिया
वि0ख0 कर्वी, चित्रकूट

**कार्यालय ग्राम पंचायत कोलगदहिया विकास खण्ड कर्वी चित्रकूट**

पत्रांक: मेमो/निविदा/2024–25 दिनांक 29.01.2025

**निविदा सूचना**

मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत कोलगदहिया द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यो पर प्रयुक्त होने वाली सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा व्यापार कर/आयकर जैम पोर्टल में पंजीकृत फर्मो/सप्लायरों से दिनांक 04.02.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे ग्राम पंचायत में तैनात निर्माण समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के साथ खोली जायेगी। निविद प्रपत्र की बिक्री 30.01.2025 से 04.02.2025 को अपरान्ह 1.00 बजे तक ग्राम पंचायत से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलन की धनराशि (लाख रू0में) | 2%धरोहर धनराशि (रू0में) | निविदा मूल्य (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सदाशिव के घर से अंगद के पुरवा तक इण्टरलाकिंग का कार्य | 5.30 लाख | 10600 | 1000 |

निविदा शर्ते–
नोट: निविदा से सम्बन्धित शर्ते ग्राम पंचायत के कार्यालय के पटल पर देखी जा सकती है।

प्रधान
ग्राम पंचायत कोलगदहिया
वि0ख0 कर्वी, चित्रकूट

सचिव
ग्राम पंचायत कोलगदहिया
वि0ख0 कर्वी, चित्रकूट

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# परमार्थ निकेतन शिविर, परमार्थ त्रिवेणी पुष्प में आयोजित हनुमंत कथा का आज विराम

## महाकुम्भ का संदेश भारत अपना इतिहास पुनः गढ़ रहा- आचार्य धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री



**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी(प्रयागराज)।** परमार्थ निकेतन शिविर, परमार्थ त्रिवेणी पुष्प में आयोजित हनुमंत कथा का आज विराम हुआ। कल 30 जनवरी को संत समागम और दिव्य दरबार लगेगा। महाकुम्भ के दिव्य अवसर पर परमार्थ निकेतन शिविर और परमार्थ त्रिवेणी पुष्प में पूज्य स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और साध्वी भगवती सरस्वती जी के पावन सान्निध्य में बागेश्वर धाम सरकार, आचार्य श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी के मुख से हो रही हनुमंत कथा ने श्रद्धालुओं के हृदय को श्रद्धा व भक्ति से भर दिया।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि अखाड़ा परिषद् और पूज्य संतों ने आज मौनी अमावस्या का अमृत स्नान पहले राष्ट्र को कराया और फिर स्वयं स्नान किया। यह पूरे विश्व को अद्भुत संदेश दे रहा है। अखाड़ा परिषद का योगदान, उदारता और निर्णय अतुलनीय है। यह भारत के इतिहास का अद्भुत दृश्य है जहां पूज्य संतों द्वारा श्रद्धालुओं को प्रथम व सर्वोत्तम अमृत योग में स्नान का अवसर प्रदान किया गया।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि भारत सरकार, उत्तरप्रदेश सरकार और विशेष रूप से माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी का इस महाकुम्भ के आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान है। उनके मार्गदर्शन में मौनी अमावस्या के अमृत स्नान को संभालने का कार्य सफलता से सम्पन्न हुआ। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं था, बल्कि देश की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर को संजीवनी देने का एक प्रयास है। उनकी सोच और कार्यशैली का अभिनन्दन।

स्वामी जी ने कहा कि भारत में श्रद्धा और आस्था की जड़ें अत्यंत गहरी हैं। भारतवासियों की श्रद्धा और आस्था ने सनातन संस्कृति को न केवल जीवित रखा बल्कि उसे शिखर तक पहुँचाया। भारत की संस्कृति, आदर्श और परंपराएं अत्यंत प्राचीन और महान हैं।

बागेश्वर धाम सरकार आचार्य श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने महाकुम्भ के दौरान एक महान पहल की घोषणा की, जिसके अंतर्गत बागेश्वर धाम मंदिर परिसर में एक विशाल अस्पताल की स्थापना की जाएगी। उनकी यह घोषणा निश्चित रूप से समाज के कमजोर वर्गों के लिए एक वरदान साबित होगी।

आचार्य धीरेन्द्र कृष्ण जी ने कहा की महाकुम्भ एक ऐसा अवसर है जब भारत अपना इतिहास पुनः गढ़ रहा है। महाकुम्भ के माध्यम से भारत ने दुनिया को यह संदेश दिया कि भारत की संस्कृति, धर्म और परंपराएं हमेशा जीवित रहेंगी और उनका संरक्षण करना हर भारतीय का कर्तव्य है।

आचार्य धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी ने कहा कि संगमतट पर जो घटना घटी वह हृदयविदारक है। हताहतों और पीड़ितों को हनुमान जी शक्ति व बल प्रदान करें। उन्होंने कहा कि तन बचेगा तो ही धर्म रहेगा, धर्म रहेगा तो देश रहेगा और देश रहेगा तो भारत विश्व गुरू बनेगा। आने वाले सभी स्नान संयम का संगम मानकर स्नान करें।

साध्वी भगवती सरस्वती जी ने कहा कि महाकुम्भ तीर्थराज प्रयाग की भूमि अद्भुत ऊर्जा की भूमि। प्रार्थना में बड़ी शक्ति होती है, भक्ति की शक्ति अद्भुत है। महाकुम्भ भक्ति की शक्ति का अद्भुत दर्शन कराती है। हम सभी को श्रद्धा व भक्ति के साथ संयम व धैर्य से कार्य करना होगा।

# महाकुम्भ में जाने वाले स्नार्थियों का जोरदार स्वागत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**नारीबारी(प्रयागराज)।** महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं को हाइवे पर भयानक जाम के चलते जगह जगह भूखे प्यासे रुकना पड़ रहा है। तमाम श्रद्धालु पैदल ही आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे है। वहीं जहां कुछ दो पहिया वाहन, ऑटो और टैक्सी वाले आगे पहुंचाने के लिए मनमानी किराया वसूल रहे हैं। नागरिकों की शिकायत पर 14 दो पहिया वाहनो का चालान किया गया।वहीं कई स्थानों पर आने जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारे चलाए जा रहे हैं।

महाकुंभ के अमृत स्नान मौनी अमावस्या पर अनुमान से काफी अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ आ जाने से राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर 28जनवरी की रात से बसों चारपहिया वाहनों को यूपी यम पी सीमा पर रोक दिया गया। जिससे हजारों लोग पैदल ही प्रयागराज की चलने लगे। श्रद्धालुओं की मजबूरी का फायदा उठाने के लिए कुछ दोपहिया चालक पांच किलोमीटर के लिए पांच सौ रुपए और भारवाहन मैजिक टैक्सी आदि नारीबारी से जारी तक का पांच सौ रुपए वसूल रहे थे। कुछ स्थानीय समाजसेवियों के हस्तक्षेप पर चौकी प्रभारी अनुराग ने चौदह दो पहिया वाहनों का चालान किया और टैक्सी चालकों को निर्धारित किराया वसूलने का निर्देश देते हुए छोड़ा।

वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भाजपा,विहिप, भगवती मानव कल्याण संगठन के साथ पावर हाउस गौरा के विद्युतकर्मी, स्थानीय नागरिकों,समाजसेवियों ने भूखे प्यासे श्रद्धालुओं को चाकघाट बार्डर,नारीबारी, जारी आदि स्थानों पर पूड़ी सब्जी, खिचड़ी, बिस्कुट पानी आदि वितरित किया। उक्त अवसर पर सूर्य कांत शुक्ल, दीपक केसरवानी, विकाश चन्द शुक्ल,बालेन्द्र द्विवेदी, सत्यम शुक्ल,दिवाकर त्रिपाठी, प्रभाकांत शुक्ल, बृजेश, अविकल मिश्र, राजकुमार, प्रशांत यादव, मण्डल अध्यक्ष आशीष पाल, अनिल चतुर्वेदी, धर्मराज, अशोक सिंह, मनोज केसरवानी आदि की सराहनीय भूमिका रही।

# संगम में आस्था की डुबकी से हुआ धन्य -अनुराग पांडेय

## पूर्ण महाकुम्भ के संयोग काल का स्नान होगा मोक्षदायी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** पूर्ण महाकुम्भ के मौनीअमावस्या अमृत स्नान के लिए देश और दुनिया के करोड़ो लोग त्रिवेणी तट पर पहुंच रहे हैं।मंगलवार शाम से स्नान के पुण्यकाल आरम्भ होने के साथ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर मोक्ष प्राप्ति की कामना की है।अटेवा मेजा इकाई के अध्यक्ष अनुराग पांडेय सपत्नीक बुधवार भोर 4 बजे संगम में डुबकी लगाकर माॅ गंगा से परिवार के साथ विश्व कल्याण की कामना की है।

क्षेत्र के तरवाई गांव के पेशे से शिक्षक अनुराग पांडेय ,जो पुरानी पेंशन बहाली के संघर्ष और आंदोलन से चर्चा में आए,उन्होने अक्षय पुण्य लाभ के लिए बुधवार भोर में संगम में डुबकी लगाई है।उनके साथ शिक्षक पत्नी रंजना पांडेय और तीन करीबी लोगों ने संगम स्नान कर जीवन को सार्थक किया है।श्री पांडेय ने कहा कि,बड़े भाग्य से मनुष्य तन मिला है।जाने अनजाने पाप भी हुए होंगे।यदि त्रिवेणी की एक डुबकी से सारे पाप नष्ट होने की मान्यता है ,तो संगम स्नान हर किसी को करना चाहिए।मैं सौभाग्यशाली हूँ कि मैं तीर्थराज प्रयाग की माटी में जन्म लेने के साथ पला बढ़ा हूँ।

संगम स्नान को पुण्यदायी बताते हुए शिक्षक रंजना पांडेय ने कहा कि यह आस्था का पर्व है।विस्वास ही अमृत है।हम वैसे भी गंगा जी को गंगा मैया कहकर पूजते रहे हैं।उनसे सुख,शांति कल्याण की मिन्नतें मांगते हैं।माघ मास में जब सूर्य उत्तरायण होता है तो संगम के जल की ऊर्जा कई गुना बढ़ जाती है।इसका सकारात्मक प्रभाव जीवन पर पड़ता है।उंन्होने कहा हम पति के साथ अपने ससुर जी बालकृष्ण पांडेय के स्वस्थ्य व दीर्घायु की कामना के साथ संगम स्नान के लिए आई।गंगा मैया परिवार को सुख शांति देंगी।

# माँ शीतला महोत्सव में बजेगी शादी की शहनाई

## डीजीएस परिवार के मांगलिक आयोजन में इस बार 51 बेटियाँ लेंगी सात फेरे



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** माँ शीतला भवानी के कृपा पात्र भाजपा नेता इन्द्रदेव शुक्ल राजू भैया अपने सेवा मिशन में एक नया अध्याय जोड़ने जा रहे हैं।क्षेत्र में जनसेवक के रूप में चर्चित डीजीएस संस्था के क्षेत्रीय संचालक राजू भैया 51 आगामी 6 फरवरी को पूरे विधि विधान और भव्यता के साथ 51 गरीब बहनों की सामूहिक शादी की रश्मे पूरी करेंगे।

क्षेत्र के कुँवरपट्टी गांव के सोना भवन स्थित जग कल्याणी माँ शीतला भवानी मन्दिर परिसर में पांच दिवसीय माँ शीतला कृपा महोत्सव के बीच यह शादी आयोजन होगा।इन्द्रदेव शुक्ल राजू भैया ने कहा कि इस मांगलिक कार्यक्रम में जिन जोड़े की शादी होनी है उन्हें सूचीबद्ध कर विवाहोत्सव की तैयारियाँ तेज कर दी गयी हैं।सनातन परम्पराओं में बेटी अपने पिता के आंगन से बाबुल के घर विदा होती रही हैं। सेवा मेरा धर्म सेवा मेरा कर्म के विजन के साथ मेजा क्षेत्र के लोगों का सहयोग और सेवा करने वाले राजू भैया डीजीएस संस्था के वैनर तले इस मिथक को तोड़ रहे हैं।सोना भवन में जिन वेटियों के हाँथ पीले होंगे उनके भाई व पिता बनकर जनसेवक इन्द्रदेव शुक्ल उन्हें खुशहाल जीवन की थपकी के साथ विदा करेंगे।सोनाभवन में माँ शीतला कृपा महोत्सव आयोजन 5 फरवरी से शुरू होकर 9 फरवरी 2025 को प्रसाद वितरण एवं भंडारे के साथ पूर्ण होगा।महोत्सव के आयोजक डीजीएस ग्रुप के संचालक शुक्ल बन्धु सूरजदेव,ब्रह्मदेव,ईस्वरदेव एवं इन्द्रदेव राजू भैया हैं।51 कन्यायों की सामूहिक शादी की कमान संभाले ईस्वरदेव शुक्ल ने बताया इस बार शादी में दहेज में कुछ जरूरी सामान में बृद्धि की जाएगी।ईस्वर देव शुक्ल ने कहा कन्यायों की शादी को सनातन संस्कार में यज्ञ बताया गया है।श्री शुक्ल ने कहा कोई भी यज्ञ प्राणी कल्याण के लिए ही होते हैं।श्री शुक्ल ने इस गरीब कल्याणकारी कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों को शामिल होने के लिए आग्रह किया है।

### माँ शीतला कृपा महोत्सव कार्यक्रम

**5 फरवरी**- जलयात्रा पंचांग पूजन

**6 फरवरी**- वेदी पूजन,मानस परायण आरम्भ
शाम 4 बजे 51 कन्यायों का सामूहिक विवाह

**7 फरवरी**- मानस परायण विराम,देवी जी का महाभिषेक,छप्पन भोग व औपचारिक हवन

**8 फरवरी**- शिव शक्ति समर्चा एवं लखराव
सवा लाख पार्थिव लिंग पूजा व अभिषेक

**9 फरवरी**- पूर्णाहुति व विशाल भंडारा

# रात में एक बत्ती के सहारे चल रहे वाहन हो रही दुर्घटनाएं

**लेड़ियारी ( प्रयागराज )।** एक तरफ ठंड और कोहरे वहीं तेज रफ्तार से एक बत्ती के चल रहे वाहनों के चलते आए दिन दुर्घटनाएं बनी हुई। जबकि लोगों ने कई दफा इसकी शिकायत दर्ज कराई लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे बाइक सवार और राहगीर मौत के गाल में समा रहे हैं।बताया जाता है कि प्रयागराज जाने वाले बड़े वाहनों का नो एंट्री लगे रहने से नारीबारी से कोरांव वाया मांडा, भारतगंज, होते हुए मिर्जापुर, बनारस तक ट्रक तथा आसपास में ट्रैक्टर चालक चला करते हैं। जबकि इन दिनों सड़क किनारे अधिकांश बालू , गिट्टी व्यवसाई रोड़ तक किए जाने से राहगीर अपने बचने के लिए अक्सर गिरकर जान चली जाती है। जबकि इस संबंध में ग्रामीणों ने बार संशोधित अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन इस ओर ध्यान नहीं देने पर समस्या बनी हुई है।

# बिना परमिट के फर्राटा भर रहे डग्गामार वाहन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी (प्रयागराज )।** तहसील क्षेत्र में हर तरफ बिना परमिट वाहन फर्राटा भर रहे हैं । उनकी फिटनेस पर भी किसी का ध्यान नहीं जा रहा है । क्योंकि जांच होती नहीं है । इसलिए ऐसे वाहनों का संचालन पर नियंत्रण भी नहीं लग पा रहा है ।

क्षेत्र के विभिन्न चौराहे से स्टेट राजमार्ग पर ऐसे तीन पहिया और चार पहिया वाहनों का संचालन हो रहा है । जिनके पास न तो परमिट है । और न फिटनेस प्रमाण पत्र ऐसे में दर्जनों की संख्या में दौड़ रहे हैं। टेंपो , जीप, पिकअप के अलावा कई डग्गामार बसें भी सड़कों पर दिन - रात दौड़ती जा रही है । इनमें कुछ ऐसे वाहन भी शामिल है । जो दूसरे राज्यों से खरीद कर ले गए हैं । बगैर जरूरी कागजात यह वाहन सड़कों पर बेखौफ होकर दौड़े जा रहे हैं । सरकारी हमले द्वारा बिना फिटनेस के वाहनों पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश केवल हवा हवाई साबित हो रहा है । सड़कों पर बिना परमिट के दौड़ रहे डग्गामार वाहन संचालकों द्वारा सवारियों को भी वाहनों में भूसे की तरह भरने के बाद चारों तरफ लटकाकर परिवहन किया जा रहा है ।

ऐसे में जहां एक तरफ लगातार हदासे का खतरा बना हुआ । वहीं दूसरी तरफ राजस्व को भी लाखों रुपये का चूना लग रहा है । इसके बाद भी विभागीय अधिकारी बेफिक्र हुए हैं ।

# संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ ने लगाई फांसी, मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया ।** संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बहरिया थाना क्षेत्र के सेहुआडीह गांव निवासी 55 वर्षीय शोभनाथ यादव ने संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली। मंगलवार देर शाम घर लौटने के बाद पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था । इसके बाद शोभनाथ यादव पुत्र स्वर्गीय जयराम खेत में पानी लगाने चला गया, जहां उन्होंने बबूल के पेड़ पर नायलोन की रस्सी से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। बुधवार सुबह गांव वालों ने उन्हें फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखा। इसकी सूचना मिलते ही बहरिया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। चौकी इंचार्ज सिकंदरा रवि कुमार कटियार, उप निरीक्षक रईस अहमद, उमेश यादव और सूरज प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरवा कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र हितेश (30 वर्ष) और सत्यम (27 वर्ष) तथा एक पुत्री कविता (25 वर्ष) को छोड़ गए। परिवार के सदस्य इस घटना से स्तब्ध हैं और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष बहरिया मिश्रा ने बताया कि मौत की असली वजह पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर पता चल सकेंगी और घटना की सही कारण जानने के लिए परिवार और गांव वालों से पूछताछ की जा रही है।

# पेड़ से गिरने से चरवाहे की मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** शनिवार की दोपहर उतरांव थाना क्षेत्र के सिठौली गाँव में बकरी का चारा काटने के लिये पेड़ पर चढ़े चरवाहे की पेड़ से गिरकर मौत हो गई। हादसे की सूचना परिजनो को हुई तो रोते चीखते घटनास्थल पर पहुँचे ।

जानकारी के मुताबिक उतरांव थाना क्षेत्र के टिटिमपुर, सिठौली गांव निवासी अमरनाथ पाल 55 वर्ष पुत्र गोपी शनिवार की दोपहर
पालतु बकरियो का चारा काटने के लिये नीम के पेड़ पर चढ़ा था। पैर फिसलने के कारण वह नीचे गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

# कूड़ाघर बना शो पीस गांव में लगा गंदगी का अंबार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** विकास खंड कोरांव क्षेत्र के ग्राम सभा देईबांध में लाखों रुपये की लागत से बनाई गई कूड़ाघर शो पीस साबित हो रहा है। जबकि इसके लिए वाहन और सफाई कर्मी की समुचित व्यवस्था होने के बावजूद गंदगी का अंबार लगा हुआ है।



गांव के सामाजिक कार्यकर्ता विकास पांडेय, ने बताया कि ग्राम प्रधान सोहागी देवी तथा ग्राम विकास अधिकारी के मिली भगत और बंदर वांट के कारण शासन से निर्गत धन में काफी हेराफेरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में कई बार तहसील दिवस व संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी ध्यान नहीं दिए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने ने बताया कि गांव लगे एगमार्क हैंडपंप मरम्मत के नाम पर लाखों रुपये खाते से निकाल लिया गया है। लेकिन आज तक गांव में लगे कई हैंडपंप मरम्मत के अभाव में ख़राब पड़ें हुए हैं। जिससे गांव के लोगों को पानी पीने के लिए दूर - दराज जाने से विवश होना पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम सभा देईबांध में विकास कार्य के नाम पर कइयों मद से धन निकालकर पंचायत मंत्री और प्रधान उन रूपये का गमन कर ली है। जिससे आज भी लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान शासन से निर्गत धन नाली,खरंजा, चकमार्ग बनवाने के लिए धन तो बैंक से निकल लिया गया। लेकिन एक वर्ष बीत जाने पर भी कार्य नहीं किया गया।

# महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं को फल मिष्ठान वितरण



**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** मौनी अमावस्या पर्व पर महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं को बुधवार को बाजार में जगह-जगह लोगों को उनके वाहनों को रोक कर उन्हें जलपान , फल और मिष्ठान वितरण किया जा रहा है। माघ मेले से बाजार से गुजरने वाले श्रद्धालुओं को कहीं भोजन तो चाय की लेड़ियारी व्यापार मंडल की तरफ से व्यवस्था की गई है। जिसमें समाजसेवी के अलावा अन्य लोग इस कार्य में लगे हुए हैं। साधन सहकारी समिति लेड़ियारी के अध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह ने बताया कि गंगा स्नान करके मिर्जापुर, बनारस, गाजीपुर आदि जिले के लोग इस मार्ग से गुजरने वाले श्रद्धालुओं को उन्हें रोककर चाय, मिष्ठान,फल और भोजन कराया जा रहा है। जिससे रूककर जलपान करने के पश्चात ही प्रस्थान करते हैं।

इस कार्य में प्रमुख रूप से सुरेश कुमार केशरी, व्यापार मंडल अध्यक्ष अरविंद कुमार केशरी, राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, संजय कुमार केशरी, धनंजय त्रिपाठी, सुशील सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सुरेन्द्र कुमार सिंह, अनील कुमार, भोले सिंह, सौरभ केशरवानी आदि लोग रहे।

# मौनी आमावस्या पर विशाल भण्डारा का आयोजन



**नैनी(प्रयागराज)।** मौनी आमावस्या के पावन पर्व पर मेवालाल बगिया निकट एक गेस्ट हाउस के सामने कौशल विकास युवकों व समाजसेवीयों द्वारा सार्वजनिक रूप से भण्डारा का आयोजन बुधवार को सुबह से प्रारम्भ किया गया। जो शाम 05 बजे तक निरंतर चलता रहा। इसकी तैयारी एक दिन पूर्व से ही जोरो शोरो से होने लगी थी। मौनी आमावस्या के दिन भण्डारा में लगभग 25 हजार से अधिक श्रद्धांलुओं ने प्रसाद ग्रहण किया है। इस अवसर पर देवा श्रीवास्तव ने बताया की महाकुम्भ में दूर - दराज से आए हुए श्रद्धालुओं के लिए हम सब समाजसेवी मिल कर भण्डारा का सफल आयोजन किया। जिसमें सब्जी - पूड़ी का वितरण हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रुप से शिशिर तिवारी, अजय सिंह, देवा श्रीवास्तव, संजय विश्वकर्मा, रवि शंकर शर्मा, रजनीश केशरी, धीरेन्द्र यादव, अनुराग, राहुल जायसवाल पत्रकार व अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहें और सेवा भाव करते जा रहें थे। वहीं दूसरी तरफ क्षेत्र के कॉटन मिल तिराहा, शंकरढाल, सब्जीमण्डी, मेवालाल बगिया, स्टेशन रोड, सरगम में भी समाजसेवीयों द्वारा विशाल भण्डारा कराया गया।

# शाम ढलते ही बढ़ता है ठंड का असर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी ( प्रयागराज)** मौसम तेजी से बदल रहा है । हल्की ठंड अब बढ़ गई है । सुबह और रात गलत तेजी से बिना गर्म कपड़ों के बाहर निकलना मुश्किल है । ठंड से बचाव के लिए मुसाफिरों और जरूरतमंदों के लिए स्थानीय प्रशासन की ओर से सार्वजनिक स्थलों पर अभी तक अलाव की व्यवस्था नहीं की जा सकी है । ठंड से लोग ठिठुर रहे हैं । ऐसे में लोगों ने खुद ही अलाव की व्यवस्था करके ठंड से राहगीरों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं । धूप में सर्द हवाओं की मुसीबत से लोग परेशान हैं । लेड़ियारी बाजार के आसपास क्षेत्र के अनुसार मौसम के हर दिन बदल रहे मिजाज से आम आदमी बेहाल है। एवं सर्दी का प्रकोप बरकरार है` तो बोले कई दिनों से ठंडी हवाओं ने आमजन को परेशान कर के रख दिया है । धूप के बावजूद भी सर्द हवा से राहत नहीं मिली है । कमरों में गलन की वजह से लोग बाहर निकाल कर धूप का आनंद सर्द हवाओं की वजह से नहीं ले पा रहे हैं । मंगलवार को दोपहर में बादलों और सूर्य के बीच लुकाछिपी का भी खेल चला । बीते कुछ दिनों से क्षेत्र वासी ठंड के प्रकोप को झेल रहे हैं । तापमान में भी गिरावट हुई है । ठंड के साथ गलन भी बढ़ी है । ठंड से राहगीरों स्कूली बच्चों तथा बुजुर्गों का हाल बेहाल है।

# जिंदगी की आस में मौत, बांट रहे मानक विहीन निजी अस्पताल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी ( प्रयागराज )** तहसील क्षेत्र के कई गांवों में मानकों की दरकिनार करके अस्पताल खोले जा रहे हैं । कुछ पूर्व में खुले हुए हैं। इनमें न तो चिकित्सक होते हैं । और न ही किसी नियमों का पालन किया जाता है । मरीज की हालत कैसी भी हो , उन्हें भर्ती करके इलाज शुरू कर देते हैं` । बाद में स्थिति और बिगड़ने पर रेफर कर अपनी जिम्मेदारियों से मुक्ति पाए जाते हैं । इसी वजह से अधिकांश लोग गलत इलाज के कारण अपनों को खो रहे हैं । तहसील के के करपिया , रतेवरा , बड़ोखर , बड़ोखरा , भोगन , लेड़ियारी , नीबी कैथवल , खीरी , इटवा , लालतारा , समेत दर्जनों क्षेत्रों में अवैध तरीके से अस्पतालों का संचालन किया जा रहा है । इन अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन भी नहीं है । कुछ क्लिनिक सिर्फ मेडिकल स्टोर के लाइसेंस पर संचालित हो रही हैं ` । इसके अलावा अवैध अस्पतालों में पांच से पंद्रह बेड भी लगाए गए हैं । सड़कों के किनारे लगे इनके बोर्डो में शहर के नामी चिकित्सकों के नाम लिखे होते हैं । हालांकि मरीजों को देखने के लिए कभी भी इन चिकित्सकों को अस्पताल में नहीं बुलाया जाता है । लेड़ियारी से खीरी , कोरांव स्टेट राजमार्ग तक किनारे बने कई निजी अस्पताल दुकानों , घरों और गोदामों में संचालित किया जा रहे हैं । यहां फायर और प्रदूषण विभाग का भी कोई दखल नहीं है ।

वही कोरांव सीएचसी अधीक्षक डा ,मोहम्मद शमीम अख्तर ने बताया कि कोई अस्पताल बिना लैब टेक्नीशियन के खून आदि की जांच नहीं कर सकता है । वही अल्ट्रासाउंड के लिए सोमोलाजिस्ट की तैनाती होना चाहिए । लेकिन इन नियमों का भी अस्पतालों में पालन नहीं हो रहा है` ।

### मदद के लिए खड़े हैं सरकारी चिकित्सक और कर्मचारी


क्षेत्र के अवैध अस्पतालों की सबसे ज्यादा मदद सीएचसी और पीएचसी के चिकित्सक और कर्मचारी कर रहे हैं । यह अपनी ड्यूटी पर ना जाकर अस्पतालों में मरीजों की मोटी रकम लेकर देखते हैं। सुबह नौ बजे से रात आठ बजे तक सरकारी चिकित्सक इन अस्पतालों में खुलेआम ओपीडी करते हैं दिख जाएंगे। इसकी जानकारी जिले के सभी अधिकारियों को भी है।इसके बावजूद कभी कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं सरकारी और वार्ड बॉय स्टाफ नर्स भी गांव में अपनी क्लीनिक का संचालन कर रहे हैं। गांव पीएचसी का एक फर्मासिस्ट भी कुछ अस्पतालों में जाकर मरीज की देखभाल करते हैं। स्थानीय लोगों ने इसकी कई बार शिकायत भी की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

# हुसैनिया कप में एनएस इंडियन ऑयल कहली ने सरायखवाजा को हराकर कप को किया अपने नाम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया ।** हुसैनिया कप टूर्नामेंट के चौथे दिन का पहला मुकाबला सरायख्वाजा और एनएस इंडियन ऑयल कहली के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एनएस इंडियन ऑयल कहली ने 8 ओवर में 103 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के ओपनर ईलू ने 53 रन और रोहित ने 31 रन की शानदार पारी खेली। सरायख्वाजा की ओर से आकाश ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरायख्वाजा की टीम ने 69 रन ही बना सकी। टीम के लिए सबसे अधिक गोलू ने 10 रन बनाए। इस तरह एनएस इंडियन ऑयल कहली ने यह मुकाबला 34 रनों से जीतकर कप को अपने नाम कर लिया। मैच के दौरान हुसैनिया कप के अध्यक्ष सरफराज अहमद उर्फ सानू तथा अनवर सिद्दीकी कमेंटेटर आदि मुख्य रूप से रहे।





● ● महाकुंभ भगदड़ ● ●

# अचानक बेरीकैडिंग तोड़ कर आई भीड़ और संगम तट पर सो रहे लोगों को रौंद गई

## ▶▶ श्रद्धालुओं ने बताया आंखों देखा हाल

लोकमित्र ब्यूरो

**महाकुंभनगर।** मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी में डुबकी लगाने के साथ अखाड़ों में साधु संतों के दर्शन की आस लिये संगम तट पर सो रहे श्रद्धालुओं को मंगलवार देर रात बैरीकेडिंग तोड़ कर आयी भीड़ ने रौंद दिया। इस हादसे में बाल बाल सकुशल बचे श्रद्धालुओं ने मेला क्षेत्र से निकलने के दौरान यह वृतांत सुनाया।

संगम क्षेत्र में इस घटना की प्रत्यक्षदर्शी कोलकाता से आई कृष्णा प्रसाद ने बताया कि संगम तट पर लोग सुबह होने की प्रतीक्षा में लेटे थे। तभी लोगों की भीड़ अखाड़ों के ÷अमृत स्नान÷ के लिए बने बैरिकेट को तोड़ते हुए घाट की तरफ बढ़ी और घाट पर लेटे श्रद्धालु भीड़ की चपेट में आ गए।

बरेली से आई पूर्व शिक्षिका सुमन सिंह ने कहा कि भाग्य भाग्य की बात है, ऐसा अवसर सभी को नहीं मिलता। इसीलिए हम गंगा माइया में स्नान करने पहुंची हूं। ऐसी अनहोनी की किसी ने कल्पना तक नहीं किया था , लगत है गंगा मइया को यही मंजूर था। यह बहुत बड़ा दुर्भाग्य है।



पता नहीं किसकी गलती की सजा इन लोगों को मिली।

जयपुर के बाडमेर निवसी सज्जन पुरखोलिया ने सेक्टर दो में बने मीडिया शिविर के सामने से जाते समय बातचीत में बताया कि 144 साल बाद यह पुण्य स्नान का अवसर है जिसे कोई भी गंवाना नहीं चाहता। यही वजह है कि देश दुनिया से लोग संगम के किनारे खुले आसमान के नीचे डेरा डालकर पड़े थे। तभी बैरिकेड तोड़कर आए जनसैलाब के




नीचे वे दब गए।

यह हमारा सौभाग्य था कि हम और हमारे साथ आए पांच लोग किसी तरह बच गए। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर फैले जूते चप्पल और लोगों के कपड़े घटना की कहानी बयां कर रहे हैं। घटना में कई महिलाओं समेत अनेक लोग घायल हो गए जिन्हें सुरक्षाकर्मी एंबुलेंस से अस्पताल ले गये हैं।

उन्होंने कहा कि अखाड़ों के नागा सन्यासियों का दर्शन करने की अभिलाषा से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम तट पर डटे रहे। मुझे लगता है कि बहुत भाग्यशाली हैं वे लोग जो गंगा के तट पर आकर मोक्ष को प्राप्त करते हैं। जिला प्रशासन को करोड़ों की भीड़ से हादसा होने की संभावना का अंदेशा पहले ही हो गया था।

यही वजह है कि प्रयागराज के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने छोटे लाउडस्पीकर से मुनादी करते हुए कहा कि सभी श्रद्धालु सुन लें..यहां लेटे रहने से कोई फायदा नहीं है। जो सोवत है, वो खोवत है। उठिए उठिए और स्नान करिए। आपके सुरक्षित रहने के लिए यह जरूरी है। बहुत लोग आएंगे और भगदड़ मचने की संभावना है। आप पहले आ गए हैं तो आपको सबसे पहले अमृत स्नान कर लेना चाहिए।

सभी श्रद्धालुओं से करबद्ध निवेदन है कि उठें.. उठें.. उठें और स्नान करके वापस जाएं।÷ इस बीच मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई है और चारों दिशाओं से श्रद्धालुओं का मेला क्षेत्र में आना जारी है।

# प्रयागराज बॉर्डर के 8 जिलों में 2 लाख वाहन रोके

## ▶▶ प्रतापगढ़-कौशांबी से पैदल ही निकले श्रद्धालु

### प्रतापगढ़ में 40 हजार वाहनों को रोका गया

**प्रयागराज।** प्रतापगढ़-प्रयागराज बॉर्डर पर पुलिस ने वाहनों को रोक दिया है। प्रशासन ने बॉर्डर से 5 किमी पहले पार्किंग बनाई है। सड़क से लेकर पार्किंग तक करीब 40 हजार वाहनों को खड़ा किया गया है। जिले में अलग-अलग करीब एक लाख श्रद्धालु रुके हैं।डीएम शिव सहाय अवस्थी और एसपी डॉ. अनिल कुमार ने एटीएल ग्राउंड का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों का कहना है कि स्थिति सामान्य होने तक यह प्रतिबंध जारी रहेगा।

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** महाकुंभ में भगदड़ के बाद प्रशासन ने प्रयागराज आ रहे श्रद्धालुओं को बॉर्डर के जिलों में ही रोक दिया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्पेशल ट्रेनें जहां पहुंची थीं, वहीं अगले आदेश तक के लिए रोक दी गई। इससे 8 जिलों में हाईवे पर 2 लाख से ज्यादा वाहनों का पहिया थम गया।इतना ही नहीं, इन जिलों में प्रयागराज जाने वाली बसों को बस स्टैंड पर ही रोक दिया गया। बॉर्डर पर वाहन रोके जाने से वाराणसी में 20 किमी लंबा जाम लग गया है। सुबह साढ़े तीन बजे गाड़ियां जहां की तहां खड़ी हैं। अन्य जिलों में भी हालात कुछ ऐसे ही हैं।कौशांबी प्रशासन ने श्रद्धालुओं के वाहन बॉर्डर पर रोक दिया है। श्रद्धालु पैदल ही महाकुंभ के लिए रवाना हो गए। जिले में 5 होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं। सड़क से पार्किंग तक 50 हजार से ज्यादा वाहन रोके गए हैं।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कोखराज थाने के सामने बने होल्डिंग एरिया में बाहर से आ रही गाड़ियों को रोका जा रहा है। यहां श्रद्धालुओं के लिए फ्री भोजन, चाय और नाश्ते की व्यवस्था की गई है।

# महाकुंभ में भगदड़ विपक्ष की साजिश तो नहीं- रवींद्र पुरी

**प्रयागराज।** महाकुंभ में मची भगदड़ को लेकर अब आरोप प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी ने भगदड़ के लिए विपक्षी दलों पर साजिश रचने की आशंका जैसा गंभीर आरोप लगा दिया है। उन्होंने सरकार से इस साजिश की जांच तक की मांग कर दी है। रविंद्र पुरी शाही स्नान के बाद शिविर में लौटते समय मीडिया से बात कर रहे थे। रविंद्र गिरि के आरोपों से ठीक पहले समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महाकुंभ को सेना के हवाले करने की मांग करते हुए सीएम योगी से इस्तीफा तक मांग लिया था। माना जा रहा है कि रविंद्र गिरि का इशारा अखिलेश यादव की ही तरफ था। उन्होंने महाकुंभ के लिए एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर तारीफ भी की।रविंद्र पुरी ने कहा कि आज महात्मा, नागा, संन्यासी सभी ने स्नान कर लिया है। आज का स्नान करना बहुत मुश्किल हो गया था। मुख्यमंत्री जी ने अपने हाथों में पूरी कमान ली। इसके बाद यहां पर व्यवस्था इतनी तेजी से दुरुस्त हो गई। सुबह की बजाए शाम में स्नान के सवाल पर कहा कि कोई बात नहीं है। सुबह हो या शाम हो, आज अमावस्या का स्नान है। आज रात का स्नान बहुत अच्छा स्नान है। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री और मेला प्रशासन के सहयोग से आज का स्नान बहुत बढ़िया हुआ है। अखिलेश यादव के महाकुंभ का प्रबंधन सेना को सौंपने की मांग पर रविंद्र पुरी ने कहा कि मैं समझता हूं कि यह विपक्ष की ही कोई साजिश होगी। यह जांच का विषय है कि कहीं विपक्ष ने ही कुछ ऐसा तो नहीं किया।

# चेंजिंग रूम का गेट भीड़ पर गिरने से हुई भगदड़- डीआईजी

**प्रयागराज।** महाकुंभ में मौनी अमावस्या के शाही स्नान से ठीक पहले मची भगदड़ के कारणों को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। महाकुंभ नगर के डीआईजी वैभव कृष्ण की मानें तो संगम तट पर बने चेंजिंग रूम का गेट भीड़ के दबाव में भीड़ के ही ऊपर गिरने के बाद भगदड़ मची है। हादसे के करीब 10 घंटे बाद किसी अधिकारी का भगदड़ के कारणों पर बयान आया है। हालांकि अभी तक मरने वालों की संख्या या मौतों को लेकर आधिकारिक रूप से किसी अधिकारी ने कुछ नहीं कहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जरूर एक्स पर लिखा कि प्रयागराज महाकुंभ में हादसा अत्यंत दुखद है।


# अखाड़ों का अमृत स्नान शुरू

## ▶▶ भगदड़ के कारण तय समय से दस घंटे बाद पहुंचे संगम

लोकमित्र ब्यूरो

**महाकुंभनगर।** महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर अखाड़ों का अमृत स्नान शुरू हो चुका है। देर रात हुई भगदड़ के कारण तय समय से करीब दस घंटे बाद नागा साधुओं का जत्था संगम पर पहुंचा है। सबसे पहले महानिर्वाणी अखाड़ा के साधु संतों और नागा साधुओं का दल स्नान करने संगम पहुंचा है। स्नान के दौरान हेलीकाप्टर से फूलो की बारिश भी कराई गई। भगदड़ के कारण सुबह अमृत स्नान को रद्द करने की घोषणा अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र गिरि ने की थी। लेकिन सीएम योगी से बातचीत और व्यवस्थाओं के ठीक होने पर अमृत स्नान करने का फैसला हुआ। इसके बाद प्रशासन से मिले शेड्यूल के अनुसार अखाड़ों का जत्था स्नान के लिए पहुंच रहा है।


नागा साधुओं के अमृत स्नान की यात्रा के दौरान हमेशा बड़ी संख्या में श्रद्धालु दोनों तरफ दिखाई देते थे। इस बार भगदड़ के कारण वह दृश्य देखने को नहीं मिल रहा है। दोनों तरफ केवल पुलिस और सुरक्षा बलों के जवान दिखाई दे रहे हैं। पहले अखाड़ों का स्नान भोर में पांच बजे से शुरू होना था। इससे कुछ घंटे पहले मची भगदड़ और उसमें हुई मौतों के





कारण स्नान टल गया। पहले तो इसे रद्द करने की ही घोषणा हो गई थी। इसके बाद मेला अधिकारी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बातचीत के बाद अखाड़ों ने स्नान का ऐलान कर दिया।

कहा जा रहा है कि नागा साधुओं के अमृत स्नान और जुलूस को देखने के चक्कर में भी कुछ लोगों ने अपनी जान भगदड़ में गंवाई है। सोमवार की देर रात ही यहां पहुंच चुके श्रद्धालु संगम के किनारे ही चद्दर आदि बिछाकर आराम कर रहे थे। इन लोगों ने भोर में नागा साधुओं का जुलूस देखने की



लालसा में ही पूरी रात संगम पर बिताने का फैसला किया था। माना जा रहा है कि इस लालसा के कारण भी संगम नोज पर भीड़ ज्यादा हो गई



थी। जब लोग आते गए और पीछे से धक्का शुरू हुआ तो जमीन पर आराम कर रहे लोगों पर ही गिरते गए। इसके बाद तो कोई कुछ नहीं कर सका।

# अवधेशानंद गिरि ने किया महाकुंभ स्नान

## ▶▶ राम देव-हेमा मालिनी ने लगाई डुबकी



लोकमित्र ब्यूरो

**महाकुंभनगर।** महाकुंभ में मौनी अमावस्या के मौके पर भगदड़ मचने के बाद अखाड़ों ने अपना शाही स्नान रद्द कर दिया था।

हालांकि श्रद्धालुओं का अन्य घाटों पर स्नान जारी रहा। प्रशासन ने सुरक्षा बढ़ाते हुए भक्तों के स्नान के इंतजाम किए। इसके बाद प्रभु प्रेमी संघ कुंभ शिविर में जूनापीठाधीश्वर महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज ने सादगी से गंगा स्नान किया। स्वामी अवधेशानंद गिरि ने बुधवार को बेहद सादगी से स्नान किया। उनके साथ अभिनेत्री और राजनेता हेमा मालिनी और योग गुरु बाबा रामदेव भी रहे।

अभिनेत्री और राजनेता हेमा मालिनी ने बुधवार को मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाने के बाद अपना आभार व्यक्त किया। मुझे अच्छा महसूस हो रहा है। ऐसा अनुभव मुझे पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा आज बहुत खास दिन है और मैं पवित्र स्नान करने के लिए भाग्यशाली हूं। इस शुभ अवसर पर मुझे यहां स्नान करने का मौका मिला, ये मेरा सौभाग्य है। बहुत ही अच्छा लगा है, इतने करोड़ लोग आये हैं, यहां मुझे भी स्थान मिला, नहाने का। धन्यवाद।

# 30 मौतों की जांच न्यायिक आयोग करेगा- योगी

## ▶▶ मृतकों के परिजन को 25-25 लाख का मुआवजा

लोकमित्र ब्यूरो

**महाकुंभनगर।** सीएम योगी ने महाकुंभ भगदड़ पर प्रतिक्रिया दी है। इस दौरान वह काफी भावुक दिखे। उन्होंने कहा कि 30 के आस-पास मौतें हुई हैं। मैं इस घटना से बहुत दुखी हूं। मेरी संवेदना सभी मृतकों के परिजन के साथ है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख की आर्थिक मदद की घोषणा की। न्यायिक जांच के आदेश भी दिए।

योगी ने कहा कि घटना की न्यायिक जांच के लिए हमने जस्टिस हर्ष कुमार, पूर्व डीजी वीके गुप्ता और रिटायर्ड आईएएस डीके सिंह की अध्यक्षता में 3 सदस्यीय न्यायिक आयोग बनाया है। उन्होंने बताया कि 36 घायलों का इलाज प्रयागराज के अस्पताल में चल रहा है। पुलिस,



एनडीआरएफ और बचाव दलों ने घायलों को अस्पताल भेजा। प्रशासन सभी बंद मार्गों को खुलवाने में तत्परता से लगा रहा। मुहूर्त सुबह 4 बजे से था। प्रशासन के अनुरोध पर अखाड़ों ने अमृत स्नान स्थगित कर दिया।महाकुंभ में 8 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे। मिर्जापुर, भदोही, जौनपुर जिलों में होडिंग बनाकर श्रद्धालुओं को रोका गया। जब सभी अखाड़े स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं को छोड़ा जा रहा है।सीएम योगी ने भावुक होते हुए कहा- मैं इस घटना से बहुत दुखी हूं। उत्तर मौनी अमावस्या पर पवित्र स्नान करने के लिए कल शाम 7 बजे से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज में एकत्र हुए थे। अखाड़ा मार्ग पर एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई, जिसमें 90 से अधिक लोग घायल हो गए और 30 लोगों की मौत हो गई।प्रयागराज में 36 लोगों का इलाज चल रहा है। यह घटना इसलिए हुई क्योंकि भीड़ ने अखाड़ा मार्ग की बैरिकेडिंग तोड़ दी थी। रेलवे स्टेशन पर व्यवस्थाएं की गई थीं। 300 से ज्यादा ट्रेनें चलाई जा रही हैं। 8 हजार से अधिक बसें लगी थीं। सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित घर पहुंचाया जा रहा है। सभी शंकराचार्य, महामंडलेश्वर और अखाड़ों ने सहयोग किया।

# चार शंकराचार्यों ने किया अमृत स्नान



लोकमित्र ब्यूरो

**महाकुंभनगर।** मौनी अमावस्या पर देश की चारों दिशाओं से महाकुम्भ में पधारे शंकराचार्यों ने त्रिवेणी में अमृत स्नान किया। उन्होंने गंगा मइया से सभी के कल्याण की कामना की है। गोवर्धन मठ पुरी के पीठाधीश्वर शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती सुबह 11 बजे अपने निजी सचिव स्वामी निर्विकल्पानंद सरस्वती, आचार्य विवेक मिश्र, ऋषिकेश ब्रह्मचारी, प्रफुल्ल चैतन्य ब्रह्मचारी, डॉ राजेश ब्रह्मचारी के साथ गंगा तट पहुंचे और गंगा को प्रणाम कर स्नान किया। वहीं शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती तथा शृंगेरी पीठ के



शंकराचार्य स्वामी विधु शेखर भारती सरस्वती मंगलवार रात 12 बजे अपने शिविरों से निकल कर झूसी सेक्टर 22 स्थित भारतीयम ज्योतिषपीठ पहुंच गए थे। रात्रि विश्राम वही पर किया। सुबह संगम नोज पर भगदड़ की जानकारी होने पर तीनों शंकराचार्यों ने स्नान को स्थगित कर दिया था। हालांकि प्रशासन के अनुरोध पर बुधवार दोपहर तीनों शंकराचार्यों को एक दर्जन शिष्यों के साथ वाहन से अरैल ले जाया गया और बोट से संगम में अमृत स्नान कराया गया। हादसे को लेकर सभी शंकराचार्यों ने गहरा दुःख जताया है। उन्होंने मेला में आने वाले सभी तीर्थयात्रियों की कुशलता के लिए अपना आशीर्वाद दिया है।

# प्रशासन ने कहा हादसे में 30 लोग मारे गए 90 हुए घायल, 25 मृतकों की हुई पहचान, भीड़ द्वारा बैरीकेटिंग तोड़े जाने के कारण हुआ हादसा

लोकमित्र ब्यूरो

**महाकुंभनगर।** बुधवार देर शाम मेलाधिकारी विजय किरण आनंद और डीआईजी वैभव कृष्ण ने मौनी अमावस्या के पर्व पर संगम नोज में हुए हादसे की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ब्रह्म मुहूर्त से पूर्व प्रातः एक बजे से 2 बजे के बीच मेला क्षेत्र में अखाड़ा मार्ग पर भारी भीड़ का दबाव बना।

भीड़ के दबाव के कारण दूसरी ओर के बैरीकेड्स टूट गए और लोग बैरीकेड्स लांघकर दूसरी तरफ आ गए और ब्रह्म मुहूर्त पर स्नान का इंतजार कर रहे श्रद्धालुओं को कुचलना शुरू कर दिया।

शासन ने तत्काल राहत और बचाव कार्य करते हुए भीड़ को हटाया और एंबुलेंस के माध्यम से लगभग 90 घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया, लेकिन इसमें से दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से 30 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई है।

इनमें से 25 की पहचान हो चुकी है और शेष की शिनाख्त की जानी बाकी है।

उन्होंने कहा कि मृतकों में कुछ लोग बाहर के प्रदेशों से हैं, जिसमें कर्नाटक से 4, असम से एक, गुजरात से एक है। कुछ घायलों को परिवार के लोग लेकर चले गए हैं तथा 36 घायलों का इलाज स्थानीय मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला प्रशासन के द्वारा हेल्पलाइन नंबर 1920 जारी किया गया है।

इस समय स्थिति सामान्य है। 29 जनवरी को शासन ने सख्त निर्देश दिए थे कि कोई भी वीआईपी प्रोटोकॉल नहीं होगा।

आज मेला प्रशासन ने वीआईपी प्रोटोकॉल इंटरटेन नहीं किया।

जो भी मुख्य स्नान पर्व हैं उस पर कोई वीआईपी प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### रोजाना वीवीआईपी की आमद से प्रभावित होता है लॉ एण्ड आर्डरः राजद

**लखनऊ।** महाकुंभ में रात्रि 1बजे भगदड़ की घटना बहुत दुखद है। श्रद्धालुओं की मौतें हुई और उन्हें नुकसान हुआ है,यह एक बहुत बड़ी दुर्घटना है। राजद के वरिष्ठ प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव अंगारा ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि हादसे मैं दुखी हूं ईश्वर से उनकी आत्मा और शान्ति के लिए प्रार्थना करता हूं, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं । उन्होंने कहा,मेरी समझ से वीवीआईपी का प्रतिदिन आना जाना लॉ एण्ड आर्डर को प्रभावित करता है, प्रशासन को इस विषय पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। घ्प्रदेश सरकार को भविष्य के लिए सचेत हो जाना चाहिए, व्यवस्था स्वस्थ और दुरुस्त होना चाहिए।सरकार को हर संभव सहायता उन पीड़ित और मृतक श्रद्धालुओं को पहुंचाना चाहिए।

### आरपीआई ने की महाकुंभ भगदड़ में मृतक श्रद्धालुओं को 50-50 लाख मुआवजे की मांग

**लखनऊ।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफइंडिया आठवले उत्तर प्रदेश ने योगी सरकार से महाकुंभ में मची भगदड़ में हताहत श्रद्धालुओं के परिजनों को 50-50 लाख रुपए का मुआवजा देने की माँग की है। आरपीआई के प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने कहा कि महाकुंभ में हुई भगदड़ में कई लोगों के हताहत होने की खबर दुर्भाग्यपूर्ण है। ईश्वर मृतकों को अपने श्रीचरणों में स्थान दे। पिछले कई दिनों से महाकुंभ में प्रशासन की लापरवाही एवं अव्यवस्था की खबरें आ रही थी और अब मौनी अमावस्या स्नान पर श्रद्धालुओं की मौत बेहद दुःखद है। उत्तर प्रदेश सरकार मृतकों के परिजनों को 50-50 लाख का मुआवजा दे एवं घायलों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दें। मृतकों के शवों को उनके परिजनों को सौंपकर उन्हें उनके निवास स्थान पर भेजने की समुचित व्यवस्था की जाये। गंभीर रूप से घायलों को बेहतरीन इलाज मुहैया कराया जाये।

### अब बस करो, योगी जी इस्तीफा दोः भाकपा

**लखनऊ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डा. गिरीश एवं राज्य सचिव का. अरविन्द राज स्वरूप ने श्अव्यवस्थाओं के महाकुम्भश् में बड़े पैमाने पर हुयी जनहानि पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि और प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाओं का इजहार किया है। भाकपा नेताओं ने कहा कि शुरू के दिन से ही कुम्भ अव्यवस्थाओं, लंपटई और भ्रष्टाचार का शिकार रहा। डबल इंजन सरकार, भाजपा और उसके सहयोगी संगठनों ने हर प्रयास किया कि अधिकाधिक लोग कुम्भ में पहुंचें। जबकि भीड़ को संभालने के लिए व्यवस्थाएं बेहद लचर थीं तो भयंकर हादसा तो होना ही था।नेताद्वय ने कहा,अब बस करो, योगी आदित्यनाथ इस्तीफा दो! अभियान सबको साथ लेकर चलाया जायेगा। भाकपा ने प्रत्येक मृतक आश्रित को 50 लाख की सहायता राशि प्रदान करने तथा घायलों का संपूर्ण इलाज कराने की मांग उत्तर प्रदेश सरकार से की है।

### बसंत पंचमी को होगा अगला अमृत स्नान

**लखनऊ।** संगम स्थली में अमृत स्नान से पहले भगदड़ मचने के बाद विभिन्न अखाड़ों ने मौनी अमावस्या के स्नान को रद्द कर दिया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ मेले की स्थिति के बारे में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से बात की है।महाकुंभ में देर रात करीब एक बजे भारी संख्या में लोगों की भीड़ संगम पर उमड़ पड़ी,जिसको संभालना प्रशासन के लिए भी मुश्किल हो गया, जिसके बाद वहां पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। घटनाक्रम की समीक्षा की तथा तत्काल सहायता उपाय करने के निर्देश दिए है वहीं अब अगला अमृत स्नान वसंत पंचमी को होगा।

### प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के लिए मांगे गए आवेदन

**लखनऊ।** मत्स्य विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की विभिन्न मात्स्यिकी परियोजनाओं के लाभ से जनसामान्य को आच्छादित करने के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु 01 फरवरी से 15 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। इसके लिए विभागीय पोर्टल पर आवेदन किया जा सकेगा। योजनान्तर्गत परियोजनाओं का विवरण, इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण विभागीय पोर्टल पर देखा जा सकता है। निदेशक मत्स्य एनएस रहमानी ने बताया कि मत्स्य विभाग के जनपदीय, मण्डलीय कार्यालय व मत्स्य निदेशालय से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने भगदड़ की घटना पर शोक व्यक्त किया

**लखनऊ।** जदयू उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने प्रयाग राज में चल रहे महाकुंभ में मोनी अमावस्या के अमृत स्नान के पहले मंगलवार रात को मचे भगदड़ की वजह से हुए जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है। साथ ही में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि इस दुखद घटना की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए साथ ही घायलों, गंभीर रूप से घायल एवं मृतकों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाये। अनूप सिंह पटेल ने लोगों से अपील की है मौनी अमावस्या जैसी भीड़ भाड़ वाले दिनों में कुम्भ में स्नान ना करके किसी और आम दिनों में स्नान कर प्रशासन का सहयोग करें।

### मौनी अमावस्या पर 50 श्रद्धालुओं के घायल होने की आशंका

**लखनऊ।** मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में भगदड़ मच गई। इस घटना में अभी तक कई लोगों के घायल और जान जाने की सूचना मिली है। आशंका जताई जा रही है कि इस हादसे में 17 से अधिक श्रद्धालुओं की मौत हो गई है, जबकि 50 से अधिक लोग घायल हो गए है। वहीं इस हादसे पर बसपा प्रमुख मायावती ने गहरा दुख जताया है। मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर दुख प्रकट किया है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, भगदड़ अत्यंत दुखद और श्रद्धालुओं के हताहत होने की खबर हृदयविदारक है। ईश्वर मृतकों की आत्मा को शांति दे और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना। शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदना।÷ उन्होंने सरकार से राहत कार्यों में तेजी लाने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पुख्ता व्यवस्था करने की मांग की।

# सीएम ने अधिकारियों के साथ की हाईलेवल मीटिंग

कहा, बैरिकेड फांदने की कोशिश में कुछ श्रद्धालु घायल हुए

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज महाकुंभ में हुई भगदड़ की घटना के बाद लखनऊ में एक उच्च स्तरीय बैठक की और कहा कि बैरिकेड्स फांदकर आने की कोशिश में कुछ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हुए हैं।सीएम योगी ने राजधानी लखनऊ में प्रदेश के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, गृह विभाग के प्रमुख सचिव तथा अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। लोकमित्र ब्यूरोओं से बातचीत में आदित्यनाथ ने कहा, प्रातः काल से ही श्रद्धालुजन स्नान कर सकें, इसके लिए यहां पर हम लोगों की उच्च स्तरीय बैठक चल रही है। उन्होंने बताया, प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। रात में एक से दो बजे के बीच अखाड़ा मार्ग पर जहां से अमृत स्नान की दृष्टि से बैरिकेड्स लगाए गए थे, उन बैरिकेड्स को फांदकर आने में कुछ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उपचार की व्यवस्था की गई है। उनमें से कुछ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री ने सुबह से ही लगभग चार बार फोन करके हाल-चाल लिया है। इसके अलावा गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी लगातार संपर्क में हैं तथा सभी के कुशलक्षेम और सकुशल स्नान करने के बारे में निरंतर जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रयागराज में वर्तमान में हालात नियंत्रण में हैं लेकिन भीड़ का दबाव बहुत है। अखाड़ा परिषद से जुड़े हुए पदाधिकारियों के साथ मैंने खुद भी बातचीत की है। आचार्य, महामंडलेश्वरों और पूज्य संतों के साथ भी बातचीत हुई है और उन्होंने बड़ी ही विनम्रता के साथ कहा है कि श्रद्धालु जन पहले स्नान करेंगे और फिर जब उनका दबाव कुछ कम होगा और वे सकुशल वहां से निकल जाएंगे तब हम लोग स्नान करने के लिए संगम की तरफ जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा, आज सुबह साढ़े आठ बजे तक लगभग तीन करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं और यह सिलसिला जारी है लेकिन संगम नोज, अखाड़ा मार्ग और नाग वासुकी मार्ग पर लगातार दबाव बना हुआ है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन मुस्तैद है। मेरी प्रदेशवासियों, देशवासियों और सभी श्रद्धालुओं से भी अपील है कि वे अफवाह पर ध्यान ना दें। संयम से काम लें। यह आयोजन सभी लोगों का है। प्रशासन उनकी सेवा के लिए पूरी तत्परता से लगा हुआ है। केंद्र और राज्य सरकार पूरी मजबूती के साथ वहां पर हर प्रकार का सहयोग करने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने स्नानार्थियों से अपील करते हुए कहा, जहां पर हैं आप, लगभग 15 से 20 किलोमीटर के दायरे में अस्थाई घाट बनाए गए हैं उसमें कहीं भी आप स्नान कर सकते हैं। आवश्यक नहीं है कि संगम नोज की तरफही आएं। भीड़ को देखते हुए खास तौर पर जो बुजुर्ग हैं, बच्चे हैं, सांस के रोगी है उनको लंबी दूरी तय नहीं करनी चाहिए और जो नजदीक के घाट हैं वहीं पर स्नान करेंगे। सब गंगा जी के घाट हैं और गंगा जी के उस भाग में भी वही पुण्य प्राप्त होगा। आदित्यनाथ ने कहा, देर रात्रि तक अमृत स्नान का मुहूर्त है। मौनी अमावस्या का मुहूर्त पूरी रात्रि है। आवश्यक नहीं है कि हम केवल अभी स्नान करेंगे। सभी से मेरी विनम्र अपील होगी कि अगर श्रद्धालुगण सहयोग करेंगे तो सभी को सकुशल स्नान करने में और इस महापर्व का आयोजन करने में प्रशासन को और शासन को मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रातः काल से लगभग 40 मेला स्पेशल ट्रेन प्रयागराज और अन्य स्टेशनों से श्रद्धालुओं को स्नान करने के बाद लेकर गंतव्य की ओर आगे बढ़ी हैं।

# महाकुंभ में मची भगदड़ पर अखिलेश ने उठाए सवाल

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रयागराज महाकुंभ में मची भगदड़ की घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बुधवार को कहा कि महाकुंभ के प्रबंधन की जिम्मेदारी तत्काल सेना को सौंप देनी चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि महाकुंभ में श्विश्व स्तरीय व्यवस्था का दावा करने वाले लोगों को भगदड़ की घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपना पद त्याग देना चाहिए। यादव ने महाकुंभ में मची भगदड़ पर दुख व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, महाकुंभ में आए संत समाज और श्रद्धालुओं में व्यवस्था के प्रति पुनर्विश्वास जगाने के लिए यह आवश्यक है कि उप्र शासन-प्रशासन के स्थान पर महाकुंभ का प्रशासन और प्रबंधन तत्काल सेना को सौंप देना चाहिए। उन्होंने कहा, विश्वस्तरीय व्यवस्था करने वाले दावों की सच्चाई अब जब सबके सामने आ गयी है, तो जो लोग इसका दावा और मिथ्या प्रचार कर रहे थे, उन्हें इस हादसे में लोगों के हताहत होने की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपना पद त्याग देना चाहिए। इससे पहले एक्स पर ही एक अन्य पोस्ट में सपा प्रमुख ने कहा, महाकुंभ में अव्यवस्थाजन्य हादसे में श्रद्धालुओं के हताहत होने का समाचार बेहद दुखद है। उन्होंने इसी संदेश में आगे कहा, हमारी सरकार से अपील है कि गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को एअर एंबुलेंस की मदद से निकटतम सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों तक पहुंचाकर तुरंत चिकित्सा व्यवस्था की जाए। मृतकों के शवों को चिन्हित करके उनके परिजनों को सौंपने और उन्हें उनके निवास स्थान तक भेजने का प्रबंध किया जाए। जो लोग बिछड़ गये हैं, उन्हें मिलाने के लिए त्वरित प्रयास किये जाएं। हेलीकाप्टर का सदुपयोग करते हुए निगरानी बढ़ाई जाए। यादव ने कहा, सतयुग से चली आ रही 'शाही स्नान की अखण्ड-अमृत परंपरा को निरंतर रखते हुए, राहत कार्यों के समानांतर सुरक्षित प्रबंधन के बीच 'मौनी अमावस्या के शाही स्नान को संपन्न कराने की व्यवस्था की जाए।

# भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन 5 से 23 फरवरी तक होगा

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।**भारत-नेपाल की साझी सांस्कृतिक विरासत को बरकरार रखने की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए संस्कृतिक विभाग इस वर्ष भी भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन कर रहा है। महोत्सव में मित्र राष्ट्र नेपाल और उत्तर प्रदेश के कलाकार संगीत, लोक गीत व नृत्य पेश करेंगे। भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव सांस्कृतिक यात्रा 5 फरवरी को सिद्धार्थनगर से प्रारंभ होकर महाराजगंज, कुशीनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी होते हुए 23 फरवरी को पीलीभीत में समाप्त होगी। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश के तराई सीमा क्षेत्र के जनपदों में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन स्थानीय जिला प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य सीमावर्ती जनपदों में युवा पीढ़ी एवं विद्यार्थियों के बीच प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना एवं देश प्रेम की भावना को बढ़ावा देना है। यह महोत्सव दोनों देशों की सदियों प्राचीन संबंधों और साझी संस्कृति, और पारंपरिक संबंधों को बढ़ावा देता है। इसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, कला प्रदर्शन, संगीत, नृत्य, और पारंपरिक भोजन की विशेषताएं शामिल हैं। दोनों देशों के नागरिकों को एक मंच पर लाने का अवसर प्रदान करता है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि महोत्सव के कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था के लिए संबंधित जनपदों के जिला अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव सांस्कृतिक यात्रा 5 व 7 फरवरी को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, सिद्धार्थनगर, 11 फरवरी को जवाहर लाल नेहरू पी.जी कॉलेज, महराजगंज, 13 फरवरी को बुद्ध पी.जी महाविद्यालय, कुशीनगर, 15 फरवरी को एस.एस.बी. ग्राउंड, बलरामपुर, 17 फरवरी को जगजीत इंटर कॉलेज, श्रावस्ती, 19 फरवरी को लार्ड बुद्धा इंटर कॉलेज, बहराइच, 21 फरवरी को राजकीय एकलव्य आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज व एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना परिसर, लखीमपुर खीरी और 22-23 फरवरी को गांधी स्टेडियम प्रेक्षागृह ड्रमण्ड इंटर कॉलेज, पीलीभीत में समाप्त होगा।

# हर मतदाता से संपर्क व संवाद जरूरीः धर्मपाल

धर्मपाल सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया बूथ विजय का मंत्र

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने मिल्कीपुर के केरला पब्लिक स्कूल में कार्यकर्ताओं को बूथ विजय का मंत्र दिया। उन्होंने मंडल अध्यक्ष, प्रवासी, प्रभारी तथा चुनाव में लगाए गए पदाधिकारियों से चुनावी कार्यों की रिपोर्ट ली। बैठक में धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर शत प्रतिशत विजय की रणनीति बनाकर काम करना है। हर घर तथा हर मतदाता से संपर्क व संवाद करना है। केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं, ऐतिहासिक निर्णयों की जानकारी हमें घर-घर पहुंचना है। एकजुटता के साथ परिश्रम कर चुनाव में बड़ी जीत सुनिश्चित करना है। सभी मिलकर योजनाबद्ध होकर बूथ विजय की अभेद्य रणनीति पर काम करें। उन्होंने कहा कि चुनाव की जीत में बूथ के पदाधिकारी व पन्ना प्रमुखों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। मतदाताओं को संपर्क और संवाद से भाजपा के पक्ष में जोड़ना तथा शत प्रतिशत मतदान के लिए सभी को प्रेरित भी करना है। मोर्चो, विभाग व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी अपने अपने बूथ पर सक्रियता बढ़ाकर लोगों तक पहुंचे। अपने बूथ पर विजय दिलाने की जिम्मेदारी निभानी है। पन्ना प्रमुख अपने क्षेत्र मे आने वाले मतदाताओं से रोजाना किसी न किसी माध्यम से चर्चा अवश्य करें। पदाधिकारियों को आपसी सामंजस्य के साथ चुनावी रणनीति तैयार करनी है। बूथ कमेटियों की बैठकों के माध्यम से प्रतिदिन की योजना तैयार करके काम करना है। भाजपा बहुत बड़ी जीत की ओर बढ़ रही है। जीत का अंतर और अधिक हो इसके लिए बूथ पदाधिकारी व सेक्टर प्रमुख चुनाव को लेकर सक्रिय रहें। पार्टी कार्यक्रमों व जनसम्पर्क से लेकर रोजाना आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर साझा किया जाए।बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सूर्य प्रताप शाही, जेपीएस राठौर, मयंकेश्वर शरण सिंह, दयाशंकर मिश्र दयालु, सतीश शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, एमएलसी अवनीश पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक रामचंद्र यादव, वेद प्रकाश गुप्ता, अमित सिंह चौहान, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ, रामू प्रियदर्शीला, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अवधेश पाण्डेय बादल, ओम प्रकाश सिंह, कमला शंकर पाण्डेय, अभिषेक मिश्र, सहकारी बैंक के सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मंत्री राकेश सचान ने किया खादी एक्सपो-2025 का शुभारंभ

120 से अधिक स्टॉल, खादी और हस्तशिल्प उत्पादों की अनूठी प्रदर्शनी

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ के केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में आज मण्डल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग एक्सपो-2025 का भव्य उद्घाटन किया गया। यह 15 दिवसीय प्रदर्शनी 27 जनवरी से 10 फरवरी तक उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, लखनऊ द्वारा आयोजित की जा रही है। उद्घाटन समारोह में खादी एवं ग्रामोद्योग, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम निर्यात प्रोत्साहन, रेशम उद्योग एवं वस्त्र उद्योग मंत्री राकेश सचान ने एक्सपो का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर खादी और ग्रामोद्योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।मुख्य अतिथि राकेश सचान ने अपने संबोधन में कहा कि खादी एवं ग्रामोद्योग के उत्पादों और योजनाओं को जनसामान्य तक पहुँचाने और उनकी गुणवत्ता के लिए सरकार सतत प्रयास कर रही है। खादी एवं ग्रामोद्योग सेक्टर के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में 3,90,267 व्यक्तियों को रोजगार मिला, जो पिछले वर्ष की तुलना में 21 फीसदी अधिक है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 66,640 नवयुवकों एवं नवयुवतियों को रोजगार एवं टूलकिट्स वितरण के माध्यम से स्वरोजगार उपलब्ध कराया गया है। खादी को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर युवा पीढ़ी को आकर्षित किया जा रहा है, और निफ्ट जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं के सहयोग से खादी परिधान तैयार किए जा रहे हैं।सरकार खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों जैसे फ्लिपकार्ट और अमेजन से जोड़ रही है, ताकि उद्यमियों को व्यापक बाजार मिल सके। कार्यक्रम के अंत में बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार ने कहा कि खादी बोर्ड की योजनाओं को जनसामान्य तक पहुँचाने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने और कम पूंजी निवेश में अधिक रोजगार उत्पन्न करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।इस वर्ष प्रदेश के 18 मण्डलों में खादी एवं ग्रामोद्योगी प्रदर्शनियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लखनऊ मण्डल के इस एक्सपो में 120 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के अलावा महाराष्ट्र, बिहार, उत्तराखंड, झारखंड, पश्चिम बंगाल और राजस्थान जैसे राज्यों से आए उद्यमियों ने अपने उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शन किया। सहारनपुर के नक्काशीदार फर्नीचर, भदोही के कालीन, कन्नौज के मिट्टी के बर्तन, प्रतापगढ़ का आँवला मुरब्बा, कानपुर का हैंडीक्राफ्ट, अमरोहा की चादरें, सीतापुर के तौलिये एवं दरी, उन्नाव की बेकरी एवं जैकेट, मऊ के पर्दे, लखनऊ का शुद्ध रॉयल हनी, वाराणसी की सिल्क साड़ियाँ, बीकानेर के पापड़ एवं नमकीन, उत्तराखंड के ऊनी वस्त्र तथा गुजरात व राजस्थान के हस्तशिल्प से निर्मित परिधान प्रमुख आकर्षण रहे।कार्यक्रम में मण्डल स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# महाकुंभ की घटना पर यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने जताया दुख

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कांग्रेस अजय राय ने महाकुंभ में भगदड़ के कारण मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने इस घटना को लेकर सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा सरकार ने जिस तहर महांकुभ में वीआईपी कल्चर को महत्व दिया यह विल्कुल निंदनीय है।

लोगों के सामने जिस तरह से विज्ञान दिखाया इस प्रकार से किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं की गई केवल सरकार ने दिखावा किया है। सरकार को पता था कि मौनी अमावस्या पर भारी होगी उसके बावजूद भी उस प्रकार से व्यवस्था नहीं की गई। सरकार ने केवल मंत्रियों के लिए वीआईपी व्यवस्था की गई थी। अजय राय ने कहा कि यह हादसा सावित करता है कि सरकार कर सारी व्यवस्था फेल हो चुकी है। उन्होंने इस दुखदरू घटना पर दुख व्यक्त और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से हर संभव लोगों की मदद की अपील की और साथ ही सरकार से मांग करते हुए कहा कि मृतक श्रद्धालुओं के शव को उनके घर सम्मान के साथ पहुंचाया जाय। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ के कारण कई लोगों की मौत और कईयों के घायल होने की खब्बर अत्यंत दुखद है। शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं। इस दुखद घटना के लिए कुप्रबंधन, बदइंतजामी और आम श्रद्धालुओं की जगह वीआईपी मूवमेंट पर प्रशासन का विशेष ध्यान होना जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, अभी महाकुंभ का काफी समय बचा हुआ है, कई और महास्नान होने हैं। आज जैसी दुखद घटना आगे न हो इसके लिए सरकार को व्यवस्था में सुधार करना चाहिए।

वीआईपी कल्चर पर लगाम लगनी चाहिए और सरकार को आम श्रद्धालुओं के जरूरतों की पूर्ति के लिए बेहतर इंतजाम करने चाहिए।

# बीच बार-बार हो रहा अखिलेश यादव का जिक्र

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रयागराज महाकुंभ मेला भगदड़ की घटना के बीच समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव का बार-बार जिक्र हो रहा है। सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी से लेकर शिवसेना प्रवक्ता संजय राउत ने भी सपा सरकार में 2013 में हुए महाकुंभ की तारीफ की है।उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की सरकार में सबसे बेहतर कुंभ हुआ था। रामपुर से सपा सांसद मोहिबुल्ला नदवी ने घटना के लिए प्रशासन को जिम्मेदारी ठहराया और कहा कि प्रशासन को अलर्ट पर रहना चाहिए था। योगी जी खुद एक मजहबी आदमी है उनके होते हुए इतनी बड़ी भूल हो गई यह समझ में नहीं आ रहा है। कुछ श्रद्धालु 2013 में सपा के वक्त जो कुंभ का आयोजन हुआ था उसको याद कर रहे हैं।नदवी ने कहा कि जिस जगह पर इतने ज्यादा लोग हों वहां सबको एक बराबर देखना चाहिए। इंसान होते के नाते सभी बराबर हैं। वीआईपी ट्रीटमेंट की वजह से यह हुआ है तो ये बेहद अफसोसजनक है। सपा सांसद वीरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रशासन भीड़ का अंदाजा लगाने में चूक गया। उन्होंने प्रयागराज के सपा कार्यकर्ताओं से अपील की कि वो मिलकर श्रद्धालुओं की मदद के लिए पूरी तरह तत्पर रहे और प्रशासन का भी सहयोग करें। शिवसेना प्रवक्ता संजय राउत का भी बयान आया है। उन्होंने भी महाकुंभ की व्यवस्था को लेकर योगी सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आड़े हाथों लिया। 1954 में पंडित नेहरू ने खुद कुंभ मेले की व्यवस्थाओं की जांच की थी लेकिन आज के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री उस तरह सक्रिय नहीं दिख रहे। अखिलेश यादव के कार्यकाल का कुंभ मेला सबसे बेहतर था, ऐसा श्रद्धालु खुद कहते हैं। दूसरे दलों का भी आयोजन में शामिल किया जाता तो हालात इतने खराब नहीं होते।

# त्रासदी, सरकार की असफलता और प्रशासनिक कुप्रबंधन का प्रतीकः लोकदल

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** कुंभ भगदड़ में लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि ÷महाकुंभ में यह हादसा अत्यंत दर्दनाक और असहनीय हैं। महाकुंभ में भगदड़ और श्रद्धालुओं की मौत की खबर भयावह पीड़ादायक है। परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। यह त्रासदी सरकार की असफलता और प्रशासनिक कुप्रबंधन का प्रतीक है। शुरुआत से ही सरकार का ध्यान आम जनता की बजाय वीवीआईपी सेवाओं पर लगा हुआ था। वीवीआईपी लोग गाड़ियों से सीधे नदी के तट तक पहुंचे, जबकि आम लोग लंबा सफर पैदल तय करने को मजबूर हुए। सबसे शर्मनाक है कि सरकार अब तक मृतकों की सही संख्या जारी नहीं कर पाई, जो उनकी असंवेदनशीलता दर्शाता है। 10,000 करोड़ रुपये का बड़ा हिस्सा सिर्फ 2 लोगो वाली फोटो और उनके प्रचार में खर्च हुआ, जबकि सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की अनदेखी की गई। सरकार को अब दिखावे से हटकर आम जनता की सुरक्षा पर ध्यान देना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आगे ऐसी त्रासदी न हो। जनता को प्रचार नहीं लोगो को सुरक्षा की जरूरत है।

# आईटीबीपी 26 बच्चों के दल पहुंचा लखनऊ



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लेह के न्यामा तहसील के छात्र फुंसुक, कुनखेना, रिंजिन और उनके सभी साथी पहली बार लखनऊ आए हैं। गोमतीनगर स्थित यूपी दर्शन पार्क में इनकी मुलाकात समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सर्वोदय विद्यालय के बच्चों से हुई तो पहले कुछ झिझक थी। लेकिन कुछ देर में बच्चों ने आपस में बातचीत का सिलसिला शुरू किया तो एक दूसरे के रहन सहन, स्कूल की शिक्षा सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा शुरू हुई। सर्वोदय विद्यालय के बच्चों ने पार्क में लगी कलाकृतियों के बारें में एक एक कर बताना शुरू किया तो लेह के सभी बच्चे ध्यान से सुनने लगे। पार्क में घूमकर बच्चों ने न सिर्फयूपी को जाना बल्कि यहां की कला और संस्कृति से भी परिचित हुए। एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत सुदूर दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में रहने वाले बच्चे देश की कला, संस्कृति और शिक्षा से परिचित हों, इसके लिए आईटीबीपी द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत भारत दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसके अंतर्गत 26 छात्र छात्राओं और दो शिक्षकों का एक दल केंद्र शासित प्रदेश लेह के न्यामा तहसील से उत्तर प्रदेश आया है। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के निर्देश पर आज सभी मेहमान बच्चों को यूपी दर्शन पार्क ले जाया गया। जहां बच्चों ने अपने अपने अनुभव साझा किये। इस मौके पर समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण और उनकी पत्नी ज्योत्सना अरुण खुद भी उपस्थित रहकर बच्चों से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

# ऑनलाइन गेम में रकम हारकर रचा लूट का ड्रामाः सघन पूछताछ में किया खुलासा

लोकमित्र ब्यूरो



**इंदिरापुरम।** ऑनलाइन गेमिंग में दो लाख से ज्यादा की रकम हारने के बाद दूध विक्रेता अक्षय ने उसके साथ लूट हो जाने का नाटक रचा। उसने डायल 112 पर 2.75 लाख की लूट हो जाने की सूचना दी लेकिन थोड़ी ही देर में उसकी पोल खुल गई। वह कभी कुछ कहता तो कभी कुछ और। इससे पुलिस को शक हो गया। पूछताछ में उसने सच बोल दिया। इस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।वसुंधरा सेक्टर दो के निवासी अक्षय ने मंगलवार सुबह 11 बजे वसुंधरा से मोहननगर जाते हुए पुलिस को सूचना दी, मेरे साथ लूट हो गई है। बदमाश 2.75 लाख रुपये छीन ले गए हैं, जल्दी आ जाए। पुलिस पहुंची तो वह वहीं पर मिला। कपड़े फटे हुए थे। शरीर पर चोट के निशान भी थे।उसने पुलिस को बताया कि बाइक सवार तीन बदमाश लूट करके भागे हैं। पुलिस ने पूछा कि बदमाश किधर से आए थे और किस दिशा में भागे। इस पर वह घबरा गया। वहां से गुजर रहे लोगों ने बदमाशों के भागने की पुष्टि नहीं की। इससे वह और घबरा गया। पुलिस उसे थाने ले गई। उससे पूछा गया कि 2.75 लाख रुपये कहां से आए तो उसने कहा कि यह दूध देने के बदले मिले कलेक्शन के थे।

इस पर पुलिस ने दूध के हिसाब वाला रजिस्टर मंगाया। वह रोज कलेक्शन यतेंद्र को देता है। पुलिस ने यतेंद्र को भी बुला लिया। इसी बीच पुलिस ने उससे कहा कि बाइक पर बदमाश आने की बात तो झूठी साबित हो गई। इस पर अक्षय ने कहा कि घबराहट में बाइक कह दिया था, बदमाश तो कार से आए थे। इसके बाद पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने सच बोल दिया। उसके पास से दूध कलेक्शन के 51 हजार रुपये बरामद किए गए हैं।

# भूमाफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई बनी हुई है सभासदों और पालिका के बीच जंग की वजह

- सभासदों के अनैतिक दबाबवश तीन माह पूर्व एडीएम और एसडीएम से गुहार लगा चुका है पालिका कर्मी

लोकमित्र ब्यूरो



**जलेसर/एटा।** नगर पालिका परिषद के सभासदों और पालिका कर्मी के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर एक बार फिर शुरू हो गया है। एडीएम प्रशासन एवं निवर्तमान एसडीएम जलेसर के आदेशों पर पालिका की जमीन पर अवैध निर्माण कर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई माफियाओं को संरक्षण देने वाले कुछ सभासदों को रास नही आ रही है। जबकि बीते तीन माह पूर्व भी दबंग सभासदों की धमकियों से आहत एवं अनैतिक दबाबवश नजूल लिपिक द्वारा पालिका प्रशासन एवं जिला प्रशासन से पटल से हटाये जाने की गुहार लगायी जा चुकी है। नगर पालिका परिषद में नक्शा- नजूल का प्रभार संभाल रहे लिपिक रूपकिशोर द्वारा बताया गया है कि गत 24 सितम्बर 2024 को अपर जिलाधिकारी प्रशासन अधिकारी एवं तत्कालीन अधिशाषी अधिकारी जलेसर द्वारा उसे सम्बन्धित पटल का प्रभार सौंपा गया था। तभी से कुछ सभासदों और उनके प्रतिनधियों द्वारा पालिका की जमीन पर हो रहे अवैध कब्जाधारको के विरुद्ध कोई कार्रवाई नही किये जाने का अनैतिक रूप से जबरन दबाब बनाया जा रहा है। जिस पर उसके द्वारा गत 10 अक्टूबर 2024 को प्रभारी अधिकारी/एडीएम प्रशासन को एक पत्र भी भेजा गया था। जिसमे गत 24 सितम्बरर 2024 को नजूल लिपिक द्वारा एडीएम प्रशासन को भेजी गयी रिपोर्ट के मुताबिक नगर पालिका के अभिलेखों (सम्पत्ति रजिस्टर) के अनुसार नगर के अन्दर काफी संख्या में नजूल सरकारी, वीराना सम्पतियों अंकित है।

जिस पर काफी लोगों द्वारा अवैध कब्जे किये हुये है । कुछ सम्पत्तियाँ खाली पड़ी हुई है। जिस पर कुछ लोगों द्वारा पालिका, तहसील, डूडा विभाग के सहयोग से प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करा लिए है और उन पर निर्माण कार्य कर रहे है।

यदि उनके विरूद्ध कोई कार्यवाही की जाती है तो बोर्ड के मा0 सभासद / सभासद प्रतिनिधि कार्यवाही नहीं करने देते है। पूर्व में भी मेरे द्वारा वार्ड सं0 - 08 में कार्यवाही की गई तो मेरे ऊपर अभद्रता का आरोप लगाया गया था। उसके उपरान्त वार्ड सं0- 16 में तत्कालीन अधि0अधि0 / उपजिलाधिकारी महोदय जगमोहन गुप्ता जी द्वारा कार्यवाही / नोटिस जारी कराया तो बोर्ड के 18 मा0 सभासद / सभासद प्रतिनिधियों द्वारा मुझसे चार्ज हटावाकर नलकूप के लिए आदेशित करा दिया गया था। इस समय वर्तमान में वार्ड सं0- 16 में नजूल सं0 3049 पर एक ही परिवार के तीन आवास अकरम, सगीर, शाहरूख पुत्र श्री सद्दीक निवासी मौ0 किला के आवास निर्माण किये जा रहे है। जिसके लिए गत 01 अक्टूबर 2024 को नोटिस जारी किया जा चुका है। उसके बाद ही सभासद / सभासद प्रतिनिधियों द्वारा उसके ऊपर दबाव बनाया जा रहा है।

तथा धमकियां दी जा रही हैं कि या तो जो हम कहे वही करो और आवासो का निर्माण होने दो अन्यथा आपके ऊपर झूठा आरोप लगाकर सस्पेंड करा दिया जायेगा।

ऐसी स्थिति में नजूल लिपिक का कार्यभार संभाल पाना उसके लिए अहित कर हो सकता है। इसलिए उससे यह कार्यभार हटाकर किसी अन्य ऐसे कर्मचारी को दे दिया जाय जो सभासद प्रतिनिधियों की मनमर्जी के मुताबिक कार्य कर सके।

# नगर निगम गाजियाबाद के शिवकुमार सरोज हुए वाराणसी में स्थानांनत्रित



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश पालिका (केंद्रियित ) अभियंत्रण सेवा के शिवकुमार सरोज अवर अभियंता सिविल नगर निगम गाजियाबाद का स्थानांतरण जनहित में तात्कालिक प्रभाव से नगर निगम वाराणसी में अवर अभियंता सिविल के पद पर कर दिया गया है। शिवकुमार सरोज को अपनी नवीन तैनाती के लिए एवं कार्यभार ग्रहण करने हेतु स्वत~ कार्य मुक्त किया गया है।

# जिला उद्योग बंधु एवं सीएसआर की बैठक आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में बुधवार को कलेक्टरेट सभागार में जिला उद्योग बंधु एवं सी एस आर की बैठक अपर जिलाधिकारी( प्रशासन) सत्य प्रकाश एवं अपर जिलाधिकारी (वि0रा0 )लालता प्रसाद शाक्य की अध्यक्षता में आयोजित की गई, उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में करने के निर्देश देते हुए पिछली बैठक में उठाए गए बिंदुओं की समीक्षा भी की,बैठक के दौरान उन्होंने कहा की लोक निर्माण विभाग अपनी कार्यशैली में सुधार कर समय पर उद्यमियों की समस्याओं को डिस्पोजल करें किसी भी स्तर पर कोई पेंडेंसी शेष न रहे।

उद्यमियों द्वारा जो भी समस्याएं संबंधित विभागों के अधिकारियों के संज्ञान में लाई जाती हैं शासन की मंशानुसार उनका निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाए कोई भी उद्यमी अपनी समस्याओं को लेकर परेशान न हो, बैठक के दौरान अधिकारी द्वय ने विद्युत, लोक निर्माण, अग्निशमन विभाग,सीएनडीएस आदि को निर्देशित करते हुए कहा की जो भी आवेदन उद्यमियों द्वारा प्राप्त हो रहे हैं उनका अति शीघ्र निर्धारित समय अवधि में निस्तारण कराया जाए निर्धारित समय अवधि के पश्चात कोई भी आवेदन किसी भी स्तर पर लंबित न रहे, इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा औद्योगिक आस्थान क्षेत्र में निरंतर पुलिस पिकेट लगाकर गश्त कराई जाए ताकि असामाजिक तत्वों की धर पकड़ की जा सके। बैठक के दौरान क्षेत्राधिकारी कृष्ण मुरारी, जिला कृषि अधिकारी डॉ0 मनवीर सिंह , खादी ग्रामोद्योग अधिकारी अशोक सिंह, उपायुक्त उद्योग बांकेलाल, आईटीआई प्रधानाचार्य अरविंद कुमार, जिला सेवायोजन अधिकारी विपिन कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी राज बाबू सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण, उद्यमी बंधु आदि मौजूद रहे। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग प्रेमकांत द्वारा किया गया।

# इंदिरापुरम में दूसरे दिन भी दूषित गंगाजल मिलने से लोग हुए परेशान



लोकमित्र ब्यूरो

**इंदिरापुरम।** न्यायखंड, अभयखंड, ज्ञानखंड, वसुंधरा सेक्टर-दो समेत कई इलाकों में दूसरे दिन मंगलवार को भी दूषित गंगाजल की आपूर्ति की गई। लोगों का आरोप है कि नगर निगम में शिकायत के बाद कोई समाधान नहीं होता है। अधिकारी केवल आश्वासन देकर टाल देते हैं।

लोगों को रोजाना 200 से 250 रुपये पानी पर खर्च करना पड़ रहा है।ज्ञानखंड-एक निवासी सुनैना ने बताया कि कॉलोनी में हर तीसरे दिन ऐसा हो रहा है। इसकी वजह से जमा किया हुआ गंगाजल भी दूषित हो जाता है। जनसुनवाई पोर्टल से लेकर कार्यालय में जाकर भी शिकायत की है। इसके बाद भी कोई समाधान नहीं किया गया है। न्यायखंड-दो निवासी मुकेश ने बताया कि कॉलोनी में दूषित गंगाजल की आपूर्ति से लोगों की जेब पर भार पड़ रहा है। नहाने से लेकर खाने बनाने तक के लिए बोतल बंद पानी खरीदना पड़ता है। वहीं जलकल के अवर अभियंता सोमेंद्र तोमर का कहना है कि जल्द ही समाधान किया जाएगा।

# ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित



लोकमित्र ब्यूरो

**कासगंज/एटा।** अमांपुर के एटा रोड़ पर सुभाष नगर स्थिति श्री वेदराम सिंह इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नेहरू युवा केंद्र कासगंज द्वारा दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल कूद में प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

जिसमें विकास खण्ड क्षेत्र से आए समस्त खिलाड़ियों ने खेल कार्यक्रम में भाग लिया । ब्लॉक स्तरीय खेल कूद कार्यक्रम का उद्घाटन एटा के पूर्व सांसद राजबीर सिंह राजू भैया के पुत्र सौरभ सिंह ने फीता काट कर किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा और आदित्य कुमार ने मुख्य अतिथि सौरभ सिंह और विधायक हरिओम वर्मा का फूल मालाओं से और उनको प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

खेल प्रतियोगिता में बैडमिंटन वॉलीबॉल दौड़ कबड्डी साइकिल स्लो दौड़ आदि खेल कराए गए। जिसमें युवक युवती खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया प्रतियोगिता में जीतने वाले प्रथम द्वितीय तृतीय खिलाड़ियों व विजेता टीमों को नेहरू युवा मंडल समिति के अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा और आदित्य कुमार ने शील्ड ट्रॉफी व खेल प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी साथ ही खिलाड़ियों को अधिक से अधिक ग्रामीण स्तर पर होने वाले खेल कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की मुख्य अतिथि सौरभ सिंह ने युवा खिलाड़ियों व क्षात्रों को देश का भविष्य बताकर उनको देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आदित्य कुमार सुनील कुमार त्रमल सिंह श्यामसुंदर गुप्ता विजेंद्र सिंह श्रीकांत शर्मा धीरू यादव अशोक शाक्य आदि खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# देह व्यापार की शिकायत को लेकर महिलाओं ने जमकर किया हंगामा

लोकमित्र ब्यूरो



**इंदिरापुरम।** न्यायखंड-तीन में देह व्यापार की शिकायत करते हुए महिलाओं ने मंगलवार को हंगामा किया। यहां तक कि शिकायत लेकर जब महिलाएं स्थानीय पार्षद अनुज त्यागी के पास पहुंची तो वहां पुलिस को भी बुलाया गया। हंगामे के दौरान की वीडियो फोटो सोशल मीडिया पर देर शाम वायरल होने लगी। पुलिस ने तीन-चार महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। वार्ड-87 के पार्षद अनुज त्यागी ने बताया कि ईडब्ल्यूएस फ्लैटों में रहने वाली महिलाएं लगातार सोसायटी में देह व्यापार संचालित होने की शिकायतें कर रही थीं। स्थानीय महिलाओं का आरोप है कि सोसायटी में देह व्यापार की वजह से बाहरी लोगों का आना-जाना लगा रहता है। कई बार उन बाहरी लोगों की वजह से विवाद व झगड़े-फसाद की स्थिति भी बन चुकी है। मंगलवार को सोसायटी के एक-दो मकान में रहने वाली करीब 8-10 महिलाओं पर स्थानीय लोगों ने देह व्यापार चलाने का आरोप लगाया था और हंगामा किया। विवाद की सूचना पर बजरंग दल के कार्यकर्ता भी पहुंच गए। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और तीन-चार महिलाओं को हिरासत में लिया। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि महिलाओं से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल अभी तक देह व्यापार संचालित होने की पुख्ता साक्ष्य नहीं मिल पाए हैं, जांच की जा रही है।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में विकास कार्यों पर हुई चर्चा

लोकमित्र ब्यूरो



**अलीगंज/एटा।** विकास खण्ड अलीगंज सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजन ब्लॉक प्रमुख रेखा शाक्य और खण्ड विकास अधिकारी गोपाल गोयल की अध्यक्षता में हुई। बैठक का शुभारंभ विधायक पुत्र सूरज राठौर, उपजिलाधिकारी अलीगंज विपिन कुमार मोरल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ अशोक रतन शाक्य ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक के दौरान आगामी वित्तीय वर्ष में होने वाले विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई। जिसमें दो तिहाई क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ बैठक का कोरम पूर्ण हुआ।

बैठक के दौरान खण्ड विकास अधिकारी गोपाल ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में विकासखंड क्षेत्र में 43 विकास कार्य 2 करोड़ 71 लाख 72 148 रुपए से पूर्ण कराई गए हैं। और वृद्धा पेंशन 6114, विधवा पेंशन 3020, विकलांग पेंशन 973 पात्र लाभार्थियों को दी गई है। एनआरएलएम योजना के तहत 1088 स्वयं सहायता समूह गठन कर खाता खोला गया, 755 समूह को स्टार्टअप फंड प्रदान किया गया, 765 समूह को रिवाल्विंग फंड प्रदान किया गया, वहीं मनरेगा योजना के तहत छह राशन की दुकानों का निर्माण विकासखंड क्षेत्र में कराया गया, वर्तमान वित्तीय वर्ष में 232 श्रमिकों को 100 दिन का रोजगार प्रदान किया गया 2 लाख 24 हजार 80 मानव दिवस श्रजित किए गए। वहीं उन्होंने कहा कि विकासखंड क्षेत्र में शासन की योजनाओं को पूर्ण रूप से लागू कराया गया है जिसका लाभ सभी नागरिकों को प्राप्त हो रहा है। इस मौके पर ब्लॉक में प्रतिनिधि डॉक्टर अशोक रतन शाक्य ने कहा कि ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों के सहयोग से विकासखंड में हर गांव और ग्राम पंचायत में क्षेत्र पंचायत द्वारा विकास कार्य कराए गए हैं जिनका लाभ आम जनता को प्राप्त हो रहा है हमारा उद्देश्य है कि शासन की योजनाएं गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और उनका लाभ प्राप्त हो। मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे विधायक पुत्र सूरज राठौर ने कहा कि प्रदेश की सरकार और केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीणों के और ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए सैकड़ो योजनाएं चलाई जा रही है।

जिनका लाभ ग्राम पंचायतों के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का कार्य किया जा रहा है। सरकार द्वारा हर गरीब को छत और हर किसान को किसान सम्मान निधि प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। उपजिलाधिकारी अलीगंज ने कहा कि शासन की जितनी योजनाएं चल रही है वह हर व्यक्ति के लिए अति महत्वपूर्ण है जिनका सभी लोग आगे आकर लाभ प्राप्त करें और जिन लोगों ने अभी फार्मर रजिस्ट्री नहीं करवाई वह तत्काल नजदीकी जन सेवा केंद्र या पंचायत सचिवालय पहुंच कर करवा सकते है। क्योंकि फॉर्मर रजिस्ट्री के बिना खेती से संबंधित योजनाओं के लाभ में रुकावट आ सकती है इसलिए तत्काल फार्मर रजिस्ट्री को करवाए। इस मौके पर उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ रविकांत, एपीओ अमरदीप तिवारी, एडीओ आईएसबी चंद्रपाल, जे ई आर ई एस मुकेश कुमार, एडीओ सामाजकल्याण अनुज, सहित समस्त पंचायत सचिव, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# प्राचीन मंदिर की जमीन पर पोषित दबंगों द्वारा अवैध कब्जा का आरोप

- सोशल मीडिया पर वायरल खबर बनी चर्चा का विषय
- तहसीलदार जलेसर से उक्त प्रकरण की अभिलेखीय एवं स्थलीय जांच करायी जा रही है

लोकमित्र ब्यूरो

**जलेसर/एटा।** नगर के बाई पास रोड स्थित मण्डी समिति के सामने जलेसर बाहर चुंगी क्षेत्रान्तर्गत सरकारी जमीन पर कूड़ा डलबाकर पोषित दबंगो द्वारा अवैध कब्जा कराये जाने का आरोप तहसील प्रशासन पर लगाया जा रहा है। इस आशय की खबर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। सोशल मीडिया पर खबर वायरल होने के बाद यह प्रकरण एक बार फिर लोगो मे चर्चा का विषय बन गया है। शिकायतकर्ता मनोज काका द्वारा एक्स पर उत्तर प्रदेश शासन को की गई पोस्ट में हज़ारों साल प्राचीन मंदिर के प्रांगण मे सत्ता पोषित दबंगों द्वारा कूड़ा फेंककर उसे क़ब्ज़ा करने की साज़िश चल रही है, स्थानीय प्रशासन शासन संज्ञान लेकर तत्काल प्रभावी कार्रवाई किये जाने की बात कही गयी है। एक अन्य शिकायत कर्ता प्रोफेसर आशीष ने जलेसर एसडीएम भावना विमल पर खुलेआम भाजपा सरकार के लोगों को जमीन घिरवाये जाने और एक ही रात मे हजारो टन कचरा डलबाकर हजारों साल प्राचीन मंदिर की दुर्दशा कर बाये जाने की पोस्ट अपने एक्स एकाउंट से मुख्यसचिव,एसएसपी एटा, तथा पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सहित आधा दर्जन लोगों को की गयी है। वही एसडीएम भावना विमल का कहना है कि आरोप निराधार हैं। तहसीलदार जलेसर से उक्त प्रकरण की अभिलेखीय एवं स्थलीय जांच करायी जा रही है। जांच रिपोर्ट मिलते ही आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

साथ ही नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी को विवादित स्थल की साफ सफाई कराये जाने को कहा गया है।

# ग्रामीणों की सुनी गई समस्याएं

लोकमित्र ब्यूरो



**अलीगंज/एटा।** जिलाधिकारी एटा प्रेम रंजन सिंह के निर्देश पर विकासखंड अलीगंज की ग्राम पंचायत अंगरैया जमुनाई में ग्राम प्रधान के आवास पर जिला पंचायत राज अधिकारी के के चौहान और खंड विकास अधिकारी गोपाल गोयल की अध्यक्षता में जन चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया और उनके निस्तारण का आश्वासन दिया गया। वहीं चौपाल में खण्ड विकास अधिकारी गोपाल गोयल द्वारा ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई उन्होंने कहा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना एवं वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन विकलांग पेंशन और आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिनका लाभ सभी पात्र लाभार्थियों को लेना चाहिए यदि किसी भी प्रकार की समस्या है तो तत्काल विकासखंड अलीगंज के कार्यालय में आकर संपर्क कर जानकारी ले सकते हैं और अपनी समस्याओं को बता सकते हैं जिस पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। वही उन्होंने कहा जिन किसानों ने अभी फार्मर रजिस्ट्री जल्द से जल्द करवा ले जिससे शासन की आगामी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके इसके लिए सभी किसान नजदीकी जन सेवा केंद्र या पंचायत सचिवालय पहुंच कर पंचायत सहायक द्वारा फार्मर रजिस्ट्री करवा सकते है। जिला पंचायत राज अधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा ग्रामीणों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की गई हैं जिनका सभी ग्रामीणों को लाभ लेना चाहिए। किसान भाई फार्मर रजिस्ट्री जरूर करवाएं जिससे किसान सम्मान निधि का लाभ यथावत मिलता रहे। सभी लोग अपने घरों के आसपास साफ सफाई बनाए रखें। यदि कोई सफाई कर्मी कार्य नही कर रहा है तो तत्काल अवगत कराए जिस पर विभागीय कार्यवाही की जाए। इस मौके पर एडीओ आई एस बी चंद्रपाल, सचिव रजनीश कुमार, प्रवीण सक्सेना, एडीओ समाज कल्याण अनुज, डीसी चंदन,प्रधान प्यारे मियां सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# संजय निषाद ने निकाली संवैधानिक अधिकार यात्रा, बोले-अपने हक के लिए जागरूक होना जरूरी

- हालांकि, उन्होंने चिंता जताई कि जब तक पिछड़ा वर्ग के 27ः आरक्षण में से 9ः इन्हें नहीं दिया जाता, तब तक समुदाय को पूरा लाभ नहीं मिल सकता।

लोकमित्र ब्यूरो

**हरदोई।** जनपद में निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश सरकार में मंत्री संजय निषाद ने संवैधानिक अधिकार आरक्षण यात्रा निकाली। यात्रा का मुख्य उद्देश्य निषाद समुदाय को उनके संवैधानिक अधिकारों और आरक्षण के बारे में जागरूक करना था। मंत्री संजय निषाद ने एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक तथ्य को उजागर करते हुए बताया कि 1871 में ब्रिटिश सरकार ने महुआ समुदाय को अपराधी जाति घोषित कर दिया था। इसी कारण इन समुदायों को आरक्षण की आवश्यकता पड़ी। उन्होंने बताया कि 1950 में 66 समूहों को आरक्षण देने की अधिसूचना जारी की गई, लेकिन उत्तर प्रदेश में इन्हें ओबीसी श्रेणी में रखा गया। निषाद ने एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाते हुए कहा कि 2015 में इन जातियों को अनुसूचित जाति (एससी) में शामिल करने का आदेश जारी किया गया था।

हालांकि, उन्होंने चिंता जताई कि जब तक पिछड़ा वर्ग के 27ः आरक्षण में से 9ः इन्हें नहीं दिया जाता, तब तक समुदाय को पूरा लाभ नहीं मिल सकता। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में निषाद समाज के लोगों ने भाग लिया और अपने अधिकारों की मांग को लेकर एकजुटता दिखाई। मंत्री ने समुदाय के लोगों से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया और स्पष्ट किया कि वे उन लोगों को जगाने आए हैं, जिन्हें आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए।

# मेरठ एक्सप्रेसवे पर कोहरे की वजह से एक के बाद एक भिड़े 25 से अधिक वाहन



लोकमित्र ब्यूरो

**मोदीनगर।** मेरठ एक्सप्रेसवे पर घनी कोहरे की वजह से घटित दुर्घटना में करीब 20 से अधिक लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची भोजपुर पुलिस और एक्सप्रेसवे की पेट्रोलिंग टीम ने राहत बचाव कार्य शुरू किया।

चार घायलों को गंभीर हालत के चलते गाजियाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।बुधवार सुबह धुंध के कारण दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर भोजपुर थाना क्षेत्र के कलछीना गांव के समीप मेरठ से दिल्ली की तरफ जा रहें करीब 25 से अधिक वाहन आपस में भिड़ गए। हादसे के बाद एक्सप्रेस वे पर जाम लग गया।जानकारी के मुताबिक, दुर्घटना में करीब 20 से अधिक लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची भोजपुर पुलिस और एक्सप्रेसवे की पेट्रोलिंग टीम ने राहत बचाव कार्य शुरू किया। चार घायलों को गंभीर हालत के चलते गाजियाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। गनीमत रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि मौके पर राहत बचाव कार्य जारी हैं। क्षतिग्रस्त वाहनों को एक्सप्रेस वे से हटाकर यातायात सामान्य कराया जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

## 1000 कम्बलो का किया गया वितरण



**दरियाबाद, बाराबंकी।** आदर्श नगर पंचायत दरियाबाद के पूर्व चेयरमैन सैय्यद अनवार अजीम के कैंप कार्यालय पर 20वी बार जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किया गया। पूर्व चेयरमैन के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि जमशीर खान भुद्दू, मोहम्मद शहजाद, सईद अहमद, नबील, जफर मिर्जा, उमेश लोधी, शकील, चौधरी अरहम, बंटी, सन्नी अहमद, सोनू, फिरोज आदि द्वारा 1000 जरूरतमंदों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल का वितरण किया गया। बताया कि यह कार्यक्रम लगातार 20वी बार किया गया है। वहीं बातचीत के दौरान पूर्व चेयरमैन सैय्यद अनवार अज़ीम के प्रतिनिधि जमशीर खान उर्फ़ भुद्दू ने बताया कि यह जनसेवा का कार्य 20 वर्षों से लगातार किया जा रहा है जो गरीबों के मसीहा कहे जाने वाले सैय्यद अनवार अज़ीम के निर्देशानुसार किया गया है और उन्होंने यह प्रण भी लिया है कि जब तक जिन्दगी है तब तक वह हमेशा ऐसे ही गरीबों मजलूमों की मदद करते रहेंगे जिससे उनके दिल को ठंडक मिलती है। कम्बल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मौलाना अकील नदवी का चेयरमैन प्रतिनिधि ने माल्यार्पण करके अंगवस्त्र भेट किया व क्षेत्र के पत्रकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

## अज्ञात वाहन ने मिनी बस में मारी टक्कर

**बांगरमऊ।** अज्ञात वाहन ने प्रयागराज कुंभ से स्नान कर लौट रही मिनी बस में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बस सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को यहाँ के अस्पताल से रेफर कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार प्रयागराज कुंभ से स्नान करने के बाद श्रद्धालु मिनी बस से वापस अपने घरों को लौट रहे थे। तभी बुधवार को तड़के बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर स्थित गांव जोगीकोट के निकट पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मिनी बस में टक्कर मार दी। हादसे में मिनी बस में सवार गोविंद पुत्र प्रेम माधव 28 वर्ष और द्रोपदी पत्नी कन्हैयालाल निवासी सिंकदरा राऊ जनपद हाथरस दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पीआरवी ने दोनों घायलों को बांगरमऊ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**पाटन उन्नाव।** पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा छापा मारकर 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ महिला को गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही की । बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम नमाखेड़ा में आबकारी विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा ड्रोन कैमरा के माध्यम से अवैध शराब के निष्कर्ष व बिक्री को लेकर चलाए गये अभियान के तहत मंगलवार को आबकारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह व बिहार थाना पुलिस के दरोगा रजनीकांत पांडे पुलिस बल के साथ गांव पहुंचकर ड्रोन कैमरा के माध्यम से गांव के बाहर एक खंडहर में 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ महिला बुधना पत्नी पप्पू निवासी नमा खेड़ा को गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही की । मालूम हो कि थाना क्षेत्र के ग्राम केदारखेड़ा, नमाखेड़ा , अकवारा, तेवरिया, न्योती में अवैध कच्ची शराब का धंधा पूरी तरह से फल फूल रहा है।

## आवारा कुत्तों के हमले में युवक गम्भीर घायल



**बांगरमऊ,उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शीतल गंज निवासी जितेंद्र कुमार 35 वर्ष पुत्र श्रीपाल बीते मंगलवार को देर रात पैदल अपने घर जा रहा था। तभी अचानक आवारा कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर उसे नोच डाला। ग्रामीणों ने किसी तरह कुत्तों को भगाकर उसकी जान बचाई। किंतु कुत्तों के हमले से उसके दोनों पैर लहूलुहान हो गए। परिजन आनन-फानन उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## गृहकलह के चलते अधेड़ फाँसी पर झूला

**बांगरमऊ,उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुरसेनी निवासी मोहम्मद आलम 42 वर्ष पुत्र मोहर्रम अली आज बुधवार की दोपहर घरेलू कलह के चलते गांव से करीब दो सौ मीटर दूर स्थित आंवला के पेड़ की डाल से प्लास्टिक की रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर झूल गया। तभी आसपास मौजूद ग्रामीणों की निगाह पेड़ पर पड़ गई। ग्रामीणों ने आनन-फानन पेड़ पर चढ़कर उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा और घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजन मोहम्मद आलम को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सक ने हालत बेहद नाजुक देखकर उसे हैलट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया। बताते हैं कि हैलट अस्पताल में उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मोहम्मद आलम गांव - जवार में मजदूरी करता है।

## जिलाधिकारी ने गृह लक्ष्मी महाबचत योजना का किया शुभारंभ

**शाहजहांपुर।** जिला सहकारी बैंक द्वारा गृह लक्ष्मी महाबचत योजना का शुभारंभ जिलाअधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने योजना का शुभारंभ करते हुए कहा की बैंक द्वारा शुरू की जा रही यह योजना बचत के साथ-साथ महिलाओं को अतिरिक्त ब्याज की सुविधा दे रही है इसका लाभ समस्त वर्ग की महिलाएं सूक्ष्म बचत से लेकर बड़ी बचत तक करते हुए अच्छा ब्याज कमा सकती हैं। उन्होंने कहा की बैंक के लिए शिक्षा, पुलिस, नगर निगम नगर पालिका आदि विभागों में कार्यरत महिलाओं को इस योजना का लाभ उठा सकती हैं क्योंकि इन विभागों में महिलाओं की संख्या सर्वाधिक है। बैंक के अधिकारी कर्मचारी योजना का प्रचार प्रचार प्रसार हेतु इन विभागों में विशेष संपर्क अभियान चलाएं और जनपद की मातृशक्ति को इस योजना से जोड़ कर लाभ दिलाने में योगदान दे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2024 - 25 के उपलक्ष में जिला सहकारी बैंक अन्य बैंकों से अधिक ब्याज देकर महिलाओं को बचत के साथ ब्याज का दोहरा लाभ दे रही है। बैंक द्वारा इस योजना में 7.5ः का ब्याज दिया जा रहा है जोकि इस समय किसी अन्य बैंक द्वारा नहीं दिया जा रहा इसके साथ ही बुजुर्गों को 0.5 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज की सुविधा भी बैंक द्वारा दी जा रही है इसमें कामकाजी महिलाएं एवं अन्य घरेलू महिलाएं न्यूनतम दस हजार रुपए जमा कर 7.5ः के ब्याज का लाभ ले सकती हैं। योजना में महिलाएं सावधि जमा (एफ्डी) के साथ-साथ आवर्ती जमा (आरडी) भी कर सकती हैं। महिलाएं आरडी की शुरूआत मात्र 200 रुपए प्रतिमाह से कर सकती हैं। सहायक आयुक्त सहकारिता अखिलेश प्रताप सिंह के संचालन में हुए कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालक अधिकारी व महाप्रबंधक सौरभ द्विवेदी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डीसीबी वाइस चेयरमैन अजय कुमार प्रजापति, संचालक रोशनी देवी, संचालक दिव्यांश कोविद सिंह, संचालक अंशुमन कुमार सिंह मैसी, एडीसीओ आनन्द श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, चंद्रिका प्रसाद, हरिकेश, ओमप्रकाश मौर्य, शिवरतन लाल, डीसीबी उप महाप्रबंधक राजेश कुशवाहा, मुख्यालय अधिकारी श्रीमती पूर्णिमा, सिंपल यादव, ओमवीर सिंह, कुलदीप सिंह, सौरभ मिश्रा, अखिल प्रताप सिंह, शाखा प्रबंधक सुधीर द्विवेदी, अमित मिश्रा, मनोज यादव, पंकज पाल, प्रमोद रस्तोगी, प्रदीप कुमार, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

# समाज कल्याण विभाग सरकार को कर रहा है बदनाम अमेठी में

- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना बनी भ्रष्टाचार
- हो रहा फर्जी सामूहिक विवाह

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी के लिए उ0प्र0 शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का संचालन किया गया है जिसमें ऐसे परिवार जो गरीबी के कारण अपनी कन्या का विवाह अच्छे ढ़ंग से नहीं कर पाते हैं। उन परिवारों हेतु सरकार द्वारा सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाता है, जिसके तहत गरीब परिवार की बेटियों को आर्थिक सहायता के साथ-साथ गृहस्थ जीवन की स्थापना हेतु उपहार भी प्रदान किये जाते हैं। परंतु विभाग द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए कोशिश ठेकेदारी के माध्यम से की जा रही है, समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ला इतने भ्रष्ट अधिकारी है कि उनके द्वारा लोगों का फोन नहीं उठाया जाता है और पैसा लेकर गलत काम कराए जाते हैं , सरकार की मंशा पर पानी फेरा जा रहा है और बदनाम किया जा रहा है,, जिले के पीयूष उत्सव मैरिज लॉन गौरीगंज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें कुल 303 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया।

उक्त कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा नवविवाहित जोड़ों को उपहार सामग्री व विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा नवदम्पत्तियों को सपरिवार शुभकामनाएं व बधाई दी गई। समाज कल्याण अधिकारी का प्रमाण है कि फर्जी शादियां कराई गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि आज जनपद के गौरीगंज, जामों व शाहगढ़ विकासखंडों के 303 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया, जिसमें 244 हिन्दू तथा 59 मुस्लिम जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। उन्होंने बताया कि उक्त योजनान्तर्गत उ0प्र0 सरकार द्वारा रू0 51000 प्रति युगल धनराशि व्यय की जाती है, जिसमें से रू0 35000 कन्या (वधू) के दाम्पत्य जीवन में खुशहाली व गृहस्थी की स्थापना हेतु उसके बैंक खाते में अन्तरित का जाती है एवं रू0 10000 की उपहार सामग्री वर-वधू को प्रदान की जाती है तथा रू0 6000 की धनराशि समारोह के आयोजन को भव्यता प्रदान करने में व्यय किये जाते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे सभी परिवार जो आर्थिक रूप से कमजोर, निर्धन एवं जरूरतमन्द को लाभान्वित होंगे जिसमें गरीब परिवार के युगलों के विवाह हेतु वैवाहिक उपहार सामग्री यथा-कपड़े, चांदी की बिछिया व पायल, स्टील डिनर सेट, प्रेशर कूकर, ट्रॉली बैग, वैनिटी किट एवं दीवार घड़ी आदि प्रदान की जाती है।

इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए आवश्यक योग्यता मानदंड तय किये हैं जिसके आधार पर जोड़ों को योजना से लाभान्वित किया जायेगा यथा-आवेदक उ0प्र का मूल निवासी हों, कन्या के अभिभावक निराश्रित, निर्धन तथा जरूरतमन्द हों, परिवार की वार्षिक आय अधिकतम रू0 2 लाख हो, वधु की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक हो तथा वर की आयु विवाह की तिथि को 21 वर्ष की आयु पूर्ण हो गयी हो। उन्होंने बताया कि योजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा व विवाह हेतु निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री, ऐसी कन्या जो स्वयं दिव्यांग हो, को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रहरि, विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह, क्षेत्र पंचायत शाहगढ़ प्रमुख सदाशिव यादव, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा देव नारायण त्रिपाठी, कल्याण अधिकारी व जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास), बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सेक्टरवार पी.डी.ए. पंचायत कार्यक्रम आयोजित



लोकमित्र ब्यूरो

**हसनगंज उन्नाव।** विधानसभा 164 मोहान में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सेक्टरवार पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें पार्टी की नीतियों को बताते हुए लोगों को मार्गदर्शित किया। जनपद की विधानसभा 164 मोहान में विधानसभा प्रभारी डॉ आंचल रावत जी के मार्गदर्शन व विधानसभा अध्यक्ष अशोक सिंह चौहान जी के नेतृत्व में समाजवादी पी.डी.ए. पंचायत कार्यक्रम 164 मोहान विधानसभा के सेक्टर 10 बड़ादेव ग्राम जमाल नगर में संपन्न हुआ जिसका आयोजन विधानसभा अध्यक्ष युवजन सभा सर्वेश पाल जी द्वारा सफल आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता ताड़केश्वर पाल जी ने की संचालन विधानसभा अध्यक्ष युवजन सभा सर्वेश पाल जी ने किया मुख्य रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहे पूर्व प्रत्याशी चंद्रपाल पासी जी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सेवक लाल रावत जी, नि. राष्ट्रीय सचिव राहुल यादव जी, जिला सचिव शिव सिंह चौहान जी, महासचिव लतीफ़ उस्मानी जी, उपाध्यक्ष रतीभान यादव जी, सचिव विजय यादव जी, सर्वेश पाल जी, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जी, तसउवर अली जी, संदीप पाल जी ,राजेश यादव जी, बादल सिंह जी व आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

# लाभार्थियों के आवास शीघ्र हो पूर्णः बीडीओ संदीप



लोकमित्र ब्यूरो

**मसौली बाराबंकी।** खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने ग्राम पंचायत बड़ागांव के पंचायत भवन, अम्बेडकर पार्क, एव प्रधानमंत्री आवास योजना का जायजा लिया तथा आवास के लाभार्थियों को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को ग्राम पंचायत बड़ागांव के पंचायत भवन मे संचालित लाइब्रेरी , डा0 भीमराव अंबेडकर पार्क का जायजा लिया। ग्राम पंचायत मे बन रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के आवास निर्माण का जायजा लिया तथा लाभार्थियों से जल्द से जल्द आवास पूर्ण करने के निर्देश दिये तथा मोहल्ला नईबस्ती मे बन रही भूमिगत नाली निर्माण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, पंचायत सचिव जैसराम, तकनीकी सहायक अजय कुमार वर्मा, सन्दीप, कंसल्टिंग इंजीनियर प्रदीप कुमार, पंचायत सहायक सैय्यदा बानो आदि लोग मौजूद रहे।

# घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ ने लगाई आस्था की डुबकी

लोक मित्र संवाद



**शुक्लागंज, उन्नाव।** बुधवार को नगर के सभी गंगा घाटों पर मौनी अमावस्या के अवसर पर भारी भीड़ उमड़ी। जहा श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और पुण्य अर्जित किया। शिव घाट और गंगा विशुनघाट के बीच दोनों पुलों के नीचे के घाटों पर भक्तों का रेला लगा रहा। श्रद्धालु तट पर बैठे पंडों को दान-दक्षिणा देते नजर आए, साथ ही भगवान सत्यनारायण की कथा का श्रवण भी किया।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल तैनात रहा, जबकि पालिका की ओर से गोताखोरों की व्यवस्था भी की गई थी ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके। मौनी अमावस्या के इस पर्व पर दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। सोनिक, अचलगंज, रायबरेली, बालामऊ, लखनऊ, जैतीपुर, उन्नाव और कानपुर समेत कई जगहों से लोग यहां पहुंचे। लोगों ने स्नान के बाद भगवान की पूजा-अर्चना की और कथा सुनी। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने दान-पुण्य किया, जिसमें अन्न, वस्त्र और दक्षिणा का दान प्रमुख रहा।

मान्यता है कि मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान और दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति के चलते घाटों का नजारा दिव्य और भव्य बना रहा।वही मौनी अमावस्या स्नान को लेकर स्टेशन और आस पास के क्षेत्र में जीआरपी अलर्ट रही और संदिग्धों की चेकिंग और पूछताछ करती रही। बता दे कि मौनी अमावस्या स्नान के अवसर पर गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए जीआरपी पूरी तरह मुस्तैद रही। जीआरपी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार पांडेय ने स्टेशन का निरीक्षण कर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की और अपने मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए उन्नाव पहुंचे। गंगाघाट पर स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने रेलवे स्टेशन से अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ रही।

सुरक्षा को देखते हुए जीआरपी ने स्टेशन पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। जीआरपी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार पांडेय ने स्वयं स्टेशन का निरीक्षण कर यात्रियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। वहीं अराजक तत्वों से निपटने के लिए घाटों के चप्पेट्ठचप्पे पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस के जवान तैनात रहे।

# जनसेवा केन्द्र संचालक ने किसानों के खाते से निकाले रूपये

- किसानों की शिकायत पर पुलिस जाँच में जुटी

लोकमित्रसंवाद

**बांगरमऊ ,उन्नाव।** जन सेवा केन्द्र संचालक ने किसान रजिस्ट्री कराने पहुंचे किसानों के बैंक खाते से एक लाख रुपए से अधिक की नगदी आहरित कर ली। पीड़ित किसानों ने बेहटा मुजावर थाना प्रभारी को शिकायती पत्र देकर संचालक के खिलाफ कार्यवाही की मांग उठाई है।

बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के आशायस , पोहपी खेड़ा व तेरवा जहांगीराबाद आदि गांवों के रीता पत्नी बेचेलाल, शिवनारायण पुत्र टीकाराम व रामपाल, नथुन्नी, नंदलाल, विशुननाथ, मानश्री, संजय कुमार, रामगुलाम, उस्मान आदि किसानों ने बेहटा मुजावर पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उन्होंने थानाक्षेत्र के गांव पोहपी खेड़ा स्थित एक जनसेवा केंद्र पर पहुंचकर किसान रजिस्ट्री कराई थी। रजिस्ट्री के दौरान जनसेवा केंद्र संचालक द्वारा उससे आधार कार्ड फोन नंबर आदि लिए गए। बाद में सभी किसानों के बैंक खातों से एक लाख रुपए से भी अधिक धनराशि निकाल ली गई। जानकारी होने पर सभी लोग केंद्र संचालक के पास पहुंचे तो उसने आश्वाशन दिया गया कि 28 जनवरी की शाम तक सबके पैसे खातों में वापस कर दिए जाएंगे। किंतु धनराशि वापस नहीं की गई। फिर 29 जनवरी को सभी लोग पुनः केंद्र संचालक से रुपए मांगने पहुंचे तो उसने रुपए ना लौटाने की बात कहते हुए धमकी दी।सभी पीड़ितो ने शिकायती पत्र के साथ बैंक डिटेल भी संलग्न किया है। थाना प्रभारी फूलसिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# रेलवे बाँध के किनारे व नदी में नियम कानून की धज्जी उडाकर मिट्टी खनन करा रहे ठेकेदार

- हजारों डमफर नदी किनारे रेल जमीन की खोदी गई मिट्टी

लोकमित्र ब्यूरो



**रामनगर, बाराबंकी।** तीसरी रेल लाइन बनवाने के लिए रेल ठेकेदार नदी किनारे ही रेलवे विभाग की मिट्टी खुदवा रहा है जिससे रेलवे बाँध को बाढ़ के समय खतरा हो सकता है।मिट्टी रेलवे बाँध व रेल लाइन के बीच खोदी जा रही है जो नियम कानून के लिहाज से गलत मानी जा रही है।

केसरीपुर से घाघरा पुल तक रेल लाइन के किनारे तीसरी लाइन बन रही है जिसके लिए मिट्टी रेलवे की जमीन से खुद कर आ रही है।मिट्टी ऐसी जगह खोदी जा रही है जंहा पूर्वी उत्तरी सिरे पर रेलवे का बाँध बना है व दक्षिणी सिरे पर रेल लाइन निकली है। यह बाँध गणेशपुर से होकर बाहर बाहर लोहटी जई के किनारे होते घाघरा पुल तक आया है।

मिट्टी खनन वाले स्थान पर सरयू नदी जब बढ़ती है तो घूम कर पानी यंहा आकर इस बाँध में ठोकर मारता है।2023 में इसमें रिसाव हुआ था तो बाढ़ कार्य खंड बाराबंकी ने आनन फानन सही कराया था। यंहा मिट्टी गहरी खुदवाना सुरक्षा के लिहाज से सही नहीं माना जा रहा मगर हजारों डमफर मिट्टी यंहा से खुद चुकी है और लगातार खुदना जारी है ।यंही कुछ दूर नदी पर तीसरा पुल बन रहा है जंहा गाटर डाले जा रहे।कोठियों तक जाने के लिए नदी के अंदर खनन कर रास्ता बनाया जा रहा जब कि मिट्टी बाहर से लानी चाहिए। नदी में इधर उधर खनन बाढ़ के समय क्षति पंहुचा कर नदी के बहाव की दिशा बदल देता जिससे कटान बढ़ती है ।इस पर रेलवे इंजीनियर भी ध्यान नहीं दे रहे।एन जी टी से लेकर मिट्टी खनन के नियमों की अवहेलना कर ठेकेदार अपना हित साध रहे हैं और रेल विभाग चुप्पी साधे है। निर्माण कार्य से जुड़े जिम्मेदारान अफसर की भी मिली भगत लग रही हैं। कई जगह गोंडा से बुढ़वल रेल लाइन किनारे की ही मिट्टी खोद कर तीसरी लाइन के लिए पाटी गई है।इस संबंध में पूर्वोत्तर रेलवे के डी आर एम लखनऊ से जब जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि उनकी जानकारी में नहीं है ।पता कर जाँच की जाएगी।

# सराहनीय कार्य करने और जनता के दिलो मे छाप छोड़ने वाली क्षेत्राधिकारी महक शर्मा को प्रशंसा चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया गया सम्मानित

- जनपद मे सराहनीय कार्य करने हेतु प्रदत्त प्रशस्ति पत्र को मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न थाना, कोतवाली प्रभारी व क्षेत्राधिकारी को प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उन्हें बधाई दी गई

लोकमित्र,ललित वर्मा



**लखीमपुर-खीरी।** जनपद के निघासन क्षेत्राधिकारी महक शर्मा को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर पुलिस विभाग मे सराहनीय कार्य एवं अपराध नियंत्रण घटनाओ का अनावरण के लिऐ शौर्य के आधार पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके कार्यों की सराहना की। जनपद मे सराहनीय कार्य करने हेतु प्रदत्त प्रशस्ति पत्र को मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न थाना, कोतवाली प्रभारी व क्षेत्राधिकारी को प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उन्हें बधाई दी गई। तत्पश्चात उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य कर जनपद पुलिस का नाम बढ़ाने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को प्रशंसा चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। इसी के साथ निघासन की जनता के दिलों पर राज करने वाली व अपने कार्यो से एक अनूठी छाप छोड़ने वाली व गणतंत्र दिवस समारोह के परेड मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम कमांडर महक शर्मा क्षेत्राधिकारी निघासन को सम्मानित किया गया व उनको ढेर सारी बधाईयां दी गयी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा सुनील सिंह, विधायक सदर योगेश वर्मा, विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी, जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, जिला जज, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व अन्य न्यायाधीशगण, उपजिलाधिकारीगण, डीएफओ उत्तरी व दक्षिणी, एवं अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी व पूर्वी, व क्षेत्राधिकारीगण/प्रभारी निरीक्षकगण सहित अन्य अधिकारीगण एवं प्रतिसार निरीक्षक, वाचक पुलिस अधीक्षक, समस्त पत्रकार बंधु तथा भारी संख्या में दर्शकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुख्य संचालक राममोहन गुप्ता व संचालिका म0आ0 प्रियंका ज्योति सिंह द्वारा किया गया।

# स्वयंसेवकों द्वारा रज्जू भैया के चित्र पर पुष्पांजलि के उपरांत हवन पूजन

लोकमित्र ब्यूरो

**शाहजहांपुर।** सिंचाई विभाग के डॉकबंगले में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के चतुर्थ सर संघ चालक प्रो. राजेंद्र सिंह उर्फ रज्जू भैया की जन्मशती पर श्रद्धार्पण समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम स्वयंसेवकों द्वारा रज्जू भैया के चित्र पर पुष्पांजलि के उपरांत हवन पूजन और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने बताया कि प्रो रज्जू भैया और महन्त अवेद्यनाथ के साथ उन्हे कारसेवा के दौरान गिरफ्तार कर लगभग एक माह के लिए एक साथ रखा गया। रज्जू भैया के व्यक्तित्व और विचारों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए स्वामी चिन्मयानंद ने कहा कि रज्जू भैया ने अपने शाहजहापुर प्रवास के दौरान उन्हें राजनीति के माध्यम से राममंदिर निर्माण में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया था। इस अवसर पर महानगर प्रचारक मंजीत ने कहा कि रज्जू भैया ने सर्व समाज से अनगिनत लोगों को राष्ट्र की सेवा के लिए तैयार किया। उन्होंने जो कुछ किया वो अपने देश के लिए किया और अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

वे इलाहाबाद विश्विद्यालय में भौतिकी के कुशल व्याख्याता थे, उनके शिक्षण की अद्भुत क्षमता के कारण वे छात्रों के बीच अत्यंत लोकप्रिय थे तो वहीं एक स्वयंसेवक के रूप में उनका चिंतन हमेशा राष्ट्र की उन्नति में लगा रहता था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ राकेश हितकारी ने कहा कि प्रोफेसर रज्जू भैया अत्यंत सहज और सरल हृदय के थे। अपने सामाजिक जीवन में शुचिता बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर विभाग सह बौद्धिक प्रमुख धर्मेन्द्र ने कहा कि रज्जू भैया का सम्पूर्ण जीवन दर्शन हमें प्रेरणा देता है।

संक्षिप्त खबरें

### साली ने लगाया जीजा पर दुष्कर्म का आरोप

**धौरहरा-खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने अपने जीजा पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली धौरहरा में तहरीर दी है। धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक किशोरी ने बताया कि उसकी बड़ी बहन का निकाह गांव में ही हुआ था। जिससे उसके बहनोई का उसके घर लगभग रोज आना जाना था। बीते शुक्रवार की दोपहर जब उसकी मां पडोसी गांव में काम करने गई थी और भाई हल्द्वानी में काम करने गए थे,तभी पीड़िता को अकेला जान बहनोई घर में घुस आया और जबरन दुष्कर्म कर भाग गया।पीड़िता की मां जब घर लौटी तो उसने घटना के जानकारी दी।जिसके बाद पीड़िता की मां आरोपी के घर गए तो वह फरार हो गया। पीड़िता अपनी मां के साथ कोतवाली पहुंची जहां आरोपी बहनोई पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।इसके बाद गांव के लोगों ने आपसी सुलह समझौता कराने की कोशिश शुरू की पर बात नहीं बनी। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक धौरहरा सुरेश कुमार मिश्रा ने बताया मामले की जांच कफारा चौकी इंचार्ज अजय सिंह कर रहे हैं रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाई की जाएगी।

### दहेज के लिए विवाहिता की हत्या करने का आरोप,फंदे से लटकता मिला शव

**हरदोई।** जिले में एक विवाहिता की संदिग्ध मौत ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। टड़ियावां थाना क्षेत्र के सिहाई पुरवा मजरा टेनी में नीरज पाल की पत्नी बिटानश्री का शव बुधवार की सुबह घर के अंदर कुंडे में साड़ी से फांसी पर लटका मिला। घटना के समय मृतका के घर के सदस्य खेत पर गए हुए थे। मामले में तब नया मोड़ आया जब मृतका के चाचा विष्णु पाल ने मौके पर पहुंचकर दामाद और ससुराल वालों पर दहेज के लिए मारपीट कर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया। सूचना मिलते ही टड़ियावां थानाध्यक्ष अमित सिंह और नायब तहसीलदार हरियावां मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतका का मायका कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव डूड़ैला मजरा दालियानगंज में है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की गहनता से जांच की जा रही है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतका के परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और जल्द ही सच्चाई सामने आ जाएगी।

### मौनी अमावस्या पर गंगा घाटों पर उमड़ी भीड़,हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**हरदोई।** जनपद में मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर जनपद के विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। माघ महीने के इस विशेष दिन पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। बिलग्राम के राजघाट मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने स्वयं मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया और पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मल्लावां के बेरिया घाट, सांडी के कुसुमखोर गंगा घाट, चियासर तेरा और कुसुमखोर घाट पर भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने न केवल स्नान और पूजा-अर्चना की, बल्कि गरीबों और जरूरतमंदों को अन्न और वस्त्र दान भी किए। अरवल क्षेत्र में प्रशासन ने सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए थे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान से पापों का नाश और मोक्ष की प्राप्ति होती है। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन भी किया, जिससे सभी घाटों पर आध्यात्मिक माहौल बना रहा।

### कुंभ में भगदड़ पर संजय निषाद का विवादित बयान, बोले-इतने बड़े आयोजन में छोटी-मोटी घटनाएं होती हैं

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री और निषाद समाज पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद ने महाकुंभ में हुई भगदड़ की घटना को लेकर विवादास्पद बयान दिया है। हरदोई में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, इतने बड़े आयोजन और भीड़ में छोटी-मोटी घटनाएं होती रहती हैं। मंत्री ने घटना को दुखद बताते हुए कहा, श्मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं इस मामले को देख रहे हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे जहां जगह मिले, वहीं स्नान कर लें और अफवाहों से बचें। निषाद ने कहा, सरकार पूरी तरह मुस्तैद है और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने दावा किया कि दुनिया में शायद ही कहीं इतनी बड़ी भीड़ का इतना बड़ा प्रबंधन होता है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के महाकुंभ पर दिए गए बयान पर टिप्पणी करने से उन्होंने इनकार कर दिया और कहा कि यह उनका निजी विचार हो सकता है। बातचीत के दौरान मंत्री ने कहा कि यह घटना दुखद है। हमारी संवेदनाएं हैं। अगली बार कोशिश होगी कि जिन जगहों पर घाट बने हों, केवल उन्हीं जगहों पर स्नान का प्रबंध किया जाए। फिलहाल, मंत्री के इस बयान ने विवाद खड़ा कर दिया है, क्योंकि भगदड़ जैसी जानलेवा घटना को छोटी-मोटी घटना बताना कई लोगों को नागवार गुजरा है। विपक्षी दलों ने भी सरकार की व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।

### डिवाइडर से टकराई अनियंत्रित कार, नशे मेंधुत था चालक

**हरदोई।** नगर के नुमाइश चौराहे पर एक तेज रफ्तार कार का भीषण हादसा सामने आया। नशे में धुत चालक ने कार को अनियंत्रित कर दिया, जिससे वाहन डिवाइडर से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डिवाइडर के टुकड़े कई फीट दूर जा गिरे और कार का एयरबैग खुल गया। घटना में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। हादसे के बाद चौराहे पर यातायात बाधित हो गया, क्योंकि क्षतिग्रस्त कार सड़क के बीचोंबीच बंद पड़ी थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चालक की हालत से स्पष्ट था कि वह नशे में था, जिसके कारण वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी और बचाव कार्य में सहयोग किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए यातायात को सुचारू किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और प्रशासन ने नागरिकों से यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की है। यह घटना नशे में वाहन चलाने के खतरनाक परिणामों का एक और उदाहरण है, जो गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है।

### महाकुंभ जा रहे दो दोस्तों की बाइक डिवाइडर से टकराई,एक की मौत, दूसरा घायल

**रायबरेली।** लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में कुंभ स्नान जा रहे दो युवकों में से एक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घटना खैरहनी गांव के पास दोपहर करीब 12 बजे हुई। जब तेज रफ्तार और अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में घायल हुए दोनों युवक कानपुर नगर के मसवानपुर, थाना रावतपुर के रहने वाले हैं। विशाल शुक्ला (पुत्र कमलेश शुक्ला) और शिवम दुबे (पुत्र प्रेम नारायण दुबे) को राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां ले गई। वहां प्राथमिक परीक्षण के दौरान डॉक्टर प्रभात मिश्रा ने विशाल शुक्ला को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल शिवम दुबे को प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। शिवम ने बताया कि वे दोनों दोस्त कुंभ स्नान के लिए जा रहे थे। तभी यह हादसा हो गया। थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी के अनुसार मृतक विशाल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। उनके परिजनों को फोन के जरिए सूचना दे दी गई है।

### महाकुंभ यात्रियों के लिए रायबरेली में विशेष व्यवस्था

**रायबरेली।** जिला प्रशासन ने प्रयागराज महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं के लिए आईटीआई ग्राउंड में विशेष व्यवस्था की है। नगर पालिका के कार्यकारी अधिकारी स्वर्ण सिंह स्वयं सुबह से कैंप में मौजूद रहकर सभी व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। श्रद्धालुओं के लिए भोजन, पेयजल, शौचालय और चिकित्सा सुविधाओं का विशेष प्रबंध किया गया है। जिला प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय संस्थान और नागरिक भी श्रद्धालुओं की सहायता के लिए आगे आए हैं। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि यहां रुके हुए यात्री रायबरेली की मेहमाननवाजी का अच्छा संदेश लेकर जाएंगे। श्रद्धालुओं ने बातचीत में रायबरेली में की गई व्यवस्थाओं की सराहना की है। नगर पालिका के कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि स्थानीय नागरिकों का सहयोग प्रशासन को मिल रहा है, जिससे यात्रियों की सुविधाओं में कोई कमी न हो।

# घाघी नाले पर नहर निरीक्षण करने पहुंचे राजा राज राजेश्वर सिंह

» क्षेत्र को बाढ़ से निजात दिलाने के लिए राजा झंडी आए आगे सीएम व डीएम से मुलाकात कर बाढ़ की समस्या से कराया अवगत

लोकमित्र ब्यूरो



**निघासन-खीरी।** क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा बाढ़ से ग्रसित है और हर साल आने वाली बाढ़ किसानों की फसलों को नष्ट कर देती है व उनके घरों को तबाह कर देती है। निघासन क्षेत्र में बाढ़ की तबाही मचाने वाला घाघी नाला के प्रवाह को यदि सही दिशा देते हुए बंद नाले की खुदाई की जाए तो शायद क्षेत्र में बाढ़ जैसी तबाही न आए। इस विषम समस्या को देखते हुए क्षेत्र के सैकड़ों किसान झंडी स्टेट के राजा व भाजपा नेता राज राजेश्वर सिंह से मिले और अपनी समस्या से उन्हे अवगत कराया। जिसके बाद राजा राज राजेश्वर ने सीएम योगी आदित्यनाथ व डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से मुलाकात कर क्षेत्र को बाढ़ से निजात दिलाने के लिए विस्तृत चर्चा की और उन्हें इस समस्या के बारे लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए अवगत कराया।

जिसके बाद डीएम के निर्देश पर गिरजा बैराज के अधिशासी अभियंता सोभित कुमार अपनी टीम के साथ झंडी राज महल पहुंचे और राजा राज राजेश्वर सिंह से मुलाकात की व उनके साथ घाघी नाले पर पहुंचे और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के साथ निरीक्षण कर घाघी का पटा हुआ मार्ग चिन्हित कराया। जिससे संबंधित अधिकारियों ने शीघ्र खुदाई व जहां चौड़ाई कम है वहां चौड़ाई बढ़ाने का आश्वासन दिया है।

इस दौरान राज राजेश्वर सिंह ने संबंधित टीम के साथ घाघी नाले का कई जगह पर जाकर निरीक्षण किया ताकि नाले को सही दिशा दी जा सके। वहीं भाजपा नेता राज राजेश्वर ने यह भी बताया की घाघी नाले से जुड़ा हुआ तामोलीनपुरवा बंधा जो विगत वर्षों में आई बाढ़ से कट गया था, जिसका विकास विभाग की टीम द्वारा सर्वे किया जा चुका है और इस बंधे को जल्द ही मनरेगा श्रमिकों के द्वारा फिर से बनाया जायेगा।

इस दौरान निघासन चेयरमैन बद्रीप्रसाद मौर्य, पूर्व प्रधान नेकीराम शुक्ला, प्रधान रमेश भास्कर, बक्शीश सिंह, अमित सिंह के साथ दर्जनों क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

समय-समय पर क्षेत्रीय समस्याओं का लेते है संज्ञान अभी हाल ही में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनी झंडी रोड ऊंची हो गई थी मगर पश्चिम से आने वाली बाढ़ के पानी की निकासी की व्यवस्था संबंधित अधिकारियों द्वारा नही की गई थी।

जिसको लेकर क्षेत्रीय लोग राज राजेश्वर सिंह से मिले तो इन्होंने लखनऊ मंडल के कमिश्नर से इस संबंध में वार्ता की और इस समस्या के बारे में अवगत कराया। जिसके बाद झंडी रोड पर जगह-जगह पाइप डालकर पुलिया का निर्माण हुआ।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने सड़क पर जल भराव, राहगीर परेशान



लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** विकासखंड नकहा क्षेत्र के कस्बा नकहां में बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने डामरीकृत सड़क पर नालियों का गंदा पानी भरने से राहगीरों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल के निकट नाली की साफ-सफाई न होने से ओवरफ्लो के कारण सड़क पर नाली के गंदे पानी का जल भराव हो रहा है। और इस जल भराव को लेकर कोई अधिकारी ध्यान नहीं दे रहा है। नकहा निवासी जीतू बताते हैं की नालियों की साफ सफाई ठीक से नहीं की जा रही है जिसके कारण नाली का गंदा पानी सड़क पर भर रहा है और लोगों को साप्ताहिक बाजार आदि कस्बे में आवश्यक कार्य हेतु आने वाले लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है वही सुधीर का कहना है की कई बार शिकायत के बाद भी कोई जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या को ठीक कराने की जहमत नहीं उठा रहा है। उक्त मामले में जब खंड विकास अधिकारी नकहा से बात की गई तो खंड विकास अधिकारी नकहा के मीटिंग में व्यस्त होने के कारण बात नहीं हो सकी।

### महाकुंभ में भीड़ कम होने पर श्रद्धालुओं को मिली राहत, पुष्पवर्षा के साथ किया गया रवाना

**रायबरेली।** प्रयागराज महाकुंभ मेले में शाम 5 बजे भीड़ कम होने के बाद प्रशासन ने होल्डिंग एरिया में रुके श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र की ओर भेजना शुरू किया। प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा। होल्डिंग एरिया में रुके श्रद्धालुओं को पहले भोजन और नाश्ते की व्यवस्था कराई गई। इसके बाद उन्हें उनके निजी वाहनों और बसों में बैठाया गया। श्रद्धालुओं के सकुशल त्रिवेणी संगम पर स्नान के लिए जाने से पहले स्थानीय लोगों और प्रशासन ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। प्रशासन की पूरी निगरानी में श्रद्धालुओं को प्रयागराज की ओर रवाना किया गया। इस दौरान स्थानीय लोगों और प्रशासन ने श्रद्धालुओं की बसों और वाहनों पर पुष्पवर्षा कर उनको विदा किया। यह व्यवस्था श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए की गई।

## मौनी अमावस्या पर लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी



» जालिम नगर पुल के घाघरा तट पर हुई स्नान

लोकमित्र ब्यूरो

**धौरहरा-खीरी।** नये वर्ष में 29 जनवरी को मौनी अमावस्या स्नान ध्यान के लिए घाघरा नदी के जालिम नगर पुल घाट पर भीड को देखते हुए क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी। जानकारी के अनुसार मौनी अमावस्या स्नान/ध्यान को देखते हुए कोतवाली क्षेत्र के जालिम नगर पुल के घाट पर प्रत्येक त्योहारो पर लोगों की भारी भीड उमडती रहती है।जबकि आज अल सुबह प्रयागराज के गंगा नदी के तट पर भगदड़ मचने से घायलों व मौतों की सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी धौरहरा प्रीतम पाल सिंह के नेतृत्व में जालिम नगर घाट पर प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा समस्त उप निरीक्षक व अन्य पुलिस फोर्स के साथ मौके पर मौजूद रहे। ज्ञात रहे कि पिछली अमावस्या पर खमरिया थाना क्षेत्र के एक 28 वर्षीय युवक की मौत डूबने से हो गई थी।

## मौनी अमावस्या पर डुबकी के लिए गंगा घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



» दान-पुण्य कर मांगी सुख-समृद्धि की कामना

सुनील बाजपेई

कानपुर। आज यहां बुधवार को मौनी अमावस्या पर डुबकी के लिए सभी गंगा घाटों पर भारी भीड़ उमड़ी। इसके लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई अहम कदम उठाए गए। सभी घाटों में सुरक्षाबल भी तैनात रहे, ताकि गंगा स्नान में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। आज शहर के बिठूर, अटल, परमट, सरसैया, मैस्कर, सिद्धनाथ, शुक्लागंज समेत सभी 14 घाटों पर श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने के लिए हजारों की संख्या में पहुंचे्। इसके लिए घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पूरे इंतजाम किये गये थे। आचार्य अश्वनी तिवारी ने बताया कि माघ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या मौनी अमावस्या के नाम से जानी जाती है। इस अमावस्या को लेकर श्रद्धालुओं में बड़ी ही आस्था है। जबकि शास्त्रों के अनुसार भगवान शिव और पितरों के साथ-साथ भगवान विष्णु का पूजन किया जाता है। मान्यता है कि मौन रहकर गंगा स्नान करने से सुख समृद्धि और मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यदि किसी के ऊपर पितृ दोष भी हैं, तो आज के दिन गंगा स्नान कर दान-पुण्य करने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

## युवक ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

» पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

» मृतक मानसिक रुप से विप्क्षित था

लोकमित्र ब्यूरो



**धौरहरा-खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बुधवार को एक अधेड़ ने अपने घर के छप्पर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अपंडितपुरवा मजरा मिर्जापुर गांव निवासी रामू (40) पुत्र रामप्रसाद ने बुधवार दोपहर को अज्ञात कारणों के चलते अपने घर के अंदर छप्पर में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।घटना की सूचना पाकर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा पर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा ने बताया परिजनों के हवाले से युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जाता है इसका इलाज भी चल रहा था।

फांसी लगाकर आत्महत्या की है पोस्टमार्टम के लिए शव जिला मुख्यालय भेजा जा रहा है।

## बंदियों को कराया गया संगम जल से स्नान, जेल में मौनी अमावस्या पर विशेष आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर जिला कारागार में एक अनूठा आयोजन किया गया। कारागार प्रशासन ने बंदियों के लिए महाकुंभ स्नान का विशेष प्रबंध किया, जिसमें प्रयागराज के पवित्र संगम का जल मंगवाया गया। कारागार अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सनातन धर्म के बंदियों को मंत्रोच्चारण के साथ संगम जल से स्नान कराया गया। सर्व सिद्धिप्रदरू कुंभरूष् के सूक्ति वाक्य के साथ आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उन बंदियों की भावनाओं का सम्मान करना था।

जो महाकुंभ में स्नान नहीं कर पा रहे हैं। मौनी अमावस्या का दिन हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखता है। इस दिन प्रयागराज के संगम में स्नान करने से पापों का प्रायश्चित होने की मान्यता है। इस साल यह दिन और भी खास है क्योंकि महाकुंभ का तीसरा शाही स्नान भी इसी दिन हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान बंदियों ने भविष्य में अनैतिक कार्यो से दूर रहने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर जेलर अजय कुमार सिंह, चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण रंजन, उपजेलर आफताब अहमद अंसारी और ध्रुव नारायण श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### महाकुंभ जाने वाले रास्तों को प्रयागराज की सीमाएं सील

**प्रतापगढ।** मौनी अमावस्या स्नान पर्व के मद्देनजर प्रयागराज महाकुंभ में हाल ही में हुई दुर्घटना के बाद प्रशासन ने कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं। जिले के सभी बॉर्डर को सील कर दिया गया है और श्रद्धालुओं को ले जा रही सभी गाड़ियों, बसों और मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन रोक दिया गया है। प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में पूरे क्षेत्र की ड्रोन कैमरों से लगातार निगरानी की जा रही है।

अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर छीड़ा बॉर्डर, रजई सराय सहित सभी सीमाओं पर कड़ी चौकसी बरती जा रही है। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के महेशगंज थाना बॉर्डर लंगड़ी महुली के पास कुंभ स्नान करने वालों को पुलिस बैरियर लगाकर रोका जा रहा है।

### कुंभ हादसे में मृतकों के परिवार को मिले 1 करोड़, राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता का प्रस्ताव

**प्रतापगढ।** प्रयागराज महाकुंभ में हुए दुखद हादसे पर राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने इस दर्दनाक घटना में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। प्रमोद तिवारी ने प्रदेश सरकार से एक महत्वपूर्ण मांग रखी है। उन्होंने हादसे में मृत श्रद्धालुओं के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि देने का प्रस्ताव रखा है। साथ ही, घायल श्रद्धालुओं के लिए बीस-बीस लाख रुपये की चिकित्सीय सहायता की मांग की है। उन्होंने घायल श्रद्धालुओं को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया है। यह प्रस्ताव महाकुंभ में हुई इस त्रासदी से प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से रखा गया है।

## तीन दिवसीय रामकथा के बाद विशाल भंडारे के साथ समापन

लोकमित्र ब्यूरो



**रायबरेली।** जिले के सतांव क्षेत्र के खगिया खेड़ा गांव स्थित मां अष्टभुजी मंदिर में मूर्ति स्थापना की पांचवीं वर्षगांठ का समापन बुधवार को विशाल भंडारे के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत 26 जनवरी को श्री रामकथा के साथ हुई थी। तीन दिनों तक आचार्य राकेश पांडेय और मानस प्रवक्ता रोशनी मिश्रा ने श्री राम के जन्म से लेकर राज्याभिषेक तक की कथा का वर्णन किया और श्रोताओं को धार्मिक ज्ञान से अवगत कराया। समापन दिवस पर बुधवार को प्रातः हवन-पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

इसके बाद कन्या भोज का आयोजन किया गया। दोपहर से शुरू हुआ भंडारा देर शाम तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजक अशोक बाजपेई और मुन्नू बाजपेई ने बताया कि मां अष्टभुजी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा मौनी अमावस्या के दिन की गई थी। पांचवीं वर्षगांठ पर विशेष रूप से श्रीराम कथा का आयोजन किया गया, जिसका समापन भव्य भंडारे के साथ हुआ।

### सड़क हादसे में महिला की मौत, बाइक की टक्कर से हादसा

**प्रतापगढ।** जिले के फत्तनपुर थाना क्षेत्र में बुधवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 64 वर्षीय महिला की मौत हो गई। वाराणसी-लखनऊ राजमार्ग स्थित गाजी की बाग चौराहे पर हुए इस हादसे में रामापुर कौलापुर गांव की रहने वाली सोनपति देवी की जान चली गई। घटना उस समय हुई जब सोनपति देवी अपने नाती के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर दवा लेने जा रही थीं। इसी दौरान बादशाहपुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सोनपति देवी अपनी बेटी के घर कौलापुर गांव में रह रही थीं।

## 30 फीट गहरे नाले में गिरी कार, चालक ने कूदकर बचाई जान

लोकमित्र ब्यूरो

**रायबरेली।** जिले के शिवगढ़ क्षेत्र में बुधवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बांदा-बहराइच हाईवे पर स्थित पिपरी पुल से एक वैगनआर कार 30 फीट गहरे नाले में जा गिरी, लेकिन चालक की सूझबूझ से कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। घटना दोपहर करीब पौने 3 बजे की है। भवानीगढ़ गांव निवासी अभिषेक सिंह अपनी वैगनआर कार से दौलतखेड़ा जा रहे थे। पिपरी गेट के पास उन्हें फोन पर अपने चाचा रिंकू सिंह के निधन की सूचना मिली। यह दुखद खबर सुनकर वे भावुक हो गए और कार का नियंत्रण खो बैठे। घर वापस लौटने के लिए जब उन्होंने पिपरी पुल पर कार मोड़ने की कोशिश की, तभी कार अनियंत्रित होकर पुल से नीचे नाले की तरफजाने लगी। अभिषेक ने तत्काल सूझबूझ दिखाते हुए कार का दरवाजा खोला और कूद गए। उनके कूदने के तुरंत बाद कार नाले में गिरकर पलट गई और उसके परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर अभिषेक एक सेकंड की भी देरी करते तो बड़ा हादसा हो सकता था। बाद में लोगों की मदद से कार को बाहर निकाला गया। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने पुष्टि की कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ और चालक पूरी तरह सुरक्षित हैं। बाल-बाल बचे अभिषेक ने भगवान का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि भोलेनाथ ने उनकी जान बचाई है।

संक्षिप्त खबरें

## दर्शनार्थियों ने कहा-थैंक्यू अयोध्या पुलिस

### अयोध्या पुलिस की सतर्कता से मिला गुम हुआ ठिकाना

**अयोध्या।** महाराष्ट्र के नागपुर से आए श्रद्धालु विवेक राखे अपने परिवार के साथ 27 जनवरी को अयोध्या में श्री राम लला के दर्शन के लिए पहुंचे। दर्शन के बाद जब वे अपने रुकने के स्थान पर वापस लौटने लगे, तो उन्हें अपने गेस्ट हाउस का नाम और स्थान याद नहीं रहा। उनके पास वहां का कोई मोबाइल नंबर भी नहीं था।कई घंटे की खोजबीन के बाद रात लगभग 11 बजे वे अयोध्या के लक्ष्मण घाट पुलिस चौकी पहुंचे, जहां सिपाही नीतेश कुमार ड्यूटी पर तैनात थे। उन्होंने तुरंत चौकी प्रभारी जय किशोर अवस्थी को सूचना दी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी ने विवेक राखे और उनके परिवार से पूरी जानकारी ली, लेकिन वे गेस्ट हाउस का नाम बताने में असमर्थ थे।
परिवार के पास गेस्ट हाउस में रखा एक मोबाइल नंबर था, जिसे पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से ट्रैक किया। प्राप्त लोकेशन के आधार पर चौकी प्रभारी जय किशोर अवस्थी ने एक व्यक्ति को अपनी बाइक पर बैठाया और बताए गए स्थान की ओर रवाना हुए। लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर, रामकोट के आगे स्थित एक गेस्ट हाउस में उनके ठहरने की जगह का पता चल गया।इसके बाद पुलिस ने एक रिक्शा का इंतजाम कर पूरे परिवार को सुरक्षित उनके गेस्ट हाउस तक पहुंचाया। विवेक राखे और उनके परिवार ने अयोध्या पुलिस, विशेष रूप से चौकी प्रभारी लक्ष्मण घाट जय किशोर अवस्थी और उनकी टीम की त्वरित कार्रवाई और सतर्कता की सराहना की। परिवार ने पुलिस को धन्यवाद दिया और उनकी सेवा की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

## श्री अयोध्या न्यास के भंडारे में उमड़ी भारी भीड़

**अयोध्या।** श्री अयोध्या न्यास के तत्वाधान में पूर्व सांसद लल्लू सिंह द्वारा आयोजित भंडारे में भारी भीड उमड़ी। पार्टी कार्यालय सिविल लाइन अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन के निकट होने के कारण रेलगाड़ियों से आने वाले श्रद्धालु बड़ी संख्या में भंडारे में पहुंच रहे है। भंडारा स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए पेयजल, मोबाइल चार्जिंग की व्यवस्था की गई है। भंडारे की व्यवस्थाओं के लिए बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता लगे हुए है। भंडारे में भारी भीड़ के कारण प्रशासन द्वारा स्टेट बैंक तिराहे पर बैरिकेटिंग लगा कर वाहनों को रोक दिया गया है। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि मौनी अमावस्या स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे है। भण्डारे के माध्यम से उनके लिए भोजन का प्रबंध किया गया है। देर शाम तक हजारों लोगों ने भोजन किया। भंडारा गुरूवार तथा शुक्रवार को भी प्रात 10 बजे से रात 2 बजे तक चलेगा। डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं की है। भंडारें की व्यवस्थाओं के लिए जिला जीत सिंह, सूरज सोनकर, विपुल सिंह, अंकित दुबे, अनूप पांडे, आकाश गुलानी, अंकुर सिंह, नन्हे गुप्ता, जय नारायण सिंह रिंकू, पार्षद संतोष सिंह, श्री कृष्ण , बृजेन्द्र मनोज श्रीवास्तव, गणेश गुप्ता, राजकुमार सचदेवा को लगाया गया है।

## महाकुंभ के भगदड़ में मृतक श्रद्धालुओं को हिन्दू महासभा ने श्रद्धांजलि अर्पित की

**अयोध्या।** 28 और 29 जनवरी की मध्यरात्रि संगम तट पर मची भगदड़ में अनेक श्रद्धालुओं की मौत हो गई है, जबकि बहुत से श्रद्धालु घायल हो गए हैं। अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने मृतक श्रद्धालुओं की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए सभी मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्माओं की कामना की है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने महाकुंभ में प्रवास कर रहे राष्ट्रीय संगठन मंत्री पवन शर्मा से फोन पर संपूर्ण घटना की जानकारी प्राप्त की।हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने आज जारी बयान में यह जानकारी देते हुए कहा कि यह दुर्घटना दुखद है। उन्होंने मृतक श्रद्धालुओं के परिजनों को सांत्वना देते हुए ईश्वर से उन्हें यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। हिन्दू महासभा अयोध्या के जिलाध्यक्ष रामधन निषाद प्रधान जी ने भी मृतक श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सभी मृतक श्रद्धालुओं के निकटतम परिजनों को पचास पचास लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग की। अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं और साधु संतों को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री पवन शर्मा ने अपने श्रद्धांजलि संदेश में कहा कि दुर्घटना का मूल कारण अर्धरात्रि में संगम तट पर अधिक भीड़ का एकत्र होना है। उन्होंने कहा कि सभी श्रद्धालु संगम तट पर अमृत स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करने की लालसा लिए महाकुंभ में पहुंच रहे हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से संगम के अतिरिक्त निर्मित अन्य घाट पर स्नान कर भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने की अपील की है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में अन्य घाटों पर भी अमृत स्नान से संगम घाट पर अमृत स्नान के समान है एवं पुण्य अर्जित होता है।राष्ट्रीय मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसी दुर्घटना की पुनरावृति को रोकने के लिए मौनी अमावस्या स्नान और श्रद्धालुओं के प्रयागराज में प्रवेश को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा निर्देशों के अनुपालन में हिन्दू महासभा का एक फरवरी को प्रयागराज के लिए प्रस्थान करने वाले शिष्टमंडल का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। अब हिन्दू महासभा का शिष्ट मंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में 11 फरवरी को प्रयागराज महाकुंभ के लिए प्रस्थान करेगा और 12 फरवरी को त्रिवेणी संगम पर अमृत स्नान कर हिन्दू राष्ट्र निर्माण का संकल्प लेगा।12 फरवरी को प्रयागराज महाकुंभ में पहुंचने वाले शिष्टमंडल में राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रोफेसर यशपाल सिंह, राष्ट्रीय संगठन मंत्री पवन शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री ललित अग्रवाल, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री सत्येंद्र झा, राष्ट्रीय प्रवक्ता मदन लाल गुप्ता, दिल्ली के पूर्व महामंत्री संजय भदौरिया, हिन्दू महिला सभा की सीमा गुप्ता, सुशीला द्विवेदी सहित अनेक पदाधिकारियों के नाम शामिल हैं।

## बसपा एक राजनीतिक दल के साथ साथ एक विचारधारा है जो कभी भी अपने विचारधारा से समझौता नहीं कर सकती

**तारुन- अयोध्या ।**बहुजन समाज पार्टी एक राजनीतिक दल के साथ साथ एक विचारधारा है जो कभी भी अपने विचारधारा से समझौता नहीं कर सकती देश की इकलौती पार्टी बहुजन समाज पार्टी है जो कभी भी किसी उद्योगपति धन्ना सेठ के सामने नत मस्तक नहीं होती है वहीं दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस पार्टी सहित अन्य दल उद्योगपतियों से अकूत धन लेकर अपनी पार्टी को संचालित करते हैं और सरकार में आने के बाद उद्योगपतियों के इशारे पर काम करते हैं आज केंद्र कि भाजपा सरकार उद्योगपतियों के सामने नतमस्तक हो चुकी है यही कारण है कि हजारों करोड़ों रुपए उद्योगपतियों का ऋण माफ कर देती है और आम किसान बेहाल है हमें केंद्र व प्रदेश की सरकार की नीतियों को जन-जन तक उजागर करना होगा उदगार विकास खंड तारुन के ग्राम पंचायत गरौली के मजरा सठवा में आयोजित बहुजन समाज पार्टी के सेक्टर स्तरीय कैडर बैठक को संबोधित करते हुए बहुजन समाज पार्टी के मुख्य मंडल प्रभारी एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिलीप कुमार विमल ने कहीं उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी गरीबों की पार्टी है और गरीबों से आर्थिक सहयोग लेकर सत्ता सरकार में आने के बाद सबसे ज्यादा कार्य गरीबों के लिए ही करती है इसलिए देश के गरीब समाज के लोगों को बहुजन समाज पार्टी के साथ खड़ा होना होगा बैठक की अध्यक्षता जिला प्रभारी अयोध्या रामप्रकाश पाल एवं संचालन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हरिनाथ राव ने किया कैडर बैठक को गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी वीरेंद्र कुमार गौतम एवं रविंद्र भारती ने संबोधित करते हुए पार्टी को मजबूत बनाने का आवाहन किया कैडर बैठक में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हरिनारायण जायसवाल कमलेश तिवारी रामनरेश संजय सरोज जवाहरलाल पूर्व ग्राम प्रधान शिवकुमार सरोज राकेश कुमार पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सियाराम पासवान हंसराज आरती देवी सुमित्रा शत्रुघ्न प्रसाद सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## आग से गृहस्थी जलकर खाक

**अयोध्या।** हैदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम जाना के बढ़ईया गांव में सोमवार-मंगलवार की मध्यरात्रि में एक घर में आग लगने से गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। घटना में हरि ओम पुत्र राम चरित्र कोरी की छप्पर के मकान में रखा सामान और नगदी जल गई।

# मौनी अमावस्या पर अयोध्या में दिखा आस्था का महासागर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** मौनी अमावस्या पर अयोध्या में श्रद्धालुओ का सैलाब उमड़ पड़ा। मौन रहकर भोर में ही श्रद्धालुओं ने सरयू स्नान किया। इसके बाद श्रीराम के जयकारों से अयोध्या धाम गुंजायमान हो गया। देर शाम तक अयोध्या श्रद्धालुओं से पटी नजर आई। राम मंदिर और हनुमानगढ़ी के बाहर देर रात तक। श्रद्धालु कतारबद्ध दिखे। जानकारों का कहना है कि पिछले 72 घन्टे में 50 लाख से भी अधिक श्रद्धालु राम नगरी पहुंच चुके हैं। आने वाली वसंत पंचमी तक श्रद्धालुओं के आने का क्रम जारी रहेगा। प्रयागराज के महाकुम्भ की भीड़ का रेला अब अयोध्या की तरफ बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले से ही ऐसी संभावना जताते हुए अधिकारियों को निर्देशित कर दिया था, जिसके बाद सभी विभागों के प्रमुख सचिवों ने जिले के अधिकारियों के साथ भीड़ प्रबंधन को लेकर तमाम बंदोबस्त कर लिए थे। नतीजा यह रहा कि बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु दर्शन-पूजन करने के बाद लौट जा रहे हैं। सीएम योगी ग्राउंड जीरो से अयोध्या पर नजर बनाए हुए हैं।

### राम मंदिर और हनुमानगढ़ी पर सर्वाधिक भीड़

मौनी अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सरयू के घाटों पर डुबकी लगाई। वहीं चौधरी चरण सिंह घाट पर स्नान करते दिखे श्रद्धालु। इसके बाद श्रद्धालुओं ने सीधे मंन्दिरों का रुख किया। श्रद्धालु सबसे पहले हनुमानगढ़ी पहुंच रहे हैं। इसके बाद रामलला के दर्शन को पहुंच रहे हैं। हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए श्रृंगार हाट से लेकर मंदिर परिसर तक भारी भीड़ जमा है। यही हाल राम मंदिर का भी है।

### व्यापार में इजाफा, कारोबारियों को मुनाफा

अयोध्या धाम में भीड़ बढ़ने के बाद व्यापार में जबरदस्त इजाफा हुआ है। लड्डू प्रसाद कारोबारियों से लेकर होटल कारोबारियों को मुनाफा भी हो रहा है। होम स्टे संचालकों को भी निकल पड़ी है।

### सुरक्षा व सेहत के पुख्ता इंतजाम, मार्ग किये परिवर्तित



श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सेहत का ख्याल रखने के लिए विशेष इंतजाम किये गए हैं। अयोध्या धाम में पहुंची भीड़ को देखते हुए मेला क्षेत्र में सभी तरह के वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग भी मुस्तैद हो गया है। वसंत पंचमी तक के लिए सभी चिकित्सकों की छुट्टियां रद कर 24 घन्टे आकस्मिक सेवाओं को चालू रखने का निर्देश दिया गया है। सीएमओ डॉ. पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि 13 जगहों पर आस्थायी स्वास्थ्य शिविर का संचालन 26 फरवरी तक जारी रहेगा। वहीं आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि भीड़ को देखते हुए यातायात डायवर्ट किया गया है। हाईवे पर बड़े वाहनों को रोका गया है।

### अब 30 हजार श्रद्धालुओं के ठहरने के इंतजाम

भारी भीड़ को देखते हुए अयोध्या धाम के आश्रय स्थलों में ठहरने वालों की संख्या बढ़ा दी गई है। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि लगभग 30 हजार श्रद्धालुओं के ठहरने का इंतजाम किया गया है।

### एडीजी जोन ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

एडीजी जोन लखनऊ एसबी शिरोडकर भी बुधवार को तैयारियों के मद्देनजर अयोध्या पहुंच गए। स्नान के दौरान पहुंच रहे श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उनके साथ डीआईजी देवी पाटन मंडल अमित पाठक भी मौजूद रहे। वहीं मंडलायुक्त गौरव दयाल व आईजी प्रवीण कुमार ने कंट्रोल रूम से प्रमुख स्थलों का जायजा लिया।

### दिन के बाद रात में भी अफसर कर रहे भ्रमण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद जिले के अधिकारियों ने श्रद्धालुओं के लिए दिन रात एक कर दिया है। मण्डलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह, एसएसपी राजकरण नैयर व नगर आयुक्त संतोष शर्मा दिन के अलावा रात में भी मेला क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं। रात 10 बजे के बाद से अधिकारी ढाई बजे तक सड़कों पर दिखाई पड़ते हैं।

### नेपाल की सांसद ने की मोदी और योगी की तारीफ

महाकुम्भ में स्नान कर नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की सबसे कम उम्र की सांसद विनीता कठायत परिवार के साथ राम लला का दर्शन करने पहुंचीं। उन्होंने पीएम मोदी व सीएम योगी को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि वह मुख्यमंत्री से मिलने के लिए लखनऊ भी जाएंगी। नेपाल और भारत के संबंधों के साथ-साथ नेपाल और उत्तर प्रदेश संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में बातचीत करेंगी। महाकुम्भ में अच्छी व्यवस्थाओं को लेकर सीएम योगी को धन्यवाद दिया।

## मिल्कीपुर में व्यापारी सम्मेलन गुरूवार को , नंद गोपाल नंदी करेंगे व्यापारियों से संवाद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा के इनायत नगर बाजार में आस्कर केरला पब्लिक स्कूल में प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी व राज्य मंत्री रविन्द्र जायसवाल क्षेत्र के व्यापारी सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। अध्यक्षता विधायक वेद प्रकाश गुप्ता करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन प्रात 11 बजे से किया गया है। मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर पार्टी पदाधिकारियों द्वारा टोलियां बनाकर व्यापारियों से सम्पर्क किया जा रहा है। आयोजन में बड़ी संख्या में व्यापारियों की मौजूदगी रहेगी। आयोजन को लेकर कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौप दी गई है।

## एकजुटता के साथ परिश्रम कर चुनाव में बड़ी जीत करना है सुनिश्चित -धर्मपाल सिंह

**▸▸मिल्कीपुर चुनाव को लेकर पदाधिकारियों से ली चुनावी रिर्पोट**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** मिल्कीपुर के केरला पब्लिक स्कूल में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं बूथ विजय का मंत्र दिया। कई सत्रों में चली बैठक में उन्होंने मंडल अध्यक्ष, प्रवासी, प्रभारी तथा चुनाव में लगाए गए पदाधिकारियों से चुनावी कार्यो की रिर्पोट लिया। बैठक में धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर शत प्रतिशत विजय की रणनीति बनाकर काम करना है। हर घर तथा हर मतदाता से संपर्क व संवाद करना है। केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजना तथा ऐतिहासिक निर्णय की जानकारी हमें घर-घर पहुंचना है। एकजुटता के साथ परिश्रम कर चुनाव में बड़ी जीत सुनिश्चित करना है। सभी मिलकर योजनाबद्ध होकर बूथ विजय की अभेद्य रणनीति पर काम करें।उन्होंने कहा कि चुनाव की जीत में बूथ के पदाधिकारी व पन्ना प्रमुखों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। मतदाताओं से संपर्क और संवाद से भाजपा के पक्ष में जोड़ना तथा शत प्रतिशत मतदान के लिए सभी को प्रेरित भी करना है। उन्होंने कहा कि मोर्चो, विभाग व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी अपने अपने बूथ पर सक्रियता बढ़ाकर लोगों तक पहुंचे। सभी को अपने बूथ पर विजय दिलाने की जिम्मेदारी निभानी है। पन्ना प्रमुख अपने क्षेत्र मे आने वाले मतदाताओं से रोजाना किसी न किसी माध्यम से चर्चा अवश्य करें। सभी पदाधिकारियों को आपसी सामंजस्य के साथ चुनावी रणनीति तैयार करनी है। बूथ कमेटियों की बैठकों के माध्यम से प्रतिदिन की योजना तैयार करके काम करना है। भाजपा बहुत बड़ी जीत की ओर बढ़ रही है। जीत का अंतर और अधिक ज्यादा हो इसके लिए बूथ पदाधिकारी व सेक्टर प्रमुख चुनाव को लेकर सक्रिय रहें। पार्टी कार्यक्रमों व जनसम्पर्क से लेकर रोजाना आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर साझा किया जाए।बैठक में प्रमुख रूप से जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सूर्य प्रताप शाही, मयंकेश्वर शरण सिंह, जेपीएस राठौर, दयाशंकर मिश्र दयालु, सतीश शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, एमएलसी अवनीश पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक रामचंद्र यादव, वेद प्रकाश गुप्ता, अमित सिंह चौहान, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अवधेश पाण्डेय बादल, ओम प्रकाश सिंह, कमला शंकर पाण्डेय, अभिषेक मिश्र, सहकारी बैंक के सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, रघुनंदन चौरसिया, राघवेन्द्र पाण्डेय, राधेश्याम त्यागी, पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ, रामू प्रियदर्शी सहित मौजूद रहे।



## अयोध्या को जल्द मिलेगा रामायण विश्वविद्यालय, निर्माण कार्य में तेज़ी

### विश्वविद्यालय के भवनों को रामायण के प्रमुख पात्रों के नाम पर रखा जाएगा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या ।** रामायण के आदर्शों और भारतीय संस्कृति की गहरी जड़ों को एक आधुनिक शिक्षा प्रणाली में पिरोने का महत्वाकांक्षी परियोजना अब अपने अंतिम चरण में है। महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, और इसके 2025 में शैक्षणिक सत्र शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य भारतीय सांस्कृतिक धरोहर और प्राचीन शिक्षा पद्धतियों को एक आधुनिक दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत करना है। इसके लिए विश्वविद्यालय परिसर में कई भवन बन चुके हैं और कुछ का फिनिशिंग कार्य अभी चल रहा है। विश्वविद्यालय के भवनों को रामायण के प्रमुख पात्रों के नाम पर रखा जाएगा, ताकि यह परिसर अपनी सांस्कृतिक और पौराणिक पहचान को और प्रगाढ़ कर सके।यह विश्वविद्यालय भारतीय संस्कृति, वेद, उपनिषद, आयुर्वेद, योग और धर्मशास्त्र के विषयों के अलावा आधुनिक विषयों का भी समावेश करेगा। यहां क्क रस्क्क क्कस्र., क्कष्टश्वद्ग., रूष्टश्वद्ग. जैसे पारंपरिक और आधुनिक पाठ्यक्रमों के साथ-साथ तकनीकी और गैर-तकनीकी पाठ्यक्रमों का अध्ययन भी होगा। यह छात्रों को एक व्यापक शिक्षा का अवसर प्रदान करेगा, जिसमें वे भारतीय और पश्चिमी ज्ञान परंपराओं का समग्र अध्ययन कर सकेंगे।



महर्षि संस्थान के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य को गति दी जा रही है, और यह विश्वास जताया जा रहा है कि यह परियोजना अयोध्या के विकास को और नई ऊँचाइयों पर ले जाएगी। रामायण विश्वविद्यालय न केवल भारतीय संस्कृति के अध्ययन में गहरी रुचि रखने वाले छात्रों और शोधकर्ताओं को आकर्षित करेगा, बल्कि यह पूरी दुनिया से शिक्षा प्राप्ति के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभर सकता है।इस विश्वविद्यालय की स्थापना अयोध्या को एक नया पहचान देने के साथ-साथ भारतीय ज्ञान और संस्कृति को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का एक महत्वपूर्ण कदम होगी। आने वाले समय में, यह विश्वविद्यालय भारतीय सांस्कृतिक और शैक्षिक धरोहर का एक प्रमुख केंद्र बन जाएगा, जो देश-विदेश से छात्रों और विद्वानों को आकर्षित करेगा।

## ईओ सीमा रॉय के आदेश को भी नहीं तव्वजो देते कर्मचारी

**गोसाईगंज-अयोध्या।** गोसाईगंज नगर पंचायत के कर्मचारी बेलगाम हो गये हैं वह ईओ के आदेश को भी ठेंगा दिखाने से नहीं बाज आते हैं।अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि पंचायत कर्मचारियों की मनमानी पर जनता की शिकायतों का कितना निस्तारण होता होगा, इसका अंदाजा स्वयं ही लगाया जा सकता है?मालूम हो कि गोसाईगंज नगर पंचायत के तेलियागढ़ वार्ड में तैनात एक सफाई कर्मी बीते कई महीनों से अपनी ड्यूटी को बखूबी अंजाम दे रहा था उसकी शिकायत न तो कभी मोहल्ले वासियों ने पंचायत प्रशासन से की और न ही सभासद ने ईओ व चेयरमैन से की।बावजूद सफाई नायक का कार्य भार देख रहे जैसराज गौड द्वारा उस सफाई कर्मचारी को बीते 1 जनवरी से हटा कर दूसरी जगह लगा दिया ग़या। सफाई नायक का कार्यभार देख रहे जैसराज गौड की लिखित शिकायत सभासद ने नगर पंचायत प्रशासन से की तो जिम्मेदाराना ने उसे अनदेखा कर दिया।इतना ही नहीं जनवरी माह के तीसरे सप्ताह में सभासद के घर के पीछे लगे कूड़े की ढेर जब दोपहर तक नहीं उठी तो सभासद ने मामले की शिकायत ईओ सीमा रॉय से की।मामले की गंभीरता को देखते हुए ईओ श्री मती राय ने सभासद रविंदर यादव व कल्लू कुरैशी के सामने ही सफाई नायक जैसराज को निर्देशित कर तुरंत कूड़े को उठवाने के लिए कहा, बावजूद जैसराज ने उनकी बातों को अनसुना कर दिया। बीते 5 दिन पूर्व नगर पंचायत कार्यालय परिसर के अंदर बने यूरिनल/शौचालय पर लगाए गए शुल्क पर हो रहे छीछालेदर एवं बदनामी तथा अपनी किरकिरी को छुपाने के लिए ईओ सीमा राय ने आनन फानन डैमेज कंट्रोल करने के लिए 2 दिन पूर्व टी पार्टी की बात कह कर सभी सभासदों को बुलाकर बिना उनकी सहमति के लगाए गए यूरिनल/शौचालय शुल्क पर हाथ जोड़कर जहां खेद व्यक्त किया वही जल कल प्रभारी शिव शंकर वर्मा के द्वारा सफाई नायक जैसराज गौड को निर्देशित कर उस सफाई कर्मी को तत्काल प्रभाव से अपने पुराने कार्य स्थल पर काम पर भेजने का निर्देश दिलवाया।

## सबका साथ-सबका विकास नारे पर मुहर लगाएगी जनता-सतीश शर्मा

**▸▸मिल्कीपुर के मेहदौना गांव में चुनावी सभा को खाद्य रसद राज्य मंत्री ने संबोधित किया**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव में बुधवार को क्षेत्र के मेहदौना गांव में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि इस बार मिल्कीपुर की जनता जाति-बंधन से उठकर मोदी-योगी के नेतृत्व में चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं और सबका साथ-सबका विकास के नारे पर मुहर लगायेगी।
उन्होंने सपा सांसद धर्मेंद्र यादव के सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग एवं सपा कार्यकर्ताओं पर फर्जी मुकदमे लगाने के आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि उपचुनाव में भारी मतों से होने वाली हार के डर की बौखलाहट से सपा ऐसा अनर्गल आरोप लगा रही है।सपा को एहसास हो गया है कि इस बार मिल्कीपुर में परिवारवाद नहीं चलेगा। मंत्री ने छुट्टा जानवरों के संबंध में कहा कि हमारी सरकार मिल्कीपुर में तीन बृहद गौशालाओं का निर्माण करा रही तथा कई अन्य गौशालाएं क्षेत्र में पहले से ही कार्य कर रही हैं।उन्होंने सपा पर आरोप लगाया कि जनता ने पूर्व में इस क्षेत्र से सपा का विधायक और सांसद चुना परंतु उनकी निधियों के करोड़ों रुपए से सपा ने इस समस्या के लिए कुछ भी नही किया है। जनसभा का संचालन भाजपा नेता सत्य प्रकाश शुक्ला एवं अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र गिरि बाबा ने किया।
इस मौके पर प्रदेश महामंत्री (वैश्य समाज) पंकज कौशल,काशीराम यादव,राम लौटन कनौजिया,इंद्रपाल यादव,अनिल कुमार,पूर्व बीडीसी शमशाद खान,राम मूरत,दिवाकर विश्वकर्मा,ग्राम प्रधान पलिया माफी सुरेश कुमार, मनोज श्रीवास्तव, अकरम खान, बृज किशोर कौशल, बीडीसी सोनू खान, फिरोज खान, बृजेश यादव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मैं राम वंशी हूं, पुस्तक पर हुई जबरदस्त चर्चा, हर व्यक्ति रामवंशी है: मनोज सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में दिल्ली की साहित्यिक, सांस्कृतिक संस्था 'कस्तूरी' और अमर शहीद संत कँवरराम साहिब सिंधी अध्ययन केंद्र, अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अवकाश प्राप्त अधिकारी मनोज सिंह द्वारा लिखे गए उपन्यास 'मैं रामवंशी हूं' पर सृजनात्मक, सकारात्मक और अकादमिक चर्चा हुई। श्री सिंह ने बताया कि इस पुस्तक को लिखने की प्रेरणा उन्हें सिंधु दर्शन यात्रा के दौरान हुई। श्री मनोज ने कहा कि सूर्पनखाओं की संख्या बढ़ गई है इसलिए सभी को रामवंशी होना ही पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि हर व्यक्ति रामवंशी है, इस भाव को मन मे रखकर यह पुस्तक उन्होंने लिखी नहीं बल्कि राम के प्रभाव ने उनसे लिखवा ली है।
मुख्य वक्ता साहित्यकार विजय रंजन ने संवाद शैली में लिखी इस पुस्तक को संस्कार कथा कहते हुए उपन्यास विधा में इसे नवीन प्रयोग बताया। श्रीरंजन ने इसे एक ओर तुलसी की शैली तो कहा किंतु अनुकरण मानने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि पुस्तक में रामकथा से विचलन अत्यंत प्रशंसनीय है। विदुषी डॉ0 शोभा सत्यदेव ने इसे प्रबंधात्मक आख्यान और राम कथा का संदर्भ ग्रंथ कहा, क्योंकि सभी कथा प्रसंगों का प्रमाण संदर्भ देकर प्रस्तुत करना इस पुस्तक का वैशिष्ट्य है। हिंदी विद्वान प्रो. सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने भी इसे उपन्यास से अधिक समकालीन संदर्भों में रामकथा की प्रामाणिक संस्कार कथा कहना अधिक उपयुक्त समझा। श्री त्रिपाठी ने इस पुस्तक में पाया कि रामवंशी नामक चरित्र लव जिहाद, धर्म परिवर्तन और आतंकवाद के खिलाफ संघर्षरत है। सिंधी अध्ययन केंद्र के मानद निदेशक प्रो0 अनूप कुमार ने मनोज सिंह को राम के गुणों को नये संदर्भो में जन-जन तक पहुंचाने के लिए साधुवाद दिया।साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दानपति त्रिपाठी ने पुस्तक की शैली की सराहना करते हुए कहा कि यह कथा नहीं अपितु गंभीर गवेषणात्मक उत्कृष्ट शोधग्रंथ है। साकेत महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष दीपक कृष्ण वर्मा अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि बिना शिव के राम प्राप्त नहीं हो सकते। सिंधी अध्ययन केंद्र के सलाहकार ज्ञान प्रकाश टेकचंदानी 'सरल' ने इस अवसर पर स्मरण कराया कि श्रीराम के पुत्रों लव कुश को पश्चिमोत्तर भारत का साम्राज्य दिया गया था।जिसके अंतर्गत वृहत्तर सिंध प्रदेश था। सिंधी समाज अपने को लव का वंशज लोहणा राजपूत वंश का कहता है। चूंकि उनके पूर्वज सिंध से आये सिंधी हैं,लोहाणा हैं। इसलिए वे सच्चे रामवंशी हैं। इससे पहले लाडली भारद्वाज ने 'राम भक्तों तुम्हें अयोध्या बुला रही है' गाकर सभी को आह्लादित किया। इस चर्चा कार्यक्रम में साकेत महाविद्यालय के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ0 असीम त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन कस्तूरी-संस्था के सचिव विशाल पांडेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षक एवं गणमान्य उपस्थित रहे।



# शिक्षकों ने समस्याओं को लेकर बीएसए को घेरा

## पांच सूत्री ज्ञापन देकर समस्या निस्तारण की मांग






**बलरामपुर।** बुधवार को विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन जिला इकाई ने शिक्षक समस्याओं को लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है ज्ञापन में मुख्य रूप से अपार आईडी बनाने में आ रही दिक्कतों पर शिक्षकों का वेतन रोकने जैसी कार्रवाई न किया जाए, स्कूलों में भेजी जा रही कन्वर्जन कास्ट काफी कम है बच्चों के सापेक्ष भेजा जाए आदि मांग शामिल है। संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार चौहान एवं जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार शुक्ला संयुक्त नेतृत्व में शिक्षक प्रतिनिधिमंडल बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला से मुलाकात कर समस्याओं का ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मुख्य रूप से अपार आईडी का कार्य स्कूलों में युद्ध स्तर पर शिक्षण कार्य कर रहे हैं तमाम अभिभावक बच्चों का आधार देने में आनाकानी कर रहे हैं एवं अभिलेख नहीं उपलब्ध करा रहे हैं इस कारण स्कूलों में प्रगति थोड़ी धीमी चल रही है फिर भी शिक्षक बराबर प्रयास करके अपने कार्य में लगे हुए हैं ऐसे में खंड शिक्षा अधिकारी वेतन रोकने जैसे कार्य कर रहे हैं जो गलत है संगठन इसका विरोध करेगा। कन्वर्जन कास्ट के अंतर्गत विद्यालयों में बहुत कम धनराशि भेजी जा रही है जबकि अधिकांश विद्यालयों का दिसंबर 2024 तक का काफी बकाया है ऐसी स्थिति में एमडीएम योजना के सुचारू रूप से संचालन हो सके तो स्कूलों को निर्धारित धनराशि भेजी जाए ताकि बच्चों को योजना का लाभ दिया जासके बच्चों को फल एवं चिक्की देने की भी धनराशि स्कूलों को दी जाए। ज्ञापन में कोरोना कल से पहले बच्चों का नामांकन बिना आधार के हुआ था अतः उनकी जन्मतिथि आधार से मिल नहीं खा रही है ऐसी स्थिति में अपार आईडी बनने में काफी परेशानी हो रही है इसके लिए कोई विकल्प या उचित दिशा निर्देश विभाग करें, जिले के विभिन्न शिक्षा क्षेत्र में तमाम विद्यालय जर्जर अवस्था में है जिससे कोई भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है ऐसे विद्यालयों के ध्वस्तिकरण के लिए दिशा निर्देश दियाजाए। इस अवसर पर जिला महामंत्री तुलाराम गिरी वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप चौहान धर्मेंद्र कुमार गुप्ता शिवाकांत त्रिपाठी राघवेंद्र प्रताप मिश्र आशुतोष श्रीवास्तव विजेंद्र दुबे, पूर्व माध्यमिक जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ मंडलीयउपाध्यक्ष अशोक कुमार उपाध्याय ,विनोद कुमार पाण्डेय, सुदीप सिंह, संतोष कुमार शुक्ल, चंद्रेश मिश्रा, रत्नेश ओझा, नीरज द्विवेदी, रामानुज वर्मा, शंकर शुक्ल आदि शिक्षक संघ पदाधिकारी रहे।

# जिले के बॉर्डर पर ही रोके गए भारी वाहन, मुस्तैद रहा प्रशासन



**सीतापुर।** मौनी अमावस्या पर प्रयागराज में लगे महाकुंभ मची भगदड़ में मौतों के बाद जिला प्रशासन भी सतर्क हो गया। बुधवार की सुबह भारी वाहनों को डायवर्जन करके दूसरे रास्तों से उन्हें गंतव्य के लिए रवाना किया गया। रोडवेज परिसर में प्रयागराज जाने वाली दो से तीन बसें खड़ी मिलीं, वहीं कई यात्री ऐसे मिले जिन्हें प्रयागराज जाना था लेकिन बसें न मिलने के कारण वह घंटों से इंतजार कर रहे थे। सबसे ज्यादा परेशानी में प्रयागराज से जनपद के रास्ते गोरखपुर जाने वालों को हुई। कोई भी बस नहीं होने के कारण उन्हें स्टेशन पर काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। वहीं स्टेशन का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी उन्हें इस बारे में कोई सही जानकारी नहीं दे पा रहा था। जिसके कारण वह हलकान थे। अगर किसी बस के जाने की सूचना मिलती तो लोग अपना सामान उठा दौड़ लगा देते।

# प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह से सम्मानित हुए आदर्श अध्यापक

## बुनियादी शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 30 अध्यापकों को मिला सम्मान



**बलरामपुर।** जिले के बुनियादी शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को बेसिक शिक्षा कार्यालय में सम्मानित किया गया ।यह सम्मान बीएसए ने आदर्श शिक्षक सम्मान 2025 के रूप में 30 अध्यापकों को दिया है। इनमें नगर क्षेत्र के तीन अध्यापक सहित अन्य नौ विकासखंड के 27 अध्यापक शामिल है। आदर्श शिक्षकों को स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। बेसिक शिक्षा कार्यालय कैंपस में स्थापित रिसोर्स केंद्र के सभागार बुनियादी शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्राथमिक उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालय के शिक्षकों को आदर्श शिक्षक सम्मान 2025 से नवाजा गया है इनमें 30 शिक्षक शामिल है नगर क्षेत्र से प्रधानाध्यापिका स्वाति श्रीवास्तव शबीना बानो एवं मनोरमां जायसवाल शामिल है इसी क्रम में पचपेड़वा शिक्षा क्षेत्र से सहायक अध्यापक कृष्ण बहादुर ,पंकज कुमार एवं राम आशीष, गैसड़ी से सहायक अध्यापक आशीष द्विवेदी प्रनाध्यापक इंद्र बहादुर यादव, पवन कुमार जायसवाल, रेहरा बाजार शिक्षा क्षेत्र से प्रधानाध्यापिका कनक लता मिश्रा सहायक अध्यापक देवेंद्र सिंह ,अब्दुल मुतिन , बलरामपुर शिक्षा क्षेत्र से प्रधानाध्यापक मुजीबुल्लाह अंसारी सिम्मी सिंह बबीता चौहान प्रतिमा मिश्रा वत्सला मिश्रा को आदर्श शिक्षक सम्मान 2025 से नवाजा गया है इसी क्रम में गंडास बुजुर्ग से प्रधानाध्यापक अशोक कुमार चौहान सहायक अध्यापक प्रेमचंद शर्मा गोविंद वर्मा शिक्षा क्षेत्र हरैया सतघरवा से सुधीर कुमार,स्वाति, हेमंत वर्मा तुलसीपुर शिक्षा क्षेत्र से प्रधानाध्यापक दांडेकर नारायण तिवारी सिकंदरा आजम खान प्रीति वर्मा एवं श्री दत्तगंज शिक्षा क्षेत्र से संगीता यादव अजय कुमार सिंह विनय प्रकाश शालिनी यादव शामिल है इन सभी अध्यापकों को बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला ने आदर्श शिक्षक सम्मान 2025 से सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर उनके कार्यो की सराहना की है। बीएसए ने कहा कि यह सम्मान कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष प्रत्येक शिक्षा क्षेत्र से बुनियादी शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अध्यापकों को दिया जाता है। उन्होंने अन्य अध्यापकों को इन अध्यापकों से सीख लेते हुए स्कूलों में बुनियादी शिक्षा पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया है इस अवसर पर बीईओ अशोक पाठक घनश्याम वर्मा, श्याम नारायण आर्य, रमेश चंद्र मौर्य, रामचंद्र मौर्य, सामुदायिक सहभागिता जिला जिला समन्वयक निरंकार पांडे, डीसी प्रशिक्षण मोहित देव त्रिपाठी, जिला निर्माण समन्वयक एन के सिंह, डीसीएमडीएम फिरोज अहमद समेकित शिक्षा समन्वयक आभा त्रिपाठी कनिष्ठ सहायक आशुतोष मिश्रा संजय श्रीवास्तव राम बहादुर अनिल पांडे, ईएमआईएस इंचार्ज अंकुर मिश्रा अर्जुन सोनकर खबर फारुकी दिलेराम आदि शामिल रहे हैं।

# गरीबों की मदद के लिए दीप नेत्रालय सदैव तत्पर- डॉ कुलदीप

## नेत्र चिकित्सा शिविर में 195 मरीजो के आंखों की हुई जांच 32 मिले मोतियाबिंद से पीड़ित

- मोतियाबिंद के मरीजों का दीप नेत्रालय में हुआ निशुल्क ऑपरेशन
- सामाजिक संस्था नेमध्य नगर में लगाया निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर



**बलरामपुर।** सामाजिक संस्था भानु सेवा संस्थान के तत्वाधान में तुलसीपुर के मध्य नगर में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया इस चिकित्सा शिविर दीप नेत्रालय के वरिष्ठ सर्जन डॉक्टर कुलदीप विश्वकर्मा की टीम ने 195 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया है। 32 मरीज मोतियाबिंद के मिले हैं जिनका निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।संस्थान के अध्यक्ष अजय सिंह के सहयोग से मध्य नगर ग्राम पंचायत में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नेत्र परीक्षक रवि कुमार, मैनेजर व कुमार पांडे एवं धर्मवीर कश्यप ने 195 मरीज के आंखों की जांच की है 70 मरीज को निशुल्क दवाइयां दी है शिविर में 32 मरीज मोतियाबिंद के चिन्हित किए गए है।

इनका निशुल्क ऑपरेशन दीप नेत्रालय में वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉक्टर कुलदीपविश्वकर्मा ने किया है। भानु सेवा संस्थान के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा की वरिष्ठ नेत्र सर्जन के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्र के मरीज के आंखों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा सका है। इतना ही नहीं दवाइयां के साथ चिन्हित मोतियाबिंद के मरीज का डॉक्टर कुलदीप विश्वकर्मा द्वारा निशुल्क ऑपरेशन करने से गरीबों के आंखों की रोशनी वापस आई है एवं निशुल्क होने से उन्हें आर्थिक रूप से राहत मिली है।

# विधिक साक्षरता शिविर में बेटियों को मिली धूम्रपान निषेध की जानकारी

## केजीबीवी देहात में विधिक साक्षरता में शामिल हुए अपर जिला जज

**बलरामपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय देहात क्षेत्र में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बेटियों को धूम्रपान एवं मद्यपान के संबंध में जानकारी देते हुए इससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया है।

शिविर के अध्यक्षता अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विमल प्रकाश आर्य ने किया है। उन्होंने विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में बेटियों को धूम्रपान एवं मद्यपान से दूर रहने की नसीहत दी है उन्होंने कहा कि आज धूम्रपान से सबसे अधिक प्रभावित युवा है धूम्रपान करने से तमाम जानलेवा बीमारियां जन्म ले रही हैं इसे खुद से दूरी बनाएं एवं अपने आसपास के लोगों को धूम्रपान के प्रति जागरूक करें। उन्होंने शिविर में अन्य विधिक



जानकारी छात्राओं को दी है। बालिकाओं के जन्म एवं शिक्षा अधिकार से संबंधित विभिन्न जानकारियां को भी बेटियों से साझा किया है।

उन्होंने कहा कि दहेज हत्या ,घरेलू उत्पीड़न, बाल अपराध, बाल श्रम , पाक्सो अधिनियम सहित अन्य तमाम तरीके की विधिक जानकारी देकर बेटियों को जागरूक किया है। विद्यालय की वार्डन शिरीन हसन ने छात्रों को कानूनी जानकारी देने पर आभार जताया है। इस दौरान सुनीला देवी ,रुचि चौधरी ,अर्चना पांडे, दीपमाला गौतम ,ऋचा शुक्ला, अकील खान ,परवीन फातमा ,अनुपम तिवारी ,अजीत नारायण उपाध्याय, निखिल गुप्ता सुनीता देवी अनुपम मिश्रा श्रीदेवी आदि शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे हैं।

# नैमिषारण्य में मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**सीतापुर।** नैमिषारण्य में माघ मास के प्रमुख स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पवित्र तीर्थ नैमिषारण्य में आस्था की डुबकी लगाई। इस पवित्र मौके पर पौराणिक तीर्थ नैमिषारण्य में पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान दान एवं तर्पण किया। सर्व प्रथम श्रद्धालुओं ने मौन रखकर आदिगंगा गोमती एवं आस्था के केन्द्र चक्रतीर्थ में स्नान कर मौन व्रत पूर्ण किया। जिसके बाद तीर्थपुरोहितों को दान देकर पुण्य एवं यश अर्जित किया। इस दौरान तीर्थ में श्रद्धालुओ ने विधि-विधान से तीर्थ के मंदिरों में दर्शन पूजन किया व मनौतियां मांगी। वही कुंभ का असर नैमिषारण्य मौनी अमावस्या पर भी देखने को मिला। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार काफी कम रही श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई दी। रात्रि 12 बजे के बाद से ही तीर्थ व गोमती में स्नान एवं आचमन मार्जन का सिलसिला प्रारम्भ हो गया था। पुरोहितों को अन्न एवं दक्षिणा भेंट कर पुण्य लाभ अर्जित किया। प्रातः काल ठंड के चलते स्नानार्थियों की संख्या में थोड़ी कमी दिखी लेकिन सूर्य के उदय होते लोगों का तांता बढ़ता ही गया, जो देर शाम तक चलता रहा। चक्रतीर्थ स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मां ललिता देवी मंदिर में प्रसाद चुनर चढ़ाकर माथा टेका और पवित्र पंचप्रयाग तीर्थ का मार्जन किया । इसके उपरांत प्रमुख दर्शनीय स्थलों कालीपीठ, हनुमान गढ़ी, सूत गद्दी, व्यासगद्दी, देवपुरी मंदिर, बाला जी मंदिर, देवदेवेश्वर समेत अनेक मंदिरों में माथा टेका एवं मनौतियां मांगी।



# परशुराम युवा वाहिनी ने महाकुम्भ मे स्नान के लिए आये श्रद्धांलुओं की सेवा

**सुल्तानपुर।** परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक रजि. ब्राह्मण संगठन पुनः अपने सामाजिक कार्य मे आगे आयी। इस बार महाकुम्भ मे स्नान के लिए जा रहे भक्तो के लिया सेवा किया। 12 से 16 घंटे से लम्बे जाम मे फसे हुए श्रद्धांलुओं के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग अयोध्या से प्रयागराज मार्ग पर पायागीपुर चौराहा सुल्तानपुर मे स्टाल लगा कर बिस्कुट और चाय देकर पदाधिकारियों ने श्रद्धांलुओं की सेवा किया।

हजारों से अधिक की संख्या मे भक्तो की सेवा संगठन के पदाधिकारियों ने की। इस कार्यक्रम का सयोजन की जिम्मेदारी खुद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं अमित कुमार तिवारी ने की और कार्यक्रम की व्यवस्थापक पं अर्जुन पाठक, एडवोकेट पं नीरज दुबे जिला उपाध्यक्ष ,एडवोकेट बिपिन मिश्रा,पं डी यम शुक्ला, ने की। इस शुभ अवसर पर संगठन के संरक्षक एवं कानूनी सलाहकार एडवोकेट पं बिपिन मिश्रा ने भगवान श्री परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प और दीप जला कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। जहा पर पं शैलेश तिवारी , पं शुभम द्विवेदी ब्लॉक अध्यक्ष, हिमांशु दुबे ब्लॉक उपाध्यक्ष अखंड नगर,अरविन्द राय, एडवोकेट हैपी दुबे वा अनुरुद्ध दवा के व्यापारी ने कड़ी मेहनत करके सेवा की। वही संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता एडवोकेट वरुण मिश्रा ने अपने सहयोगी बंधुओ के साथ उक्त कार्यक्रम मे उपस्थित होकर युवाओं का उत्साहवर्धन किया। आपको बताते चले की जो भी गाड़िया गुजर रही थी प्राइवेट,सरकारी बस सभी को रुका रुका कर श्रद्धांलुओं की चाय और बिस्कुट देकर् सेवा की। कार्यक्रम मे आर्थिक रूप से सहयोग संगठन के पदाधिकारियों ने सहयोग किया और अपनी उपस्थित दर्ज करा



के कार्यक्रम को सुचारु रूप से सम्पन्न कराया। वही स्थानीय लोगों से बात चीत मे पता चला की ये ब्राह्मण संगठन 8 वर्ष से मेहनत कर रहा है लेकिन सक्रियता सुल्तानपुर जिले मे सबसे सक्रिय संस्था है ब्राह्मण की, पिछले 3 वर्षो मे सुल्तानपुर मे 12 से अधिक ब्राह्मण बंधुओ की मदद कर चूका है बेटियों के शादी मे सहयोग कर चूका है बच्चों के पढ़ाई मे सहयोग कर चूका है और ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन बढ़ चढ़ के संगठन के माध्यम से होता रहता है श्री मिश्रा ने बताया कि हम सब समाज सेवा को आगे करके समाज को मजबूत करने पर कार्य कर रहे है वही जिला उपाध्यक्ष ने बताया कि संगठन ऐसे कार्यो मे बहुत ही बढ़ चढ़ के हिस्सा लेती है और आगे भी लेती रहेगी।

# महिला एवं पुरूष खेल विधा की प्रतियोगिता

**जौनपुर।** जिला युवा कल्याण अधिकारी रामानुज यादव ने अवगत कराया है कि जनपद स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता 03 फरवरी व 04 फरवरी 2025 को टी0डी0 कालेज खेल मैदान जौनपुर में आयोजित किया गया है, जिसमें सब जुनियर, जूनियर एवं सीनियर एथलेटिक्स, कुश्ती, भारोत्तोलन, बालीवाल, जूडो, कबडडी, बैडमिन्टन (महिला एवं पुरूष) खेल विधा की प्रतियोगिता होगी। विकास खण्ड स्तर की ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में विजयी खिलाडी जनपद स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन 03 फरवरी को प्रातः 10 बजे मा0 विधायक बदलापुर श्री रमेश चन्द्र मिश्रा के द्वारा किया जाएगा।

# टीम के निरीक्षण में 37 शिक्षक शिक्षा मित्र अनुदेशक मिले अनुपस्थित

## बीएसए ने स्पष्टीकरण जारी कर मांगा जवाब




**बलरामपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग ने परिषदीय स्कूलों के शैक्षिक मूल्यांकन को लेकर बीएसए की टीम ने 21 दिसंबर 2024 से 20 जनवरी 2025 तक जिले के विभिन्न शिक्षा क्षेत्र में आकस्मिक निरीक्षण किया है। टीम के निरीक्षण में दो हेड मास्टर, 15 सहायक अध्यापक, तीन अनुदेशक, 17 शिक्षामित्र अनुपस्थित मिले हैं बीएसए ने विद्यालय में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए शिक्षक शिक्षा मित्र अनुदेशक से अनुपस्थिति का स्पष्टीकरण तलब किया है संतोषजनक स्पष्टीकरण ना मिलने पर संबंधित के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की चेतावनी दी है।

बीएसए टीम के निरीक्षण में तुलसीपुर के सहायकअध्यापक शुभम यादव, निजामुद्दीनअंसारी सहायक अध्यापक राम अजोर उतरौला के सहायक अध्यापकदिनेश कुमार गौतम, श्री दत्त गंज के सहायक अध्यापक जया पांडे शिक्षामित्र रामसूरत, बेबी कौशल,कमलेश प्रताप सिंह उतरौला शिक्षामित्र नफीस फातिमा गैसड़ी के सहायक अध्यापक श्वेता सिंह, हेड मास्टर मुन्नू लाल, शिक्षामित्र उम्मे सलमा बलरामपुर के सहायक अध्यापक दीपशिखा वर्मा हेड मास्टर मारिया बानो गंडास बुजुर्ग के सहायक अध्यापक बदरुद्दीन खान, विभा कुशवाहा आदि शामिल है। निरीक्षण के दौरान यह सभी शिक्षक अनुपस्थित मिले हैं बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी अनुपस्थित शिक्षक शिक्षा मित्र अनुदेशक से स्पष्टीकरण तलब किया है संतोष जनक स्पष्टीकरण न मिलने पर विधिक कार्रवाई की चेतावनी दी है।

# बेटी बचाओं बेटी-पढ़ाओं के प्रति छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



**सीतापुर।** विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा खैराबाद स्थित जीडी गोयनका स्कूल में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान सुजीत बाजपेई डिप्टी चीफ, लीगल एंड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम ने भी अपने विचार प्रकट किये गये। सदस्य लोक अदालत अमृता पाण्डेय ने लोक अदालत द्वारा वहां पर उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं को बेटी बचाओं बेटी-पढ़ाओं के प्रति जागरूक किया। अपर जिला जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने अपने विचारों में वहॉ पर उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं को कानूनों के बारे में भी जागरूक किया। आपसी विवाद को कम करने से संबंधित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित सुलह समझौता केन्द्र का अधिक से अधिक लाभ उठा सकते है। कार्यक्रम में भगीरथ वर्मा, अपर जिला जज आलोक मिश्रा, स्पेशल न्यायिक मजिस्ट्रेट विमल मोहन मिश्रा, मध्यस्थ अधिवक्ता सुश्री प्रगति, अपर सिविल जज सीतापुर इत्यादि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य श्रीमती त्रिशला शाह व विद्यालय का अन्य समस्त स्टाफ, शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# एचआईवी/एड्स विषय को लेकर संपूर्ण सुरक्षा पर गोष्ठी का आयोजन

## संक्रमित गर्भवती महिलाओं के सीजर आप्रेशन डाक्टर्स में विशेष ध्यान रखे- डॉ.आरके यादव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** एचआईवी/एड्स को लेकर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें एचआईवी/एड्स को नियंत्रित करना, संक्रमित मरीजो का ईलाज और जागरूकता पर बल दिया गया। मुख्य अथिति मुख्य चिकित्साधिक्षक डॉ.एसके गोयल ने अपने संबोधन में कहाकि एचआईवी/एड्स घातक बीमारी होने के बाद भी हम उन्हें सामान्य जीवन देने में सहयोग कर सकते है, उन्होनें कहाकि हमें और अधिक सक्रियता बढ़ाने और लोगों के बीच में जाकर काम करने की जरूरत है, वही महिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ.आरके यादव ने कहाकि संक्रमित गर्भवती महिलाओं के सीजर आप्रेशन में डाक्टर्स विशेष ध्यान रखे, वही नोडल/प्रभारी ब्लडबैंक डॉ.आरके मिश्रा ने कहाकि हमारा प्रयास होना चाहिए कि इसके फैलने पर विराम लगे और ग्रसित मरीजों को



सामान्य जीवन जीने में सहयोग करे, साथ ही इसे एक मुहिम बनाकर लोगों को अत्याधिक रूप से जागरूक किया जाए। प्रताप सेवा समिति के सचिव विजय विद्रोही ने कहाकि हम ग्राउंड़ जीरों पर उतरकर पिछले लंबे समय से एचआईवी/एड्स पर काम कर रहे है, हम उन्हें आने वाली दिक्कतों को बेहतर समझते है, हमारा प्रयास रहता है कि इन्हें समय पर दवाएं, इनकी काउंसलिंग और इनसे संपर्क बना रहे, गोष्ठी में शियान-ए-हैदर-ए-कर्रार, मोस्ट कल्याण, घर सुल्तानपुर समाजिक संस्थाएं भी इस अभियान में सहयोग के लिए आगे आई, गोष्ठी में डॉ.अबसार, डॉ.दीपक मिश्रा, डॉ.शदाब, डॉ.संजय सिंह, आईसीडीएस विभाग से विकास श्रीवास्तव, अजीत सिंह, वरि.सहायक तनवीर हुसैन, विकास पांडेय,अनुराग पांडेय, पायल सोनी सहित स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की स्टाफनर्स व कर्मचारी मौजूत रहे। एचआईवी/एड्स अभियान में उत्कृष्ठ कार्य करने वालों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।

# अमहट में जुलूस-ए-शबीह सफर मदीना में उमड़ी भीड़

**सुल्तानपुर।** हर साल की तरह इस साल भी मोमनीन-ए-गोराबारिक अमहट की तरफ से बुधवार को सुबह 10बजे जामा मस्जिद अमहट में मजलिस का आयोजन किया गया। जिसको मौलाना काजिम मेंहदी, ओरूज जौनपुरी ने पढ़ा इसके बाद जुलूस-ए-शबीह सफर मदीना जामा मस्जिद अमहट से उठकर अमहट चौराहे से सुलतानपुर रोड होता हुआ गभड़िया चौकी के सामने मोहम्मद हादी के इमामबाड़े होकर दरगाह हजरत अब्बास अलैहिस्सलाम गभड़िया पहुंचकर समाप्त हुआ। काफिले की शक्ल में ऊँट और घोड़े अलम और जुलजनाह के साथ निकाला गया। दौराने जुलूस मौलाना मोहम्मद जाफर खान, मौ.मुशीर अब्बास खान, मौ.नकीरजा जैदी, मौ.कल्बे हसनैन खान, मौ. सैयद हबीब हैदर, गजनफर अब्बास तूसी ने तकरीर की। जिसमें जनपद के अलावा भी दूर दराज से मोमनीनों ने शिरकत किया। मौलाना ओरूज जौनपुरी ने कहा आज ही की तारीख है जब यजीद जैसे आतंकवादवादी शासक ने मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम को मदीना में चैन से रहने न दिया तो इस्लाम और इंसानियत को बचाने के लिए मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन अ.स.ने अपने पूरे घराने को साथ लेकर 28रजब सन् 60 हिजरी को मदीने से करबला का सफर किया था, जिस दम हुसैन मदीना से निकल रहे थे घर के लोग एक दूसरे को गले लगा कर रो-रो कर रूखसत हो रहे थे, क्योंकि यह काफिला जो करबला जा रहा है, अब इसे दोबारा मदीना वापस आना नसीब न होगा। हुसैन की एक बेटी मदीने में थी, जिसका नाम फात्मा सुगरा था, जिसे हुसैन करबला नहीं ले जा रहे थे, वह बेटी जब अपने भाई अली अकबर और बाबा हुसैन से रूखसत होकर छुटने लगी तो मदीने में एक कोहराम मच गया। यह काफिला 2 मोहर्रम सन् 61हिजरी को करबला पहुँचा और हुसैन ने 10मोहर्रम सन् 61हिजरी को अपने 72साथियों की शहादत पेश करके इंसानियतको बचाया था।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय प्रतापगढ़।
वाद सं. 813/2023
नाम फ्रीकेन - स्वाती तिवारी
बनाम अमित पाण्डेय
बनाम- अमित पाण्डेय उम्र लगभग 31 वर्ष सुत स्व.राकेश कुमार पाण्डेय निवासी ग्राम औझी पोस्ट रामगंज परगना व तहसील लम्भुआ थाना कोतवाली देहात जनपद सुल्तानपुर उ.प्र.।
अं.धारा 128 जा.फौ.
तारीख पेशी 18.02.2025
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 18.02.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

संक्षिप्त खबरें

## जरूरतमंदों को विधायक ने वितरित किए कंबल



**बबेरू।** तहसील क्षेत्र में क्षेत्रीय विधायक विशंभर सिंह यादव ने बुधवार को ग्राम पंचायत दतौरा, व बेर्राव, तथा कुमेढा सानी गांव में जाकर गरीब, असहाय, वृद्ध महिलाओं व पुरुषों कंबल वितरित किए। विधायक ने कहा कि ठंड के मौसम में किसी भी गरीब को हताहत नहीं होने दिया जाएगा। इस दौरान विधायक यादव ने बताया कि उन्होंने अपने विधानसभा के सभी गांव जाकर ठंड से बचाव के लिये ग्राम प्रधान के माध्यम से कम्बलों का वितरण कराया जा रहा है, ताकि सर्दी के मौसम में ठंड से बचाव किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान दतौरा विजयपाल यादव, ग्राम प्रधान बेर्राव श्रीमती रज्जू देवी, एवं सामाजिक कार्यकर्ता राम मूरत यादव ,सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बांदा और चित्रकूट के प्रधानों को किया प्रशिक्षित

**नरैनी।** चित्रकूट और बांदा के ग्राम प्रधानों के लिए विकास खंड सभागार नरैनी और बिसंडा में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का शुभारम्भ ब्लाक प्रमुख मनफूल सिंह पटेल व खंड विकास अधिकारी प्रमोद सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। चित्रकूटधाम मण्डल के उपनिदेशक (पंचायत) परवेज आलम खां के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर के वरिष्ट फैकल्टी सहप्रबंधक सुजीत कुमार सोनी द्वारा उच्च न्यायालय के पारित आदेश के साथ हीएक जनहित याचिका के क्रम में उप्र पंचायतीराज अधिनियम 1947 की धारा 15 के अनुसार ग्राम पंचायत के कार्य एवं दायित्वों के प्रविधानुसार ग्राम प्रधान का निष्कासन एवं निलंबन व ग्राम प्रधान द्वारा उसके स्वयं की आय के सम्बन्ध में आयकर रिटर्न दाखिल किये जाने की जानकारी दी गई। बताया गया कि प्रशिक्षण में महिला प्रधान के स्थान पर प्रधानपति अथवा किसी अन्य प्रतिनिधि को प्रतिभाग करने की अनुमति न दी जाये। प्रशिक्षकों द्वारा सतत विकास लक्ष्य के स्थानीयकरण, पंचायत विकास सूचकांक, पंचायती राज व्यवस्था, ईग्रामस्वराज एवं भुगतान प्रणाली पर विस्तार पूर्वक बताया गयाद्य प्रशिक्षक विवेक मिश्रा, संजय सिंह, सुजीत कुमार एवं विकास सिंह द्वारा सत्र चलाये गए है।

## अधर्म बढ़ने पर अवतरित होने हैं भगवान- आचार्य

श्रीमद्भागवत कथा श्रवण के लिए उमड़ रही श्रोताओं की भीड़



**बबेरू।** श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर आचार्य अभिषेक शुक्ल ने कहा कि सर्वेश्वर परमात्मा सर्वत्र विद्यमान हैं,जब तक मानव की यह अनुभूति स्थिर नहीं होती है,तब तक उसकी चारित्रिक शुचिता नहीं होती है, इसलिए मानवमात्र को सर्वत्र,सर्वदा,एकान्त में भी,आराध्य भगवान् का अवलोकन करना चाहिए। शिवरोमन सिंह के मैदान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य ने बताया प्रकृति का एक अकाट्य नियम है,राष्ट्र अथवा समाज में धर्म,नीति,मर्यादा एवं संस्कृति पर जब- जब संकट आता है। अधर्म का उत्थान होने लग जाता है तब कोई नियामक शक्ति किसी रूप में अवश्य आकर के सर्वत्र शान्ति की व्यवस्था करती है। जब जरासंध, कंस आदि के द्वारा जब पृथ्वी पर पाप की वृद्धि हुई तो देवताओं की प्रार्थना पर साक्षात् श्रीमन्नारायण प्रभु ही श्रीकृष्ण के रूप में अवतरित हुए। बधाई गायन और हर्षोल्लास के साथ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर आयोजक शिवलखन सिंह सरोजा पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, सांसद कृष्णा देवी पटेल, राजू मिश्रा, डां. इन्द्रनारायण आदि भारी संख्या में जनमानस मौजूद रहा।


## खेत गई युवती से छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

**बांदा।** खेत गई युवती को गांव के ही एक युवक ने दबोच लिया और उसके साथ छेड़खानी की। आरोपी के खिलाफ थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना बिसंडा के एक गांव निवासी महिला ने थाना पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि 25 जनवरी को उनकी 18 वर्षीय पुत्री खेत की तरफ शौच क्रिया के लिए गई हुई थी, तभी गांव का ही रहने वाला जितेंद्र ने उनकी पुत्री को बुरी नीयत से घसीट कर पकड़ लिया और अश्लील हरकत करते हुए छेड़खानी करने लगा, जब उनकी पुत्री ने चिल्लाया तो युवक मौके से भाग निकाला। युवती की मां ने बताया कि वापस घर आकर सारी घटना की जानकारी पुत्री ने उन्हें दिया। जिस पर परिजनों के द्वारा युवक के घर जाकर उलहना दिया तो उन्हें भी युवक ने धमकाया। पीड़िता की मां ने बताया कि आरोपी पहले भी बेटी से छेड़खानी करता रहा है। थाना पुलिस ने जितेंद्र के खिलाफ छेड़छाड़ की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। थानाध्यक्ष बिसंडा ने कहा रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## स्कूल पहुंचकर दबंगों ने शिक्षक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**बांदा।** पैलानी थाना क्षेत्र अंतर्गत पैलानी गांव निवासी जयनारायण यादव ने थाना प्रभारी पैलानी सुखराम सिंह शिकायती पत्र देकर बताया कि वह राजकीय इंटर कालेज पैलानी में शिक्षक के पद पर तैनात हैं। वह बस स्टैंड आए थे, वहां पर कुछ बच्चे आपस में मारपीट कर रहे थे। उन्होंने बच्चों को रोका और झगड़ा खत्म कराया। कुछ देर बाद गोलू सिंह पुत्र कृष्णपाल सिंह व अंश सिंह पुत्र राज सिंह निवासी सिंधनकला व कुछ अन्य लोग विद्यालय में आकर अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की। पैलानी थाना प्रभारी सुखराम सिंह ने बताया कि गोलू सिंह पुत्र कृष्ण पाल सिंह व अंश सिंह पुत्र राज सिंह निवासी सिंधनकला के विरुद्ध मारपीट व अभद्रता की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## प्रधानमंत्री आवास की दूसरी किस्त दिलाने की मांग



**बांदा।** प्रधानमंत्री आवास की दूसरी किस्त न मिलने से लाभार्थी परेशान है। अधिकारियों की ड्योढ़ी पर दस्तक देने के बावजूद उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ब्लाक बिसंडा अंतर्गत ग्राम पंचायत भदेहदू के निवासी कलुवा परेशान हैं। उन्होंने उच्चाधिकारियों को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनकी पत्नी रामकुमारी के नाम पर पिछले वर्ष आवास स्वीकृत हुआ था, जिसकी पहली किस्त खाते में आ गई थी। इसी बीच पत्नी का निधन हो गया। पीड़ित कलुवा ने बताया कि उन्होंने पत्नी के निधन से संबंधित सभी दस्तावेज ब्लॉक बिसंडा के अधिकारियों को समय पर सौंप दिए, लेकिन एक साल बीतने के बाद भी दूसरी किस्त नहीं मिली। इसके कारण उनका आवास अधूरा पड़ा है और वह अपने बच्चों के साथ कच्चे मकान में रहने को मजबूर है। बताया कि वह पिछले एक साल से ब्लॉक के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। उन्होंने शिकायती पत्र भेजकर जल्द से जल्द दूसरी किस्त दिलाने की मांग की है।

# उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता से करें निस्तारण- आयुक्त

क्षय रोगियों को उद्यमियों के सहयोग से उपलब्ध कराई जाए पोषण किट

**▸▸ मंडल स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक में मंडलायुक्त ने दिए निर्देश**

लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** मंडल स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक को संबोधित करते हुए मंडलायुक्त अजीत कुमार ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाए। उन्होंने व्यापार बन्धु एवं पुलिस से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण के लिए नियमित रूप से बैठकें आयोजित किये जाने के निर्देश सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिये। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने टीबी मरीजों के स्वास्थ्य पोषण के लिए उद्यमियों के सहयोग से पोषण किट उपलब्ध कराये जाने और टीबी मरीजों को गोद लेने की बात कही।



उन्होंने इनवेस्टर्स समिट के अन्तर्गत जीबीसी हस्ताक्षर करने वाले उद्यमियों से अपने-अपने उद्योग शीघ्र स्थापित करने व औद्योगिक विकास मण्डल का बढ़ाए जाने की अपेक्षा की। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को उद्यमियों की विद्युत आपूर्ति की ट्रिपिंग व लोड के अनुसार विद्युत आपूर्ति, अन्य समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किये जाने के निर्देश अधीक्षण अभियंता विद्युत को दिये। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ में पेयजल की समस्या का निराकरण करने के लिये जलनिगम के अधिकारियों को स्वीकृत किये गये बजट से कार्य प्रारम्भ किये जाने के लिये आपसी समन्वय कर कार्यदायी संस्था के द्वारा कार्य कराये जाने के निर्देश दिये। औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ में खाली औद्योगिक प्लाटों के आकसन के लिये यूपीसीडा से बिक्री की कार्यवाही उद्यमियों को विज्ञापन के माध्यम से सूचित कराते हुए कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लम्बित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये।

बैठक में डीएम जेरु रीभा, संयुक्त आयुक्त उद्योग बीरेन्द्र कुमार, उपायुक्त उद्योग गुरूदेव, उद्यमीगण राजकुमार राज, मनोज शिवहरे, रोहित जैन सहित संबंधित विभागों के मण्डल व वं जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर चोरों ने उड़ाया नगदी और मोबाइल

लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** सर्दी में चोरी की घटनाए बढने लगी है। बुधवार की भोर छत के रास्ते से घर में घुसे चोर नगदी समेत दो मोबाइल फोन उठा ले गए। आहट पाकर घरवालो की नीद खुल गई। शोर मचाने पर पड़ोसी दौड़ पड़े। चोरो को दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया। शहर के खाईपार मोहल्ला निवासी मनीष पुत्र रामेश्वर मंगलवार की रात अपने परिवार के साथ सो रहा था। तभी बुधवार की भोर दो चोर छत के सहारे कमरे में घुस गए। पैट की जेब में पड़े साढे आठ हजार रूपए नगद दो मोबाइल चुरा कर फरार हो गए। आहट पाकर घरवालो की नीद खुल गई। शोर मचाने पर मोहल्ले पड़ोस के लोग दौड़ पड़े। मौके से भाग रहे चोरो को पकड़ लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने चोरो को हिरासत में ले लिया।

## बेटी को जन्म देने के बाद युवती की मौत

अतर्रा थाना क्षेत्र के गुमाई गांव के बजरंगी पुरवा में हुई घटना

**बांदा।** बेटी को जन्म देने के बाद युवती की की हालत बिगड़ गई। परिजनो ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां ऑक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतका के भाई ने हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अतर्रा थाना क्षेत्र के गुमाई गांव के बजरंगी पुरवा निवासी 25 वर्षीय अनीता पत्नी सर्वेश कुमार ने सोमवार की सुबह घर पर डिलेवरी हुई थी। उसने बेटी को जन्म दिया था। जन्म के कुछ देर बाद दोपहर को उसकी अचानक हालत खराब हो गई। पति ने अनीता को उठाकर कर सीएचसी अतर्रा में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान के उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मायके कोर्रही से मृतका का भाई मौके पर पहुंच गया। मृतका के भाई ने बताया कि अनीता की शादी करीब ढाई वर्ष पहले हुई थी। भाई ने ससुराली जनो पर हत्या का आरोप लगाया है। उसका कहना था कि ससुराली जनो ने उसकी बहन का इलाज नही करवाया। जांन बूझकर मारा डाला है।

मृतका के पति की तहरीर पर थानाध्यक्ष समेत डॉग स्क्वायड़ मौके पर पहुंच गई। मृतका के पति का कहना था कि कनहरी फस जाने और अधिक रक्त स्राव होने से उसकी पत्नी की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। थानाध्यक्ष का कहना है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## दुर्घटनाओं में किसानों के मृत होने वाले मामलों की समय से करें जांच

मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याणयोजना के तहत किसानों को दिया जाए लाभ

**▸▸ जांच करते हुए पात्र वारिस और उत्तराधिकारियों को मिलेगी पांच लाख की धनराशि**

लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** दुर्घटना में मृत किसानों के मामले की जांच राजस्व अधिकारी समय से करें। मृतक किसान के पात्र वारिस व उत्तराधिकारियों को नामित करते हुए उन्हें मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत पांच लाख रुपये की धनराशि आर्थिक सहायता के रूप में उपलब्ध कराई जाए। यह निर्देश जिलाधिकारी जे. रीभा ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की बैठक के दौरान अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि इस योजना के अन्तर्गत आवेदन अधिक दिनों तक लम्बित नही रहने पायें। योजना के अन्तर्गत 18 से 70 आयु वर्ग के कृषकों को जिनका नाम खतौनी में कृषक के रूप में दर्ज हो, उसकी सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके उत्तराधिकारियों को पात्रता पर प्रदान किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कृषकों के दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरणों के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रकरणों पर गहनता से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को पात्रता की तथा उत्तराधिकारियों के सम्बन्ध में पूर्ण रूप से जांच एवं प्रमाण के अनुसार योजना के पात्र लाभार्थियों को शीघ्र लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिये। योजना के अन्तर्गत किसी किसान की मृत्यु की दशा में योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र, विधिक वारिस का प्रामण पत्र, आयु प्रमाण पत्र के आवेदन के साथ संलग्न कर आवेदन किया जाता है। कृषक की योजना के अन्तर्गत दिव्यांगता होने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है। बैठक में एडीएम राजेश कुमार, अतिरिक्त मजिस्टेड्ट उरफान उल्ला खां समेत उप जिलाधिकारी, तहसीलदार उपस्थित रहे।



## एक करोड़ 65 लाख से बनेगी कान्हा गोशाला

नरैनी विधायक ने विधिवत किया शिलान्यास, संरक्षित हो सकेंगे गोवंश



**बांदा।** नरैनी विधायक ओममणि वर्मा ने नगर पंचायत ओरन में बुधवार को कान्हा गौशाला व पशु आश्रय स्थल का शिलान्यास किया। विधायक ने बताया कि इस गौशाला के निर्माण के लिए नगरीय निकाय निदेशालय द्वारा एक करोड़ 65 लाख 89 हजार रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। लंबे समय से नगर पंचायत ओरन में कान्हा गौशाला को स्थापित कराए जाने के लिए पत्र लिखा जा रहा था। कान्हा गौशाला का निर्माण होने से क्षेत्र में अन्ना गोवंशों के संरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित होगी, जिससे किसानों को अपनी फसलों को अन्ना गोवंशों द्वारा नष्ट किए जाने की समस्या से राहत मिलेगी।शिलान्यास कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण द्विवेदी, अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार, अवर अभियंता अंकित पाल, राजकिशोर बाजपेई, उदित नारायण द्विवेदी, ओम प्रकाश तिवारी, राज नारायण द्विवेदी, रामबाबू त्रिपाठी, आशीष अनुरागी, रामबाबू, राजाबाबू, राजेंद्र प्रभाकर, दिवाकर, सहित नगर और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रतिभावान बनकर क्षेत्र का नाम रोशन करें- सांसद

चौधरी चरण सिंह पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव

लोकमित्र ब्यूरो

**कमासिन।** चौधरी चरण सिंह पूर्व माध्यमिक विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में सांसद कृष्णा पटेल ने कहा कि प्रतिभावान बनकर छात्र-छात्राएं क्षेत्र का नाम रोशन करें। वार्षिकोत्सव में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए लोगों का मन मोह लिया।

मुख्य अतिथि बांदा-चित्रकूट सांसद कृष्णा पटेल और विशिष्अ अतिथि के तौर पर बबेरू विधायक विशंभर सिह यादव मौजूद रहे। बच्चों ने देश प्रेम से ओत प्रोत राष्ट्रीय गीत भारत का गणतंत्र महान गूजे महिमा सकल जहान, माटी के पुतले तुझे कितना गुमान की रोचक प्रस्तुति मंच से देकर दर्शकों की वाह वाही लूटी। सांसद ने कहा कि बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनने के लिए मन लगाकर शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़ते हुए क्षेत्र का नाम रोशन करें कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सपा नेता शिवशंकर सिंह पटेल जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत यादव कमासिन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविंद गुप्ता बाबा सपा नेता चंद्रकांत यादव मानवाधिकार फोरम के रमाशंकर सोनी एडवोकेट पूर्व प्रधानराम रूप यादव ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान करते हुए उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक रामगोपाल ने किया। वहीं प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्रा ने भी संबोधित किया।



## प्रचार-प्रसार कर कुष्ठ रोग के प्रति करें जागरूक- डीएम

राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण संबंधी बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण कार्यक्रम के तहत संचालित होने वाले अभियान में लोगों को प्रचार-प्रसार कर कुष्ठ रोग के बारे में जागरूक करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी इस अभियान को लेकर संजीदा रहें, किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के समस्त विद्यालयों कार्यालयों में कुष्ठ मुक्त भारत की शपथ ली जायेगी। ग्राम सभाओं में प्रधान के द्वारा जिलाधिकारी का संदेश पढ़ा जायेगा, एवं ग्राम सभा प्रमुख द्वारा कुष्ठ मुक्त भारत के सम्बन्ध में अपना भाषण भी पढ़ा जायेगा। कार्यक्रम के अन्तर्गत 30 जनवरी को एक अर्न्तविभागीय बैठक डीएम की अध्यक्षता में हुई।

डीएम ने संदेश देते हुए कहा कि जिले के लोग और जिला प्रशासन विकसित भारत अभियान के तहत अपने जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने के लिये कोई कसर न छोड़ें। कुष्ठ रोग को पहचानना बहुत आसान है और यह साध्य है। हम सभी कुष्ठ रोगियों को जितनी जल्दी हो सके खोजने के लिये हर सम्भव प्रयास करेगें। हम इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये जिले में उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग करेगें। इसके साथ हम कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति से कोई भेदभाव नहीं करेगें और न ही किसी दूसरे व्यक्ति को कुष्ठ रोग प्रभाचित्त व्यक्ति और उनके परिवार के सदस्यों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव करने देगें। हम व्यक्तिगत व सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों से जुड़े कलंक और भेदभाव को समाप्त करने और उनको समाज की मुख्यधारा में लाने के लिये अपना पूर्ण योगदान देगें।

## धर्मस्थलों की ओर रवाना हुए लोग, लगा रहा जाम

पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों को निकालने का काम किया

लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** धर्मनगरी चित्रकूट और महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा होने और वाहनों की आवाजाही के मद्देनजर विभिन्न स्थानों पर पुलिस तैनात की गई, इसके साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को संभाले रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस लगातार तैनात रहकर वाहनों को निकालती रही।

अतर्रा क्षेत्र में मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए बुधवार तड़के थाना पुलिस ने बांदा रोड स्थित पीजी कॉलेज के पास एनएच पर बैरिकेडिंग लगा दी। इस दौरान बड़े वाहन, बोलेरो, पिकअप आदि को कस्बे की सीमा से पहले ही रोक लिया गया। चित्रकूट जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को पीजी कालेज के मैदान में पार्क कराया गया। इससे पूरे दिन बांदा रोड पर भारी वाहनों की भीड़ लगी रही। प्रयागराज और चित्रकूट जाने वाले श्रद्धालुओं को पुलिस की इस व्यवस्था से खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सुबह 10 बजे प्रयागराज और चित्रकूट जाने वाली बांदा डिपो की बस को भी बैरिकेडिंग पर रोक लिया गया। बस में 41 यात्री प्रयागराज और 10-12 श्रद्धालु चित्रकूट जा रहे थे। बस परिचालक अजय कुमार के अनुसार पुलिस ने बस को पीजी कॉलेज की पार्किंग में खड़ा करने को कहा और लगभग चार घंटे तक रोके रखा। भीषण गर्मी में यात्रियों की परेशानी बढ़ने से उन्होंने चालक से नोंकझोंक और बहस शुरू कर दी। परिचालक ने चित्रकूट जाने वाले यात्रियों का किराया वापस कर दिया, जिससे वे पैदल ही बैरिकेडिंग पार कर आगे बढ़े। इसी तरह निजी वाहन चालक राजा, अरविंद, आनंद, रामनरेश, शैलेंद्र सिंह आदि ने बताया कि पुलिस ने उनकी गाड़ियों को भी रोक दिया और सिर्फ पैदल जाने की अनुमति दी। इससे श्रद्धालुओं को लगभग दो किलोमीटर पैदल चलना पड़ा। इसके अलावा अन्य स्थानों पर पुलिस ने तैनात रहकर वाहनों को निकालने का प्रयास किया। कहीं भी किसी प्रकार की दुर्घटना नहीं हुई है।




# जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए एकजुट हों

लोकमित्र ब्यूरो

**कमासिन।** बुधवार को विकास खंड क्षेत्र के ग्राम बीरा में पीडीए की जन चौपाल का आयोजन किया गया। कहा गया कि जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए एकजुट होना होगा।क्षेत्रीय सपा विधायक विशंभर सिंह यादव ने उपस्थित सभी लोगों से एकजुट होकर 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में किसान छात्र युवा व्यापारी दलित अल्पसंख्यक विरोधी भाजपा सरकार को उखाड़ फेकें। सिर्फ हवाहवाई सपने दिखाकर महंगाई बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को रोकने में नाकाम रहकर लोगों को गुमराह करने का काम सरकार के द्वारा किया जा रहा है। धार्मिक भावनाओं को भड़काकर भाईचारा को छिन्न भिन्न कर रही है किसाने की दुगनी आय का सब्जबाग दिखाया गया, लेकिन आज किसानों की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। धान और गेहूं में लागत अत्यधिक होने से तथा पैदावार कमजोर होने के कारण लागत मूल्य भी नहीं निकल रहा है। किसान माथा पीट रहा है। ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए सभी कार्यकर्ता तन-मन से जुटकर संगठन को मजबूत बनाएं। इस दौरान धर्मराज प्रजापति, रजा हुसैन, छेदीलाल गुप्ता, मुकेश वर्मा, शिवाकांत प्रजापति, जमुना यादव पूर्व प्रधान सिकरी, गयाप्रसाद यादव सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## दो युवको ने जहर खाया, भर्ती

लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के पड़री गांव निवासी 23 वर्षीय महेश पुत्र लालजी ने मंगलवार की रात घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। वही बिसंडा कस्बा निवासी 27 वर्षीय ज्ञानेंद्र पुत्र रामकिशोर ने घरेलू कहल से तंग आ कर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को जानकारी हुई। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।